सूर्योदय : 6:56
सूर्यास्त : 5:32
अधिकतम तापमान : 17.0
न्यूनतम : 11.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्याः
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-18 अंक-203 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, मंगलवार, 14 जनवरी 2025
13 रजब 1446 हिजरी

हिन्दी दैनिक
# अवधनामा
www.avadhnama.com



## पीएम मोदी ने किया सोनमर्ग टनल का उद्घाटन



**श्रीनगर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को कहा कि वह जम्मू कश्मीर के लोगों से किए गए अपने वादों को पूरा करेंगे। परोक्ष रूप से उनका यह इशारा मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला द्वारा राज्य का दर्जा बहाल करने की जोरदार मांग की ओर था। मोदी यहां कश्मीर को सोनमर्ग से जोड़ने वाली 6.4 किलोमीटर लंबी रणनीतिक सुरंग का उद्घाटन करने के बाद एक जनसभा को संबोधित कर रहे थे। इस सुरंग का निर्माण 2,700 करोड़ रुपये की लागत से किया गया है। प्रधानमंत्री ने आगे कहा कि जम्मू-कश्मीर देश का ताज है और वह चाहते हैं कि यह सुंदर और समृद्ध बने। उन्होंने कहा, जम्मू-कश्मीर में शांति का माहौल है और हमने इसका पर्यटन पर असर देखा है। कश्मीर आज विकास की नयी गाथा लिख रहा है। उन्होंने कहा कि कश्मीर घाटी जल्द ही रेलगाड़ी से जुड़ जाएगी और इसे लेकर लोगों में उत्साह है। पीएम ने कहा कि कश्मीर तो देश का मुकुट है, भारत का ताज है, इसलिए मैं चाहता हूं कि यह ताज और सुंदर समृद्ध हो, इस काम में मुझे यहां के नौजवानों का बुजुर्गों का लगातार साथ मिल रहा है।

# महाकुम्भ : 1.65 करोड़ श्रद्धालुओं ने लगाई डुबकी

**प्रयागराज।** आस्था के महापर्व, महाकुम्भ 2025 की शुरूआत सोमवार को पौष पूर्णिमा के स्नान के साथ हो गई। सनातन आस्था का सबसे बड़ा पर्व होने के कारण देश भर से श्रद्धालु महाकुम्भ में स्नान करने प्रयागराज आते हैं। मेला प्रशासन के अनुसार महाकुम्भ के पहले स्नान पर लगभग 1.65 करोड़ श्रद्धालुओं में त्रिवेणी संगम में पुण्य स्नान किया। जिनमें से लाखों की संख्या में श्रद्धालु ट्रेनों के माध्यम से प्रयागराज पहुंचे। प्रयागराज रेल मण्डल ने पहले से की गई तैयारियों के कारण श्रद्धालुओं को ज्यादा दिक्कतों का समना नहीं करना पड़ा। प्रयागराज रेल मण्डल ने यात्रियों की संख्या के मुताबिक शाम 06 बजे तक 50 से अधिक



स्पेशल ट्रेनें चलाई। प्रयागराज रेल मण्डल ने श्रद्धालुओं की सुविधा और जरूरत के मुताबिक सुरक्षा, आश्रय, आसान टिकट वितरण एवं बड़ी संख्या में गाड़ियों की व्यवस्था की गयी है। महाकुंभ में आए श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुये रेल प्रशासन द्वारा पौष पूर्णिमा पर्व के अवसर पर शाम 06 बजे तक 50 से अधिक मेला स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया गया। इनमें से 21 आउटवार्ड और 13 इनवर्ड ट्रेनों का संचालन किया गया।

संगम नोज समेत सभी प्रमुख घाटों पर डुबकी लगाते समय श्रद्धालु हर-हर महादेव, जय श्री राम और जय बजरंग बली के जयकारे लगाते नजर आए।

## स्वस्थ शरीर से ही संभव हो सकते हैं धर्म के सभी साधन : मुख्यमंत्री




■ स्वस्थ शरीर से ही संभव हो सकते हैं धर्म के सभी साधन

**गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि भारतीय मनीषा मानती है कि शरीरमाद्यं खलु धर्मसाधनम अर्थात धर्म की साधना के लिए शरीर ही माध्यम है। धर्म के सभी साधन स्वस्थ शरीर से ही संभव हो सकते हैं। धर्मपरक जीवन से ही अर्थ, कामनाओं की सिद्धि और फिर मोक्ष प्राप्ति संभव है। इस परिप्रेक्ष्य में धर्म साधना से जुड़े जीवन को लेकर आयुर्वेद, योग और नाथपंथ की मान्यता के समान है। सीएम योगी सोमवार को महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय, आरोग्यधाम के गुरु गोरक्षनाथ इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (आयुर्वेद कॉलेज) की तरफ से आयुर्वेद, योग और नाथपंथ के पारस्परिक अंतरसंबंधों को समझने के लिए आयोजित तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी के दूसरे दिन विशेष व्याख्यान दे रहे थे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ इस विश्वविद्यालय के कुलाधिपति भी हैं। अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी में आयुर्वेद, योग और नाथपंथ का मानवता के प्रति योगदान विषय पर केंद्रित अपने व्याख्यान में उन्होंने कहा कि आयुर्वेद की मान्यता है कि चराचर जगत पंचभूतों से बना है। इन्हीं पंचभूतों से हमारा शरीर भी बना है। महायोगी गुरु गोरखनाथ ने भी कहा है कि पिंड में ही ब्रह्मांड समाया है। जो तत्व ब्रह्मांड में है वही हमारे शरीर में भी हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि भारतीय मनीषा में हर व्यक्ति के जीवन का एक अभीष्ट होता है, धर्म के पथ पर चलते हुए मोक्ष की प्राप्ति करना प्रति करना। धर्म की साधना के लिए स्वस्थ शरीर की अपरिहर्ता हमारे ऋषियों, मुनियों ने बताई है। शरीर को स्वस्थ रखने के लिए आयुर्वेद, योग और नाथपंथ, तीनों नियम-संयम पर जोर देते हैं। आयुर्वेद में जहां व्याधियों को दूर करने के लिए औषधियों और पंचकर्म की पद्धतियां हैं तो वही योग में भी हठयोग, राजयोग, ज्ञानयोग, लययोग और क्रियायोग की विशिष्ट विधियां हैं।

## जकरबर्ग का दावा तथ्यात्मक रूप से गलत : अश्विनी वैष्णव



**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सोमवार को फेसबुक के संस्थापक मार्क जकरबर्ग के उस बयान को खारिज किया, जिसमें उन्होंने कहा था कि कोरोना महामारी के बाद 2024 में भारत सहित अधिकांश देशों की मौजूदा सरकारों को चुनाव में हार का सामना करना पड़ा। वैष्णव ने कहा कि उनका यह दावा तथ्यात्मक रूप से गलत है। वैष्णव ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के रूप में भारत में 2024 में आम चुनाव हुए, जिसमें 640 मिलियन (64 करोड़) से अधिक मतदाता शामिल हुए। उन्होंने कहा, भारत के लोगों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) पर दोबारा भरोसा जताया। वैष्णव ने यह भी कहा कि जकरबर्ग का यह दावा कि कोविड-19 के बाद 2024 चुनावों में भारत सहित अधिकांश देशों की सरकारों ने हार का सामना किया, तथ्यात्मक रूप से गलत है। जकरबर्ग ने एक पॉडकास्ट के दौरान दावा किया था कि 2024 में दुनियाभर के चुनावों में भारत सहित अधिकांश देशों की मौजूदा सरकारें सत्ता से बाहर हो गईं। उन्होंने कहा था, भारत सहित दुनियाभर के अधिकांश देशों के लिए 2024 बड़े चुनावों का साल रहा। ज्यादातर देशों में मौजूदा सरकारों को हार का सामना करना पड़ा। चाहे वह महंगाई हो, कोविड से निपटने की नीति हो, ऐसा लगता है कि इसका वैश्विक असर हुआ है। वैष्णव ने कहा कि नरेंद्र मोदी सरकार ने कोरोना महामारी के दौरान कई महत्वपूर्ण कदम उठाए। इनमें 80 करोड़ लोगों को मुफ्त खाना देने से लेकर दुनियाभर के देशों को 2.2 अरब वैक्सीन और अन्य मदद भेजना शामिल है। इसके अलावा, भारत को दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ी अर्थव्यवस्था का नेतृत्व दिया। जिसके कारण पीएम मोदी की निर्णायक तीसरी बार जीत हुई, जो अच्छी सरकार और जनता के भरोसे का प्रमाण है।



## बिना रिफ्लेक्टर चार पहिया वाहनो को भी नहीं मिलेगा ईंधन, व्यवस्था पूरे जिले में लागू

*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** सड़क सुरक्षा को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से खीरी जिले में 26 जनवरी से नो हेलमेट, नो पेट्रोल की व्यवस्था लागू हो जाएगी। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने व्यवस्था को धरातल पर लागू करने के लिए संबंधित अधिकारियों को जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं। वही बिना रिफ्लेक्टर लगे चार पहिया वाहनो को भी डीजल-पेट्रोल नहीं मिलेगा। पंप स्वामी अपने पंप पर रिफ्लेक्टर की व्यवस्था और उपलब्धता सुनिश्चित करते हुए निर्देशों का शत प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित कराए डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कहा कि अक्सर लोग वाहन चलाते समय यातायात नियमों की अनदेखी कर ओवर स्पीड, बगैर सीट बेल्ट व हेलमेट के वाहन वाहन चलाते हैं। उनको जान गंवानी पड़ती है। सड़क हादसों में हो रही मौतों पर अंकुश लगाने के लिए नो हेलमेट, नो पेट्रोल और नो रिफ्लेक्टर नो पेट्रोल की व्यवस्था की गई है। उन्होंने विभिन्न विभागों के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि नई व्यवस्था को धरातल पर लाने व यातायात नियमों की जानकारी देने के लिए विशेष तौर पर शिक्षण संस्थानों में रैली, निबंध, भाषण, नाटक व स्लोगन प्रतियोगिताएं आयोजित कराई जाएं। कार्यक्रमों में बच्चों के अभिभावकों को भी शामिल करें डीएम ने डीएसओ के जरिए पेट्रोल पंप के स्वामियों, प्रबंधकों व पेट्रोलियम पदार्थों को आपूर्ति करने वाली एजेंसियों के जिम्मेदारों को निर्देश दिए कि जिले के सभी पेट्रोल पंपों पर नो हेलमेट, नो पेट्रोल की व्यवस्था को लागू करने को लेकर बैनर, पंफलेट आदि के माध्यमों से जागरूक करें। नई व्यवस्था 26 जनवरी से पूरी सख्ती के साथ जिले में लागू हो जाएगी। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने बताया कि ÷नो हेल्मेट, नो फ्यूल रणनीति न केवल हेल्मेट पहनने को अनिवार्य बनाने में सहायक होगी, बल्कि सड़क सुरक्षा के प्रति नागरिकों में जिम्मेदारी और अनुशासन की भावना को भी प्रोत्साहित करेगी। बताते चलें कि डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल की ओर से शासन के निर्देश पर सड़क हादसों और उनसे होने वाली मौतों में कमी लाने के उद्देश्य से यह सख्त कदम उठाया गया है।

## महाकुंभ में यात्रियों को आने जाने के लिए साप्ताहिक ट्रेनों का ठहराव गोला और लखीमपुर स्टेशन पर कराए जाने की मांग की

*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर-खीरी।** महाकुंभ में यात्रियों को आने जाने के लिए साप्ताहिक ट्रेनों का संचालन शुरू किया जाना है। इन ट्रेनों का ठहराव गोला और लखीमपुर रेलवे स्टेशन पर न होने से सांसद उत्कर्ष वर्मा और पूर्व सांसद रवि प्रकाश वर्मा ने रेलवे के महाप्रबंधक, रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष और डीएम को पत्र लिखकर छोटी काशी गोला और लखीमपुर में भी इन ट्रेनों का ठहराव कराए जाने की मांग की थी।

सांसद उत्कर्ष वर्मा और पूर्व सांसद रवि प्रकाश वर्मा ने रेलवे विभाग के उच्च अधिकारियों को भेजे पत्र में कहा था कि गोला गोकर्णनाथ छोटी काशी के नाम से प्रसिद्ध है। यहां पूरे साल श्रद्धालुओं को आना-जाना लगा रहता है। यहां से भी तमाम श्रद्धालु दूरदराज धर्मस्थलों को आते जाते हैं। ऐसे में पता चला है कि महाकुंभ में श्रद्धालुओं को लाने जाने के लिए दो साप्ताहिक स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया जाएगा जो की मैलानी जंक्शन से झूसी प्रयागराज तक भी होगा। उनका कहना है कि गोला गोकर्णनाथ और लखीमपुर खीरी दोनों स्टेशन अति महत्वपूर्ण हैं। यहां साप्ताहिक कुंभ स्पेशल ट्रेनों का ठहराव जरूरी है। उन्होंने ट्रेन संख्या 05312 काठगोदाम झूसी एक्सप्रेस और 05311 झूसी काठगोदाम एक्सप्रेस ट्रेन संख्या 05314 कासगंज झूसी एक्सप्रेस 05313 झूसी कासगंज एक्सप्रेस ट्रेनों का ठहराव गोला और लखीमपुर स्टेशन पर कराए जाने की मांग की थी।

## बारिश से गेहूं व गन्ना के किसानों को हुआ फायदा

**लखीमपुर-खीरी** रात में मौसम का मिजाज अचानक बदल गया। आसमान में बादल घिर आए और बूंदाबांदी शुरू हो गई। रविवार की सुबह भी आसमान में बादल छाए रहे। कई बार बूंदाबांदी हुई। वहीं हवाएं चलने से सर्दी बढ़ गई। रविवार को दिन में बदली के बीच हल्की धूप निकली। शाम तक आसमान में बादलों का डेरा रहा। बारिश से गेहूं व गन्ना के किसानों को फायदा हुआ है। वहीं सरसों, आलू आदि की फसल को ज्यादा बारिश होने पर नुकसान हो सकता है। मौसम के जानकार बताते हैं कि सुबह व शाम को सर्दी का प्रकोप रहेगा। पिछले तीन दिनों से सुबह घना कोहरा होने के बाद दोपहर में धूप निकल रही थी, लेकिन शनिवार की रात को मौसम का मिजाज अचानक बदल गया। बताते हैं कि पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता से अचानक मौसम ने करवट ली और रात से ही बूंदाबांदी शुरू हो गई। रविवार सुबह बूंदाबांदी ने पूरे शहर को भिगो दिया। सर्द हवाओं और बारिश ने गलन और ठिठुरन बढ़ा दी। रविवार को बूंदाबांदी के साथ 13 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलने वाली सर्द हवाओं सर्दी का असर रहा। अधिकतम तापमान 19 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम 11 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। बारिश से जहां सर्दी बढ़ी वहीं हवा की गुणवत्ता में सुधार दर्ज किया गया। विशेषज्ञों के अनुसार, बारिश के कारण प्रदूषकों का स्तर घटा जिससे वातावरण स्वच्छ दिखा। सर्द हवाओं के चलने से सर्दी में इजाफा होगा।

## अर्बन मल्टी स्टेट क्रेडिट एण्ड थ्रिफ्ट को ऑपरेटिव सोसाइटी के कर्मचारी और निवेशकों को जमा पूंजी खोने का डर

**लखीमपुर खीरी।** द लोनी अर्बन मल्टी स्टेट क्रेडिट एण्ड थ्रिफ्ट कोऑपरेटिव सोसाइटी के कर्मचारी और निवेशकों को जमा पूंजी खोने का डर है, सोसाइटी में कार्यरत कर्मचारियों ने बताया कि सोसाइटी वर्षों से वित्तीय योजनाओं जैसे कि आरडी, एफडी, सेविंग अकाउंट और लोन जैसी सेवाएं प्रदान कर रही थी, कुछ माह से निवेशकों को उनके परिपक्व धन का भुगतान करने में असमर्थ है।

## सर्विलांस पर लगे 16 लाख की कीमत के 94 मोबाइल बरामद




**बरेली।** पुलिस और सर्विलांस की टीम ने दिसंबर 2024 में 94 गुम हुए मोबाइल फोन बरामद किए हैं। इन मोबाइल की कीमत करीब 16 लाख रुपये आंकी गई है। पुलिस ने यह सफलता सर्विलांस तकनीक की मदद से हासिल की।

खोए हुए सभी बरामद मोबाइल फोन को पुलिस लाइन में एसपी साउथ अंशिका वर्मा ने उनके असली मालिकों को सौंपाद्य। इसके बावजूद एक महत्वपूर्ण सवाल खड़ा हो रहा है कि पुलिस क्या चोरों तक पहुंचने के प्रयास कर रही है या नहीं। क्योंकि पुलिस ने गुम हुए मोबाइल तो ढूंढ लिए, लेकिन अब तक किसी भी चोर को गिरफ्तार नहीं किया गया है।

इस घटना ने पुलिस की तकनीकी दक्षता को साबित किया है, लेकिन चोरी रोकने और चोरों को पकड़ने में यह अभियान अधूरा नजर आता है। स्थानीय लोगों का मानना है कि पुलिस को न केवल मोबाइल बरामदगी पर ध्यान देना चाहिए, बल्कि चोरी के पीछे के अपराधियों को भी पकड़ने के लिए सख्त कदम उठाने चाहिए।

## लेखपाल मनीष की हत्या का आरोपी मुठभेड़ में गिरफ्तार, पैर में गोली लगने से घायल



*अवधनामा संवाददाता*

**बरेली।** बरेली के फरीदपुर तहसील क्षेत्र के लेखपाल मनीष कश्यप की हत्या मामले में पुलिस टीम को बड़ी सफलता मिली है। फरीदपुर थाना पुलिस ने लेखपाल के गले में मफलर का फंदा कसकर हत्या के आरोपी सूरज को मुठभेड़ में गिरफ्तार कर लिया। सीओ फरीदपुर आशुतोष शिवम के मुताबिक पुलिस के टोकने पर सूरज फायरिंग कर भागने लगा। जवाबी कार्रवाई में सूरज के पैर में गोली लगी और उसे गिरफ्तार कर लिया गया।

मुठभेड़ में गिरफ्तार सूरज लेखपाल हत्याकांड के मुख्य आरोपी ओमपाल का साला है। लेखपाल को पार्टी करने के बहाने अगवा करने के बाद कार में उनकी हत्या कर शव बभिया गांव के पास नाले में फेंक दिया गया था। वारदात के बाद से सूरज फरार चल रहा था। एसएसपी ने उसकी गिरफ्तारी पर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया था। सूरज फतेहगंज पूर्वी इलाके का निवासी है। फिलहाल कुछ साल से बभिया गांव में रह रहा था।

## खीरी में वॉक-इन्टरव्यू में 25 डॉक्टर्स का चयन, मिली तैनाती

**लखीमपुर खीरी।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अन्तर्गत संचालित विभिन्न कार्यक्रमों के लिए डीएम/अध्यक्ष, जिला स्वास्थ्य समिति दुर्गा शक्ति नागपाल की अध्यक्षता में गठित समिति ने वॉक-इन्टरव्यू में 34 पदों के सापेक्ष 25 चिकित्सकों का चयन किया गया डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने बताया कि नगरीय क्षेत्रों में नगरीय आयुष्मान आरोग्य मंदिर की स्थापना की जा रही है, जिसमें चिकित्सकों की तैनाती होंने से नगरीय क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवायें गुणत्तापूर्ण सुलभ होगी। साथ ही सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर संचालित एनसीडी क्लीनिक पसंगवां, फूलबेहड़, नकहा, फरधान जिला पुरुष चिकित्सालय के लिए टेलीमेडिसिन हब, ब्लड सेल, एईएस/जेई के प्रबंधन के लिए चिकित्सकों की तैनाती की जा रही है। जिला महिला चिकित्सालय में एसएन एससीयू, ट्रामा सेन्टर ओयल में एक चिकित्सक की तैनाती कि जा रही है।

## मांठ ब्रांच से आगरा के लिये आवंटित गंगाजल बलदेव राजवाह होकर मिलेः रवि माथुर



*अवधनामा संवाददाता*

**आगरा।** महानगर के विस्तार और विकास को दृष्टिगत जलकल की जीवनी मंडी और सिकंदरा इकाइयों का पुनऱ्उनकी क्षमता के अनुसार संचालन शुरू किया जाये, यह मुद्दा अहम है और इसके लिए पार्षदों के सहयोग से प्रयास नगर निगम स्तर से प्रयास करेंगे।यह कहना है नगर निगम कार्यकारिणी समिति के उपाध्यक्ष रवि माथुर का।उन्होंने कहा है कि आगरा की पेयजल समस्या के समाधान के लिये अपर गंगा कैनाल की माठ ब्रांच से केन्द्रीय जल आयोग से जो 150 क्यूसेक गंगाजल आवंटित है ,उसका डिस्चार्ज मांट ब्रांच के बलदेव राजवाह के छिबराऊ एस्केप से शुरू करवा जलकल की दोनों इकाइयों को पुनऱ्उनकी क्षमता के अनुरूप सुचारू किया जा सकता है। माथुर जो कि सिविल सोसायटी ऑफ आगरा के प्रतिनिधि मंडल से पीपल मंडी स्थित निवास पर महानगर की पेयजल व्यवस्था से सम्बधित मुद्दो पर औपचारिक चर्चा कर रहे थे,ने कहा कि पाडला फाल (बुलंदशहर)से आगरा -मथुरा के लिए अपर गंगा नहर से 150 क्यूसेक पानी की पाइप लाइन से आपूर्ति होती है,जिसमें से 140 क्यूसेक पानी आगरा महानगर के लिये है।लेकिन इस पानी से महानगर की जलापूर्ति को पर्याप्त पानी नहीं मिल पाता है। अगर आगरा जलकल की दोनों यूनिटों का संचालन पुन÷ शुरू किया जा सके तो महानगर की जलापूर्ति 'अमृत काल' के बाद भी दशकों तक सुचारू रखी जा सकती है। माथुर ने कहा कि बलदेव राजवाह के छिबरऊ एस्केप से डिस्चार्ज किया जाने वाला गंगा जल गोकुल बैराज के डाउन में और सिकंदरा जलकल से 5 किमी अपस्ट्रीम में मिलेगा।अगर एक बार यह व्यवस्था सुचारू हो सकी तो महानगर की दोनों जलकल इकाइयों तो सुचारू हो ही जायेंगी साथ ही यमुना नदी की आगरा में बहाव शून्य स्थिति भी समाप्त हो जायेगी।जब भी ताज बैराज बनेगी तो उसकी पैंडिंग के लिये भी छिबरऊ एस्केप से मिलने वाला यह डिस्चार्ज उपयुक्त होगा। माथुर से मुलाकात करने वालों में सिविल सोसायटी ऑफ़ आगरा के सेक्रेटरी अनिल शर्मा,राजीव सक्सेना एवं असलम सलीमी आदि शामिल थे। उल्लेखनीय है कि गोकुल बैराज से आगरा के डाउन स्ट्रीम में 1300 क्यूसेक का पानी डिस्चार्ज किया जाना निर्धारित है किंतु पिछले कई सालों से आगरा में यमुना में काफी कम पानी आ रहा है और प्रदूषण की अधिकता के कारण इसका शोधन भी मुश्किल हो गया है।

## युवक ने किया आत्मदाह, पत्नी से झगड़े के बाद खुद को लगाई आग, जिंदा जलकर मौत



**बरेली।** बरेली के कैंट थाना क्षेत्र में एक युवक ने रविवार की रात आत्मदाह कर लिया। उसने पत्नी से झगड़े के बाद खुद को आग लगा ली। इसके बाद घर से बाहर गली में दौड़ा। मोहल्ले के लोगों ने जब तक आग बुझाई, तब तक वह बुरी तरह जल चुका था। मौके पर ही उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। जानकारी के मुताबिक बारादरी थाना क्षेत्र के सकलैन नगर का सलीम उम्र करीब 40 वर्ष पुत्र शहाबुद्दीन कैंट क्षेत्र के मुस्तफानगर सैदपुर खजुरिया में किराये के मकान में पत्नी के साथ रहता था। वह कबाड़ बीनने का काम करता था। उसकी पत्नी नाजमीन घरों में झाड़ू-पोछा का काम करती है। बताया जा रहा है कि सलीम शराब पीने का आदी था। जिसके चलते दंपती में आए दिन झगड़ा होता था। रविवार रात उसका पत्नी से फिर झगड़ा हो गया। इसके बाद सलीम ने खुद को आग लगा ली और घर से बाहर निकलकर गली में दौड़ा। चीख-पुकार सुनकर पड़ोसी घरों से बाहर निकल आए। उन्होंने आग बुझाकर सलीम को बचाने का प्रयास किया, लेकिन गंभीर रूप से झुलस जाने के कारण मौके पर ही उसकी मौत हो गई। सलीम को लपटों से घिरा देख पड़ोसी सहम गए थे। लपटों से घिरे सलीम का किसी ने वीडियो बना लिया, जिसमें कुछ लोग आग बुझाने का प्रयास कर रहे हैं।

## मेडिकल स्टोर कर्मचारी पर लगा अपना क्यूआर कोड लगा कर 30 लाख रुपये हड़पने का आरोप

*अवधनामा संवाददाता*

**आगरा।** जैसे जैसे डिजिटल लेनदेन बढ़ रहा है वैसे वैसे डिजिटल तरीके से ठगी के मामलों में इजाफा हो रहा है. इसी कड़ी में ताजनगरी के सिकंदरा थाना क्षेत्र में 30 लाख रुपये की ठगी का मामला सामने आया है. आरोप है कि एक मेडिकल स्टोर पर नौकरी करने वाले कर्मचारी ने 30 लाख रुपये की चपत लगा दी. आरोप है कि कर्मचारी ने दुकान के ऑनलाइन भुगतान का क्यूआर कोड बदलकर अपने खाते का कोड लगा दिया. मेडिकल संचालक को इसकी भनक लगी तो मामला पुलिस तक पहुंचा. डीसीपी सिटी सूरज राय ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर जांच कराई गई. जांच में साक्ष्य के आधार पर आरोपित के खिलाफ धोखाधड़ी की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है. पुलिस के मुताबिक, सिकंदरा थाना क्षेत्र के रहने वाले ओम प्रकाश मदान ने शिकायत दर्ज कराई है. बुजुर्ग ओम प्रकाश मदान का मेडिकल स्टोर है. उनका आरोप है कि 2015 में दुकान पर ओमवीर सिंह को नौकरी पर रखा था. वर्ष 2016 में उनके बेटे का एक्सीडेंट हो गया. बेटा का इलाज कराने के लिए उन्हें कई राज्यों में रहना पड़ता था. मेडिकल स्टोर को ओमवीर संभालता था. आरोप है कि ओमवीर ने दुकान पर ऑनलाइन भुगतान के लिए लगे क्यूआर कोड को बदल दिया. आरोप है कि ओमवीर ने अपने खाते का क्यूआर कोड मेडिकल स्टोर के नाम से बनवा लिया. आरोपी ने चार साल में तीस लाख से अधिक रुपये अपने खाते में डलवा लिए. पुलिस के मुताबिक, पीड़ित बुजुर्ग ओम प्रकाश मदान ने बताया कि मुझे शक हुआ तो छानबीन की. जिसमें आरोपी ओमवीर की करतूत उजागर हुई. जुलाई 2024 में सिकंदरा थाना पुलिस से शिकायत की. आरोपित ओमवीर ने पुलिस के सामने दस लाख रुपये लौटाने की बात लिखित में देकर सुलह कर ली।

## 9 साल के भतीजे को करंट लगाकर मारने वाली चाची गिरफ्तार, हत्या की वजह जान चौंक जाएंगे आप



*अवधनामा संवाददाता*

**आगरा।** आगरा में एक हृदयविदारक घटना सामने आई है. जिसमें जगदीशपुरा के प्रेम नगर में निसंतान चाची ने 9 साल के भतीजे की करंट लगाकर हत्या कर दी. पुलिस पूछताछ में आरोपी चाची ने कहा कि उसका पति अपने भतीजे से प्यार करता था और उस पर काफी खर्चा करता था जिससे उसे जलन होती थी. इसी कारण उसने 9 साल के भतीजे की करंट लगाकर हत्या कर दी. जानकारी अनुसार आगरा के जगदीशपुरा क्षेत्र के प्रेम नगर की पूजा वाली गली में भूतल पर रमेश रहते हैं और प्रथम तल पर छोटे भाई वीर सिंह परिवार के साथ रहते हैं. रमेश का नौ साल का इकलौता बेटा आरव शनिवार दोपहर छत पर पतंग उड़ाने गया था, वह काफी देर तक नहीं लौटा तो उसकी तलाश की. छत पर गए तो वह छत पर दिखाई नहीं दिया. आरोप है कि भाई वीर सिंह की पत्नी गजना से पूछा तो उसने कह दिया कि पता नहीं है. काफी देर तक आरव का पता नहीं चला, परिजनों को लगा कि वह अपने दोस्तों के पास चला गया होगा. शाम चार बजे भाई का बेटा विशाल छत पर गया. छत पर बने बाथरूम का आधा गेट खेला हुआ था उसमें से आरव के पैर दिखाई दे रहे थे।

उसकी चीख निकल गई, परिजन आ गए, बाथरूम में दीवार के सहारे आरव का शव था. आनन-फानन में परिवार के लोगों ने आरव को अस्पताल लेकर पहुंचे. जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया. रमेश ने बेटा की मौत पर छोटे भाई वीर सिंह की पत्नी गजना पर आरोप लगाया. जिस पर पुलिस ने बेटा आरव का शव पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया. पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में करंट से मौत होने का खुलासा हुआ है. इस बारे में रमेश ने बताया कि जहां पर बच्चे का शव मिला है. वहां पर बिजली का कोई भी स्विच और बोर्ड नहीं है. इस पर रमेश ने अपने भाई की पत्नी के खिलाफ लिखित तहरीर दी. जगदीशपुरा थाना प्रभारी निरीक्षक आनंदवीर सिंह ने बताया कि बच्चे के पिता की तहरीर पर उसके भाई की पत्नी गजना को हिरासत में लिया. उससे पूछताछ की तो उसने बताया कि मैंने ही भजीते आरव की करंट लगाकर हत्या की थी. कहा कि मेरी शादी को दो साल हो गए. मगर, कोई संतान नहीं है. मेरे पति का भतीजे आरव से बेहद लगाव था. उसे प्यार करता था. इसके लिए महंगी चीजें खरीद कर लाता था. उस पर खूब खर्च करता था. जिससे मुझे जलन होती थी. इसलिए, मैंने आरव को छत पर गया तो बहाने से बुलाया था. बाद में उसकी करंट लगाकर हत्या कर दी. आरोपी गजना को गिरफ्तार कर लिया है।

## कर्ज के बोझ तले दबे दम्पत्ति ने तीन बच्चों समेत किया जहर का सेवन



*अवधनामा संवाददाता*

**गागलहेड़ी।** थाना गागलहेड़ी क्षेत्रान्तर्गत अंबाला-देहरादून नेशनल हाइवे पर एक व्यक्ति ने संदिग्ध परिस्थितियों में अपनी पत्नी व बच्चों के साथ जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने पांचों व्यक्तियों को गंभीर हालत में उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। मिली जानकारी के अनुसार आज दोपहर लगभग एक बजे पुलिस डायल 112 को सूचना मिली थी कि ग्राम कोलकी के समीप तीन बच्चों समेत पांच व्यक्ति गंभीर अवस्था मे पड़े हुए है। पीआरवी पर तैनात हैड कांस्टेबल राहुल कुमार, कांस्टेबल उमेश कुमार व होमगार्ड रामधन त्यागी मौके पर पहुंचे और जहां उन्हें हाइवे के किनारे थाना देहात कोतवाली क्षेत्रान्तर्गत गांव नंदी फिरोजपुर निवासी 34 वर्षीय विकास पुत्र कर्म सिंह, उसकी 31 वर्षीय पत्नी रजनीश, 6 वर्षीय परी, 3 वर्षीय पलक व एक वर्षीय विवेक पडे मिले। जिन्हें सीएचसी हरोड़ा में लाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें जिला चिकित्सालय रैफर कर दिया। विकास की पत्नी रजनीश के मुताबिक उन पर ज्यादा कर्ज होने के कारण उन्होंने विषाक्त पदार्थ का सेवन कर अपनी जान देने की कोशिश की है। सूचना मिलने पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रोहित सिंह सजवाण ने जिला चिकित्सालय पहुंचकर घटना की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सभी पांचो व्यक्तियों को जिला चिकित्सालय में उपचार दिलाया जा रहा है। यदि आवश्यकता पड़ी, तो मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया जायेगा।

## थाना हरीपर्वत पुलिस टीम द्वारा अभियुक्त को 6 माह के लिए किया गया जिला बदर



*अवधनामा संवाददाता*

**आगरा।** गाली-गलौज, मारपीट व जान से मारने की धमकी देकर लोगों में भय व्याप्त करने जैसी अपराधिक घटनाओं में लगातार संलिप्त रहने वाले अभियुक्त पर कार्यवाही करते हुए थाना हरीपर्वत पुलिस टीम द्वारा अभियुक्त को 6 माह के लिए जिला बदर किया गया है। बता दें कि आगरा में वारण्टी, इनामिया, वांछित आदि अभियुक्तों पर लगातार कार्यवाही हेतु पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट आगरा के निर्देशन में पुलिस उपायुक्त नगर के कुशल नेतृत्व में सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। इसी कड़ी में अपर पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट आगरा के आदेशानुसार थाना हरीपर्वत पुलिस टीम द्वारा दिनांक 12.01.2025 को गाली-गलौज, मारपीट व जान से मारने की धमकी देकर लोगों में भय व्याप्त करने जैसी अपराधिक घटनाओं व थाना क्षेत्र अंतर्गत अन्य अपराधिक गतिविधियों में लगातार संलिप्त रहने के कारण थाना हरीपर्वत पुलिस टीम द्वारा सुल्तानगंज की पुलिया विजयनगर निवासी अभियुक्त फाजिल पुत्र यामीन को अग्रिम 6 माह के लिए जनपद से जिला बदर किया गया।

## राष्ट्र उत्थान के लिए नौजवानो को शुभ संस्कार देना बेहद जरूरीः स्वामी विज्ञानानंद

*अवधनामा संवाददाता*



**सहारनपुर।** आशुतोष महाराज के शिष्य स्वामी विज्ञानानंद ने कहा कि यदि किसी राष्ट्र के नौजवानो को शुभ संस्कार न दिए जाए, तो देश को पतन की ओर जाने से कोई नहीं रोक सकता। स्वामी विज्ञानानंद आज यहां दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान के आश्रम में आयोजित राष्ट्रीय युवा दिवस के उपलक्ष्य के आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि वीर सावरकर का भी कथन है युवा शब्द को उल्टा किया जाए तो वायु बनता है। वायु जो प्राणदायक है और प्राण घातक भी है। इसका कारण है कि जब वायु नियंत्रण से बाहर हो जाए, तो तूफान का रूप धारण कर लेती हैं। परंतु यही वायु प्राणायाम से नियंत्रण होती है, तो प्राण दाता बन जाती है। उन्होंने कहा कि आशुतोष महाराज का मानना है कि युवा शक्ति किसी भी देश का भविष्य ही नहीं, बल्कि वर्तमान भी हुआ करती है। इसीलिए नौजवानो के पास सही दिशा होनी चाहिए, जिससे समाज और देश की दिशा बदल सकती है। इसीलिए वह नौजवान को जाग्रत करते हुए समझाते है कि आज नौजवानों को अपनी शक्ति और सामर्थ्य का पूर्ण ज्ञान नहीं। ठीक इसी प्रकार जैसे सीता माता की खोज के लिए जाते समय हनुमान जी को पता नहीं था। उन्होंने कहा कि आज की नौजवान शक्ति को किसी जामवंत जैसे संत के मार्गदर्शन की आवश्यकता है। जिसने हनुमान जी को प्रोत्साहित करने के बाद ही वह विशाल सागर पार कर लंका गए। जहां उन्होंने राक्षसी लंकिनी का अंत किया। सुरसा का अहंकार तोड़ा और लंका को जलाकर राख कर दिया, इसीलिए अगर नौजवानों को किसी पूर्ण महापुरुष की संगत मिल जाए, तो सभी नौजवान शक्ति अपनी ऊर्जा को सकारात्मक दिशा में लगाकर राष्ट्रीय निर्माण में योगदान दे सकते है। कार्यक्रम में सभी युवाओं ने स्वामी विवेकानंद की तरह आत्म ज्ञान से विश्व कल्याण की यात्रा के भाव से ओतप्रोत होकर आजीवन नशा न करने व चरित्र निर्माण से राष्ट्र निर्माण का सामूहिक संकल्प भी लिया।

# गोरक्षपीठाधीश्वर आज अर्पित करेंगे गुरु गोरखनाथ को खिचड़ी का भोग

अवधनामा संवाददाता



- लाखों की संख्या में जुटेंगे श्रद्धालु
- खिचड़ी चढ़ाने के लिए सोमवार से श्रद्धालुओं ने डाला डेरा
- खिचड़ी मेले की हर व्यवस्था पर खुद नजर बनाए हुए हैं मुख्यमंत्री

**गोरखपुर।** मकर संक्रांति के पावन पर्व पर गोरक्षपीठाधीश्वर एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ नाथपंथ की विशिष्ट परंपरा के अनुसार मंगलवार को ब्रह्म मुहूर्त में शिवावतार गुरु गोरखनाथ को लोक आस्था की खिचड़ी चढ़ाकर समूचे जनमानस की सुख-समृद्धि की मंगलकामना करेंगे। हालांकि बाबा गोरखनाथ को खिचड़ी चढ़ाने के लिए श्रद्धालुओं के आने का सिलसिला सोमवार से ही शुरू हो गया। मंगलवार को यहां आस्था का जन ज्वार नजर आएगा। पूरी प्रकृति को ऊर्जस्वित करने वाले सूर्यदेव के उत्तरायण होने पर खिचड़ी चढ़ाने की यह अनूठी परंपरा पूरी तरह लोक को समर्पित है। मान्यता है कि बाबा गोरखनाथ को खिचड़ी चढ़ाकर मन्नत मांगने वाला कभी निराश नहीं होता। अरुणोदय काल में मकर संक्रान्ति का महापर्व मंगलवार को मनाया जायेगा। इस दिन उत्तर प्रदेश, बिहार तथा देश के विभिन्न भागों के साथ-साथ पड़ोसी राष्ट्र नेपाल से भी लाखों की संख्या में श्रद्धालु बाबा गोरखनाथ को खिचड़ी चढ़ाएंगे। आनुष्ठानिक कार्यक्रमों का शंखनाद भोर में ही हो जाएगा। सबसे पहले गोरक्षपीठ की तरफ से पीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ खिचड़ी चढ़ाकर बाबा को भोग अर्पित करेंगे। इसके बाद नेपाल राजपरिवार की ओर से आई खिचड़ी बाबा को चढ़ेगी। इसके बाद मंदिर के कपाट खोल दिए जाएंगे और जनसामान्य की आस्था खिचड़ी के रूप में निवेदित होनी शुरू हो जाएगी। मंदिर व प्रशासन की ओर से खिचड़ी महापर्व को लेकर श्रद्धालुओं की सुरक्षा व सुविधा का पूर्ण इंतजाम किया गया है। गोरक्षपीठाधीश्वर एवं मुख्यमंत्रखुद सभी व्यवस्थाओं पर नजर बनाए हुए हैं। मकर संक्रांति पर्व को लेकर मंदिर व मेला परिसर सज धजकर पूरी तरह तैयार है। समूचा मंदिर क्षेत्र सतरंगी रोशनी में नहाया हुआ है। यहां श्रद्धालुओं के आने का सिलसिला सोमवार से ही प्रारम्भ हो गया है। मंदिर प्रबंधन की तरफ से उनके ठहरने और अन्य सुविधाओं का पूरा इंतज़ाम किया गया है। प्रशासन की तरफ से रैन बसेरों में भी पूरी व्यवस्था की गई है।

## महफ़िल ए मिलाद का आयोजन आज

**गोरखपुर।** पैगम्बर मोहम्मद साहब के दामाद, चौथे खलीफा और शिया समुदाय के पहले इमाम हज़रत अली का जन्मोत्सव आज जाफराबाज़ार स्थित इस्लामचक में मनाया जाएगा। इस मौके पर एक महफ़िल ए मिलाद का आयोजन किया जाएगा जिसमें स्थानीय शायर अपना कलाम पेश करेंगे। यह जानकारी आयोजक अकील अब्बास रिज़वी ने दी।

## ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं में छिपा है भारत का विकास

**फर्रुखाबाद।** फर्रुखाबाद के विकासखंड शमशाबाद क्षेत्र में - नेहरू युवा केंद्र फर्रुखाबाद द्वारा आयोजित ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन मंझना के खेल मैदान में हुआ।। जिसमें दौड़ में करन ने प्रथम तो अतुल ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। वॉलीबॉल में हसनापुर की टीम ने रोशनाबाद की टीम को पराजित किया। बैडमिंटन में आंशी पटेल जीती। कबड्डी में सोनम की टीम तो कुश्ती में सुमित कुमार ने दमदारी दिखाई। मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश महिला आयोग की सदस्य मिथलेश अग्रवाल ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के युवा शहरी युवाओं से कई ज्यादा बेहतर है और आगे बढ़ रहे है। सरनाम सिंह एजुकेशन सेंटर के चेयरमैन सत्यवीर सिंह गंगवार, सौरभ कुमार, हर्षित अवस्थी, धीरज पाल, अनमोल सूर्यवंशी सहयोगी रहे आयोजक डॉ संजीव कुमार, अमन सूर्यवंशी के साथ कई शिक्षक गण के साथ क्षेत्रीय युवा मौजूद रहे।

## सपा की बैठक में हर बूथ पर मजबूत करने पर जोर

**गोरखपुर।** हर वूथ को लेकर सोमवार को सुगंधा मैरिज हॉल पर विधानसभा सहजनवां मे मासिक बैठक जिला अध्यक्ष बृजेश गौतम की उपस्थिति में संपन्न हुई आने वाले विधानसभा चुनाव मे दल को मजबूत करने की तैयारी की गई। विधानसभा अध्यक्ष मनीष कमांडो ने कहा की मतदाता सूची को वितरण कि गई है इसमें जो नाम गलत हो उसने चिन्हित करके हटवाने का काम किया जाए तथा नया नाम जुड़वा कर हर वूथ को मजबूत किया जाए। इस अवसर पर मुख्य रूप से पूर्व विधायक यशपाल सिंह रावत जिला उपाध्यक्ष गिरीश यादव प्रदेश सचिव मुरारी मौर्या वीरेंद्र यादव अखिलेश यादव महिला जिला अध्यक्ष अनारकली मौर्या ज्योति यादव मास्टर दुर्गेश गौतम राजेन्द्र जिला पंचायत सदस्य रामप्रताप सोनू जायसवाल सुशील विश्वकर्मा प्रदिप यादव ताज मोहम्मद मजनू पूजा निषाद माया देवी नीमा देवी लीलावती देवी सरोज देवी ममता देवी करीना निषाद सुनीता देवी राधीका देवी बाबूराम विश्वकर्मा मोहम्मद मिराज खान जयप्रकाश यादव मो. अली अन्य लोग उपस्थित रहे हैं।

## राजकुमार पत्रकार बनाए गए प्रदेश सचिव

**गोरखपुर।** अखिल भारतीय ब्राह्मण जन कल्याण समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष कल्याण पाण्डेय द्वारा पाली क्षेत्र के ग्राम सभा नारंगपट्टी निवासी पत्रकार राजकुमार मिश्रा को मनोनयन प्रमाण पत्र जारी कर प्रदेश सचिव एवं मीडिया प्रभारी बनाए जाने पर क्षेत्र के पत्रकारों में हर्ष व्याप्त है। वहीं राजकुमार मिश्रा ने बताया कि अखिल भारतीय ब्राह्मण जन कल्याण समिति दीन हीन, असहाय सहित अन्य लोगों को साथ लेकर चलने वाली समिति है। जो निरंतर कार्यरत है यह समिति सभी वर्गों को एक साथ लेकर चलने वाली समिति है और हमारा भी यही संकल्प है कि सभी वर्ग के लोगों को साथ लेकर चलेंगे।

# खतौनी में नाम दर्ज कराने को लेकर ग्रामीणों का प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन

अवधनामा संवाददाता



तहसीलदार दिनेश कुमार को ज्ञापन देते पोखरभिंडा के लोग

**कप्तानगंज, कुशीनगर।** तहसील क्षेत्र के ग्राम सभा पोखरभिंडा के दर्जनों ग्रामीणों ने कप्तानगंज तहसील में पहुंच प्रदर्शन कर खतौनी में नाम दर्ज करने की मांग की और मांगों का ज्ञापन तहसीलदार दिनेश कुमार को सौंपा।

सोमवार को दर्जनों की तादात में ग्राम सभा पोखरभिंडा के ग्रामीण तहसील परिसर में पहुंचे और प्रदर्शन किया। उनकी मांग थी कि ग्राम सभा के लेखपाल की लापरवाही के कारण नए खतौनी में दर्जनों लोगों का नाम दर्ज नहीं हुआ है वही पुराने खतौनी में सभी लोगों का नाम अंकित है फिर भी हम लोगों का नाम नए खतौनी में दर्ज नहीं हुआ जिससे सरकार की किसी भी योजना का लाभ और कोई भी काम नहीं हो पा रहा है इसको लेकर कई बार अपने हल्का के लेखपाल से कई बार संपर्क किया गया मगर कोई कार्यवाही नहीं हुई बार-बार उनके द्वारा आश्वासन ही दिया गया। अगर हम लोगों का नाम यथाशीघ्र खतौनी में अंकित नहीं किया जाता है तो हम लोग व्यापक आंदोलन के लिए बाध्य होंगे जिसकी सारी जिम्मेदारी विभाग की होगी। मांगो का ज्ञापन लेने के बाद तहसीलदार दिनेश कुमार ने यथाशीघ्र नए खतौनी में नाम जोड़ने का आश्वासन दिया। इस दौरान दिवाकर मिश्रा भारत कुमार राम नरायण, रामजीत, अक्षयबर, बलिकरन, प्रहलाद राजेश्वर आदि लोग मौजूद रहे।

# स्वामी विवेकानंद जयंती पर भारत माता पूजन कार्यक्रम सम्पन्न



**उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, कदौरा खंड द्वारा स्वामी विवेकानंद जयंती के अवसर पर युवा दिवस एवं भारत माता पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम श्री रोपण गुरु मंदिर परिसर, इटौरा में सम्पन्न हुआ। संघचालक जी श्री वीरेन्द्र पाण्डेय जी ने दीप प्रज्वलित कर एवं भारत माता का पूजन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर खंड कार्यवाह श्री सुधाकर चतुर्वेदी जी ने युवाओं को स्वामी विवेकानंद के विचारों पर चलने का संदेश दिया और राष्ट्रीय एकता एवं जागरूकता पर बल दिया। खण्ड प्रचारक श्री ध्रुव जी ने स्वामी जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि हमे अपनी संकृति और राष्ट्र की धरोहर को किस तरह आगे बढ़ना है ये स्वामी जी से सीखना चाहिए जैसे उन्होंने शिकागो मैं पूरे विश्व को भारत और सनातन की शक्ति का परिचय दिया था। कार्यक्रम में खंड कार्यकारिणी के सभी स्वयंसेवकों, महाविद्यालयीन छात्रों और युवाओं ने अनुशासन और उत्साह के साथ भाग लिया। भारत माता पूजन के साथ राष्ट्रभक्ति की भावना का प्रदर्शन किया गया। आयोजन को सफल बनाने के लिए सभी स्वयंसेवकों ने सराहनीय योगदान दिया। कार्यक्रम का समापन जयघोष जय श्री राम के साथ हुआ।

# जिला जज की अध्यक्षता में बोर्ड ऑफ विजिटर द्वारा जिला कारागार फतेहगढ़ का निरीक्षण किया गया

अवधनामा संवाददाता




**फर्रुखाबाद।** जिला मुख्यालय स्थित जिला कारागार फतेहगढ़ में आज माननीय सर्वोच्च न्यायालय नई दिल्ली द्वारा सुकन्या सांथा बनाम भारत संघ में दिए गए निर्देशों में अनुपालन में आज दिनांक 13.01.25 को माननीय जिला जज विनय कुमार की अध्यक्षता में बोर्ड ऑफ विजिटर द्वारा जिला कारागार फतेहगढ़ का निरीक्षण किया गया।

जेल अधीक्षक भीमसैन मुकुंद ने बताया कि बोर्ड ऑफ विजिटर में श्री संजय कुमार एडीजे /सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, श्री घनश्याम शुक्ल मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी ,श्री अशोक कुमार, अधिशाषी अभियंता , लोक निर्माण विभाग, रेनू , समाज कल्याण अधिकारी एवं श्री अमित तिवारी जिला सेवायोजन अधिकारी सम्मिलित रहे । निरीक्षण के दौरान सर्वप्रथम भोजनालय और बैकरी प्रशिक्षण केंद्र का निरीक्षण किया प्रत्येक बंदी से श्रम वितरण , उसके द्वारा किए जा कार्य के बारे में उसकी सहमति,मिलने वाले पारिश्रमिक , के बारे में जानकारी की गई । तत्समय भोजनालय में बन रहे भोजन को जिला जज , सचिव डीएलएसए और सीजेएम द्वारा स्वयं खाकर चेक किया । कारागार की नवीन आमद के बंदियों की बैरक एवं अन्य बैरकों तथा जेल अस्पताल था कार्य करने वाले सभी बंदियों से व्यक्तिगत तौर पर कार्य आवंटन के आधार एवं कार्य करने में उनकी सहमति पर सभी जेल अधिकारियों को अलग हटाकर वार्ता की गई । किसी भी बंदी ने कारागार संबंधी कोई शिकायत नहीं गई। नवीन आमद के बंदियों में धारा 107,116,151 के दो बंदियों के प्रकरण में तत्काल विधिसम्मत कार्यवाही के निर्देश दिए। जेल अस्पताल में भर्ती बंदियों के संदर्भ में जानकारी उनका हालचाल जाना किसी भी बंदी ने जेल संबंधी कोई शिकायत नहीं की गई । नारी बंदी वास का भी निरीक्षण किया सभी महिला बंदियों से अलग अलग वार्ता की गई। महिला बैरक में भी खाना बनाने, सफाई इत्यादि के कार्य में लगी महिला बंदियों से वार्ता करके उनकी सहमति , कार्य आवंटन , उनकी शिक्षा दीक्षा के बारे में जानकारी की गई।

# सीडीओ ने शिक्षण संस्थानों को छात्रवृत्ति प्रक्रिया में तत्परता बरतने का दिया आदेश

अवधनामा संवाददाता



**देवरिया।** मुख्य विकास अधिकारी प्रत्यूष पाण्डेय ने जानकारी देते हुए बताया कि जिलाधिकारी के निर्देशानुसार जनपद के दशमोत्तर कक्षा 11-12 एवं अन्य दशमोत्तर (कक्षा 11-12 को छोड़कर) शिक्षण संस्थानों के प्राचार्य, प्रधानाचार्य एवं नोडल अधिकारियों को छात्रवृत्ति योजना के तहत आवश्यक निर्देश दिए गए हैं। यह पाया गया है कि कक्षा 11-12 के 193 शिक्षण संस्थानों ने अब तक अपने संस्थान का प्रोफाइल लॉक नहीं किया है, और छात्रों द्वारा भरे गए आवेदन अकारण लॉगिन पर लंबित हैं। इन संस्थानों को निर्देशित किया गया है कि वे तत्काल अपने संस्थान का प्रोफाइल लॉक करें। इसके अतिरिक्त, दिनांक 16 जनवरी 2025 को आयोजित गूगल मीट बैठक में इन संस्थानों की अनिवार्य उपस्थिति सुनिश्चित की गई है। बैठक के दौरान प्रोफाइल लॉक संबंधी प्रक्रिया पूर्ण होने का प्रमाण पत्र जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में जमा करना होगा। मुख्य विकास अधिकारी ने यह भी स्पष्ट किया कि प्रोफाइल लॉक और डाटा अग्रसारण की निर्धारित अवधि समाप्त हो जाने के बाद यदि किसी पात्र छात्र/छात्रा को छात्रवृत्ति का लाभ नहीं मिलता है, तो इसकी पूर्ण जिम्मेदारी संबंधित संस्थान के प्रधानाचार्य/ नोडल अधिकारी की होगी। सभी संबंधित संस्थानों को निर्देश दिए गए हैं कि वे छात्रवृत्ति योजना को प्राथमिकता देते हुए आवश्यक कार्रवाई शीघ्र सुनिश्चित करें, ताकि छात्रों को समय पर योजना का लाभ प्रदान किया जा सके।

# दलितों ने अलीगढ़ में लगाए मकान बिकाऊ के पोस्टर

अवधनामा संवाददाता

**अलीगढ़।** अलीगढ़ जिले के दाऊदपुर कोटा गाँव से एक चिंताजनक खबर सामने आई है। यहाँ दलित परिवारों ने अपने घरों पर 'मकान बिकाऊ है' के पोस्टर लगाकर गाँव छोड़ने की तैयारी शुरू कर दी है। इन परिवारों का आरोप है कि मुस्लिम समुदाय के लोग उन्हें लगातार प्रताड़ित कर रहे हैं। वे न केवल उनके सामाजिक और धार्मिक अधिकारों में हस्तक्षेप करते हैं, बल्कि छोटी-छोटी बातों पर हिंसा पर उतर आते हैं।

रिपोर्ट्स के मुताबिक, जवाँ थाना इलाके का दाऊदपुर कोटा एक मुस्लिम बहुल गाँव है, जहाँ करीब 400 मुस्लिम परिवार रहते हैं। वहीं कुल 60 हिंदू परिवारों में से दलित परिवारों की संख्या मात्र 20 है। आरोप है कि गाँव में दलित समुदाय को हर स्तर पर दबाया जा रहा है। कभी उनके बच्चों को स्कूल में तंग किया जाता है तो कभी उनकी बहन-बेटियों को परेशान किया जाता है। हाल ही में एक शादी के दौरान डीजे बजाने को लेकर विवाद हुआ था, जहाँ बारातियों पर हमला कर दिया गया था। ग्रामीण जयंती देवी ने बताया कि उनकी पड़ोसी दरकशा नाम की महिला की बकरी उनके घर में घुसकर आटा और दूध खराब कर गई। जब उन्होंने इसका विरोध किया, तो दरकशा और उसके शौहर ने उनके साथ मारपीट की। जयंती देवी का आरोप है कि यह पहली बार नहीं हुआ है। आए दिन किसी न किसी बहाने से उन्हें और उनके परिवार को निशाना बनाया जाता है। पीड़ित परिवारों का कहना है कि उन्होंने कई बार पुलिस में शिकायत की, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। ग्रामीणों का आरोप है कि मुस्लिम समुदाय के दबंग लोग पुलिस को पैसे खिलाकर मामलों को रफा-दफा करवा देते हैं। हाल ही में 'मकान बिकाऊ है' के पोस्टर लगाए गए थे, लेकिन पुलिस ने इन्हें हटवा दिया। ग्रामीण मोहित कुमार ने बताया कि घरों के बाहर खड़ी गाड़ियों के शीशे तोड़ दिए जाते हैं। घरों पर गंदगी फेंकी जाती है। महिलाएँ और बेटियाँ घर से बाहर निकलने में डरती हैं। शादी-ब्याह जैसे कार्यक्रमों में भी दखल दिया जाता है। कुछ समय पहले एक शादी के दौरान बारात चढ़ने से रोक दी गई थी। पीड़ित परिवारों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से अपील की है कि उन्हें सुरक्षा दी जाए। उनका कहना है कि अगर उनकी समस्याओं का समाधान नहीं किया गया, तो वे मजबूर होकर पलायन करेंगे। ग्रामीणों का कहना है कि जब तक गाँव में अमन-चैन नहीं लौटता, तब तक वे सुरक्षित महसूस नहीं करेंगे। थाना जवाँ प्रभारी हेमंत मावी ने बताया कि मारपीट के मामले में दो आरोपितों को गिरफ्तार किया गया था। इसके बाद कुछ ग्रामीणों ने मकान बेचने के पोस्टर अपने घरों पर लगा लिए थे, जिन्हें हटवा दिया गया है।

## महिलाओं एवं बालिकाओं को किया गया जागरूक

**अलीगढ़।** मिशन शक्ति टीमों के द्वारा महिलाओं/बालिकाओं के सुरक्षार्थ चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान-5 के अंतर्गत समस्त थाना क्षेत्रों में कम्युनिटी पुलिसिंग एवं महिला सशक्तिकरण हेतु शक्ति दीदी के माध्यम से महिला सम्मान, सुरक्षा व जागरूकता हेतु अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में मिशन शक्ति फेज-05 के विशेष अभियान (शक्ति दीदी) के तहत थानों में नियुक्त महिला बीट अधिकारियों, समस्त थानों पर गठित महिला सुरक्षा विशेष दल द्वारा गाँवों/कस्बों/मोहल्लों में जन चौपाल लगाकर तथा बस स्टैंड/ बाजार/ गांव/ कस्बा/ स्कूल/कालेज/कोचिंग सेंटर इत्यादि सार्वजनिक एवं भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर बालिकाओं/ महिलाओं से वार्ता कर महिला सुरक्षा सम्बन्धी उपायों के बारे में जागरूक करते हुए शक्ति दीदी के रुप में महिलाओं/बालिकाओं से जुड़ कर उन्हे सक्त बनाने का प्रयास किया जा रहा है।

## आबकारी विभाग ने दबिश देकर 140 किलोग्राम लहन नष्ट कर 25 लीटर कच्ची शराब बरामद की



**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** आबकारी आयुक्त, उप्र के आदेश एवं जिलाधिकारी, फर्रुखाबाद तथा पुलिस अधीक्षक, फतेहगढ के निर्देश पर जिला आबकारी अधिकारी फर्रुखाबाद श्री जी0पी0गुप्ता के पर्यवेक्षण में प्रवर्तन अभियान के अंतर्गत आज प्रभारी आबकारी निरीक्षक क्षेत्र-2 राजेश कुमार चौबे मय स्टाफ एवं कोतवाली-कायमगंज पुलिस द्वारा संदिग्ध ग्राम- श्यामनगर मे दबिश दी गई।लगभग 140 किलोग्राम लहन नष्ट की गई। 25 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद कर अभियोग पंजीकृत किए गए। आबकारी दुकानों का औचक निरीक्षण किया गया। स्टाक रजिस्टर, Online Payment, CCTV कैमरा POS मशीन से बिक्री का परीक्षण किया गया। जनपद में अवैध मदिरा के निर्माण/बिक्री/परिवहन की रोकथाम हेतु प्रवर्तन कार्य निरंतर जारी रहेगा।

## सूचना

मेरी पुत्री जोया खान ने मेरी बिना मर्जी से विवाह कर लिया है जिससे भापथकर्ता सहमत नहीं है। मेरा व परिजनों का किसी प्रकार का कोई सम्बन्ध नहीं है। उसके किसी भी अच्छे बुरे कार्य, लेन-देन का वही जिम्मेदार होगी और उसका मेरी चल व अचल सम्पत्ति से कोई वास्ता नहीं है।

**सुहेल अनवर खान पुत्र स्व. श्री नाजिम अली खान**
**गालिब नगर, थाना रसूलपुर, फिरोजाबाद।**

## सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा पालिसी संख्या- 295267555, एल.आई.सी. शाखा डुमरियागंज में है, जिसमें मेरा नाम झुनमुन पुत्र श्री सुदामा जो कि पूर्व में था। अब मेरा वास्तविक नाम राम उजागिर पुत्र श्री सुदामा है, जो अभिलेखों में भी दर्ज है, अब मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जाता है। इस नाम व पता से मेरे ग्राम में अन्य कोई व्यक्ति नहीं है, न ही रह रहा है। इस सम्बन्ध में अगर किसी को किसी प्रकार की आपत्ति हैं तो 30 दिनों के अंदर आपत्ति करे।

**राम उजागिर पुत्र श्री सुदामा**
**पता - ग्राम गनवरिया, पो. इटवा, जिला- सिद्धार्थनगर उ.प्र।**

☛ रेलयात्री कृपया ध्यान दें! ☚

**कुम्भ मेला विशेष रेलगाड़ी**

कुम्भ मेला–2025 के मद्देनजर, रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन हेतु उत्तर रेलवे द्वारा श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा एवं फाफामऊ जं. के बीच विशेष रेलगाड़ी नीचे दी गई समय–सारणी के अनुसार चलाई जाएगी:–

**04601/04602 श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा – फाफामऊ जं. – श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा कुम्भ विशेष रेलगाड़ी** — 02 फेरे

| गाड़ी सं. 04601 आगमन | गाड़ी सं. 04601 प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | गाड़ी सं. 04602 आगमन | गाड़ी सं. 04602 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 03:50 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 22:00 | ---- |
| 04:18 | 04:20 | शहीद कप्तान तुषार महाजन | 21:00 | 21:02 |
| 05:35 | 05:45 | जम्मू तवी | 19:20 | 19:30 |
| 06:48 | 06:50 | कठुआ | 17:20 | 17:22 |
| 07:30 | 07:35 | पठानकोट छावनी | 16:35 | 16:40 |
| 09:15 | 09:20 | जलंधर छावनी | 14:40 | 14:45 |
| 10:50 | 11:00 | लुधियाना जं. | 13:30 | 13:40 |
| 13:00 | 13:10 | अम्बाला छावनी | 10:35 | 10:40 |
| 14:40 | 14:50 | सहारनपुर | 09:05 | 09:15 |
| 17:50 | 18:00 | मुरादाबाद | 05:40 | 05:50 |
| 19:30 | 19:32 | बरेली जं. | 04:15 | 04:17 |
| 23:57 | 00:02 | लखनऊ | 00:10 | 00:20 |
| 01:22 | 01:25 | रायबरेली जं. | 21:45 | 21:50 |
| 04:25 | ---- | फाफामऊ जं. | ---- | 19:30 |

चलने के दिन: 04601 श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा से दिनांक 24.01.2025 को तथा 04602 फाफामऊ जं. से दिनांक 25.01.2025 को।
स्थान: प्रथम वाता. सह 2 टियर वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य श्रेणी।

रेलयात्रियों से अनुरोध है किसी भी जानकारी के लिए कृपया रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES ऐप देखें।

147/2025 पर हमें फॉलो करें

उत्तर रेलवे
आपकी सुविधा–हमारा ध्येय
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# चंबल मैराथन 2025 : पंचनद के ऐतिहासिक तट पर रचा नया इतिहास

अवधनामा संवाददाता



**उरई (जालौन)।** चंबल नदी के ऐतिहासिक तट पर, जहां चंबल, यमुना, सिंध, पहुज और क्वारी नदियों का संगम होता है, चंबल मैराथन 2025 का आयोजन अत्यंत उत्साह और ऐतिहासिकता के साथ संपन्न हुआ। इस आयोजन का उद्देश्य चंबल प्रदेश की स्थापना की मांग को जनमानस तक पहुंचाना और क्षेत्रीय विकास के लिए एकजुटता दिखाना था। चंबल मैराथन का यह 5वां संस्करण उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश के चार जिलों–इटावा, औरैया, भिंड, और जालौन–से होकर गुजरा। यह दौड़ कुल 42.195 किलोमीटर लंबी थी, जिसकी शुरुआत सुबह 8:30 बजे इटावा के प्रसिद्ध डॉल्फिन सफारी सिद्धबाबा सहसो से हुई और समापन पंचनद धाम महासंगम पर हुआ।

मैराथन का मार्ग हनुमंतपुरा, बल्लो गढ़िया, भिंड जिले के सनावई और हरकेपुरा, जालौन जिले के सुल्तानपुरा जागीर, चंबल आश्रम हुकुमपुरा, बिलौड़, कर्रा, मई, गंज, औरैया के जुहीखा, और तातारपुर जैसे गांवों से होकर गुजरा। यह मार्ग चंबल के अनछुए प्राकृतिक सौंदर्य और समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर को उजागर करता है। इस आयोजन के दौरान चंबल के चारों जिलों के जिला प्रशासन ने पूरी सहृदयता से सहयोग किया। हर रूट पर सुरक्षा और सुविधा का विशेष ध्यान रखा गया। स्थानीय निवासियों ने भी उत्साहपूर्वक धावकों का स्वागत किया और रूट पर पुष्पवर्षा के साथ पानी और नाश्ते की व्यवस्था की। मैराथन में भाग लेने वाले धावकों का जोश देखते ही बनता था। इनमें युवाओं के साथ-साथ बुजुर्गों और महिलाओं ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। सभी प्रतिभागियों ने चंबल प्रदेश की स्थापना के समर्थन में अपने संकल्प को दोहराया। मैराथन का समापन पंचनद धाम पर आयोजित भव्य समारोह में हुआ। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में इतिहासकार देवेंद्र सिंह चौहान एडवोकेट उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि सरोकारी वकील सूरज रेखा त्रिपाठी, खेल प्रशिक्षक भुवनेश कुमार, चंबल परिवार के संयोजक चन्द्रोदय सिंह चौहान, किसान नेता रामशंकर सिंह, और गजेंद्र सिंह जाटव एडवोकेट भी इस ऐतिहासिक अवसर के साक्षी बने। समारोह के दौरान सभी धावकों को सर्टिफिकेट, मेडल और ट्रैकसूट देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि देवेंद्र सिंह चौहान ने कहा, चंबल क्षेत्र की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने और इसके विकास को सुनिश्चित करने के लिए चंबल प्रदेश की स्थापना अत्यंत आवश्यक है। चंबल संग्रहालय के महानिदेशक डॉ. शाह आलम राणा ने चंबल प्रदेश की स्थापना के लिए 23 प्रस्तावित जिलों की सूची प्रस्तुत की। उन्होंने बताया कि यह प्रस्तावित राज्य उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और राजस्थान के उन जिलों को शामिल करेगा, जिनका ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और सामाजिक योगदान चंबल क्षेत्र के विकास में महत्वपूर्ण रहा है।

## पंचनद पर स्नान को लेकर प्रशासन की तैयारी सुदृढ़



**उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता।** मकर संक्रांति पर्व पर श्रद्धालुओं के पंचनद संगम में स्नान को लेकर प्रशासन ने अलर्ट मोड में आकर सभी इंतजामात दुरुस्त कर लिए हैं। ज्ञात हो कि जनपद का एकमात्र संगम तीर्थ पंचनद संगम अनेक जनपदों के लिए तीर्थराज प्रयाग की भांति आस्था का केंद्र है। यहां प्रत्येक स्नान पर्व पर भारी संख्या में श्रद्धालु स्नान करते है। इस वर्ष प्रयागराज में महाकुंभ की तैयारियां जोरों पर हैं लेकिन सभी लोग प्रयागराज महाकुंभ में नहीं जा सकते अतः जालौन इटावा औरैया जनपदों के श्रद्धालु पंचनद संगम में डुबकी लगाकर शाही स्नान की अनुभूति करेंगे। पंचनद संगम के स्नान की तैयारी को लेकर पुलिस अधीक्षक डॉक्टर दुर्गेश कुमार, उप जिलाधिकारी माधौगढ़ मनोज कुमार, क्षेत्राधिकारी राम सिंह ने पंचनद का स्थलीय निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्थाओं को परखा एवं ग्राम प्रधान व लेखपाल को आवश्यक निर्देश दिए। इस अवसर पर थानाध्यक्ष रामपुरा संजीव कुमार कटियार, उपनिरीक्षक हर्षवर्धन त्रिपाठी, उपनिरीक्षक दिनेश कुमार, महंत सुमरवन, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि मनोज कुमार सिंह आदि उपस्थित रहे।

## नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष रवि प्रताप का हुआ स्वागत

**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** सहजनवा विधानसभा के पिपरौली मंडल के नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष रवि प्रताप सिंह को भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता बरडाड़ चौराहे एवं भीटीखोरिया में रामनामी दुपट्टा एवं फूल-मालाओं से स्वागत किया। स्वागत के समय जिला पंचायत सदस्य राम बुझारत पासी, धर्मराज गॉड, ऋषिकेश जयसवाल, नरेंद्र सिंह सौथवार, विनीत नारायण दुबे, उपेंद्र दुबे, सच्चिदानंद त्रिपाठी, राजू मिश्रा, संदीप शक्ति केंद्र संयोजक मदन पांडेय, बूथ अध्यक्ष गणेश तिवारी, मनोज वर्मा, मनोज राय, रवि प्रकाश पांडे, सुनील सिंह लोग मौजूद रहे।



अवधनामा



# सपा सरकार में प्रदेश को मिलती थी भेदभावपूर्ण बिजली: गिरीश चंद्र यादव



अवधनामा संवाददाता

**मिल्कीपुर -अयोध्या।** मिल्कीपुर के लोगों के लिए सुनहरा अवसर है लोकसभा चुनाव में भ्रम फैलाया गया और जो जीते भी है, वो आपका काम भी नहीं करवा सकते, लेकिन सरकार का विधायक होगा तो सरकार की सभी योजनाओं को लागू करा कर क्षेत्र का विकास करायेगा,ये बातें खेल एवं युवा कल्याण मंत्री गिरीश चंद्र यादव ने कही, क्षेत्र के किनौली गांव में ग्राम प्रधान श्रीचंद यादव के द्वार पर आयोजित ग्राम चौपाल को संबोधित करने पहुंचे थे। उन्होंने कहा कि भाजपा एक ऐसी पार्टी है जो कहती हैं वो करती है, पहले हम लोग राममंदिर निर्माण की कल्पना सुनते थे लेकिन जब भाजपा की सरकार बनी तो 500 वर्षों के संघर्षो के बाद भव्य राम मंदिर का निर्माण चल रहा है, जम्मू कश्मीर से धारा 370, 35 हटाया गया उन्होंने जनता से कहा कि जब सपा के लोग आपके बीच वोट मांगने आए तो उनसे पूछिए उन्होंने धारा 370 का विरोध क्यों किया था, उन्होंने लोगों को बताया कि धारा 370 होने की वजह से भारत के लोग जम्मू कश्मीर में जमीन नहीं खरीद सकते थे, वोटर आईडी कार्ड नहीं बनवा सकते थे वोट डालने का अधिकार नहीं था वहां से शादी नहीं कर सकते थे लेकिन जम्मू कश्मीर के लोग पूरे भारत में कहीं भी जमीन खरीद सकते थे शादी कर सकते थे लेकिन मोदी जी ने धारा 370 हटाकर सभी बंदिशो को हटा दिया,1996 में नारी वंदन अधिनियम बना लेकिन पास नहीं हुआ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अधिनियम को पास कराया और जब लागू होगा तो सदन में महिलाओं को प्रतिनिधित्व मिलेगा, प्रधानमंत्री इरादों के पक्के हैं। हमारी पार्टी ने जो कहा वह किया। सपा और कांग्रेस की सरकार में गांव का गरीब राशनकार्ड नहीं बनवा पाता था। लेकिन जब देश एवं प्रदेश में भाजपा की सरकार बनी तो गरीबों का राशनकार्ड बना कर फ्री राशन दिया जा रहा है। सरकार द्वारा गरीबों के इलाज के लिए आयुष्मान योजना का कार्ड बनवा कर मुफ्त इलाज की व्यवस्था की है।मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत गोल्ड कार्ड बनाए गए। उन्होंने सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के बारे में लोगों को अवगत कराते हुए भाजपा को वोट करने की अपील की उन्होंने सपा सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि प्रदेश में भेदभाव के साथ बिजली दी जाती थी, मैनपुरी, इटावा, सैफई को 24 घंटे बिजली, अयोध्या बनारस को सिर्फ 3 घंटे बिजली मिलती थी लेकिन हमारी सरकार में सभी को समान रूप से बिजली मिल रही है।

## टेरिटोरियल आर्मी जनरल ड्यूटी क्लर्क व ट्रेड्समैन भर्ती लिखित परीक्षा में दो सॉल्वरों को किया गिरफ्तार




**अयोध्या।** सेना खुफिया इकाई व एसटीएफ अयोध्या की टीम ने रविवार को डोगरा रेजीमेंटल सेंटर में आयोजित टेरिटोरियल आर्मी जनरल ड्यूटी क्लर्क व ट्रेड्समैन भर्ती लिखित परीक्षा में दो सॉल्वरों को गिरफ्तार किया है। यह दोनों इलेक्ट्रानिक कॉल रिसीवर डिवाइस के माध्यम से नकल करते हुए पाए गए थे। इन्होंने इसके लिए चार-चार लाख रुपए लिए थे। एसटीएफ की टीम दोनों के सहारे सॉल्वर गैंग के सरगना तक पहुंचने का प्रयास कर रही है। विगत कुछ दिनों से उत्तर प्रदेश में आयोजित होने वाली विभिन्न परीक्षाओं में नकल माफिया गिरोहों के सक्रिय होकर नकल कराने व परीक्षा में धांधली कराने की सूचनाएं एसटीएफ को प्राप्त हो रही थी। इन्हें पकड़ने के लिए एसटीएफ की विभिन्न टीमों को लगाया गया था। 12 जनवरी को टीम को सूचना मिली कि डोगरा रेजिमेंटल सेंटर में आयोजित टेरिटोरियल आर्मी जनरल ड्यूटी क्लर्क एवं ट्रेड्समैन भर्ती लिखित परीक्षा में कुछ अभ्यर्थियों के स्थान पर सॉल्वर गैंग के सदस्य परीक्षा दे रहे हैं। इसकी सूचना एसटीएफ ने सेना की खुफिया इकाई को दी। एसटीएफ अयोध्या के उप निरीक्षक सौरभ मिश्रा के नेतृत्व में गठित टीम ने परीक्षा केंद्र पर कार्रवाई करते हुए सॉल्वर गैंग के दो सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया। यह दोनों इलेक्ट्रानिक कॉल रिसीवर डिवाइस के माध्यम से नकल कर रहे थे। आरोपियों की पहचान विकास राय (19) निवासी शातसार, पोस्ट केवल्ली, थाना जंसा जनपद वाराणसी व सुखनंदन यादव (30) निवासी इंदिरा कॉलोनी, ग्राम कोडारोटी, पोस्ट गढा, थाना बेतुल मध्य प्रदेश के रूप में हुई।

# श्री कोटवाधाम में राजपा की बैठक सम्पन्न



अवधनामा संवाददाता

**बाराबंकी।** राष्ट्रीय जनमानस पार्टी की कार्यकर्ता बैठक श्री कोटवाधाम में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता सतनाम आश्रम से पधारे राजेश दास ने की। कार्यक्रम का संचालन जिलाध्यक्ष डॉ.सत्यनाम शरण दास ने किया। बैठक में मुख्य अतिथ पार्टी अध्यक्ष सियाराम रावत बाबूजी ने कहा कि समाज के अंतिम व्यक्ति की आंखों में आंसू क्यों आते हैं, इस बात का कारण ढूंढ कर निवारण करेंगे। प्रदेश अध्यक्ष राम दत्त रावत ने कहा कि संगठन के बल पर ही सत्ता की प्राप्ति की जा सकती है। हमें एक-एक सदस्य को जोड़कर निरंतर प्रगति के पथ पर बढ़ते रहना होगा। बैठक में शिवगढ़ रायबरेली के सन्त कुमार को उत्तर प्रदेश उपाध्यक्ष व मुस्काबाद सिरौलीगौसपुर के मोहम्मद रफी को जिला संगठन मंत्री बाराबंकी मनोनीत किया गया। इस मौके पर राममिलन, पीतांबर, राम किमेश, बालचंद, मुकेश कुमार, राम तीरथ, जयचंद आदि आदि ने अपने विचार व्यक्त किये।

## फोन पर बात करना माँ को मना करने भारी पड़ा सुबह होते ही पुत्री लापता

**जैदपुर बाराबंकी।** रात में फोन पर बात न करने पर माँ ने पुत्री को मना किया तो सुबह होते ही जानकारी हुयी कि लड़की घर से लापता है पीड़ित मां ने एक व्यक्ति पर बहला फुसलाकर भगा ले जाने का आरोप लगाया है पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गयी है। मामला जैदपुर थाने के एक गांव का है दिनांक 12 जनवरी 25 को समय लगभग 1.00 बजे प्रार्थिनी की पुत्री उम्र लगभग 19 वर्ष शुभम पुत्र लक्ष्मीलाल से फोन पर बात कर रही थी। जब पीड़िता ने अपनी पुत्री को उपरोक्त समय बात करने को समझाया और सो गई। जब सुबह उठी और देखा की मेरी पुत्री घर पर नहीं थी। प्रार्थिनी ने काफी खोज-बीन की परन्तु मिली नहीं।

## तेजतर्रार एआरटीओ अंकिता ने नो हेलमेट नो फ्यूल अभियान चलाया

**बाराबंकी।** परिवहन विभाग द्वारा 'नो हेलमेट, नो फ्यूल अभियान के तहत लगातार की जा रही कार्यवाहियां, जागरुकता के साथ साथ सख्ती भी की। तेजतर्रार एआरटीओ अंकिता शुक्ला ने सड़क दुर्घटनाओं पर काबू पाने हेतु 'नो हेलमेट, नो फ्यूल अभियान के तहत परिवहन विभाग जागरुकता के साथ सख्त कार्यवाही करने की दिशा मे कार्य करता दिखाई दे रहा है।

# आवारा छुट्टा पशुओ से बलीपुर चिरैया के किसान परेशान



अवधनामा संवाददाता
(रामधीरज यादव)

**सुबेहा बाराबंकी।** प्रदेश सरकार एवं जिलाधिकारी बाराबंकी के सख्त निर्देश के बावजूद अभी भी एवं ग्रामीण क्षेत्र के किसानों को छुट्टा आवारा पशुओं से निजात नहीं मिल रही है, वर्तमान समय में गांवों में घूमते दर्जनों आवारा पशु राहगीरों व किसानों के लिये सिरदर्द बने हुए हैं। किसान अपने खेतों में बोई गयी फसलों को छुट्टा आवारा पशुओं द्वारा की जा रही बरबादी से बचाने के लिए दिन रात खेतों की रखवाली कर रहे हैं। इस सीजन में सरसों, चना, गेहूं तथा सब्जी वाली फसलों को इन छुट्टा पशुओं से बचाने के लिए किसानों के सामने बड़ी समस्या खड़ी हो गई हैं। छुट्टा पशु किसानों के खेतों में बोई गई दलहनी, तिलहनी सहित अन्य फसलों के पौधों को कुछ खाकर एवं ज्यादा कुचल कर काफी नुकसान पहुंचा रहे हैं। फसल की बुवाई में लगी महंगी लागत और परिश्रम को नष्ट होते देख किसानों के माथे पर बल पड़ने लगा हैं। अब तो झुण्ड के झुण्ड आवारा पशु ग्रामीण क्षेत्रों के साथ साथ सराय गोपी पेट्रोल पंप, स्वामी दयाल इंटर कालेज बीरभान पुरवा, चिरैया,चकडोमा बलीपुर अलीपुरवा, जलालपुर, मेहंदिया, गेरावा,बलीगेरावा, कोलवा बम्हरौली आइमा, कुडवा, रतौली,अहिबरन आदि गांवों में अवारा पशुओं का झुंड घूमता रहता है लेकिन जिम्मेदार अपनी जिम्मेदारी का निर्वाहन नहीं करते।

# एसपी के आदेश पर सभी थानों की पुलिस ने महिला जागरुक अभियान चलाया




अवधनामा संवाददाता

**बाराबंकी।** मिशन शक्ति फेज- 05 के दृष्टिगत जनपद के समस्त थानों द्वारा जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन कर महिलाओ व बच्चियों को जागरूक किया गया। ज्ञात हो कि प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान व स्वावलम्बन हेतु चलाये जा रहे मिशन शक्ति फेज- 05 के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह के निर्देशन में पुलिस के समस्त थानों की महिला बीट अधिकारी द्वारा अपने-अपने क्षेत्रों में चौपाल लगाकर महिलाओं व बालिकाओं को महिला सम्बन्धी साइबर अपराध के सम्बन्ध में जागरुक कर महिला एवं बच्चों से सम्बन्धित समस्याओं व घरेलू हिंसा से संरक्षण, दहेज प्रतिषेध, कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न निवारण, पाक्सो, बाल विवाह प्रतिषेध व महिलाओं की गरिमा के विरुद्ध प्रमुख अपराधों की जानकारी दी गई। महिला हिंसा से सम्बन्धित तथा अन्य शिकायतों के निवारण हेतु वूमेन पावर लाइन (1090) पुलिस आपातकालीन सेवा (112) सीएम हेल्पलाइन नंबर (1076)चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर (1098) वन स्टाप सेन्टर (181) साइबर हेल्पलाइन नंबर (1930) स्वास्थ्य सेवा हेल्पलाइन नंबर (102) एम्बुलेन्स सेवा (108) जनसुनवाई पोर्टल, स्थानीय थाने की हेल्प डेस्क, जिला संरक्षण अधिकारी, राष्ट्रीय/राज्य महिला आयोग, जनपद न्यायालय में स्थित जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सम्बन्ध में एवं साइबर अपराध के बारे में जागरूक किया गया।

## गौकशी और चाइनीज मांझे को मुद्दे को लेकर राष्ट्रीय गौरक्षक संघ ने भरी हुंकार



**शाहजहाँपुर।** राष्ट्रीय गौरक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष पंडित अजीत शर्मा ने चाइनीज माँझा की बिक्री और निरन्तर बढ़ रही गौकशी की चटनाओं पर चिन्ता व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री को पत्र भेजा है। अध्यक्ष ने मांझे की बिक्री और गौकशी पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध लगाने की मांग की है।

कटरा थाना क्षेत्र में अभियान स्वरुप तरीके से हो रही गौकशी में क्षेत्र के एक दारोगा की संलिप्तता बताते हुए तत्काल कार्यवाही की मांग की है। शर्मा ने बताया कि पूरे जनपद में चाइनीज मांझे की बिक्री गोपनीय तरीके से की जा रही है। बिगत दिवस हुई ह्रदय विदारक घटना से प्रशासन को सीख लेनी चाहिए। तत्काल गोपनीय तरीके से जांच कराकर अपेक्षित कार्यवाही की मांग की है। पत्र में अजीत शर्मा ने बताया कि तहसील तिलहर क्षेत्र में हो रही गौकशी में सीओ की भूमि भी संदिग्ध होने का आरोप लगाया है। थाना क्षेत्र के ग्राम पलिया दरोबस्त में तीन गौवंश की खेत में लगाए गए बिजली के तार में करंट लगने से मौत हो गई। जिसकी सूचना प्रशासन ?को गौवंश संघ द्वारा दी गयी। जब हमारे संगठन राष्ट्रीय रक्षक संघ को इसकी जानकारी हुई तो इसका विरोध किया। तब मौके पर पहुंच कर चिकित्सा अधिकारी ने गौवंश को पोस्टमार्टम कराया और उसके बाद भी पुलिस में चिकित्सा अधिकारी की सांठगांठ से फजी रिपोर्ट बनाकर मामले को समाप्त कर दिया जो कि दुर्भाग्यपूर्ण है। शर्मा ने साफ़ शब्दों में चेतावनी देते हुए चाइनीज माझे पर प्रतिबन्ध सहित गौकशी की घटनाओं पर लगाम न लगाए जाने पर संघ द्वारा अनिश्चितकालीन आंदोलन का एलान किया है।

## डॉ.नमिता सिह की विनम्रता बनी असहायों का सहारा



**शाहजहाँपुर।** बात जब भी आई इस नारीशक्ति की दहलीज पर किसी असहाय की, तो उसने सारी सीमाओं को कर दिया दरकिनार और उतर पड़ीं यथासंभव मदद के लिए। शहर की उस शख्शियत की बात हम कर रहे हैं जो आज किसी पहचान को मोहताज नहीं है। आमजन के स्वास्थ्य की सेवा में बचनबद्ध प्रकाश हेल्थकेयर सेंटर की निर्देशिका डॉ. नमिता सिंह का मृदुभाषी स्वभाव और उनकी वाकपटुता,कार्य कुशलता जैसे दर्जनों गुण जो उनके व्यक्तित्व के उदाहरण हैं। आज डॉ. नमिता सिंह के प्रयासों से लक्ष्मीबाई महिला विंग ओम चैरिटेबल ट्रस्ट लायंस क्लब सहेली द्वारा पिछले 12 वर्षों से निरंतर आयोजित किया जा रहे हैं नेत्र शिविर का आयोजन किया गया जिसमें दूर दराज ग्रामीण क्षेत्र से आए हुए मरीज का नेत्र परीक्षण किया गया 230 लोगों का नेत्र परीक्षण किया गया जिसमें 63 लोग मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए चिन्हित किए गए।ओम चैरिटेबल ट्रस्ट के संस्थापक डॉ अमित सिंह ने बताया कि प्रत्येक वर्ष इस कैंप का आयोजन किया जाता है जो सीतापुर आई हॉस्पिटल सीतापुर की टीम द्वारा आयोजित किया जाता है वह टीम लोगों को चिन्हित करके सीतापुर ले जाते है और वही ऑपरेशन किया जाता है। रानी लक्ष्मीबाई महिला विंग की संस्थापक डॉ नमिता सिंह ने बताया की इस कैंप के तहत उन लोगों का ऑपरेशन होता है जो मोतियाबिंद से परेशान है और यह कैंप पूर्णता निशुल्क रहता है तथा इस कैंप में अन्य लोगों को विजन टेस्ट करके चश्मा दिया जाता है तथा दवा भी लिखी जाती है लायंस क्लब सहेली की अध्यक्ष पदमा गुप्ता ने कहा कि हम सभी का सौभाग्य है कि ईश्वर ने इस तरह के कार्यक्रम करने का अवसर प्रदान किया है इस अवसर पर सीतापुर से डॉक्टर कमल अंकित पाल निधि पाल रामकिशोर शुक्ला आदि ने परीक्षण किया इस मौके पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी आरके गौतम, चंद्रशेखर खन्ना, दिवाकर मिश्रा ,प्रभात मिश्रा, अनुज देव गुप्ता, विमल सिंह, राजकमल बाजपेई, कौशल मिश्रा, गौरव सिंह, सत्यभान् सिंह भदौरिया, सोमेश यादव, रचना अवस्थी, भगवत राम, ओमकार मनीषी, अभिनय गुप्ता, अनिल गुप्ता, अनिकेत, नितेश, विजय लक्ष्मी सिंह पार्षद ,आकाश मिश्रा, हर्ष शिखा सिंह, प्रिया मिश्रा ,प्रियंका कपू ,रमन गुप्ता, तराना जमाल, स्तुति गुप्ता, महिमा शुक्ला, प्रियंका कपूर, पदमा गुप्ता, विमी सैनी, रचना बाजपेई ,अलका वर्मा, अंबिका वर्मा, अनीता सिंह, गीता त्रिवेदी, अमित गुप्ता, महिमा शुक्ला, ममता वर्मा, मीनू मनोज गुप्ता, सरोज सिंह, रचना सिंह, रंजना मिश्रा, नीतू कुमरा, सरिका गुप्ता, सुभ शर्मा, तानिया गुप्ता, तूलिका वाजपेई, अर्चना अग्रवाल, शिवनंद कुमार सिंह, अलका, अपर्णा माहव, सोनी गौड आदि लोग उपस्थित रहे हैं।

## महानगर उद्योग व्यापार मण्डल ने मांझे के खिलाफ हो रही कार्यवाही का किया समर्थन



**शाहजहाँपुर।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मण्डल की महानगर इकाई के कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट पहुँचकर जिलाधिकारी को पत्र देकर चाइनीज मांझे की बिक्री पर पूर्ण प्रतिबन्ध की मांग करते हुए पुलिस प्रशासन द्वारा की जा रही कार्यवाही का समर्थन किया है। कार्यकर्ताओं ने कहा कि बाजार में इस समय प्रतिबंधित चाइनीज मांझे की बिक्री कुछ दुकानदारों ?द्वारा की जा रही है। जिसका व्यापार मंडल कड़ा विरोध करता है। पुलिस प्रशासन द्वारा प्रतिबंधित चाइनीज मांझे की बिक्री की रोक थाम के लिए की जाने वाली कार्यवाही का समर्थन करता है।और प्रतिबंधित चाइ?नीज मांझे की बिक्री करने वाले दुकानदार के विरुद्ध की कार्यवाही की समर्थन करता है। गत दिन हुई ह्रदय विदारक घटना से सभी आमजन अपने को असहज महसूस कर रहे हैं।पत्र देने वालों में अनूप कुमार,अजय कुमार गुप्ता, सुशील गुप्ता, अनबार खां,मोनिस खां आदि व्यापारी मौजूद रहे।

# त्रिवेणी धाम में माघ अमावस्या मेले लिए बैठक संपन्न



अवधनामा संवाददाता

**निचलौल (महराजगंज)।** नेपाल के प्रमुख धार्मिक धरोहरों में से एक पूर्वी नवलपरासी के विनयी त्रिवेणी के त्रिवेणी धाम में एक माह तक लगने वाले मेले की तैयारी शुरू हो गई है।जिसके लिए एक कार्यक्रम का आयोजन कर 25 सदस्यीय टीम का गठन किया गया है। त्रिवेणी धाम में आगामी 29 जनवरी को मौनी अमावस्या को लेकर अंतरराष्ट्रीय स्तर धार्मिक मेला आयोजन की तैयारी शुरू है।त्रिवेणी मेला को बेहतर, सभ्य व भव्य तरीके से संपन्न कराने के लिए बिनई त्रिवेणी वार्ड संख्या छ के वार्ड अध्यक्ष नुरेंद्र साह की अध्यक्षता में 25 सदस्यीय मेला प्रबंधन समिति का गठन किया गया। कड़की ने बताया कि त्रिवेणी वार्ड के अंतर्गत आने वाले राजनीतिक दलों, जन प्रति निधियों, यूनियन प्रति निधियों, स्थानीय सुरक्षा एजेंसी, पूर्व जन प्रतिनिधियों और मीडिया कर्मियों की संयुक्त बैठक हुई। प्रबंधन समिति ने मेले में आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए विभिन्न उप समितियां गठित की गई है। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि मेले को भयमुक्त तरीके से संचालन के लिए स्थानीय स्वयंसेवकों का गठन किया है। जो नेपाल पुलिस द्वारा प्रशिक्षित कर मेले में तैनात होंगे। वहीं मेले में शांति व सुरक्षा व्यवस्था के लिए नेपाल पुलिस, सशस्त्र पुलिस व ट्रैफिक पुलिस को भी लगाने की तैयारी पर भी चर्चा की गई। उन्होंने बताया कि मेले में सबसे अधिक भीड़ गंडक बैराज पुल, रानीनगर साइफन, मिलन चौक,ठट्ठीयाखोला पुल व नारायणी नदी के स्नान घाट पर होती है। त्रिवेणी मेला को आकर्षक बनाने के लिए निगरानी समिति, पंडाघाट प्रबंधन, जल आपूर्ति एवं स्वच्छता संवर्धन, परिवहन प्रबंधन पर भी विशेष ध्यान दिए जाने पर चर्चा हुई। त्रिवेणी मेला के नाम पर पश्चिम नवलपरासी के कुछ ग्रामीण नगर पालिकाओं द्वारा वसूले जाने वाले व्यवसायिक कर को रोकने के लिए नगर पालिका अध्यक्ष सहित जिला प्रशासन कार्यालय का ध्यान आकर्षित करने का निर्णय लिया गया। इस मौके पर त्रिवेणी गजेंद्र मोक्ष धाम क्षेत्र विकास समिति के कार्यकारी निदेशक झपेंद्रेश्वर भुसाल, लक्ष्मण प्रसाद गौतम, निरंजन थापा, प्रीतम बहादुर गुरुंग, महेश रायमाझी, भेसराज खनाल, सफला नेपाल, शोभा छेत्री सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# जनपद के दो उत्कृष्ट शिक्षक लखनऊ में हुए सम्मानित



अवधनामा संवाददाता

**महराजगंज।** स्वामी विवेकानंद के जयंती के अवसर पर मिशन शिक्षण संवाद के तत्वाधान में प्रदेश स्तरीय शैक्षिक विमर्श संगोष्ठी का आयोजन अंतर्राष्ट्रीय बौद्ध संस्थान लखनऊ में सोमवार किया गया। जिसमें जनपद के दो उत्कृष्ट शिक्षकों को मिशन शिक्षण संवाद के संस्थापक विमल कुमार द्वारा प्रशस्ति पत्र ,मोमेंटो व अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वाले शिक्षकों में जनपद में बेहतरीन कार्य करने वाले अनमोल रत्न विकास खण्ड बृजमनगंज के प्राथमिक विद्यालय परासखाड़ के सहायक अध्यापक अरविन्द कुमार पाण्डेय तथा विकास खण्ड फरेंदा के कम्पोजिट विद्यालय भगवत नगर परसिया के प्रधानाध्यापक अरविन्द कुमार गौड़ को मिला है। उक्त संगोष्ठी के माध्यम से बेसिक शिक्षा के शैक्षिक उन्नयन के मार्ग में आ रही बाधाओं को दूर करने के महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विचार विमर्श किया गया।

## पात्र व्यक्तियों को त्वरित योजना का लाभ दिया जायः प्रभारी मंत्री

# प्रभारी मंत्री डॉ. दयाशंकर मिश्र दयालु ने विकास कार्यों और कानून व्यवस्था की समीक्षा की




अवधनामा संवाददाता

**महराजगंज।** जनपद के प्रभारी मंत्री एवं आयुष, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार डॉ. दयाशंकर मिश्र दयालु ने कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ विकास कार्यों और कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक की। उन्होंने पूर्व में दिए गए निर्देशों के अनुपालन पर संतोष व्यक्त करते हुए योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन और जनप्रतिनिधियों के सुझावों पर त्वरित कार्यवाही के निर्देश दिए। आवास योजनाओं में प्रगति

मंत्री ने प्रधानमंत्री आवास योजना और मुख्यमंत्री आवास योजना की प्रगति की समीक्षा की। मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में निर्धारित लक्ष्य के लगभग सभी आवासों का निर्माण पूरा हो चुका है। साथ ही 67 मुसहर परिवारों को योजना में शामिल कर उनका आवास निर्माण सुनिश्चित किया गया है। मंत्री ने पात्र व्यक्तियों को पूरी पारदर्शिता से आवास योजनाओं का लाभ दिलाने के निर्देश दिए।

**स्वच्छ भारत मिशन और कृषि क्षेत्र में निर्देश**

स्वच्छ भारत मिशन फेज-द्धद्ध के तहत सामुदायिक शौचालयों की नियमित देखरेख और प्रकाश-पानी की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कृषि क्षेत्र में उन्होंने किसान पंजीकरण में तेजी लाने और श्री अन्न की खेती के प्रचार-प्रसार पर जोर दिया। उन्होंने किसानों को आधुनिक खेती के लिए प्रेरित करने का भी आह्वान किया।स्वास्थ्य और पर्यावरण पर जोर स्वास्थ्य और आयुष विभाग की समीक्षा करते हुए उन्होंने औषधीय पौधों के रोपण और आयुष चिकित्सालयों के निर्माण कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने डीएफओ को अवैध पेड़ कटान पर कठोर कार्रवाई के साथ संवेदनशीलता बरतने की सलाह दी।

**कानून व्यवस्था और यातायात सुरक्षा**

मंत्री ने साइबर अपराध और डिजिटल धोखाधड़ी के प्रति सजगता बढ़ाने और पुलिस को महिला अपराधों पर जीरो टॉलरेंस नीति अपनाने के निर्देश दिए। सड़क सुरक्षा को लेकर यातायात नियमों का सख्ती से पालन सुनिश्चित करने का आह्वान किया। बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष, विधायक, भाजपा जिलाध्यक्ष, जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक सहित सभी वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

## द राइमिंग हाल के मंच पर बच्चों ने अपने प्रतिभा का किया उत्कृष्ट प्रदर्शन




अवधनामा संवाददाता

**महाराजगंज।** परतावल क्षेत्र के ग्रामीण अंचल में स्थित हरपुर तिवारी में राष्ट्रीय बाल विज्ञान संचालक रोहित कुमार गुप्ता व आर के इंटरमीडिएट कॉलेज के प्रबंधक इरफानुल्लाह खान के अध्यक्षता मे द राइमिंग हाल संस्था द्वारा विद्यालय में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। द राइमिंग हाल संस्था के संस्थापक सूरज गुप्ता ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र में आर इंटरमीडिएट कॉलेज के प्रांगण में कार्यक्रम में कुल 34 बच्चे बहुत ही बढ़-चढ़कर के प्रतिभाग किया, जिसका मूल्यांकन रेखा सिंह, महबूब अली, वीरेंद्र पाण्डेय, नूरुल हादी और शमशेर जी ने किया। विद्यालय की छात्राएं नूरसबा खातून, निशा गुप्ता, निधि वर्मा , साहिबा खातून व होमैरा ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया, इन पांचों छात्राओं ने बेहतरीन प्रदर्शन कर अपना परचम लहराया, जिसके लिए संस्था द्वारा प्रत्येक बच्चों को स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया। विद्यालय के प्रबंधक ने सभी को धन्यवाद देते हुए कहा कि इस द राइमिंग हाल एक ऐसी संस्था है जो ग्रामीण क्षेत्र के छिपी प्रतिभा को निखार करके राष्ट्रीय स्तर तक ले जाने का प्रयास करती है वह उन्हें उचित प्लेटफार्म उपलब्ध कराती है ।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में स्वास्थ्य विभाग से संबधित योजनाओ की समीक्षा बैठक





अवधनामा संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** जिला स्वास्थ्य समिति (डी0एच0एस0) एवं स्वास्थ्य विभाग से संबधित योजनाओ की समीक्षा बैठक जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर0 की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0 द्वारा पिछ्ली बैठक में दिये गये निर्देशो के प्रगति की समीक्षा की गयी। जिलाधिकारी ने कहा कि टी.बी. रोगी खोज कार्यक्रम सरकार का महत्वपूर्ण कार्यक्रम है इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दास्त नहीं की जायेगी।

जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि सीएचओ के माध्यम से आशा द्वारा कम से कम 02-03 मरीजों का सैम्पल एकत्रित किया जाये। जिलाधिकारी ने टी0बी0 के मरीजों को उपचार के दौरान 1000 रूपये मिलने वाली प्रोत्साहन राशि समय से शतप्रतिशत भुगतान कराने का निर्देश दिया। टी.बी रोगी को पोषण पोटली का वितरण कराने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने सभी एमओआईसी को टीकाकरण सत्र का शेड्यूल के अनुसार निरीक्षण करे तथा टीकाकरण की फीडिंग तथा शत-प्रतिशत टीकाकरण कराने का निर्देश दिया। बैठक में उपस्थित सभी बीसीपीएम को निर्देश दिया कि नये बच्चो के जन्म पर आशा से प्राप्त रिपोर्ट की फीडिंग सही समय पर की जाये। गांव में जाकर बीसीपीएम 05-05 घरो का रेण्डमली निरीक्षण कर जांच करेगे। सभी आशाओ को दी गयी किट को भी चेक करे, उसके पास पूरी सामग्री है अथवा नही।

इसके अलावा जिन चीजों की कमी हो उन्हें क्रय करने का निर्देश दिया। गर्भवती महिलाओ का प्रसव अस्पताल में ही हो। जन्म लेने वाले बच्चो का वजन ठीक ढंग से लिया जाये इसमें किसी भी प्रकार की त्रुटि नही होनी चाहिए। सभी बीसीपीएम को वजन मशीन को ठीक कराने का निर्देश दिया। एमओआईसी जोगिया की प्रगति ठीक नही पाये जाने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की गयी। बुधवार, शनिवार को वीएचएनडी दिवस पर आशा, एएनएम सीएचओ विशेष रूचि लेकर कार्य करे। एएनएम व आशा दीदी को नियमित रूप से प्रोत्साहन राशि का भुगतान करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0 ने प्राचार्य मेडिकल कालेज, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, समस्त एमओआईसी को निर्देश देते हुए कहा कि किसी गर्भवती महिला को जानबूझ कर किसी अन्य जगह रेफर कदापि न किया जाये। इस प्रकार की शिकायत प्राप्त होने पर मेरे स्तर से कड़ी कार्यवाई की जायेगी। जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0 ने सभी संबधित मेडिकल आफिसरो को निर्देश देते हुए कहा कि जहां पर एक्स-रे मशीन नहीं है वहां मशीन स्थापित कराया जाये। जिलाधिकारी द्वारा अनटाइड फन्ड, परिवार नियोजन, प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व योजना, टीकाकरण अभियान, पी0सी0पी एन0डी0टी0, रोगी कल्याण समिति, हेल्थ वेलनेस सेन्टर, जननी सुरक्षा योजना आदि की समीक्षा की गयी। जिलाधिकारी ने रोगी कल्याण समिति व अन्टाइड फन्ड से नियमानुसार उपकरण, मरीजो के बैठने हेतु फर्नीचर की नियमानुसार क्रय करने का निर्देश दिया। ई-संजीवनी के माध्यम से ज्यादा से ज्यादा मरीजों को टेली मेडिसिन सुविधा उपलब्ध करानें हेतु निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी ने समस्त एम0ओ0आई0सी0 को निर्देश दिया कि गर्भवती महिलाओ को मिलने वाली प्रोत्साहन राशि समय से दिया जाये। जिलाधिकारी ने समस्त प्रभारी चिकित्सा अधिकारियों को सभी सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी के कार्यो की समीक्षा सप्ताह में करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने समस्त प्रभारी चिकित्सा अधिकारियों को निर्देश दिया कि किसी भी मरीज को परेशान न किया जाये तथा बाहर की दवा न लिखे। इस बैठक में उपरोक्त के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 रजत कुमार चौरसिया, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ0 ए0के0झा, पीडी नागेन्द्र मोहन राम त्रिपाठी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी देवेन्द्र कुमार पाण्डेय, जिला पंचायज राज अधिकारी पवन कुमार, जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ एमएम त्रिपाठी, जिला प्रतिरक्षण अधिकारी, डॉ संजय गुप्ता, डैम, डीपीएम, डीसीपीएम, समस्त सीएचसी/ पीएचसी के एमओआईसी, बीपीएम, बीसीपीएम, आदि उपस्थित थे।

# गौशाला में गोबर से कम्पोस्ट खाद तैयार करने का निर्देश : सीडीओ

## मुख्य विकास अधिकारी ने गौशाला का किया निरीक्षण



अवधनामा संवाददाता

**लोटन सिद्धार्थनगर।** मुख्य विकास अधिकारी जयेंद्र कुमार द्वारा विकास खण्ड-लोटन में संचालित अस्थायी गोवंश आश्रय स्थल ग्राम पंचायत सुसनहा का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान खण्ड विकास अधिकारी ओम प्रकाश गुप्ता ग्राम सचिव, दिलीप पटेल ग्राम प्रधान, राजकुमार केयर टेकर सहित ग्रामवासी उपस्थित रहे। ग्राम सचिव द्वारा बताया गया कि वर्तमान में 46 गोवंश संरक्षित है जिसमे में कोई पशु बीमार नहीं है द्य गोवंश के लिए उपलब्ध भूसा, पशु आहार, दाना का अवलोकन किया गया। हरा चारा के संबंध में खण्ड विकास अधिकारी बताया गया कि हरा चारा बोया गया है, परन्तु मौके पर कम मात्रा में हरा चारा पाया गया। हरा चारा का प्रयोग और अधिक करने निर्देश दिया गया। गौशाला परिसर में साफ सफाई तथा पीने वाले पानी हौज की नियमित सफाई करने का निर्देश दिया गया। गौशाला में कार्यरत केयर टेकर का मानदेय नियमित दिया जा रहा है। स्टॉक रजिस्टर सहित केयर टेकर उपस्तिथि पंजिका, सहभागिता रजिस्टर, आदि का अवलोकन किया गया। गौशाला परिसर एवं चारों तरफ फलदार पौध रोपण करने तथा उसकी सुरक्षा हेतु अस्थाई ट्री गार्ड लगाने के निर्देश दिया गया। गौशाला में गोबर से कम्पोस्ट खाद तैयार करने का निर्देश दिया गया। शीत लहर, सर्दी के लिए तिरपाल का प्रबंध किया गया है द्य अलाव का प्रबंध करने के निर्देश दिया गयाद्य सी.सी.टीवी कैमरा खराब पाया गया जिसे ठीक कराने के निर्देश दिया गया।

# चेयरमैन सुनील अग्रहरि ने पहली यात्रा निजी साधन बस द्वारा प्रयागराज कुंभ स्नान हेतु किया रवाना



**बढ़नी सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** नगर पंचायत अध्यक्ष बढ़नी अध्यक्ष सुनील अग्रहरि ने रविवार रात में नगर पंचायत बढ़नी बाजार से श्रद्धालुओं की पहली यात्रा निजी साधन बस द्वारा प्रयागराज कुंभ स्नान हेतु रवाना किया। चेयरमैन सुनील अग्रहरि ने कहा कि प्रयागराज महाकुंभ मेला व स्नान पर्व सोमवार से शुरू हुआ तो उससे पहले श्रद्धालु वहां पहुंचने के लिए बसों के जरिये रात में ही सफर शुरू कर दिया। रात भर बसें चलती रहीं। इससे यात्रियों को प्रयागराज पहुंचने में आसानी हुई। रोडवेज डिपो की अनगिनत बसें रात में संचालित हुईं। इसके अलावा अन्य प्वाइंट से भी बसें चलीं। सिद्धार्थनगर के बढ़नी से झूंसी तक सफर कर श्रद्धालु प्रयागराज पहुंचे और स्नान पर्व की शुरूआत में गंगा में पुण्य की डुबकी लगाई। सुबह भी बसों पर भीड़ दिखी। यात्री प्रयागराज के लिए क्रमवार निकलते दिखे। कई जत्था भी दिखा। इस दौरान रोडवेज कर्मी यात्रियों के मदद में मुस्तैद दिखे। चेयरमैन सुनील अग्रहरि ने महाकुंभ के लिए प्रयागराज से प्राइवेट बस जा रही हैं। रात में अनगिनत बसें प्रयागराज जा रही है। इसके अलावा बाहरी डिपो के साथ प्राइवेट बसें भी बसें चल रही हैं, जिसका लाभ यात्रियों को मिल रहा है।

# उप मुख्यमंत्री को विधायक ने पहनाया अंगवस्त्र



**बढ़नी सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** उत्तर प्रदेश के यशस्वी एवं लोकप्रिय व जनप्रिय उप मुख्यमन्त्री केशव प्रसाद मौर्या से उनके सरकारी आवास पर लोकप्रिय विधायक शोहरतगढ़ विनय वर्मा ने रविवार को मुलाकात की। इस दौरान विधायक विनय वर्मा ने उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्या को अंगवस्त्र पहनाकर नये बर्ष की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दिया। इस अवसर पर विधायक विनय वर्मा ने उनका कुशल मार्गदर्शन एवं स्नेह प्राप्त किया।

# कोटे के चयन में ग्रामीणों ने लगाया धांधली का आरोप

**आलापुर अम्बेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** रामनगर विकासखण्ड के सरफुद्दीनपुर गांव में शुक्रवार को हुए कोटे के चुनाव में धांधली का आरोप लगाकर ग्रामीणों ने कलेक्ट्रेट के निकट अम्बेडकर प्रतिमा के पास विरोध प्रदर्शन करते हुए नायब तहसीलदार के माध्यम से जिलाधिकारी को ज्ञापन दिया। ग्रामीणों ने उच्चाधिकारियों की मौजूदगी में पुनः निष्पक्ष कोटा चयन के लिए खुली बैठक कराने की मांग की है। सैकड़ों की संख्या में पहुंचे ग्रामीणों ने कोटे के चयन में अधिकारियों पर जातिवाद और धांधली करने का आरोप लगाते हुए कोटे के चुनाव को निरस्त करने की मांग की।

# सीडीओ द्वारा एमडीएम तथा आरआरसी कार्य का किया गया निरीक्षण



**लोटन सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार द्वारा सोमवार को विकास खण्ड लोटन क्षेत्र के ग्राम पंचायत एकड़ेगवा में महात्मा गांधी नरेगा योजना से निर्माणाधीन एम.डी.एम शेड तथा आर. आर. सी. कार्य का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान खण्ड विकास अधिकारी ओम प्रकाश गुप्ता, सचिव एवं प्रधान प्रतिनिधि पंकज वर्मा व अन्य कर्मचारी उपस्थित रहें। ग्राम पंचायत मे कराये गये कार्य आर आर सी पूर्ण पाया गया परंतु संचालित नहीं हैद्य ग्राम प्रधान प्रतिनिधि पंकज वर्मा द्वारा बताया गया कि सम्पर्क मार्ग न होने के कारण वहां पहुंचने में समस्या हो रही है। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा खण्ड विकास अधिकारी को निर्देशित किया गया कि सम्पर्क मार्ग का निर्माण कराना सुनिश्चित करें। प्राथमिक विद्यालय परिसर पर मिड्डे मिल शेड का निर्माण कार्य का भी निरीक्षण किया गया जिसका कार्य पिलर स्तर तक पूर्ण है। खण्ड विकास अधिकारी को निर्देशित किया गया कि निर्धारित मानक के अनुसार समय से कार्य पूर्ण करना सुनिश्चित करें।

# हज़रत अली जयंती पर आज हल्लौर में निकलेगा जुलूस ए हैदरी

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** हर साल की तरह इस बार भी 14 जनवरी दिन मंगलवार को हज़रत अली जयंती के मौके पर क्षेत्र के हल्लौर में अली ब्वायज कमेटी के तत्वावधान में अली डे का आयोजन किया जाएगा। इसके अलावा हज़रत अली जयंती पर कस्बे में विविध कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। हल्लौर स्थित जामा मस्जिद से मंगलवार दोपहर बाद जुलूस ए हैदरी निकाला जाएगा जो हल्लौर चौराहे से होता हुआ बैदौला डुमरियागंज मंदिर चौराहे तक जाएगा जहाँ तकरीर होगी फिर वहां से वापस हल्लौर स्थित जाफर मार्केट के समीप स्थित कार्यक्रम स्थल पर पहुँचकर अली डे में सम्मिलित हो जाएगा। यह जानकारी अली ब्वायज कमेटी के अध्यक्ष इंतेज़ार हुसैन शबाब ने देते हुए उक्त कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या से शिरकत की गुजारिश की है।

# सुविधा देने मे पालिका अकबरपुर के पास कुछ नहीं मात्र टैक्स से भर रहे झोली

अवधनामा संवाददाता

**अम्बेडकरनगर।** नगर पालिका परिषद अकबरपुर जनता से टैक्स वसूलने में कोई कसर नहीं छोड़ती–सफाई टैक्स, जलकल टैक्स, हाउस टैक्स, डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन टैक्स और स्टांप शुल्क के नाम पर हर साल लाखों का राजस्व इकट्ठा होता है। लेकिन मूलभूत सुविधाएं वह तो केवल जनता के सपनों में ही दिखती हैं।

गलियों और सड़कों की नालियां टूटी हुई हैं, खंभों पर लाइटें गायब हैं, पानी की आपूर्ति ऐसी है कि बूंद-बूंद के लिए तरसना पड़ता है। कूड़ा कलेक्शन का काम नियमित रूप से नहीं किया जाता, जिससे शहर में हर तरफ कूड़े के ढेर और बदबू का माहौल है।

## पटरी दुकानदारों पर दोहरी मार

पटरी दुकानदारों की शिकायतें भी थमने का नाम नहीं ले रहीं। अतिक्रमण के नाम पर आए दिन उनसे अवैध वसूली की जाती है। सुविधाओं के नाम पर सिर्फ लॉलीपॉप थमाने वाली नगर पालिका आखिर जनता के पैसों का इस्तेमाल कहां कर रही है? रेनबो न्यूज़ मांग करता है कि नगर पालिका अपनी जिम्मेदारियां निभाए और जनता को उनके हक की सुविधाएं प्रदान करे। यह वसूली का नहीं, सेवा का समय है।

# डीएम ने वितरित किया गरीबों को कंबल



**अंबेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** मुख्यमंत्री जी के मंशानुशार प्रत्येक जरूरतमंद को ठंड से बचाव हेतु कंबल दिए जाने के क्रम में आज जिलाधिकारी ने ग्राम अवसनपुर में जरूरतमंदों को कंबल वितरित किया इसी के साथ ही उन्होंने समस्त उप जिलाधिकारी एवं अधिशासी अधिकारियों को निर्देशित किया है कि जरूरतमंदों को मुख्यमंत्री जी के मंशानुसार ठंड से बचाव हेतु कंबल वितरित किए जाएं। उन्होंने समस्त चिन्हित स्थलों पर नियमित अलाव की अच्छी व्यवस्था करने के निर्देश दिए। समस्त आश्रय स्थलों पर साफ सफाई के साथ ठंड से बचाव के सभी आवश्यक सुविधाओं को नियमित सुनिश्चित रखने के निर्देश दिए। आज अवसानपुर मांझा में निःशुल्क कंबल वितरण कार्यक्रम में ठंड से बचाव के लिए इलाके के तमाम वृद्धजनों सहित अन्य जरूरतमंदों को जिलाधिकारी द्वारा स्वयं ग्राम में पहुंचकर कंबल वितरित किया गया। वितरण कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी आनंद कुमार शुक्ल, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व डॉ सदानंद गुप्ता, उप जिलाधिकारी टांडा आदि के हाथों कम्बल मिलने पर जरूरतमंदों के चेहरे खिल उठे। इस अवसर पर मौके पर तहसीलदार टांडा, थानाध्यक्ष तथा अन्य अधिकारी/कर्मचारी मौके पर उपस्थित रहे।

# जवाहर नवोदय विद्यालय में कक्षा छठवीं में प्रवेश के लिए प्रवेश परीक्षा 18 जनवरी को

## जिले के 11 केंद्रों पर होगी परीक्षा, सभी 14 ब्लॉकों से 5653 अभ्यर्थी हैं पंजीकृत



अवधनामा संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** जवाहर नवोदय विद्यालय बांसी में कक्षा छठवीं में प्रवेश के लिए प्रवेश परीक्षा का आयोजन 18 जनवरी की सुबह 10.30 बजे से जिले के 11 केंद्रों पर होगा। परीक्षा में जनपद के सभी 14 ब्लॉकों से 5653 अभ्यर्थी पंजीकृत हैं। इस परीक्षा को शांतिपूर्ण माहौल, नकल विहीन कराने के लिए शासन से लगायत प्रशासन के आला अफसर सख्त है। ऐसे में सभी केंद्राध्यक्ष अपने कार्य एवं दायित्व का बखूबी निवर्हन करते हुए परीक्षा के समय सजकता बरतें। इस कार्य में किसी भी स्तर पर लापरवाही सामने नहीं आनी चाहिए। उक्त चेतावनी जिला विद्यालय निरीक्षक समर बहादुर सिंह ने दी। वह सोमवार को जिला मुख्यालय स्थित राजकीय पुस्तकालय के सभागार में केंद्राध्यक्षों की बैठक को संबोधित कर रहे थे। जिला विद्यालय निरीक्षक समर बहादुर सिंह ने बताया कि जवाहर नवोदय विद्यालय चयन प्रवेश परीक्षा के लिए माता प्रसाद इंटर कॉलेज इटवा, रईस अहमद इंटर कॉलेज इटवा, श्री छेदीलाल इंटर कॉलेज बिस्कोहर बाजार, शिवपति इंटर कॉलेज शोहरतगढ़, श्री सिंहेश्वरी इंटर कॉलेज तेतरी बाजार, जय किसान इंटर कॉलेज सकतपुर सनई, बाबा हरिदास इंटर कॉलेज उस्का बाजार, सेंट थॉमस सेकेंडरी स्कूल हल्लौर, रतन सेन इंटर कॉलेज बांसी, विकास इंटर कॉलेज खेसरहा, कल्पनाथ सिंह कन्या इंटर कॉलेज लोटन को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। उन्होंने कहा कि परीक्षा को शांतिपूर्ण व नकल विहीन संपन्न कराया जाएगा। इसकी सारी तैयारियां मुकम्मल कर ली गई हैं। इस दौरान परीक्षा को सकुशल, शांतिपूर्ण और नकल विहीन कराने के लिए शासन के साथ जिलाधिकारी के निर्देशों का शत-प्रतिशत पालन करने के लिए निर्देशित किया गया। बैठक में जवाहर नवोदय विद्यालय बांसी के प्राचार्य आशुतोष मिश्र, राजकीय इंटर कॉलेज नौगढ़ के प्रधानाचार्य दयाशंकर यादव, वोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा के प्रभारी आनंद राय, समेत प्रधानाचार्य रमाकांत द्विवेदी, विनय अनमोल, संजय कुमार दुबे, जयराम यादव, प्रकाश सिंह, डीएन सिंह, नंद कुमार, विक्रम प्रसाद यादव, मनोज कुमार यादव के अलावा अंजनी कुमार श्रीवास्तव, उमेश कुमार, सगीर अहमद, नवोदय विद्यालय के कपिलदेव, जिविनि के लिपिक उमाशंकर, मंसब अली आदि उपस्थित थे।

# मौला ए क़ायनात हज़रत अली अस के जश्ने विलादत पर वितरित हुआ गरीबों को कम्बल



अवधनामा संवाददाता

**टांडा अम्बेडकरनगर।** हज़रत इमाम अली अ.स. के जन्मोत्सव पर ग्राम सिकंदरपुर में हुसैनी सोशल फ्रंट की जानिब से आयोजित कंबल वितरण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप मे मौजूद राज्य सूचना आयुक्त मोहम्मद नदीम ने कहा कि समाज की सेवा करने वाला व्यक्ति भाग्यशाली होता है हम सभी को इस पुनीत कार्य मे बढ चढकर हिस्सा लेना चाहिए और राज्य सूचना आयुक्त ने बताया कि मार्च में आयुक्तों की नई टीम ने जब कार्यभार सम्भाला तो उन्हें 30 हजार लंबित वाद मिले थे।

लंबित वादों के निस्तारण के साथ-साथ नई अपील के रूप में जो अपील दर्ज हो रही हैं, उन्हें भी समयबद्ध तरीके से निपटना आयोग की प्राथमिकता बनी है। सूचना आयुक्त ने संबोधन में कहा कि कोई भी सरकारी कार्यों के जनसूचना के तहत जानकारी ले सकता है उन्होंने ग्रामीणों को बताया आप अपने गांव की सड़क की लगत चौड़ाई लंबाई के बारे में 10 रूपये में कोई जानकारी ले सकते है। उन्होंने यह भी बताया कि बीपीएल कार्ड धारक सूचना को मुफ्त में जानकारी ले सकते है। कार्यक्रम के संयोजक सै. मसरूर आलम ज़ैदी एडवोकेट ने कंबल लेने वालो का आभार जताते हुए कहा कि मै खुशकिस्मत हूं कि मुझे समाज के वंचित वर्ग की सेवा करने का अवसर मिला विशिष्ट अतिथि के रूप मे मौजूद जिला पंचायत अध्यक्ष साधू वर्मा ने कहा कि हम सबको सामाजिक कार्यो मे बढ चढकर हिस्सा लेना चाहिए और दूसरों की सहायता करने के लिए आगे आना चाहिए। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि मानव का सबसे बडा धर्म दूसरों की मदद करना है कार्यक्रम में बार एसोसिएशन अध्यक्ष के डी मिश्रा ने अपने संबोधन में कहा इस तरह कार्यक्रमो का आयोजन होते रहना चाहिए और समाज की अंतिम पंक्ति मे खडे व्यक्ति तक को सहायता पहुचाना चाहिए।

# वीवीपैट व इवीएम वेयर हाउस का किया निरीक्षण



**अम्बेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के क्रम में उप मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश अमित सिंह ने जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी अविनाश सिंह, उप जिला निर्वाचन अधिकारी/अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व डॉ0 सदानंद गुप्ता के साथ कलेक्ट्रेट परिसर में स्थित ईवीएम/वीवीपैट वेयरहाउस का मासिक निरीक्षण किया। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी, उप जिलाधिकारी अकबरपुर सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# मेडलाइफ अस्पताल संचालक मरीज़ो के जीवन से कर रहे खिलवाड़

## ट्रामा सेंटर के नाम पर चल रहे अस्पताल के मानकों की जांच तक नहीं की जाती

अवधनामा संवाददाता

**अम्बेडकरनगर।** जनपद के मुख्यालय पर स्थित शहर के

- मनको को ताख पर रखकर कर कर रहा है संचालित
- मेडलाइफ संचालक जिम्मेदार अधिकारियों को दिख रहा ठेंगा

निमियहवा पोखरा स्थित बजरंग पेट्रोलपंप के पास में मेड़लाइफ हास्पिटल एवं ट्रामा सेंटर का बोर्ड लगाकर लोगों को लुभाया जा रहा है। सुविधाएं तो छोड़िए यहां पर ट्रामा सेंटर के मानक ही पूरे नहीं हैं। पड़ताल के समय वहां कोई एंबुलेंस तक नहीं दिखी और न ही सिटी स्कैन व ब्लड बैंक खुद का दिखा।

अफसरों की लापरवाही का यह आलम है कि ट्रामा सेंटर के नाम पर चल रहे अस्पताल के मानकों की जांच तक नहीं की जाती।जिला मुख्यालय पर स्थिति नंदराज हास्पिटल एवं ट्रामा सेंटर का लंबा-चौड़ा बोर्ड लगाकर चलाया जा रहा है। ऐसी स्थित में मानक तो दूर की बात है यहां पर्याप्त सुविधाएं तक नहीं है। ये हैरान करने वाली असलियत। मीडिया पड़ताल में तस्वीर सामने आई जहां बड़े-बड़े अक्षरों में ट्रामा सेंटर लिखकर लोगों को लुभाया जा रहा है। इस ट्रामा सेंटर में मरीजों को अलग-अलग रखने की सुविधाएं भी ठीक से नहीं दिखीं। आवश्यकता पड़ने पर मरीजों की जान बचाने के लिए ब्लड बैंक की भी व्यवस्था नहीं मिली। यदि किसी मरीज को ब्लड की आवश्यकता पड़ जाए तो भगवान भरोसे ही उसका जीवन रहेगा। सिटी स्कैन, आइसीयू, वेंटीलेटर, आक्सीजन पाइप लाइन भी अस्पताल में नहीं है। ऐसे में तो ट्रामा सेंटर के नाम पर मरीजों के साथ धोखा हो रहा है। ट्रामा सेंटर में आर्थोसर्जन के अलावा बांकी स्टाफ तो है पर न्यूरोसर्जन का अभाव है। इसके अलावा प्रशिक्षित स्टाप के मानक का कोई आंकलन भी नहीं है। गैर प्रशिक्षित हाथों में मरीजों के उपचार की कमान होने से जान का संशय बना रहता है।

**जिला अधिकारी अविनाश सिंह के द्वारा बैठक में दिए गए हैं सख्त निर्देश-** मेडलाइफ हॉस्पिटल ट्रामा सेंटर में इलाज करने वाले मरीज नाम न छापने के शर्त पर बताया मेडलाइफ हॉस्पिटल ट्रॉमा सेंटर का नाम इस्तेमाल कर मरीज से भारी भरकम्प फीस वसुले जाते हैं बात वही नहीं खत्म हुई आखिर जनपद मुख्यालय से चंद कदमों की दूरी पर मेडलाइफ हॉस्पिटल संचालक अधिकारीयों को खुला चुनौती दे रहा है क्षेत्र की जनता में खुब चर्चा हो रहा है **अपनी करतूत को छुपाने के लिए मेड लाइफ संचालक मीडिया कर्मियों पर रंगदारी वसूलने का लगता है-** आरोप जबकि जिला अधिकारी अविनाश सिंह के द्वारा बैठक में ऐसे अस्पतालों , डायग्नोस्टिक सेंटर पैथोलॉजी, संचालकों पर सख्त कार्रवाई करने का खाका तैयार कर लिया गया है जिला प्रशासन कोई बड़ा एक्शन लेने की तैयारी में है जिम्मेदार अधिकारीयों द्वारा कार्रवाई को लेकर यह सवाल अभी बना हुआ है आखिर कब होगी कार्यवाही।



### क्या हैं ट्रामा सेंटर के मानक

चार आपरेशन थियेटर होने चाहिए जिसमें न्यूरो हड्डी व पेट के लिए अलग-अलग आपरेशन थियेटर हों। आइसीयू की सुविधा होनी चाहिए। ब्लड बैंक, एमआरआइ व सीटी स्कैन की सुविधा हो। न्यूरो सर्जन व आर्थोपेडिक सर्जन सहित दूसरे सभी सर्जन 24 घंटे ट्रामा सेंटर में ही मौजूद रहें। आठ-आठ घंटे की ड्यूटी पर प्रत्येक विधा के तीन विशेषज्ञ होने चाहिए। ट्रामा मरीजों के लिए अलग व्यवस्था हो, यहां पर सामान्य मरीज न रखे जाएं।

# पट्टे की जमीन पर दंबगों का कब्जा

**बस्ती।** दुबौलिया थाना क्षेत्र के समोड़ा गांव में दबंगई का ये आलम है कि गरीब परिवार भयभीत होकर न्याय के लिये अधिकारियों की चौखट पर मत्था टेकने को मजबूर है। दरअसल गांव निवासी रामकरन पुत्र बुधराम के नाम से गाटा 45 में 10 धुर आवासीय पट्टा है। इसी से सटे रामधीरज पुत्र बुधराम की भी 20 धुर पट्टे की जमीन है। रामकरन बुजुर्ग, बीमार और असहाय हैं। रामकरन का कहना है कि 12 जनवरी को रामधीरज आदि उनके हिस्से की पट्टे की जमीन पर सीमेंट की सीट लगाकर कब्जा करने लगे। पत्नी, बेटी ने मना किया तो उसे बाल पकड़कर मारा पीटा और भद्दी गालिंया दी। 112 नम्बर पर काल किया गया, पुलिस आई। मां बेटी को थाने बुलाया गया। घण्टों बैठाये रहे, बाद में शांतिभंग में चालान कर हरैया भेज दिया।

# राजा लक्ष्मेश्वर सिंह स्मृति खेल कुम्भ-2025 का शुभारम्भ आज

अवधनामा संवाददाता



**बस्ती।** राजा लक्ष्मेश्वर सिंह स्मृति खेल कुम्भ-2025 का शुभारम्भ 14 जनवरी से होने जा रहा है। कार्यक्रम का समापन 25 फरवरी को होगा। 14 जनवरी को क्रास कन्ट्री का आयोजन होगा जो वाल्टरगंज से भिटिया तक जायेगी। आयोजक संस्था आरएलएस एवं कलहंस स्पोर्ट ग्रुप की ओर से यह जानकारी देते हुये राजा ऐश्वर्यराज सिंह ने बताया कि देशराज नारंग दयानंद इण्टर कालेज गोविन्दनगर में आयोजित हो रहे खेल कुम्भ का उद्घाटन जिला पंचायत अध्यक्ष संजय चौधरी तथा हरैया विधायक अजय सिंह करेंगे। सैनिक एकेडमी, ग्रामीण संस्था, रोटरी इंटरनेशनल आदि संस्थायें सहयोग दे रही हैं। कोच चन्द्रभूषण सिंह कलहंस का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। इसमे खो खो, कबड्डी, क्रिकेट, एथलीटिक्स आदि खेलों में खिलाड़ी प्रतिभगा करेंगे। आपको बता दें राजा लक्ष्मेश्वर सिंह स्वयं एक कुशल खिलाड़ी रहे, उन्होने लगातार तीन वर्षो तक उ.प्र. में बोस्केट बाल टीम की कप्तानी की। राजा ऐश्वर्यराज सिंह ने आयोजन को सफल बनाने के लिये सहयोग की अपील किया है।

## सन्त की 100वी जयन्ती

अटल जी का नाम आता है तो मुझे उनके राजनीतिक कद से ज्यादा उनका निजी गुण और व्यवहार आकर्षित करता है। चतुर राजनीतिज्ञ के साथ कुशल कवि और आकर्षक वक्ता थे। उनके कविता की लाइन मुझे बहुत आकर्षित करती है मै कूच से क्यों डरू लौट कर आऊंगा। वह अक्सर कहा करते थे जीवन बनजारा का डेरा आज यहा कल कहां कूच है कौन जानता किधर होगा सबेरा है।

उन्होंनें एनडीए पार्टी बनाकर देश में चल रहे अस्थिर सरकार को स्थिरता प्रदान की। सोचिये नौ साल के अन्दर चार चुनाव अस्थिरता की वजह से कराना पड़ा था। उन्होंने देश को स्थिरता और सुशासन का माडल दिया। उन्होंने अपने काल में देश को आईटी टेली कम्युनीकेशन और दूरसंचार को आम आदमी तक पहुंहचाने का काम किया। उन्होंनें स्वर्णिम चतुरभुज योजना बनवा कर भारत के महानगरों को एक सूत्र में जोड़ा। इसी कड़ी में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना भी चलाई। उनके शासन काल में ही दिल्ली मेट्रो शुरू हुई जिसका अब जाल बिछ रहा है। वह शिक्षा को बहुत महत्व देते थे। वे गुणवत्ता वाली शिक्षा देश के हर वर्ग जाति को मुहैया कराना चाहते थे। उनके साहस का नमूना है पोखरा परमाणु परिक्षण किया। इसकी वजह से प्रतिबन्ध भी लगे। सबका साहस के साथ सामना किया। अगर उनके शासन काल की उपलब्धियां साक्षेस में बतायें तो इस प्रकार होगी। गठबन्धन सरकार में सबका सहयोग हासिल किया, सुशासन का माडल दिया, बिना किसी दबाव में आये परमाणु परिक्षण किया, भाजपा के सफलता का आधार रक्खा, आर्थिक सुधार किये, राजनैतिक अस्थिरता खत्म की।

अपने मृदु व्योहार बोलचाल मे विनम्रता से दुश्मन को भी मित्र बना लेते थे। बीच बीच मे कविताओं का सहारा ले लिया करते थे। विनम्र थे पर बातों में स्पष्टता रखते थे। राजनीति जैसे राजनय और कूटनीति जैसे संसार में इमानदारी और नीतिगत स्पष्टता का उदाहरण रक्खा। वह कहा करते थे सरकारें आयेगी जायेगी। बिगड़ेगी मगर देश रहना चाहिये। यह बात संसद मे भी कही थी। कांग्रेस का विरोध किया फलस्वरूप ज्यादतियां झेली पर झुके नहीं। जेल जाकर दोहराते रहे संविधान संकल्प एनडीए की स्थापना कर गठबन्धन की राजनीति को पूरी तरह से परिभाषित किया। पर आज के संसद सब मूल धक्का मुक्की कुश्तीबाजी से लगे है। एनडीए के विकास के लिये क्षेत्रीय आकांक्षाओं पर जोर दिया।

पीएम पद पर रहते हुये आलोचनाओं का जवाब शालीनता से बुद्धिमता के साथ दे सभी को अवाक कर देते थे। उनका ज्यादा कार्यकाल विपक्षी के रूप में रहा पर एक बार कांग्रेस ने उन्हें गद्दार भी कहा पर वे जवाब संसदीय और शालीन शब्दों मे दिया। उन्हें पद प्रतिष्ठा की लालसा कभी नही रही। 1996 में एक बार मौका आया जोड़ तोड़ कर सरकार में बने रहने का पर एक वोट की कमी पूरा करने के लिये जोड़ तोड़ का सहारा नही लिये जो कि बहुत आसान होता। जनता ने उनके गुणो को महत्व को समझा। अगले चुनाव मे उन्हें मजबूत जनादेश देकर अपनी कृतज्ञता जाहिर की।

1977 के चुनाव के पहले जनसंघ को जनता पार्टी मेबिलय की सहभाति दे दी। उनका मत था दल से बड़ा देश और संगठन से बड़ा संविधान होता है। विदेश मंत्री की हैसियत से यूएनओ में पहलीबार हिन्दी भाषण दे लोगो को चौकया और भरपूर प्रशंसा प्राप्त की। बीजीपी आज जिस मुकाम पर है उसका श्रेय उन्ही को जाता है। आडवाणी और मुरली मनोहर जोशी के साथ रहकर भाजपा को आज का दिन दिखाया है। उस समय कांग्रेस इतनी सशक्त थी फिर भी विकल्प के रूप में भाजपा का उभारा। उनके चुनौतियो से निपटते हुये पार्टी प्रेम और देश प्रेम को सर्वापरि रक्खा। जब भी सत्ता और विचार धारा में टकराव पैदा हुआ बिना किसी अगर मगर के विचाराधारा को वरीयता दी। आज 100वी जयन्ती के अबसर पर मुल्क अपनी कृतज्ञता जाहिर कर रहा है। अटल जी थे तो मानव ही उन्हे एक महिला टीचर से प्रेम भी रहा, उसके बच्चे को गोद लिया। वाजपेयी जी की कथा हरि अनन्त, हरि कथा अनाबा है।

## हमारे देश की सेना विश्व की दूसरी बड़ी सेना

**हरी राम यादव**

हमारा देश 14 जनवरी को 9वां सशस्त्र बल सेवानिवृत्त सैनिक दिवस मना रहा है। हमारे देश की सेना विश्व की दूसरी और फायर पॉवर के हिसाब से चौथी सबसे बड़ी सेना है, जिसमें लगभग 4 लाख सशस्त्र सैनिक और 12 लाख रिज़र्व सैनिक हैं। इनमें से प्रतिवर्ष लगभग 60,000 सैनिक सेवानिवृत्त होते हैं या सक्रिय सेवा से मुक्त हो जाते हैं, जिनमें से अधिकांश की उम्र 40 के आसपास होती है। यह सैनिक अपनी सेवा के दौरान देश के लिए निस्वार्थ भाव से अपने कर्तव्य के प्रति समर्पित रहते हैं और यही समर्पण इन्हें समाज में एक उच्चकोटि के नागरिक के रूप में दर्शाता है। सैनिकों के राष्ट्र के प्रति उनके बलिदान के सम्मान और उनके परिजनों के प्रति एकजुटता के प्रतीक के रूप में तथा इसी दिन पहले कमांडर-इन-चीफ फील्ड मार्शल के. एम. करियप्पा, ओ. बी. ई. अपनी सैन्य सेवा से सेवानिवृत्त हुए थे, उनके सेना में दिए गए अतुलनीय योगदान की याद में सेवानिवृत्त सैनिक दिवस (वेटरन्स डे) मनाया जाता है।

फील्ड मार्शल के. एम. करियप्पा का जन्म 28 जनवरी 1900 को मर्कारा राज्य में हुआ था, जिसे अब कर्नाटक कहा जाता है। उनके पिता श्री मडप्पा , कोडंडेरा माडिकेरी में एक राजस्व अधिकारी थे। फील्ड मार्शल करियप्पा चार भाइयों और दो बहनों के परिवार में दूसरी संतान थे। 1917 में मडिकेरी के सेंट्रल हाई स्कूल में अपनी शिक्षा पूरी करने के बाद उन्होंने अपनी शिक्षा को आगे बढ़ाने के लिए प्रेसीडेंसी कॉलेज, चेन्नई में दाखिला लिया। कॉलेज में उन्हें पता चला कि भारतीयों को सेना में भर्ती किया जा रहा है और उन्हें भारत में प्रशिक्षित किया जाना है। वह एक सैनिक के रूप में सेवा करना चाहते थे। उन्होंने सेना में भर्ती होने के लिए आवेदन किया। 70 आवेदकों में से 42 लोगों को चुना गया, उनमें से करियप्पा एक थे, जिन्हें अंततः डेली कैडेट कॉलेज, इंदौर में प्रवेश दिया गया। उन्होंने अपने प्रशिक्षण के सभी पहलुओं में अच्छा स्कोर किया और स्नातक की उपाधि प्राप्त की। वह पढ़ाई में बहुत अच्छे थे, किन्तु गणित, चित्रकला उनके प्रिय विषय थे। एक होनहार छात्र के साथ साथ वे हॉकी, टेनिस के अच्छे खिलाड़ी भी रहे। उन्होंने 1919 में भारतीय कैडेटों के पहले समूह के साथ किंग्स कमीशन प्राप्त किया, और 1933 में, स्टाफ कॉलेज, क्वेटा में शामिल होने वाले पहले भारतीय अधिकारी थे। 1942 में लेफ्टिनेंट कर्नल के. एम. करियप्पा ने 7 वीं राजपूत मशीन गन बटालियन (अब 17 राजपूत) को खड़ा किया। 1946 में एक ब्रिगेडियर के रूप में वह इंपीरियल डिफेंस कॉलेज, यू. के. में शामिल हो गए। बल पुनर्गठन समिति की सेना उप समिति के सदस्य के रूप में सेवा करने के लिए यू. के. से वापस बुलाए गए, विभाजन के दौरान उन्होंने भारत और पाकिस्तान के बीच सेना के विभाजन के लिए एक सौहार्दपूर्ण समझौता किया। 14 जनवरी 1953 में सेना से रिटायर होने के बाद भारत सरकार ने 15 जनवरी 1986 को उन्हें फील्ड मार्शल का सर्वोच्च पद दिया, जो पांच-सितारा जनरल ऑफिसर रैंक 15 मई 1993 को 94 वर्ष की आयु में बैंगलोर में उनका निधन हो गया। सेवानिवृत्त सैनिक दिवस को मनाए जाने के पीछे मूल भावना यह है कि सेना के संघर्षपूर्ण जीवन के पश्चात सैनिक समाज में स्वयं को अकेला न महसूस करें। उनको उनका सम्मान मिलता रहे। सेवानिवृत्त सैनिकों को बेहतर सुविधाएं देने के लिए केन्द्र सरकार तथा राज्य सरकारों ने कई कल्याणकारी कदम उठाए हैं लेकिन सरकारी कार्यालयों में बैठे लोगों की लटकाने की कार्य संस्कृति के कारण सेवानिवृत्त सैनिक अपने को ठगा हुआ महसूस करते है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़्वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

**पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन**

**स्थानीय संपादक**

**मोहम्मद आलम रिज़्वी**

**RNI No UPHIN/2010/31173**

**टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716**

**avadhnamahindi@gmail.com,**

**शौचालयों को सुगमता के लिए रणनीतिक रूप से रखा गया था और इसमें लिंग-विशिष्ट और दिव्यांगता-अनुकूल डिज़ाइन शामिल थे। महिलाकर्मियों की सेवा के माध्यम से महिलाओं के लिए पिंक शौचालय जबकि बुजुर्गों के अनुकूल शौचालय संचालित किए गए। सीवेज टैंकों की शुरूआत के साथ इनके उपयोग ने नदी में होने वाले प्रदूषण के जोखिम को समाप्त कर दिया। इन शौचालयों की दुर्गंध को दूर करने के लिए एक नवीन तकनीक अपनाई गई थी जिसका पहली बार वर्ष 2018 माघ मेले के दौरान परीक्षण किया गया था और फिर कुंभ 2019 में इसको उपयोग में लाया गया।**

# महाकुंभ : जहां परंपरा और परिवर्तन आत्मसात होते हैं

**अमिताभ कांत**

कुंभ मेला, विश्व के सबसे बड़े धार्मिक समागमों में से एक है और यह आस्था, एकता और मानवता के ईश्वर से शाश्वत संबंध का प्रतीक है। पौराणिक कथाओं में निहित, यह चार पवित्र स्थलों- प्रयागराज, हरिद्वार, उज्जैन और नासिक- पर अमरता का अमृत छलकने का स्मरण दिलाता है। सूर्य, चंद्रमा और बृहस्पति ग्रहों की एक विशिष्ट ब्रह्मांडीय स्थिति के दौरान आकाशीय संरेखण द्वारा इसका निर्धारण होता है। कुंभ मेले में शुद्धि और मोक्ष की अभिलाषा के साथ प्रत्येक 12 वर्ष में लाखों श्रद्धालु पवित्र नदियों में स्नान करने के लिए एकत्रित होते हैं। समय बीतने के साथ-साथ कुंभ मेला विकसित हुआ और इसमें प्राचीन परंपराओं को आधुनिक नवाचारों के साथ जोड़ा गया। 4 फरवरी, 2019 का कुंभ मेला, मानवता के अब तक के सबसे व्यापक और शांतिपूर्ण समागम का साक्षी बना। आध्यात्मिकता में पूर्ण रूप से निहित यह विशिष्ट आयोजन आस्था, समुदाय और वाणिज्य का उत्सव है। मेलों, शैक्षिक कार्यक्रमों, संत प्रवचनों, भिक्षुओं के सामूहिक समारोहों और विविध मनोरंजन के साथ कुंभ मेला भारतीय समाज के जीवंत लोकाचार का उदाहरण है। प्रयागराज में वर्ष 2019 का संस्करण विशेष रूप से उल्लेखनीय था, जिसमें 50 दिनों के दौरान अनुमानित 24 करोड़ आगंतुकों ने भागीदारी की। इनमें से 4 फरवरी को ही 3 करोड़ श्रद्धालु शामिल हुए। प्रसिद्ध गंगा, यमुना और सरस्वती नदियों के संगम पर आयोजित किए गए कुंभ की तैयारियों में 3,200 हेक्टेयर में फैले विशाल टेंट क्षेत्र के साथ 440 किलोमीटर की अस्थायी सड़कें, 22 पंटून पुल, लगभग 50,000 एलईडी स्ट्रीटलाइट और व्यापक स्वच्छता बुनियादी ढांचा शामिल था।



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का वर्ष 2019 में कुंभ मेले का दौरा आयोजकों और कार्यकर्ताओं के प्रति आभार व्यक्त करने का एक भाव था, जिन्होंने इस आयोजन को वैश्विक स्तर पर सफल बनाया। अपनी यात्रा के दौरान, उन्होंने स्वच्छता कर्मचारियों को सम्मानित किया, सम्मान के प्रतीक के रूप में उनके चरण धोए। उन्होंने स्वच्छ भारत मिशन की भावना को पुष्ट बनाते हुए कहा, कर्मठ स्वच्छता कर्मियों का सम्मान करते हुए... मैं स्वच्छ भारत की दिशा में योगदान देने वाले प्रत्येक व्यक्ति का अभिवादन करता हूं।

वर्ष 2019 के कुंभ ने स्वच्छता और सार्वजनिक स्वच्छता के लिए नए मानक स्थापित किए। वर्ष 2013 में सिर्फ़ 5,000 सामुदायिक शौचालयों की तुलना में, वर्ष 2019 के आयोजन में 122,500 शौचालय निर्मित किए गए, साथ ही 20,000 डस्टबिन और 160 कचरा उठाने वाली गाड़ियों की व्यवस्था की गई। साफ-सफाई के लिए वाटर जेट स्प्रे मशीन जैसे अभिनव उपायों ने पानी की बर्बादी को काफी हद तक कम किया और स्वच्छता कार्य को आसान बनाया। शौचालयों को सुगमता के लिए रणनीतिक रूप से रखा गया था और इसमें लिंग-विशिष्ट और दिव्यांगता-अनुकूल डिज़ाइन शामिल थे। महिलाकर्मियों की सेवा के माध्यम से महिलाओं के लिए पिंक शौचालय जबकि बुजुर्गों के अनुकूल शौचालय संचालित किए गए। सीवेज टैंकों की शुरूआत के साथ इनके उपयोग ने नदी में होने वाले प्रदूषण के जोखिम को समाप्त कर दिया। इन शौचालयों की दुर्गंध को दूर करने के लिए एक नवीन तकनीक अपनाई गई थी जिसका पहली बार वर्ष 2018 माघ मेले के दौरान परीक्षण किया गया था और फिर कुंभ 2019 में इसको उपयोग में लाया गया। इसके लिए छात्र शोधकर्ता मेला स्थल पर ही प्रतिदिन लगभग 65,000 लीटर दुर्गंधनाशक द्रव्य तैयार कर रहे थे। इसके अतिरिक्त, स्वच्छाग्रहियों (स्वच्छता स्वयंसेवकों) ने स्वच्छता बनाए रखने और शौचालय के उपयोग को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। आईओटी-सक्षम मोबाइल ऐप से लैस, इन स्वयंसेवकों ने विशाल मैदान में 60,000 शौचालयों की निगरानी की, जिससे वास्तविक समय में ही समस्या का समाधान सुनिश्चित किया गया। इस पहल ने न केवल परिचालन दक्षता को बढ़ाया बल्कि स्वयंसेवकों को सशक्त भी बनाया, जिनमें से कई युवा और महिलाएं शामिल थीं।

वर्ष 2017 में, यूनेस्को ने कुंभ मेले को मानवता की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत की सूची में शामिल किया। वर्ष 2019 का संस्करण इस सम्मान पर खरा उतरा, जिसमें भारत की अद्वितीय व्यापकता और महत्व के आयोजनों की क्षमता का प्रदर्शन किया गया था। वर्ष 2025 प्रयागराज में महाकुंभ मेले में दुनिया भर से 30 करोड़ से अधिक तीर्थयात्रियों के आने की आशा है, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में अत्यंत व्यापक स्तर पर की गई तैयारियां अभूतपूर्व हैं। महाकुंभ की पवित्रता को बनाए रखने के साथ-साथ इसके वैश्विक स्वरूप को बढ़ाने के प्रति उनकी प्रतिबद्धता अटूट है। बुनियादी ढांचा परियोजनाओं की नियमित समीक्षा से लेकर तीर्थयात्रियों के कल्याण को सुनिश्चित करने तक का उनका व्यावहारिक दृष्टिकोण, दोषरहित निष्पादन के प्रति उनके समर्पण को दर्शाता है। मुख्यमंत्री का विजन सामुदायिक भागीदारी पर भी जोर देता है। वर्ष 2019 के अभूतपूर्व मेले की सफलताओं से प्रेरणा लेते हुए आगामी संस्करण में भक्ति, प्रौद्योगिकी और स्थिरता का एक सहज मिश्रण किए जाने का वादा किया गया है और यह नए वैश्विक मानक भी स्थापित करेगा।

ध्यान देने योग्य विषयों में एक प्रमुख व्यवस्था स्थल और पहुंच का विस्तार करने से भी जुड़ी है। भीड़भाड़ से बचने के लिए उन्नत भीड़ प्रबंधन तकनीकों द्वारा समर्थित, व्यस्त दिनों में भी सुरक्षित और व्यवस्थित स्नान को सक्षम करने के लिए घाटों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि की गई है। प्रयागराज को प्रमुख शहरों से जोड़ने वाली विशेष रेलगाड़ियों और बेहतर रेलवे नेटवर्क के साथ परिवहन बुनियादी ढांचे को बढ़ाया जा रहा है। भारी वाहनों के यातायात को प्रबंधित करने के लिए मल्टी-लेन राजमार्ग, उन्नत चौराहे और विस्तारित पार्किंग क्षेत्र विकसित किए जा रहे हैं। इसके अतिरिक्त, प्रयागराज हवाई अड्डे का विस्तार किया जा रहा है ताकि बढ़ी हुई यात्री क्षमता को संभाला जा सके, साथ ही अंतरराष्ट्रीय तीर्थयात्रियों के लिए चार्टर्ड उड़ानों का भी शुभारंभ किया जा रहा है। लाखों तीर्थयात्रियों की सेवा के लिए, अभूतपूर्व पैमाने पर सार्वजनिक सुविधाओं को उन्नत किया जा रहा है। 50,000 से अधिक पर्यावरण अनुकूल शौचालय और पोर्टेबल स्वच्छता इकाइयां स्वच्छता और सुविधा सुनिश्चित करेंगी। स्वच्छ पेयजल सुविधाएं, सौर ऊर्जा से संचालित प्रकाश व्यवस्था और विशाल आश्रय गृह भी विकसित किए जा रहे हैं, यह तीर्थयात्रियों के आराम और कल्याण की प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं। महाकुंभ 2025 के अनुभव को सुखद बनाने में प्रौद्योगिकी एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।


# मिल्कवीड : आत्मनिर्भर भारत का फाइबर

**डीन कामेन**

**भारत में भेड़ों की आबादी 7.4 करोड़ से अधिक है और वह सालाना 3.69 करोड़ किलोग्राम कार्पेट-ग्रेड ऊन का उत्पादन करता है, लेकिन परिधान में इस्तेमाल होने वाले मेरिनो जैसे उत्तम ग्रेड के ऊन के लिए वह वित्तीय वर्ष 2023-24 के अनुसार लगभग 1,800 करोड़ रुपये मूल्य जितने आयात पर निर्भर करता है। घरेलू स्तर पर उत्पादित ऊन आम तौर पर बेहतर गुणवत्ता का नहीं होता है, जिससे अक्सर असुविधा होती है और यह त्वचा के अनुकूल नहीं होता है।**

यह विचारशील उद्धरण सफलताओं के सार को रेखांकित करता है जब चुनौतियां नए परिप्रेक्ष्यों से जुड़ती हैं और प्रौद्योगिकी नए समाधानों तक पहुंचने के सेतु का काम करती है। वस्त्र जैसे उद्योगों में, यह तालमेल पारंपरिक तरीकों में बदलाव ला रहा है, स्थिरता को बढ़ावा दे रहा है, और नई संभावनाओं के द्वार खोल रहा है। पर्यावरण के प्रति बढ़ती जागरूकता और सहायक सरकारी नीतियां मिश्रित सामग्रियों में सुदृढीकरण के रूप में बास्ट फाइबर के उपयोग में तेजी ला रही हैं, ताकि बढ़ती आबादी की ज़रूरतें पूरी की जा सकें। बास्ट फाइबरों का प्राकृतिक रूप से सड़नशील होना और उनकी प्रचुरता, पर्यावरण के अनुकूल नवाचार की ओर बदलाव को चिह्नित करते हुए उन्हें ऑटोमोटिव उद्योग, संरचनात्मक कंपोजिट, पल्पिंग और टेक्सटाइल में प्रयोग के लिए आदर्श बनाती है। प्राकृतिक चमत्कार मिल्कवीड फाइबर, भारत के वस्त्र परिदृश्य में क्रांति लाने और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत के विजन को साकार करने में महत्वपूर्ण योगदान देने को तत्पर है। अपने आशाजनक गुणों, टिकाऊ खेती और किसानों की आजीविका को बढ़ाने की अपार संभावनाओं के साथ, मिल्कवीड बढ़ती आबादी के साथ वैकल्पिक फाइबर की अत्यावश्यक मांग का समाधान है, जो भारत के सामाजिक-आर्थिक और पर्यावरणीय लक्ष्यों के अनुरूप है।

मिल्कवीड कोई साधारण फाइबर नहीं है। इसके बीज की फली के भीतर लगे रेशमी, खोखले तंतुओं से प्राप्त, यह हल्का फाइबर असाधारण गुणों से युक्त होता है, जो इसे टिकाऊ सामग्रियों की तलाश में अग्रणी बनाता है। इसकी खोखली संरचना इसे उच्च संपीड़न और बेहतरीन थर्मल इन्सुलेशन प्रदान करती है, जिसका थर्मल मूल्य 100 प्रतिशत पॉलिएस्टर नॉनवॉवन (या बिना बुने कपड़े) से लगभग दोगुना है। मिल्कवीड को पॉलिएस्टर, ऊन, विस्कोस या कपास जैसे अन्य फाइबरों के साथ मिश्रित किए जाने पर, यह कपड़े की कोमलता, सांस लेने की क्षमता और गर्माहट को बढ़ाता है, जिससे न केवल आरामदायक बल्कि प्रीमियम गुणवत्ता वाले उत्पाद तैयार होते हैं।



मिल्कवीड की तकनीकी विशेषताओं के अतिरिक्त इसकी खेती भारत के कृषक समुदाय के लिए परिवर्तनकारी अवसर प्रस्तुत करती है। इस बारहमासी फसल को न्यूनतम इनपुट की आवश्यकता होती है। यह नाना प्रकार की मिट्टी की स्थितियों में पनपता है, और बदलती जलवायु के साथ सामंजस्य स्थापित कर लेता है। एक बार लगाए जाने के बाद, यह 10 साल तक उपज देता रहता है, और इसकी पैदावार में सालाना वृद्धि होती है। किसान प्रति एकड़ लगभग 1.5-2 लाख रुपये का शुद्ध लाभ प्राप्त कर सकते हैं, जो कपास जैसी पारंपरिक फसलों से होने वाली आय की तुलना में काफी अधिक है। यह न केवल वित्तीय स्थिरता सुनिश्चित करता है बल्कि संसाधन-गहन फसलों पर निर्भरता को भी कम करता है, जिससे यह एक टिकाऊ और आकर्षक विकल्प बन जाता है।

भारत में भेड़ों की आबादी 7.4 करोड़ से अधिक है और वह सालाना 3.69 करोड़ किलोग्राम कार्पेट-ग्रेड ऊन का उत्पादन करता है, लेकिन परिधान में इस्तेमाल होने वाले मेरिनो जैसे उत्तम ग्रेड के ऊन के लिए वह वित्तीय वर्ष 2023-24 के अनुसार लगभग 1,800 करोड़ रुपये मूल्य जितने आयात पर निर्भर करता है। घरेलू स्तर पर उत्पादित ऊन आम तौर पर बेहतर गुणवत्ता का नहीं होता है, जिससे अक्सर असुविधा होती है और यह त्वचा के अनुकूल नहीं होता है। जबकि पश्मीना ऊन, जिसका माइक्रोन मूल्य 20 से कम है, असाधारण गुणवत्ता का होता है, इसका उत्पादन सीमित है। सरकार की पश्मीना ऊन विकास योजना और एकीकृत ऊन विकास कार्यक्रम जैसी पहलों ने लद्दाख, जम्मू -कश्मीर और राजस्थान जैसे क्षेत्रों में भेड़ पालन, पश्मीना उत्पादन और बुनियादी ढांचे को मजबूत किया है। यह क्षेत्र 35 लाख लोगों को आजीविका प्रदान करता है और वैश्विक बाजारों में भारत के ऊनी कार्पेट, कपड़ों और परिधानों के निर्यात को बढ़ावा देता है।

मिल्कवीड-ऊन मिश्रण एक टिकाऊ समाधान के रूप में उभरा है, जो फाइबर की गुणवत्ता को बढ़ाते हुए आयात पर निर्भरता को कम करता है। उत्तर भारत वस्त्र अनुसंधान संघ (निटरा) द्वारा उद्योग जगत के हितधारकों के सहयोग से हाल ही में की गई प्रगति ने एक अभिनव 80:20 ऊन-मिल्कवीड मिश्रण की औद्योगिक व्यवहार्यता को प्रदर्शित किया है। यह मिश्रण थर्मल इन्सुलेशन, हल्के गुणों और कोमलता में 100 प्रतिशत ऊन से आगे निकल जाता है, जो इसे उच्च-स्तरीय और कार्यात्मक वस्त्रों के लिए प्रीमियम पसंद बनाता है।

मिल्कवीड की बहु उपयोगिता कई तरह के अनुप्रयोगों तक फैली हुई है। परिधान, घरेलू वस्त्र और स्वच्छता उत्पादों से लेकर विभिन्न उत्पादों में पारंपरिक फाइबर की जगह लेने की इसकी क्षमता अपार है। लद्दाख की अपनी यात्रा के दौरान, मुझे मिल्कवीड के रेशों से बने उत्पादों की असाधारण गुणवत्ता का प्रत्यक्ष अनुभव करने का अवसर मिला। मैंने इस फाइबर से बनी एक रजाई का परीक्षण किया और इसे बेहद गर्म और आरामदायक पाया ङ्क यहां तक कि मुझे किसी भी हीटिंग उपकरण का उपयोग करने की भी आवश्यकता नहीं पड़ी। मैंने निटरा द्वारा विकसित एक टोपी और जैकेट को भी आज़माया, जिन्होंने पूरी यात्रा के दौरान मुझे बखूबी गर्म रखा। मिल्कवीड उत्पादों के टिकाऊपन और प्रदर्शन का जायजा लेने के लिए इन सर्दियों में मैं स्वयं इन उत्पादों को नियमित रूप से पहन रहा हूं। अपने अनुभव के आधार पर मुझे विश्वास है कि मिल्कवीड फाइबर एक आशाजनक विकल्प है, जो रोजगार सृजन और राष्ट्र के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे सकता है। इस पहल के मूल में आत्मनिर्भर भारत का निर्माण करने - स्वदेशी संसाधनों और नवीन तकनीकों के माध्यम से स्वावलंबी भारत बनाने की प्रतिबद्धता निहित है। मिल्कवीड को वस्त्र मूल्य श्रृंखला में एकीकृत करके, भारत आयातित फाइबर पर अपनी निर्भरता कम कर सकता है और खुद को टिकाऊ वस्त्रों के क्षेत्र में ग्लोबल लीडर के रूप में स्थापित कर सकता है। यह तकनीकी वस्त्रों के साथ एनबीएस (प्रकृति-आधारित समाधान) को बढ़ावा देने और संबद्ध करने के हमारे दृष्टिकोण के अनुरूप है, जिससे आर्थिक विकास और सामाजिक सशक्तीकरण का तरंग प्रभाव या रिपेल इफेक्ट उत्पन्न होता है। मिल्कवीड के पर्यावरणीय लाभ भी इतने ही आकर्षक हैं। इसकी खेती में कपास की तुलना में कम मात्रा में पानी, उर्वरक और कीटनाशकों की आवश्यकता होती है, जिससे पारंपरिक कृषि से जुड़े पर्यावरणीय तनाव कम होते हैं। इसके अतिरिक्त, पौध-आधारित, प्राकृतिक रूप से सड़नशील फाइबर के रूप में मिल्कवीड स्थिरता और सर्कुलेरिटी के वैश्विक प्रयास के साथ सहजता से जुड़ता है।

# भीषण आग से अमेरिका ही नहीं, दुनिया सबक ले

**दुनिया को सुरक्षा एवं विकास का आश्वासन देने वाला देश आज खुद अपनी रक्षा नहीं कर पा रहा है। वहां के आधुनिक तकनीक से लेस दमकल विभाग व सुरक्षा बलों की तमाम कोशिशों के बावजूद आग बेकाबू है। लोग असहाय होकर अपनी जीवन भर की पूंजी को स्वाह होते देख रहे हैं। जलवायु परिवर्तन के चलते तल्ख होते मौसम से हालात और खराब होने की आशंका जतायी जा रही है। आग के बाद का जो मंजर नजर आ रहा है उसे देखकर ऐसा लगता है मानो कोई बम गिराया गया हो।**

अमेरिका के लॉस एंजेलिस में जंगल की बेकाबू आग फेलने, भारी तबाही, महाविनाश और भारी जन-धन की क्षति ने साबित किया है कि दुनिया की नंबर एक महाशक्ति भी कुदरत के रौद्र के सामने बौनी ही साबित हुई है। न केवल अमेरिका के इतिहास में बल्कि दुनिया के इतिहास यह जंगल की आग सबसे भयावह, सर्वाधिक विनाशकारी एवं डरावनी साबित हुई है। आग धीमी होने का नाम नहीं ले रही है। बल्कि और तेजी से बढ़ती जा रही है और इसका कारण 160 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलने वाली हवाएं हैं। ये हवाएं इस आग को और भड़का रही हैं, तबाही का मंजर बन रही है, जिसे रोकना अमेरिका प्रशासन के लिए एक चुनौती बन गया है। अमेरिकी सेना के सी-130 विमान और फायर हेलीकॉप्टर हर संभव कोशिश कर रहे हैं। लेकिन हवा की गति और आग की लपटों की ताकत के आगे दुनिया की सबसे बड़ी ताकत के तमाम प्रयास नाकाफी एवं बेबस साबित हो रहे हैं।



ललित गर्ग

अनियंत्रित विकास, पर्यावरण की घोर उपेक्षा एवं भौतिकतावादी सोच इस आग का बड़ा कारण है। खरबों रुपये की संपत्ति और प्राकृतिक संपदा के नष्ट होने के अलावा करीब दो लाख लोगों को विस्थापित होना पड़ा है। आलीशान बंगलों, सरकारी संरचना तथा नागरिक सुविधा के साधनों के स्वाह होने के साथ करीब 24 लोगों के मारे जाने की खबर है। करीब दो लाख लोगों को घर-बार छोड़कर जाने के लिये तैयार रहने को कहा गया है। अमेरिका संस्कृतिविहीन देश बनता जा रहा है- यह राष्ट्र भौतिक विकास, पर्यावरण उपेक्षा एवं शस्त्र संस्कृति पर सवार है। वहां के नागरिक अपने पास जितने चाहें, उतने भौतिक संसाधन रख सकते हैं। सुविधावादी जीवनशैली के शिखर एवं तमाम सुरक्षा परिस्थितियों में जीने के बावजूद यह देश आज कितना असहाय एवं बेबस है। विकास की बोली बोलने वाला, विकास की जमीन में खाद एवं पानी देने वाला, दुनिया में आधुनिकता, तकनीक एवं विकास की आंधी लाने वाला अमेरिका जब खुद ऐसी भीषण आग की तबाही का शिकार होने लगा तो उसकी नींद टूटी हैं, उसे अपनी असलियत का पता लगा।



दुनिया को सुरक्षा एवं विकास का आश्वासन देने वाला देश आज खुद अपनी रक्षा नहीं कर पा रहा है। वहां के आधुनिक तकनीक से लेस दमकल विभाग व सुरक्षा बलों की तमाम कोशिशों के बावजूद आग बेकाबू है। लोग असहाय होकर अपनी जीवन भर की पूंजी को स्वाह होते देख रहे हैं। जलवायु परिवर्तन के चलते तल्ख होते मौसम से हालात और खराब होने की आशंका जतायी जा रही है। आग के बाद का जो मंजर नजर आ रहा है उसे देखकर ऐसा लगता है मानो कोई बम गिराया गया हो। विडंबना यह है कि आपदा में अवसर तलाशने वाले कुछ लोग खाली कराये गए घरों में लूटपाट से भी बाज नहीं आ रहे हैं। हॉलीवुड हिल्स इलाके में करीब साढ़े पांच हजार से अधिक इमारतों के नष्ट होने की खबर है। कई नामी फिल्मी हस्तियों के घर, जैसे बिली क्रिस्टल, मैंडी मूर, जेमी ली कर्टिस और पेरिस हिल्टन शामिल हैं एवं व्यावसायिक इमारतें व सार्वजनिक संस्थान आग की भेंट चढ़े हैं। वहां की आस्थाएं एवं निष्ठाएं इतनी जख्मी हो गयी कि विश्वास जैसा सुरक्षा-कवच मनुष्य-मनुष्य के बीच रहा ही नहीं। साफ चेहरों के भीतर कौन कितना बदसूरत एवं उन्मादी मन समेटे है, कहना कठिन है। अमेरिका की विकास की होड़ एवं तकनीकीकरण की दौड़ पूरी मानव जाति को ऐसे कोने में धकेल रही है, जहां से लौटना मुश्किल हो गया है। ईश्वर की बनायी संरचना में दखल का ही परिणाम है कि प्रकृति इतना रौद्र एवं विध्वंसक रूप धारण किया है।

अमेरिका आज दुनिया में प्रकृति के दोहन, अपराध का सबसे बड़ा अड्डा है और हिंसा की जो संस्कृति उसने दुनिया में फैलाई, आज वह स्वयं उसका शिकार है। अमेरिका के इतिहास में यह जंगल की आग सबसे भयावह साबित हुई है। चिंता की बात यह है कि इलाके में हाल-फिलहाल बारिश होने की संभावना नहीं है, जिससे जंगल की आग जल्दी काबू में आ सकती। एक बड़े इलाके में बिजली आपूर्ति ठप होने व पानी की आपूर्ति में बाधा संकट को और बढ़ा रही है। लोगों की सुरक्षित स्थानों में जाने के लिये अफरा-तफरी से जगह-जगह ट्रैफिक जाम लग रहे हैं। पानी का दबाव कम होने से दमकल कर्मियों को आग बुझाने में परेशानी आ रही है। घोर अव्यवस्था एवं कुप्रशासन फेला है। दरअसल यह आग लॉस एंजेलिस के उत्तरी भाग में लगी, जिसने बाद में कई बड़े शहरों को अपनी चपेट में ले लिया। तेज हवाओं व सूखे मौसम के कारण आग ज्यादा भड़की है। सूखे पेड़-पौधे तेजी से आग की चपेट में आ गए। हालांकि, आग लगने का ठोस कारण अभी तक पता नहीं चला है। हकीकत है कि जंगलों में 95 फीसदी आग इंसानों द्वारा ही लगायी जाती है। वैसे जलवायु परिवर्तन प्रभावों के चलते बदले हालात में अब पूरे साल आग लगने की आशंका बनी रहती है।

अमेरिका दुनिया पर अपना एकछत्र शासन चाहता है। कनाडा, ग्रीनलैंड एवं पनामा को अमेरिका में शामिल करना चाहते हैं। मतलब सीधा सा है जिसकी लाठी उसकी भैंस यानी पावर और पैसे के बल पर खुद को बलवान और सुपरपावर मुल्क समझने वाला अमेरिका एक आग के आगे बेबस नजर आ रहा है। कैलिफोर्निया के दक्षिणी हिस्से में शुरू हुई इस जंगल की आग ने अब लॉस एंजलिस जैसे बड़े शहर को राख बना दिया है। पैलिसेड्स में 20 हजार एकड़, ईटन में 14 हजार एकड़, कैनेथ में 1000 एकड़, हर्स्ट में 900 एकड़, लिडिआ में 500 एकड़ में आग फैली है। इन इलाके में राख के बारीक कणों व धुएं की चादर के कारण स्थानीय स्वास्थ्य इमरजेंसी घोषित की गई है। लोगों का जीवन इन सभी स्थानों पर दुर्भर हो गया है। लॉस एंजलिस की इस आग ने न केवल जीवन और संपत्ति को नुकसान पहुंचाया है, बल्कि सूखे और जलवायु परिवर्तन के प्रति गंभीर चेतावनी भी दी है। इससे निपटने के लिए दीर्घकालिक समाधान तलाशना बेहद जरूरी है।

# मकर संक्रांति के बाद फिर पलटेगा मौसम, बारिश के आसार

अवधनामा संवाददाता



लखनऊ। उत्तर प्रदेश में लोहड़ी और मकर संक्रांति त्योहारों की तैयारियों के बीच यूपी के ज्यादातर इलाकों में सोमवार को धूप खिलने से थोड़ी राहत मिली। हालांकि सुबह-शाम कोहरे की मौजूदगी और पछुवा हवाएं गलन और ठंड का एहसास कराती रहीं।

मौसम विभाग की मानें तो मकर संक्रांति के बाद 15 जनवरी से उत्तर प्रदेश में फिर से मौसम करवट लेने वाला है। प्रदेश में फिर से बारिश और बूंदाबांदी के आसार बन रहे हैं। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र लखनऊ के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह का कहना है कि प्रदेश में बुधवार से पश्चिमी विक्षोभ के असर से बुंदेलखंड और अवध क्षेत्र में बूंदाबांदी के संकेत हैं। इस बीच अगले तीन दिनों तक कोहरे को मौजूदगी और उत्तरी पछुआ हवाओं संग रात के पारे में गिरावट जारी रहेगी। बताया कि 14 जनवरी को यूपी के अलग-अलग जिलों में सुबह या देर रात घना कोहरा छा सकता है। मौसम विभाग ने मंगलवार के लिए 42 जिलों में घने कोहरे के येलो अलर्ट जारी किया है।

वाराणसी, जौनपुर, गाजीपुर, आजमगढ़, मऊ, बलिया, देवरिया, गोरखपुर, संतकबीरनगर, बस्ती, कुशीनगर, महाराजगंज, सिद्धार्थनगर, गोंडा, बलरामपुर, श्रावस्ती, बहराइच, लखीमपुर खीरी, सीतापुर, बाराबंकी, सुल्तानपुर, अयोध्या, अम्बेडकरनगर, सहारनपुर, शामली, मुजफ्फरनगर, बागपत, मेरठ, गाजियाबाद, हापुड़, गौतम बुद्ध नगर, बुलन्दशहर, बिजनौर, अमरोहा, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, पीलीभीत, शाहजहांपुर, संभल, बदायूं व आसपास के इलाकों में घना कोहरा छाए रहने की संभावना है।

■ 42 जिलों में घने कोहरे का अलर्ट, रात के पारे में गिरावट जारी रहेगी

### दो दिन तक तापमान में नहीं होगा खास बदलाव

मौसम विभाग के अनुसार, अगले दो दिनों तक दिन और रात के तापमान में कोई खास बदलाव नहीं होगा। प्रदेश के कई जिलों में अत्यंत घने कोहरे की संभावना जताई गई है। इसमें देवरिया, गोरखपुर, संतकबीरनगर, बस्ती, कुशीनगर, महाराजगंज, सिद्धार्थनगर, गोंडा, बलरामपुर, श्रावस्ती, लखीमपुर खीरी, सहारनपुर, शामली, मुजफ्फरनगर, बागपत, मेरठ, मथुरा, हाथरस, आगरा, फिरोजाबाद, इटावा, बिजनौर, अमरोहा, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली और पीलीभीत जैसे जिले शामिल हैं।

## औटा व बीएसए कालेज दोनों जगह एक शिक्षक बना संघ का पदाधिकारी

मथुरा। बीएसए महाविद्यालय के गणित विभाग में सहायक प्रोफेसर डॉ. सतपाल चौधरी पर कॉलेज के विधि विभाग में कार्यरत प्रो. डॉ. बी.पी. राय ने आगरा विश्वविद्यालय शिक्षक संघ (औटा) के संविधान का उल्लंघन करने का गंभीर आरोप लगाया गया है। उन्होंने कहा कि औटा चुनाव में डॉ. सत्यपाल चौधरी ने 225 वोटों से कार्यकारिणी सदस्य पद पर जीत दर्ज की थी। लेकिन, औटा चुनाव के एक महीने के भीतर ही उन्होंने बीएसए कॉलेज शिक्षक संघ इकाई में महामंत्री पद के लिए नामांकन भर दिया और औटा के पद का दुरुपयोग करते हुए एक ही नामांकन होने की वजह से निर्विरोध चयनित हो गए। जबकि औटा के संविधान के अनुसार, संविधान की धारा 13 (पदाधिकारी की शक्तियां एवं दायित्व)के अनुसार यदि कोई शिक्षक औटा के पद के अलावा किसी अन्य शिक्षक संघ इकाई का पद धारण करता है, तो उसे औटा के पद से स्वतः मुक्त माना जाएगा।

# गणतंत्र दिवस की तैयारी को लेकर डीएम ने की बैठक, दिए निर्देश



अवधनामा ब्यूरो

कुशीनगर। गणतंत्र दिवस समारोह को परम्परागत एवं हर्षोल्लास के साथ मनाए जाने के संबंध में सोमवार को तैयारी बैठक डीएम विशाल भारद्वाज की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। जिलाधिकारी ने 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के अवसर पर निर्धारित कार्यक्रमों/आयोजनों के संयोजन एवं समीक्षा हेतु सम्बंधित अधिकारियों को दिशा निर्देश दिया। गणतंत्र दिवस समारोह के कार्यक्रम में सभी धार्मिक स्थलों मंदिर, मस्जिद, गुरुद्वारा में प्रार्थना सभा, प्रभात फेरी, महापुरूषों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण, सांस्कृतिक कार्यक्रम, खेल-कूद, वृक्षारोपण सहित अन्य विविध कार्यक्रम शामिल किए गए। जिलाधिकारी ने गणतंत्र दिवस समारोह मनाए जाने हेतु कार्यक्रम की रूप रेखा पर जनपद स्तरीय अधिकारियों एवं उपस्थित अन्य गणमान्य व्यक्तियों के साथ चर्चा करते हुए गणतंत्र दिवस के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन से सम्बंधित जिम्मेदारी एवं उत्तरदायित्व सुनिश्चित करते हुए निर्देशित किया कि अधिकारी गण व्यक्तिगत रुचि लेकर कार्यक्रमों को सफल बनाना सुनिश्चित करेगें। उन्होंने बताया कि गणतंत्र दिवस के अवसर पर सभी धार्मिक स्थलों पर प्रार्थना सभा, तत्पश्चात प्रभात सभी सरकारी भवनों पर राष्ट्रीय ध्वजारोहण, वृक्षारोपण, पुलिस लाइन में परेड, जनपद के सभी विद्यालयों में ध्वजारोहण, राष्ट्रगान, स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों/आश्रितों को सम्मानित करने एवं जनपद में महापुरूषों की प्रतिमाओं/स्मारकों का माल्यार्पण किया जाएगा। मुख्य विकास अधिकारी गुंजन द्विवेदी द्वारा 24 जनवरी से 26 जनवरी तक यूपी दिवस मनाए जाने के संबंध में आवश्यक जानकारी दी गई।

# नो हेलमेट, नो फ्यूल रणनीति लागू, सीसीटीवी चालू रखने के निर्देश

अवधनामा संवाददाता

■ जिलाधिकारी ने जारी किये दिशा निर्देश

मथुरा। जिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह ने कार्यालय परिवहन आयुक्त उत्तर प्रदेश लखनऊ के पत्र के द्वारा नो हेलमेट, नो फ्यूल रणनीति लागू करने की अपेक्षा करते हुए अवगत कराया गया है कि सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मृत्यु एवं घायलों की संख्या में वृद्धि के प्रति भारत सरकार द्वारा गम्भीर चिंता व्यक्ति की गयी है। हाल ही में हुई राज्य सड़क सुरक्षा परिषद की बैठक में मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार सड़क सुरक्षा में सुधार के लिए समस्त जिलों में प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करना अनिवार्य है। सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली असामयिक मृत्यु और गम्भीर चोटों को रोकने के लिए एक ठोस, दीर्घकालिक और प्रभावी रणनीति की आवश्यकता है। मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार सड़क दुर्घटनाओं में 50 प्रतिशत की कमी लाने का जो लक्ष्य निर्धारित किया गया है, उसे प्राप्त करने के लिए नवाचार और व्यवहार परिवर्तन पर केन्द्रित उपायों को अपनाना अनिवार्य है। इस दिशा में शहरी क्षेत्रों में नो हेलमेट, नो फ्यूल रणनीति एक निर्णायक कदम हो सकती है। यह रणनीति न केवल हेलमेट पहनने को अनिवार्य बनाने में सहायक होगी, बल्कि सड़क सुरक्षा के प्रति नागरिकों में जिम्मेदारी और अनुशासन की भावना को भी प्रोत्साहित करेगी। मोटरवाहन अधिनियम 1988 की धारा 129 एवं उत्तर प्रदेश मोटरयान नियमावली 1998 के नियम 201 के अनुसार सभी मोटर साइकिल चालकों एवं सवारियों के लिए भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) द्वारा निर्धारित माकनों के अनुरूप प्रोटेक्टिव हेड गियर (हेल्मेट) पहनना अनिवार्य है।

# बाल प्रतिभागियों ने प्रस्तुत किया लघु विश्व का अनूठा दृश्य

## सी.एम.एस. की मेजबानी में 'अन्तर्राष्ट्रीय बाल शिविर' का 'ओपन डे समारोह'

अवधनामा संवाददाता



लखनऊ। सिटी मोन्टेसरी स्कूल, लखनऊ की मेजबानी में चल रहे 29वें अन्तर्राष्ट्रीय बाल शिविर का 'ओपेन डे समारोह' आज बड़े धूमधाम से सी.एम.एस. कानपुर रोड ऑडिटोरियम में मनाया गया। इस अवसर पर बाल शिविर के प्रतिभागी 7 देशों से पधारे 11 से 12 वर्ष आयु के बाल प्रतिनिधियों ने गीत-संगीत, नृत्य व विभिन्न रोचक खेलों व शिक्षात्मक-साँस्कृतिक कार्यक्रमों का अनूठा समाँ बाँधकर एकता, शान्ति व सौहार्द से भरपूर एक खुशहाल विश्व समाज का अनूठा अहसास कराया। इससे पहले, 'अन्तर्राष्ट्रीय बाल शिविर' की निदेशिका सुश्री मीनू शर्मा ने विभिन्न देशों से पधारे बाल प्रतिनिधियों व गणमान्य अतिथियों का हार्दिक स्वागत किया। इस अन्तर्राष्ट्रीय बाल शिविर में आस्ट्रेलिया, ब्राजील, जर्मनी, इटली, जापान, नार्वे एवं भारत समेत 7 देशों के बाल प्रतिनिधि एक साथ एक छत के नीचे साथ-साथ रहकर वसुधैव कुटुम्बकम की भावना को साकार रूप दे रहे हैं।

इस अवसर पर अपने संबोधन में सी.एम.एस. प्रबन्धक प्रो. गीता गाँधी किंगडन ने कहा कि यह शिविर वास्तव में मल्टी-लिंगुवल, मल्टी-कल्चरल एवं मल्टी-नेशनल आयोजन है, जो कि विभिन्न देशों के बच्चों के बीच मित्रता, सहयोग व सौहार्द स्थापित करने का अनूठा प्रयास है। मुझे बड़ी प्रसन्नता है कि इस शिविर के दौरान बेहद रचनात्मक वातावरण में विभिन्न देशों के बच्चे न सिर्फ अपने विचारों को अभिव्यक्त कर रहे हैं अपितु भारत की सँस्कृति व सभ्यता से भी परिचित हो रहे हैं। सी.एम.एस. प्रेसीडेन्ट डा. रोजर डेविड किंगडन ने कहा कि इस प्रकार के बाल शिविर बच्चों में एकता, सहिष्णुता, प्रेम, शान्ति व सौहार्द की भावना विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। भारत ने सारे विश्व को प्रेम, शान्ति एवं अहिंसा का संदेश दिया है और इस अन्तर्राष्ट्रीय बाल शिविर के माध्यम से यही संदेश प्रसारित हो रहा है।

'ओपेन डे समारोह' का शुभारम्भ सर्व-धर्म व विश्व एकता प्रार्थना से हुआ तथापि विभिन्न देशों के बाल प्रतिनिधियों ने समस्त मानव जाति के कल्याण के लिए प्रार्थना की। इस अवसर पर आस्ट्रेलिया, ब्राजील, जर्मनी, इटली, जापान, नार्वे एवं भारत से पधारे बाल प्रतिभागियों ने एक से बढ़कर एक शानदार शिक्षात्मक-साँस्कृतिक कार्यक्रमों एवं अपने-अपने देशों के लोकनृत्यों की शानदार प्रस्तुति से उपस्थित दर्शकों का दिल जीत लिया। इसके अलावा, बाल शिविर के जूनियर काउन्सलरों ने भी सामूहिक प्रस्तुति से सभी को लुभाया। समारोह की खास बात रही कि इस अवसर पर विभिन्न देशों से पधारे बाल प्रतिनिधियों ने स्वनिर्मित आर्ट-क्राफ्ट की प्रदर्शनी भी लगाई। सी.एम.एस. के हेड, कम्युनिकेशन्स श्री ऋषि खन्ना ने बताया कि इंग्लैण्ड की चिन्ड्रेन्स इन्टरनेशनल समर विलेज संस्था (सी.आई.एस.वी.) के अन्तर्गत सी.एम.एस. की मेजबानी में 29वाँ अन्तर्राष्ट्रीय बाल शिविर आयोजित किया जा रहा है।

# समोली के ग्रामीणों ने कलेक्ट्रेट पर शव रखकर किया हंगामा

अवधनामा संवाददाता

■ पुलिस पर लगाया हत्यारोपितों के खिलाफ कार्यवाही नहीं करने का आरोप

मथुरा। कलेक्ट्रेट स्थित जिला अधिकारी कार्यालय पर सोमवार को गहमा गहमी का माहौल पैदा हो गया। उस समय हंगामा हो गया जब थाना सुरीर इलाके में रविवार को हुई एक व्यक्ति की हत्या के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने मृतक का शव रखकर प्रदर्शन किया। जिसके वाद मौके पर आई पुलिस ने लोगों को आश्वासन देने के वाद मामला शांत किया गया। रविवार की दोपहर को थाना सुरीर इलाके के गांव समोली के रहने वाला 35 वर्षीय परसोत्तम अपनी खराब हुई वॉशिंग मशीन की शिकायत लेकर बाजार में विक्रेता की दुकान पर गया था। ग्रामीणों का कहना है कि जहां दबंग किस्म के व्यापारी कोकी और उसके साथ कई लोगों ने मिलकर परसोत्तम की जमकर पिटाई कर दी जिससे उसकी मौत हो गई। युवक की मौत से आक्रोशित हुए परिजनों ने थाना सुरीर पर हंगामा करते हुए आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने और उनकी गिरफ्तारी की मांग की। वहीं बमुश्किल पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया। जिसके वाद परिजनों द्वारा मृतक का पोस्टमार्टम कराया गया। ग्रामीणों का आरोप है कि इसके बाद भी पुलिस का रवैया पीड़ित परिवार के प्रति ठीक नहीं रहा। स्थानीय पुलिस ने 24 घंटे बीत जाने के बाद भी कोई कार्यवाही नहीं की। आरोपितों की गिरफ्तारी नहीं हुई। इससे ग्रामीण एक बार फिर से आक्रोशित हो उठे और पोस्टमार्टम के बाद गांव ले जाने की बजाय जिला अधिकारी कार्यालय लेकर पहुंच गये। यहां शव को रखकर प्रदर्शन शुरू कर दिया और मांग की कि आरोपितों ने बेरहमी के साथ परसोत्तम की हत्या की है आरोपितों को गिरफ्तार किया जाए।

# दक्षिणांचल व पूर्वांचल को निजी क्षेत्र में दिए जाने के लिए कंसल्टेंट पर फूटा गुस्सा

अवधनामा संवाददाता



लखनऊ। उत्तर प्रदेश पावर ऑफिसर्स एसोसिएशन के बैनर तले आज पूरे उत्तर प्रदेश में दलित व पिछड़े वर्ग के अभियंता अधिकारियों ने काली पट्टी बांधकर अपने कार्यालय में अपना नियमित काम करते हुए पावर कॉरपोरेशन द्वारा ट्रांजैक्शन एडवाइजर के लिए जारी टेंडर का विरोध करते हुए कहा बाबा साहब द्वारा बनाई गई संवैधानिक व्यवस्था आरक्षण को समाप्त करने के लिए जो षड्यंत्र किया जा रहा है उसे संगठन कामयाब नहीं होने देगा सबसे पहले उत्तर प्रदेश में बाबा साहब की संवैधानिक व्यवस्था के तहत प्रदत्त पदोन्नति में आरक्षण का अधिकार छीन लिया गया और अब आरक्षण भी समाप्त करने की साजिश की जा रही है संगठन करो मरो की तर्ज पर इस आंदोलन को आगे बढाएगी। उत्तर प्रदेश सरकार के अधीन कार्य अन्य विभागों में भी दलित व पिछड़े वर्ग के जो संगठन है उन्होंने पावर ऑफिसर एसोसिएशन से संपर्क साधा है और कहा है सभी आरक्षण समर्थक कार्मिक पावर ऑफिसर एसोसिएशन के साथ है हर हाल में निजीकरण का विरोध किया जाएगा और आरक्षण को समाप्त करने की साजिश नाकामयाब की जाएगी।

■ आरक्षण पर कुठाराघात बर्दाश्त नहीं

उत्तर प्रदेश पावर ऑफिसर्स एसोसिएशन के बैनर तले अभी ऐलान किया गया है कि काली पट्टी बांधकर अपने संवैधानिक अधिकारों पर हो रहे कुठाराघात को रोकने के लिए संगठन का विरोध आगे भी जारी रहेगा। उत्तर प्रदेश पावर ऑफिसर्स एसोसिएशन के कार्यवाहक अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा महासचिव अनिल कुमार संगठन सचिव बिंदा प्रसाद ट्रांसमिशन अध्यक्ष सुशील कुमार वर्मा अजय कुमार धीरेंद्र कुमार शाहिद अन्य पदाधिकारी ने कहा किसी भी सूरत में निजीकरण स्वीकार नहीं किया जाएगा जिस प्रकार से पावर कारपोरेशन ने जल्दबाजी में ट्रांजैक्शन एडवाइजर का विज्ञापन जारी किया है उसे या सिद्ध होता है कि पावर कारपोरेशन को हर हाल में दलित व पिछड़े वर्गों को मिलने वाले आरक्षण को समाप्त करना है निजीकरण से ना तो प्रदेश का लाभ होगा।

# छिनैती करने वाले युवकों से पुलिस की मुठभेड़

अवधनामा संवाददाता

■ एक युवक को लगी पुलिस की गोल, दो गिरफ्तार

मथुरा। थाना वृन्दावन पुलिस ने वृन्दावन क्षेत्रान्तर्गत में हुई छिनैती के अभियोग का खुलासा करते हुए घटना में सम्मलित दो अभियुक्तों को मुठभेड के दौरान गिरफ्तार करते हुए छीने गये माल की बरामदगी करते हुए घटना का सफल अनावरण किया है। प्रभारी निरीक्षक थाना वृन्दावन रवि त्यागी के मुताबिक रविवार को थाना वृन्दावन पर पंजीकृत अभियोग से सम्बन्धित महिला के हाथ से पर्स जिसमें एक मोबाइल फोन, 4200 रुपये, आधार कार्ड, श्रंगार का सामान था को छीन ले जाने वाले शातिर छिनैती के आरोपी सतीश पुत्र पूरन सिंह निवासी पसोली थाना छाता व राजेश पुत्र भूरी निवासी सन्त कॉलोनी थाना वृन्दावन मथुरा को गुरुकुल विद्यालय केबीपीएस कच्चा रास्ता थाना क्षेत्र वृन्दावन मथुरा के पास मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया गया। जिनके कब्जे से असलाह कारतूस व छीना गया माल बरामद किया है। कार्यवाही करने वाली टीम में रवि त्यागी प्रभारी निरीक्षक थाना वृन्दावन, धर्मेन्द्र कुमार निरीक्षक अपराध थाना वृन्दावन, उप निरीक्षक शिवकुमार शर्मा चौकी प्रभारी विहारी जी, एसआई हरीष चौधरी चौकी प्रभारी केशवधाम, एसआई दुष्यन्त कौशिक चौकी प्रभारी मथुरागेट थाना वृन्दावन आदि थे।

## नगर आयुक्त ने विकास मार्केट में किया निरीक्षण

मथुरा। श्रद्धालुओं एवं नागरिकों को उच्च कोटि की सफाई एवं जन सुविधा उपलब्ध कराने के लिए नगर निगम तत्पर है। इसी क्रम में सोमवार को नगर आयुक्त शशांक चौधरी द्वारा विकास बाजार स्थित शौचालय का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान शौचालय की साफ सफाई, प्रकाश व्यवस्था, पानी आदि की मूलभूत व्यवस्था का निरीक्षण किया गया।

# नीतियों एवं योजनाओं पर आधारित डिजिटल प्रदर्शनी का शुभारम्भ आज

अवधनामा संवाददाता



लखनऊ। महाकुम्भ 2025 प्रयागराज में त्रिवेणी मार्ग पर प्रदर्शनी परिसर में सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा एकता के महाकुम्भ में जन भागीदारी से जन कल्याण और भारत सरकार की विगत 10 वर्षों में उपलब्धियों, कार्यक्रमों, नीतियों एवं योजनाओं पर आधारित डिजिटल प्रदर्शनी का आज 13 जनवरी को शुभारम्भ हुआ। शुभारंभ के दिन ही प्रदर्शनी में सैकड़ो की भीड़ इकट्ठा हुई और प्रदर्शनी का अवलोकन किया।

त्रिवेणी मार्ग प्रदर्शनी परिसर में आयोजित यह प्रदर्शनी मेला अवधि 13 जनवरी से 26 फरवरी 2025 तक आमजन के अवलोकन के लिए निःशुल्क खुली रहेगी। डिजिटल प्रदर्शनी में एनामॉर्फिक वाल, एलईडी टीवी स्क्रीन, एलइडी वाल, होलोग्राफिक सिलेंडर के माध्यम से विभिन्न लोक कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदर्शित हो रही है।

इस प्रदर्शनी के माध्यम से जन सामान्य को प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना, नमो ड्रोन दीदी, लखपति दीदी, वेव्स, प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना, मुद्रा योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, डिजिटल इंडिया, प्रधानमंत्री आवास योजना, विद्याँजली, आत्म निर्भर भारत, स्किल इंडिया, एक भारत श्रेष्ठ भारत, प्रधान मंत्री उज्जवला योजना, हर घर जल योजना, प्रधानमंत्री कौशल विकास मिशन, स्वच्छ भारत मिशन, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना, आज़ाद भारत के तीन नये कानून, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के साथ साथ नारी सशक्तिकरण की योजनाओं तथा विभिन्न अन्य योजनाओं की जानकारी दर्शकों और जन सामान्य को मिल रही है। सूचना प्रसारण मंत्रालय के द्वारा डिजिटल प्रदर्शनी के अतिरिक्त महाकुंभ 2025 में 200 से अधिक आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की एक श्रृंखला के माध्यम से उत्तर प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों के लोक और शास्त्रीय कार्यक्रमों को भी विभिन्न स्थलों पर प्रदर्शित किया जा रहा है।

## स्वच्छ यमुना स्वस्थ वृंदावन के तहत की यमुना घाटों की सफाई

मथुरा। श्री वृंदावन धाम में स्वच्छ यमुना स्वस्थ वृंदावन अभियान के तहत यमुना घाटों की सफाई सेवा दैनिक रूप से जारी है। इस कार्य में सोल ऑफ ब्रज फेडरेशन, रतूड़ी फाउंडेशन, और द हिंदू डायस्पोरा फाउंडेशन ने एकजुट होकर योगदान दिया है। देव रतूड़ी और रमेश रामदीन के समर्थन के लिए उनकी प्रशंसा की गई। पिछले दो महीनों में टीम ने 20 टन से अधिक कचरा हटाकर घाटों को स्वच्छ बनाने में सफलता प्राप्त की है। सोल ऑफ ब्रज फेडरेशन ने युगल घाट पर पहला सूचना काउंटर स्थापित किया है, जिससे श्री वृंदावन धाम के बारे में जानकारी और सफाई अभियान की जागरूकता बढ़ाई जा रही है। इस अभियान में नगर निगम के सहयोग से सफाई कार्य को सरल और प्रभावी बनाया। अपर नगर आयुक्त अनिल कुमार ने इस प्रयास में सक्रिय भूमिका निभाई। वर्तमान में छह सदस्यीय टीम नियमित रूप से घाटों को साफ और कचरा मुक्त रखने के लिए काम कर रही है।

# टीएमयू स्टुडेंट्स ने ग्लोबल वार्मिंग के प्रति किया जागरुक

अवधनामा संवाददाता



मुरादाबाद। तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी के तीर्थंकर पार्श्वनाथ कॉलेज ऑफ़ नर्सिंग- टीपीसीओएन, अमरोहा की राष्ट्रीय सेवा योजना-एनएसएस इकाई की ओर से ग्राम गुरेठा में ग्लोबल वार्मिंग और उससे जुड़े स्वास्थ्य खतरों के बार में रोल प्ले-भूमिका के जरिए ग्लोबल वार्मिंग के दुष्प्रभावों और बचाव के उपायों को रोचक तरीके से प्रस्तुत किया गया। नाटक की थीम- ग्लोबल वार्मिंग के कारण, प्रभाव और समाधान रही। नाटक में दिखाया गया, कैसे छोटे-छोटे कदम, जैसे- ऊर्जा बचाना, वृक्षारोपण करना, प्लास्टिक का उपयोग कम करना, ग्लोबल वार्मिंग से लड़ने में मदद कर सकते हैं। इससे पूर्व स्टुडेंट्स ने जागरूकता रैली भी निकाली, जिसमें पेड़ लगाओ, पृथ्वी बचाओ.., जलवायु बचाने का संकल्प करें... जैसे नारों से ग्रामीणों को जागरूक किया। स्टुडेंट्स ने ग्रामीणों को व्यक्तिगत और सामूहिक प्रयासों से ग्लोबल वार्मिंग को कम करने के तरीके भी बताए।

टीपीसीओएन की प्राचार्या प्रो. श्योली सेन ने गुरेठा रवाना होने से पूर्व स्टुडेंट्स से कहा, ग्लोबल वार्मिंग पर्यावरण को प्रभावित कर रही है, जिससे हमारी सेहत पर भी खतरा बढ़ा है। ग्लोबल वार्मिंग से बचाव के उपायों को अपनाना और इन्हें अन्य लोगों तक पहुंचाना हमारा दायित्व है। हमारे छोटे-छोटे प्रयास जैसे- पेड़ लगाना, ऊर्जा बचाना और प्लास्टिक का उपयोग न करना भी ग्लोबल वार्मिंग को नियंत्रित करने में योगदान कर सकते हैं। गुरेठा के ग्राम प्रधान राजेश ने कहा, इस तरह के कार्यक्रम न केवल लोगों को जागरूक करते हैं, बल्कि उन्हें अपने स्वास्थ्य और पर्यावरण के प्रति जिम्मेदार भी बनाते हैं। कार्यक्रम में समन्वयक श्री मुकुल कुमार, फैकल्टी श्री विजय पुरी गोस्वामी के संग-संग बीएससी नर्सिंग सेकेंड ईयर के यश शर्मा, शशि राजपूत, गुड्डी सैनी, आकांक्षा शर्मा समेत 25 छात्र-छात्राएं शामिल रहे।

# निरंकारी भक्तों ने भाव से मनाया भक्ति पर्व

अवधनामा संवाददाता



मथुरा। निरंकारी मिशन द्वारा समर्पित संत भक्तों की स्मृति में देशव्यापी भक्ति पर्व मनाया गया, इस उपलक्ष्य में मथुरा के हाईवे नवादा स्थित संत निरंकारी सत्संग भवन पर विशेष सत्संग आयोजित किया गया, जिसमें आगरा से आए निरंकारी प्रचारक संत श्री ईश्वर दास ने ने कहा कि भक्ति परमात्मा के तत्व को जानकर ही सार्थक रूप ले सकती है। निरंकारी मिशन का भी मूल सिद्धांत यही है कि सतगुरु से ब्रह्मानुभूति के बाद ही भक्ति शुरू होती है।

मीडिया सहायक किशोर स्वर्ण ने बताया कि भक्ति पर्व पर अनेक वक्ताओं, कवियों और गीतकारों ने विभिन्न विद्याओं के माध्यम से गुरु महिमा और भक्ति का भावपूर्ण वर्णन किया। संतों की प्रेरणादायक शिक्षाओं ने श्रद्धालुओं के जीवन को आध्यात्मिक दृष्टिकोण से समृद्ध किया, वहीं समर्पित संत सन्तोख सिंह जी के अतिरिक्त अन्य संत भक्तों के तप, त्याग और ब्रह्मज्ञान के प्रचार-प्रसार में उनके अमूल्य योगदान को स्मरण किया गया और उनके जीवन से प्रेरणा ली गई।

मुख्य आयोजन हरियाणा के समालखा स्थित निरंकारी आध्यात्मिक स्थल पर सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज एवं आदरणीय निरंकारी राजपिता रमित जी के पावन सान्निध्य में हुआ, जिसमें श्रद्धा और भक्ति की अनुपम छटा देखने को मिली। देश-विदेश के हजारों श्रद्धालुओं के साथ मथुरा के भी तमाम भक्त इस दिव्य संत समागम में सम्मिलित हुए और सत्संग के माध्यम से आध्यात्मिक आनंद की दिव्य अनुभूति प्राप्त की।

■ परमात्मा से जुड़ाव ही सच्ची भक्ति का आधार

■ निरंकारी सतगुरु ने बताया भक्ति का मूल

समालखा में हुए भक्ति पर्व समागम में सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज ने कहा कि भक्ति वह अवस्था है, जो जीवन को दिव्यता और आनंद से भर देती है। यह न इच्छाओं का सौदा है, न स्वार्थ का माध्यम। सच्ची भक्ति का अर्थ है परमात्मा से गहरा जुड़ाव और निःस्वार्थ प्रेम। उन्होंने भक्ति की महिमा का उल्लेख करते हुए कहा कि ब्रह्मज्ञान भक्ति का आधार है। यह जीवन को उत्सव बना देता है। भक्ति का वास्तविक स्वरूप दिखावे से परे और स्वार्थ व लालच से मुक्त होना चाहिए। जैसे दूध में नींबू डालने से वह फट जाता है, वैसे ही भक्ति में लालच और स्वार्थ हो तो वह अपनी पवित्रता खो देती है।

सतगुरु माता जी ने उदाहरण देते हुए कहा कि भगवान हनुमान जी, मीराबाई और बुद्ध भगवान का भक्ति स्वरूप भले ही अलग था, लेकिन उनका मर्म एक ही था-परमात्मा से अटूट जुड़ाव। भक्ति सेवा, सुमिरन, सत्संग और गान जैसे अनेक रूपों में हो सकती है, लेकिन उसमें निःस्वार्थ प्रेम और समर्पण का भाव होना चाहिए।

अवधनामा

लखनऊ, मंगलवार, 14 जनवरी, 2025



# बुन्देलखण्ड राज्य निर्माण को बैलेट पेपर से होगा जनमत संग्रह

■ बुन्देलखण्ड निर्माण मोर्चा के केन्द्रीय अध्यक्ष ने पत्रकारों को किया संबोधित

अवधनामा संवाददाता



**ललितपुर।** बुन्देलखण्ड निर्माण मोर्चा के अध्यक्ष भानू सहाय ने अमर शहीद गणेश शंकर विद्यार्थी पत्रकार भवन में आयोजित एक पत्रकार वार्ता में कहा कि पृथक बुंदेलखंड राज्य निर्माण के प्रति जो जनप्रतिनिधि कभी यह कह कर बुंदेलियों को गुमराह करने का प्रयास करते की मध्य प्रदेश के लोग राज्य निर्माण के लिए तैयार नहीं है तो कभी कह देते है उत्तर प्रदेश के लोग आगे नहीं आ रहे है। कभी कहते है कि नक्शा पूर्ण नहीं है तो कभी कहते है की अधिकांश लोगो को पता ही नही है की राज्य निर्माण के क्या लाभ है। इन सारी बातों के निराकरण का बुंदेलखंड निर्माण मोर्चा ने इस समस्या का हल तलाश लिया गया हैं, जिसके अन्तर्गत अखण्ड बुंदेलखंड की समस्त विधानसभाओं में दस चरणों में बैलट पेपर से वोटिंग करवाकर दूध का दूध और पानी का पानी हो जायेगा। बैलट पेपर के द्वारा वोट के माध्यम से यह तस्वीर साफ हो जाएगी कि बुंदेलखंड की जनता क्या चाहती है। ब्लॉक जखौरा, बार ललितपुर में 20 जनवरी को बैलेट पेपर से जनमत संग्रह किया जाएगा, उसके बाद अखण्ड बुंदेलखंड की समस्त विधान सभाओं के एक एक गांव में पूरा कर द्वितीय चरण में जिला एवं तहसील स्तर के अधिवक्ताओ से वोट लिए जायेगे। सहयोगी घटक संगठनों के सहयोग से इसी प्रकार प्रत्येक जनपद में पर्ची से नाम निकालकर जिस गांव का नाम निकलेगा वहां बैलट पेपर से वोटिंग करवाई जायेगी। मतों की गिनती मीडिया के सम्मुख मतदान के दूसरे दिन की जाएगी। मोर्चा एवं सहयोगी घटक संगठनो द्वारा निर्वाचन की पूरी प्रक्रिया अपनाई जाएगी। बुजुर्ग, विकलांग, गर्भवती महिलाएं एवं अस्वस्थ लोगों का मतदान उनके घर जाकर करवाया जायेगा, जिसकी व्यवस्था मोर्चा द्वारा की जाएगी। जनमत संग्रह में डाले गए बैलेट पेपर की काउंटिंग ललितपुर पत्रकार भवन में 21 जनवरी को 12 बजे से की जाएगी। पत्रकार वार्ता में जनमत संग्रह प्रभारी सुनील शर्मा, रघुराज शर्मा, हनीफ खान, आदि उपस्थित रहे।

# नेहरूनगर में पार्षद ने किया कम्बल वितरण



अवधनामा संवाददाता

**ललितपुर।** नगर पालिका परिषद के वार्ड नम्बर तीन में गरीब, असहाय, बेसराहा जरूरतमन्द लोगों के चेहरों पर उस समय खुशी की लहर दौड़ गई जब मोहल्ला नेहरू नगर के वार्ड नम्बर तीन की पार्षद प्रतिनिधि विवेक दरोनियां लोगों के बीच कम्बल लेकर पहुंचे। मौके पर पात्र जरुरतमन्द परिवारों को चिन्हित करते हुये गरीब, असहाय, बेसराहा लोगों को अपने हाथो से कम्बल उड़ाकर वितरण किया गया। जिसमें विशेष योगदान नगर पालिका परिषद व वार्ड पार्षद मोहिनी दरोनियां का रहा। इस कार्य के लिये मोहल्लेवासी अपने वार्ड की पार्षद मोहिनी दरोनिया की सराहना कर रहे है। वार्ड पार्षद प्रतिनिधि विवेक दरोनियां ने कहा कि जहां एक ओर मौसम के करवट लेते ही ठंड ने अपना कहर बरपाना शुरू कर दिया था और ऐसी कड़ाकेदार सर्दी से बचने के लिये लोगों को आग का सहारा लेना पड़ रहा था और ऐसी स्थिति में गरीब, असहाय, बेसराहा जरूरत मन्द लोगों को कम्बल वितरण करना ही सच्ची समाज सेवा है और मोहल्ले की समस्याओं के निस्तारण के लिये में सदैव तत्पर रहता हूं जो कि एक अच्छे समाज सेवक की पहचान है। इस मौके पर अनेक महिलायें, पुरुष व मोहल्ले के गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# हलवाई मजदूर यूनियन का मण्डलीय सम्मेलन सम्पन्न

■ शासकीय योजनाओं का लाभ लेने के लिए श्रम विभाग में पंजीकरण कराने का आह्वान

अवधनामा संवाददाता



**ललितपुर।** हलवाई मजदूर यूनियन का मंडलीय सम्मेलन सिविल लाइन स्थित एक गार्डन में संपन्न हुआ। सम्मेलन में ललितपुर के अतिरिक्त उरई, जालौन, झांसी, चिरगांव, बरुआसागर, मऊरानीपुर, टीकमगढ़, चंदेरी, मुंगावली आदि के हलवाई शामिल हुए। सम्मेलन की अध्यक्षता मंडलीय अध्यक्ष संतोष कुशवाहा एवं ललितपुर इकाई के अध्यक्ष बल्लू पहलवान ने की। सम्मेलन राज्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि प्रदेश सरकार मजदूरों के हित में अनेक लाभकारी योजनाएं चल रही है। इसके लिए आप सब श्रम विभाग से अपना रजिस्ट्रेशन करा लें, जिससे शासकीय योजनाओं का लाभ आप सभी को मिल सके। कुशवाहा समाज की राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष शकुंतला कुशवाहा ने कहा कि आप सब जो कार्य कर रहे हैं बह एक सराहनीय पहल है। इस तरह के आयोजनों से मजदूरों के हित में लाभकारी जानकारियां प्राप्त होती है। जिला पंचायत अध्यक्ष कैलाश नारायण, पूर्व विधायक रमेश कुशवाहा, व्यापार मंडल के अध्यक्ष नरेंद्र कडंकी, रामराजा व्यामशाला के के मुख्य प्रशिक्षक संतोष सोनी, बुविसे प्रमुख हरीश कपूर टीटू, प्रेस क्लब अध्यक्ष राजीव बबेले सप्पू को यूनियन के संरक्षक के पद पर शुसोभित किया गया। इस अवसर पर हलवाई मजदूरी यूनियन के ललितपुर इकाई के पदाधिकारी महामंत्री खुशीलाल कुशवाहा, कोषाध्यक्ष राजेश कुशवाहा, मीडिया प्रभारी हनुमत कुशवाहा ने समस्त अतिथियों का शाल श्रीफल और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

कार्यक्रम का काव्यात्मक सफल संचालन विश्व हिंदू परिषद के रामगोपाल नामदेव ने एवं आभार हनुमत कुशवाहा में व्यक्त किया। जिसमें बबलू ग्वालाजी, कालू हलवाई, ललित सोनी राजू, विक्की चौरसिया, हबीब खां, नन्हे कुशवाहा, अंकित कुशवाहा, बूटी महराज, कौशल नगाइच के अलावा सभी समिति पदाधिकारी और सदस्यों का सहयोग रहा।

## नारायण महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर विजय कुमार सिंह महामंत्री बने



**शिकोहाबाद।** नारायण महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर विजय कुमार सिंह को डॉ. आंबेडकर विश्वविद्यालय के प्राचार्य परिषद का महामंत्री चुना गया। विश्वविद्यालय की शैक्षिक और प्रशासनिक गतिविधियों को और सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। प्रोफेसर सिंह ने 23 अक्टूबर 2021 से नारायण महाविद्यालय में प्राचार्य के पद पर कार्यभार संभाला है। वह शिक्षा जगत में अपने समर्पण और योगदान के लिए पहचाने जाते हैं। उनकी नई भूमिका से विश्वविद्यालय और महाविद्यालयों के बीच बेहतर तालमेल की संभावना को बल मिलेगा। उनके महामंत्री चुने जाने पर विश्वविद्यालय प्रशासन और शैक्षिक समुदाय ने उन्हें बधाई दी है। वहीं नारायण महाविद्यालय के शिक्षक और शिक्षणेत्तर कर्मचारियों में खुशी की लहर है। सभी ने प्राचार्य को बधाई दी।

## धूमधाम से 22 जनवरी को निकाली जायेगी श्रीराम रथ यात्रा : विकास गुप्ता



**शिकोहाबाद।** राष्ट्र सेवा संगठन द्वारा पौष शुक्ल द्वादशी के अवसर राम ध्वजा वितरण कर एक विशेष बैठक आयोजित की गई। जिसमें श्री राम लला प्राण प्रतिष्ठा अयोध्या की प्रथम वर्षगांठ पर 22 जनवरी को श्री राम रथ यात्रा का आयोजन करने का निर्णय लिया गया। बैठक की अध्यक्षता अनिकेत चौहान की अध्यक्षता में की गई। जिसमें निर्णय लिया गया कि श्रीराम रथ यात्रा 22 जनवरी को सुबह 10 बजे श्री काली देवी मंदिर बड़ा बाजार से प्रारंभ होकर दोनों बाजारों से होती हुई श्री हनुमान मंदिर पंजाबी कॉलोनी शिकोहाबाद पर समापन होगी। यात्रा की प्रथम महा आरती का आयोजन श्री राम मंदिर बड़ा बाजार पर किया जाएगा। इसके बाद श्री हनुमान मंदिर पंजाबी कॉलोनी पर दीपोत्सव और रंगोली का आयोजन किया जाएगा। इसमें सभी लोगों ने श्रीराम रथयात्रा के स्वागत के लिए बड़ी संख्या में पहुंचने की अपील की। इस दौरान हिमांशु गुप्ता व अन्य कार्यकर्ताओं ने राम ध्वजा का भी वितरण किया। बैठक का संचालन विकास गुप्ता द्वारा किया गया। बैठक में सभी सहयोगियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

## पीएम विश्वकर्मा योजना के तहत महिला-पुरुषों को विधायक ने बांटे प्रमाण पत्र



**टूंडला।** पीएम विश्वकर्म योजना कार्यक्रम के तहत पीएम विश्वकर्मा सेंटर पर 150 महिला एवं पुरुषों को प्रमाण पत्र वितरण किए गए। कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक टूंडला प्रेमपाल सिंह धनगर ने मां सरस्वती के चित्र पर हिमालय दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर उन्होंने बताया कि पीएम विश्वकर्म योजना का लाभ विश्वकर्मा के महिला एवं पुरुषों को तीन लाख रूपये तक का बिना गारंटी के ऋष्ण मिलेगा, 15000 रूपये तक की टूलकिट, स्किल ट्रेनिंग और स्टाइपेंड, मार्केटिंग सहायता मिलेगी। इस योजना का लाभ विश्वकर्मा भाई बहन ले सकते हैं। और इस योजना से अपना कारोबार कर सकते है। जिससे भविष्य में आपको परेशानियों को सामना न करना पड़े, स्वयं ही रोजगार खोल सके। और अपना जीवन सार्थक बना सके। इस दौरान 150 विश्वकर्मा महिला पुरुषों को प्रमाण पत्र वितरण किए गए। कार्यक्रम के अंत में गौतमबुद्ध वेलफेयर सोसाइटी के सेक्रेटरी श्री एसके सागर ने सभी अतिथियों एवं महिला पुरुषों का धन्यवाद ज्ञापित किया। इस मौके पर पीएम विश्वकर्मा सेंटर का स्टॉफमौजूद रहा।

## रेलवे प्लेटफार्म पर शॉर्ट सर्किट से लगी आग

**टूंडला।** रेलवे स्टेशन प्लेटफार्म 6 पर शार्ट सर्किट होने से अचानक आग लग गई। गनीमत रही कोई रेलयात्री मौके पर मौजूद नहीं था वरना गंभीर हादसा हो सकता था। सूचना पर पहुंची आरपीएफ व जीआरपी पुलिस ने तुरंत विद्युत कर्मचारियों को बुलाकर ठीक कराया। सोमवार को प्रातः 9रू20 बजे रेलवे स्टेशन टूंडला प्लेटफार्म 6 पर विद्युत केबिल में शॉर्ट सर्किट होने से अचानक आग लग गई। गनीमत रही कोई रेलयात्री प्लेटफार्म पर नहीं था। घटना की सूचना आरपीएफ व जीआरपी पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने विद्युत कर्मचारियों को बुलाकर विद्युत केबिल को ठीक कराया। आग के दौरान अगर प्लेटफार्म पर रेलयात्री मौजूद होते तो एक बड़ी घटना हो सकती थी। गनीमत रही कोई रेलयात्री प्लेटफार्म 6 पर नहीं था। नहीं तो गंभीर जन हादसा हो सकता था।

## रास्ते में जल भराव को लेकर ग्रामीण परेशान

**सुल्तानपुर,चांदा।** तहसील लंभुआ क्षेत्र अंतर्गत ब्लॉक प्रतापपुर कमैचा के ग्राम सभा कोथरा खुर्द के रास्ते में जल भराव का मामला सामने आया है। जिससे आने-जाने वाले ग्रामीण को प्रतिदिन रास्ते में जल भराव को लेकर कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। यह रास्ता कोथरा खुर्द ग्राम सभा से निकलकर नेशनल हाईवे एन-एच- 56 सुल्तानपुर से जौनपुर जाने वाले सड़क मे जुड़ता है।ग्राम सभा का मार्ग जो कि डामर रोड है, सबसे अहम बात यह है कि ग्राम प्रधान का भी यही रास्ता है। उसके बाद भी ग्राम प्रधान के द्वारा रास्ते के दुरुस्ती करण को लेकर कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा है। जिससे प्रतिदिन ग्रामीण दुखी व परेशान है।

## डीएम ने किया वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट का निरीक्षण

**फिरोजाबाद।** जिलाधिकारी रमेश रंजन ने सैलई स्थित वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट का औचक निरीक्षण किया, इस प्लांट की स्थापना सन 2008 में की गई थी, इस वाटर ट्रीटमेंट प्लांट की क्षमता 120 एमएलडी है, निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने पाया कि पानी की टीडीएस व पीएच वैल्यू मानक के अनुरूप है विगत कुछ दिनों से यहां के लोगों को पेयजल समुचित तरीके से उपलब्ध नहीं हो पा रहा था यहाँ प्लांट की विद्युत आपूर्ति वाधित थी क्योंकि विद्युत सप्लाई का इंसुलेटर का फ्यूज उड़ गया था, इस पर जिलाधिकारी ने कहा कि ऐसी समस्या दोबारा ना हो, इसके लिए नगर निगम और विद्युत विभाग संयुक्त रूप से आपातकाल के लिए समांतर विद्युत की व्यवस्था करेंगे, जिससे मुख्यतः विद्युत के बाधित होने पर यहां विद्युत की आपूर्ति हो सके। जिलाधिकारी ने इस दौरान पानी की गुणवत्ता परखने हेतु प्रयोगशाला का भी निरीक्षण किया, जिसमें उन्होंने निर्देशित किया कि पानी की गुणवत्ता की जांच टीडीएस व पीएच मीटर से कराई जाए जो की सही पाई गई।

# टैक्सी से अस्सी हजार रुपये चोरी करने वाला बदमाश पकड़ा

■ एफआईआर दर्ज होने के चार माह बाद मिली पुलिस को सफलता

अवधनामा संवाददाता



**ललितपुर।** महरौनी कोतवाली अंतर्गत ग्राम सिलावन में रहने वाले विनोद तिवारी पुत्र स्व.कलू ने 12 मई 2024 को पुलिस को तहरीर देकर ट्रैक्टर की किश्त भरने के लिए टैक्सी से अस्सी हजार रुपये चोरी होने का आरोप लगाया था।

एसपी के आदेश पर कोतवाली पुलिस ने 10 अगस्त 2024 को धारा 379 के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी थी। एफआईआर दर्ज होने के करीब चार माह बाद पुलिस को सफलता हांसिल हुयी है। कोतवाली पुलिस ने प्रकरण की जांच में प्रकाश में आये युवक को हिरासत में लिया है। पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक के निर्देशन, एएसपी अनिल कुमार एवं सीओ सदर अभय नारायण राय के निकट पर्यवेक्षण में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में कोतवाली पुलिस ने हरियाणा राज्य के जिला पलवल अंतर्गत थाना कैम्प के मोहल्ला मोहन नगर निवासी शंकर परमार पुत्र छत्रपाल सिंह को हिरासत में लिया है।

पुलिस ने शंकर परमार के पास से चोरी किये गये 29 हजार 200 रुपये भी बरामद किये हैं। माल बरामद होने पर पुलिस ने दर्ज एफआईआर की जांच में धारा 411 की बढ़ोत्तरी भी की है। चोर को पकडने़ वाली टीम में उप निरीक्षक प्रशान्त राणा, हे.कां.राघवेन्द्र पाल व कां.देवेन्द्र कुमार शामिल रहे।

## शिक्षामित्रों ने मुख्यमंत्री के नामित डीएम को सौंपा ज्ञापन

**आजमगढ़।** शिक्षामित्र शिक्षकों ने जिलाधिकारी कार्यालय पर मुख्यमंत्री के नामित डीएम को सौपा प्रार्थना पत्र। शिक्षामित्र शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष विनोद कुमार यादव ने बताया कि वर्तमान में उत्तर प्रदेश प्राथमिक विद्यालय में शिक्षामित्र 2001 से संतोषजनक शिक्षण कार्य कर रहे हैं। बीटीसी टीईटी सीटेट प्राथमिक उत्तर सभी योग्यता पूर्ण करने के बाद भी शिक्षामित्र के साथ शासन द्वारा सौतेला व्यवहार किया जा रहा है। वहीं दूसरे राज्य उत्तराखंड में शिक्षामित्र को शासन के अनुसार दोबारा चयनित किया गया है। टीईटी को आधार मानकर सेवा नियमावली वर्ष 2019 बनाकर उत्तराखंड राज्य ने शिक्षामित्र को सहायक अध्यापक पद पर नियमित कर दिया गया है। जिला मंत्री अशोक कुमार ने मांग किया है उत्तराखंड उत्तर प्रदेश भारत देश के ही राज्य हैं।

# स्वावलंबी भारत अभियान के तहत चलाया गया डिजिटल हस्ताक्षर अभियान

अवधनामा संवाददाता



**ललितपुर।** ग्राम सभा रोड़ा में स्वावलंबी भारत अभियान, एवं स्वदेशी जागरण मंच ललितपुर और भारतीय मजदूर संघ के संयुक्त तत्वाधान में, उन संगठनों के प्रमुख पदाधिकारियों एवं सदस्यों की उपस्थिति मे डिजिटल हस्ताक्षर अभियान चलाया गया ।जिसकी अध्यक्षता डी.एस.विवेक एडवोकेट, जिला संयोजक स्वदेशी जागरण मंच एवं स्वावलंबी भारत अभियान के जिला समन्वयक हाकिम सिंह राजपूत ने की। एवं इनके द्वारा सभी को स्वावलंबन हेतु मोटिवेशन किया गया। तत्पश्चात पी.के.नायक भारतीय मजदूर संघ जिलाध्यक्ष व सह समन्वय स्वावलंबी भारत अभियान द्वारा स्वावलंबन हेतु डिजिटल हस्ताक्षर अभियान के तहत सभी को डिजिटल हस्ताक्षर की शुरुआत करते हुए, उससे संबंधित लिंक वहां उपस्थित लोगों एवं युवाओं में साझा किया गया तथा संयुक्त रूप से डिजिटल हस्ताक्षर किए गए और इस अभियान को आगे बढ़ाया गया। इस कार्यक्रम में भारतीय मजदूर संघ के संगठन मंत्री गुलशन कुमार गुप्ता, जगदीश सिंह राजपूत मंत्री, प्रिंस पाल (लखनलाल), राहुल कुशवाहा, दीपक अग्रवाल, सुदीप मिश्रा,सुख साहब सिंह बुंदेला, दलजीत सिंह ,कैलाश अग्रवाल, जितेन्द्र अग्रवाल,मनोज 56 भोग, सुरेश बाबू जैन, राहुल खजुरिया, राहुल जैन आनन्द भोजनालय , रक्षपाल सिंह बुंदेला ,राहुल गुप्ता, इत्यादि लोग मौजूद रहे।

## लायन्स क्लब ललितपुर ग्रेटर ने किया कम्बल वितरण



**ललितपुर।** स्थानीय ग्राम रोंडा में स्वामी विवेकानंद की जयंती के अवसर पर लायन्स क्लब ललितपुर ग्रेटर के तत्वाधान में सुखसाहब सिंह बुंदेला के मुख्य आतिथ्य एवं अध्यक्ष डी.एस.विवेक एवं जिला संयोजक स्वदेशी जागरण मंच की अध्यक्षता में जरूरतमंद लोगों को 100 साड़ियां एवं 50 कम्बल का वितरण किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से ला.सुरेशबाबू जैन, ला.बी.के. अग्रवाल, ला.आलोक जैन, ला.कैलाश अग्रवाल, ला.जितेन्द्र अग्रवाल, ला.मनोज जैन, राहुल खजुरिया, राहुल जैन, रक्षपालसिंह बुंदेला, जोन चेयर परसन ला.राहुल गुप्ता, ला.चंचल जैन, ला.विनीत श्रीवास्तव, ला.दलजीत सिंह, ला.प्रदीप जैन, ला.उपासना जैन, ला.सुषमा खजुरिया, मनविंदर कौर, नेहा तिवारी आदि लोग एवं ग्रामीण व लाभार्थी इत्यादि लोग उपाधि रहे।

# विवेकानंद ने भारतीय मूल्यों की रक्षा के लिए समाज को पुनर्गठित किया था: डॉ. इन्द्रमणि

■ कर्तव्य बोध दिवस का राणा प्रताप महाविद्यालय में हुआ आयोजन

अवधनामा संवाददाता



**सुलतानपुर।** विवेकानंद ने अपनी संस्कृति, भाषा और जीवन मूल्यों की रक्षा के लिए भारतीय समाज को पुनर्गठित किया। उन्होंने अपने समय की कुरीतियों और कुप्रथाओं को दूर करने का बीड़ा उठाया था। यह बातें राणा प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय के हिन्दी विभागाध्यक्ष डॉ इन्द्रमणि कुमार ने कहीं।

वह राणा प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय के पुस्तकालय कक्ष में राष्ट्रीय युवा सप्ताह के अंतर्गत राष्ट्रीय सेवा योजना व डॉ राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय अयोध्या शैक्षिक संघ के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रीय युवा सप्ताह के अंतर्गत स्वामी विवेकानंद की स्मृति में आयोजित कर्तव्य बोध दिवस को बतौर मुख्य वक्ता सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि विवेकानंद ने हिन्दू धर्म की वैचारिक उदारता और सहिष्णुता को दुनिया के समक्ष नये तरह से प्रस्तुत किया।अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य प्रोफेसर दिनेश कुमार त्रिपाठी ने कहा कि आज की युवा पीढ़ी भटक रही है। उसको सही रास्ते पर लाने के लिए विवेकानन्द के विचार प्रासंगिक हैं। विवेकानंद के विचारों का मार्गदर्शन लेते हुए देश की युवा शक्ति अपने जीवन को सफल बना सकती है ।

संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रमाधिकारी डॉ.प्रभात कुमार श्रीवास्तव तथा आभार ज्ञापन अर्थशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ धीरेन्द्र कुमार ने किया।

इस अवसर पर उप प्राचार्य प्रोफेसर निशा सिंह, डॉ.आलोक कुमार, डॉ.विभा सिंह, ज्ञानेन्द्र विक्रम सिंह रवि,डॉ नीतू सिंह, डॉ अखिलेश सिंह,डॉ.शालिनी सिंह, डॉ बृजेश सिंह, वीरेंद्र कुमार गुप्त, डॉ.यशमंत सिंह व ज्योति सक्सेना समेत शिक्षक व विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# संक्षिप्त समाचार

## परचुन की दुकान में आग लगी सामान जल कर खाक हुआ



**संभल।** थाना हयात नगर क्षेत्र के पुलिस चौकी सरायतरीन के अंतर्गत आने वाले मुहल्ला फूल बांग मे परचुन की दुकान में आग लगने से हजारो का माल जलकर खाक हो गया मुहल्ला बरखेरिया निवासी अनवार की फूलबाग मे परचुन की दुकान है जिसमें देर रात मे किसी समय आग लगा गयी जिसकी सुचना मिलने पर पुलिस और फायर ब्रिगेड मौके पर पहुँची लोगों के सहयोग से आग पर काबू पाया जा सका जब तक दुकान में रखा सामान जल कर खाक हो चुका था इस दौरान दुकान के आसपास भारी भीड़ जमा हो गयी थी और दुकानदार का सहयोग करने मे जुटी रही आग लगने के कारणो का पता नहीं चल पाया है।

## हिन्दी दिवसः काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया

**संभल।** विश्व हिन्दी दिवस के मौके पर मोहल्ला ठेर स्थित आर्य समाज मंदिर में अंतरराष्ट्रिय साहित्य कला संगम द्वारा काव्य गोष्ठी का आयोजन किया कार्यक्रम का शुभारंभ माता सरस्वती के चित्र के समाने दीप जलकर किया गया कार्यक्रम में संस्था की अध्यक्ष सविता चौरासिया मुख्य अतिथि कपिल वर्मा सुशील कुमार भगत कमल कांत तिवारी संजय कुमार गुप्ता डॉ विजय लक्ष्मी शर्मा प्रतिज्ञा गर्ग पूनम रेनू तिवारी डॉ नेहा मलय संस्थापक डॉ डी एन शर्मा आदि लोग शामिल रहे।

## अखिल भारतीय युवा कवि सम्मेलन का आयोजन

**चन्दौसी (संभल)** रविवार को संस्था दिवस और राष्ट्रीय युवा दिवस के उपलक्ष्य मे मानवाधिकार सामाजिक सुरक्षा प्रहरी के तत्वावधान में युवा कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमें कवियो ने काव्य पाठ किया अखिल भारतीय युवा कवि सम्मेलन का शुभारंभ मुख्य अतिथि माध्यमिक शिक्षा राज्य मंत्री गुलाबो देवी ने किया इस दौरान कवि सुखपाल सिह बरेली के निर्देष कुमार उत्तरा खंड खटीमा के शांति राणा चंदौसी के सौम्य यादव हिंमाशी शर्मा आदि ने कविता पेश की संचलन राष्ट्रीय अध्यक्ष बृजेश सिंह चौहान ने किया नरेश यादव राघव दिनेशपाल सिह तोमर संजीव शर्मा उपस्थित रहे

## सदर कोतवाली के करीब बनी दुकानो को दुकानदारों से खुद ही हटना के लिए कहा गया है



**संभल।** कोतवाली क्षेत्र के बाजार मे बनी 11 दुकानो के लिए रविवार को उप जिलाधिकारी ने दुकानदारो से खुद ही हटना के लिए कहा है। कोतवाली के सामने के सामने मिले कुऐ की खुदाई की जा रही है उसी के निकट मस्जिद है जहाँ बनी 11दुकाने है जिनका किराया मस्जिद को जाता है उप जिलाधिकारी वंदना मिश्रा ने मौके पर पहुँच कर नपाई करायी है तो पता चला है कि दुकानो को सड़क पर बनाया गया है जो अवैध है उप जिलाधिकारी ने रविवार को कोतवाली में दुकानदारो के साथ बैठक की और खुद ही दुकानो को हटाने के लिए 24 घन्टे का समय दिया अन्यथ दुकानो को बुलडोज़र से ध्वस्त किया जायेगा उप जिलाधिकारी ने बताया दुकानो की पैमाइश करायी गयी है दुकानो को सड़क पर बनाया गया है जो एक तरह का अतिक्रमण किया गया हैः संभल सदर कोतवाली क्षेत्र के करीब मुख्य बाजार मे मस्जिद से सटी 11 दुकानो बनी है जिनका किराया मस्जिद को जाता है मस्जिद कमेटी ने बनी दुकानो को वक्फ की बताया है जो वक्फ की भूमि पर बनायी गयी है जिनका निर्माण 1944 -45 मे कराया गया है उप जिलाधिकारी ने दस्तावेज दिखाने को मस्जिद कमेटी से कहा है मस्जिद के करीब एक कुऐ की खुदाई का कार्य किया जा रहा है इसी दौरान दुकानो की जांच पड़ताल की गयी तो इनको अवैध हो ना पाया गया है जिनको दुकानदारो से खुद ही हटना के लिए कहा गया है।

## अवैध खनन करने वाले शातिर बदमाश को पुलिस ने पकड़ा, थाना जखौरा पुलिस ने की कार्यवाही



**ललितपुर।** थाना जखौरा अंतर्गत ग्राम नगवास में अवैध खनन करते समय मिट्टी फिसलने से एक युवक की मौत हो गयी थी। प्रकरण को लेकर खान अधिकारी ने नगवास निवासी दुर्गासिंह यादव के खिलाफ धारा 303(2), 317(2) बीएनएस व 4/21 खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम 1957 व 3(1), 72(3), 58 उ0प्र0 उपखनिज परिहार नियमावली 1963 यथा संशोधित नियमावली 2021 एफआईआर दर्ज करायी थी। प्रकरण में जांच करते हुये थाना जखौरा पुलिस ने शातिर बदमाश ग्राम नौहरकलां निवासी दुर्गासिंह यादव पुत्र जाहन सिंह यादव को गांव से ही हिरासत में लिया है। पुलिस ने बताया कि दुर्गासिंह यादव के खिलाफ पूर्व में भी कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। दुर्गा सिंह यादव को पकडने़ वाली पुलिस टीम में उप निरीक्षक राहुल राठौर, उप निरीक्षक प्रेमशंकर सिंह, हे.कां. वीरेन्द्र दुबे शामिल रहे।

अवधनामा

लखनऊ, मंगलवार,14 जनवरी, 2025



# दक्षिण अफ्रीका ने चैंपियंस ट्रॉफी के लिए घोषित की टीम, इन दो घातक गेंदबाजों को मिली जगह

दक्षिण अफ्रीका ने चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के लिए टीम का ऐलान हो चुका है। टेम्बा बावुमा को कप्तानी सौंपी गई है। बावुमा का अब तक का रिकॉर्ड रहा है, दक्षिण अफ्रीका ने पिछले टी20 वर्ल्ड कप में बेहतरीन प्रदर्शन किया था। टीम ने फाइनल तक का सफर तय किया था। अब वह चैंपियंस ट्रॉफी के लिए तैयार है। दक्षिण अफ्रीका ने दो घातक गेंदबाजों को टीम में जगह दी है। लुंगी एंगिडी और एनरिक नॉर्खिया की वापसी हुई है।




दक्षिण अफ्रीका ने लुंगी एंगिडी को टीम में शामिल किया है। उन्होंने टीम के लिए आखिरी वनडे अक्टूबर 2024 में आयरलैंड के खिलाफ खेला था। एंगिडी का अब तक रिकॉर्ड बेहद अच्छा रहा है, वे 62 वनड मैच खेल चुके हैं। इस दौरान 96 विकेट अपने नाम किए हैं उनका एक मैच में 58 रन देकर 6 विकेट लेना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन रहा है। केशव महाराज, तबरेज शम्सी, रयान रिकल्टन और कगीसो रबाडा भी टीम का हिस्सा हैं। रबाडा भी बेहतरीन गेंदबाजी करते हैं।

नॉर्खिया की वनडे टीम में लंबे वक्त के बाद वापसी हुई है। वे चैंपियंस ट्रॉफी में खेलते हुए नजर आएंगे। नॉर्खिया ने दक्षिण अफ्रीका के लिए आखिरी वनडे सितंबर 2023 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेला था, वे दक्षिण अफ्रीका के लिए अभी तक 22 वनडे मैच खेल चुके हैं। इस दौरान 36 विकेट झटके हैं।

***चैंपियंस ट्रॉपी के लिए साउथ अफ्रीका टीम***

टेम्बा बावुमा (कप्तान), टोनी डी जोरज़ी, मार्को जानसन, हेनरिक क्लासेन, केशव महाराज, एडेन मार्कराम, डेविड मिलर, वियान मुल्डर, लुंगी एंगिडी, एनरिक नॉर्खिया, कगीसो रबाडा, रयान रिकेल्टन, तबरेज शम्सी, ट्रिस्टन स्टब्स, रासी वैन डेर डुसेन।

## पंजाब किंग्स ने 2025 आईपीएल के लिए श्रेयस अय्यर को कप्तान घोषित किया

भारत के शीर्ष क्रम के बल्लेबाज श्रेयस अय्यर को मार्च में शुरू होने वाले नये सत्र से पहले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की टीम पंजाब किंग्स का कप्तान घोषित किया गया। कोलकाता नाइट राइडर्स को अपनी कप्तानी में 2024 में खिताब दिलाने वाले दाएं हाथ के इस बल्लेबाज को पंजाब किंग्स ने 26.75 करोड़ रुपये की भारी भरकम कीमत पर खरीदा था जिससे वह पिछले साल नवंबर में हुई आईपीएल नीलामी के दौरान दूसरे सबसे महंगे खिलाड़ी बन गए थे। अय्यर मुख्य कोच रिकी पोंटिंग के साथ फिर से जुड़ेंगे जिनके साथ वह दिल्ली कैपिटल्स में थे और तब टीम 2020 आईपीएल के फाइनल तक पहुंची थी। अय्यर ने एक बयान में कहा, मैं सम्मानित महसूस कर रहा हूं कि टीम ने मुझ पर भरोसा जताया है। मैं कोच पोंटिंग के साथ फिर से काम करने के लिए उत्सुक हूं।

# चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के लिए ऑस्ट्रेलियाई टीम का ऐलान, इन दो खिलाड़ियों को किया गया शामिल

चैंपियंस ट्रॉपी के लिए ऑस्ट्रेलियाई टीम का ऐलान हो गया है। पैट कमिंस चैंपियंस ट्रॉफी में ऑस्ट्रेलिया की कप्तानी करेंगे तो वहीं, पहली बार आईसीसी टूर्नामेंट के लिए मैट शॉर्ट और आरोन हार्डी को शामिल किया गया है। तेज गेंदबाज नाथन एलिस को टीम में जगह मिला है। आईसीसी वर्ल्ड कप 2023 जीतने वाली ऑस्ट्रेलियाई टीम में तीन बदलाव हुए हैं। डेविड वॉर्नर (रिटायर), कैमरन ग्रीन (पीठ की सर्जरी) और सीन एबॉट टीम में नहीं हैं। बिग बैश लीग में होबार्ट हरिकेंस के लिए खेलते हुए नाथन एलिस ने शानदार परफॉर्मेंस किया था, जिसके कारण ही उन्हें टीम में शामिल किया गया है।

बता दें कि, ऑस्ट्रेलिया ने आखिरी बार 2009 में आईसीसी पुरुष चैंपियंस ट्रॉफी जीती थी। चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में ऑस्ट्रेलियाई टीम अपना पहला मैच लाहौर में इंग्लैंड के खिलाफ खेलेगी। जो 22 फरवरी को खेला जाएगा। बता दें कि, चैंपियंस ट्रॉफी का आगाज 19 फरवरी से शुरू होने वाला है। जिसका फाइनल 9 मार्च को खेला जाएगा।



ऑस्ट्रेलिया के ग्रुप स्टेज के मैच

22 फरवरी- ऑस्ट्रेलिया बनामा इंग्लैंड, लाहौर

25 फरवरी- ऑस्ट्रेलिया बनामा साउथ अफ्रीका, रावलपिंडी

28 फरवरी- ऑस्ट्रेलिया बनाम अफगानिस्तान, लाहौर

***चैंपियंस ट्रॉफी के लिए ऑस्ट्रेलियाई टीम***

पैट कमिंस (कप्तान), एलेक्स कैरी, नाथन, एलिस, आरोन हार्डी, जोश हेजलवुड, ट्रैविस हेड, जोश इंगलिस, मार्नस लाबुशेन, मिशेल मार्श, ग्लेन मैक्सवेल, मैट शॉर्ट, स्टीव स्मिथ, मिशेल स्टार्क, मार्कस स्टोइनिस, एडम जम्पा।

# विराट को बता दो पाकिस्तान के खिलाफ... विराट कोहली के बारे में ये क्या कह गए शोएब अख्तर?

भारतीय कप्तान रोहित शर्मा और स्टार बल्लेबाज विराट कोहली की फॉर्म टीम इंडिया की सबसे बड़ी चिंता बनी हुई है। आगामी चैंपियंस ट्रॉफी में भी ये दोनों बल्लेबाज खेलते हुए आ सकते हैं। कोहली ने इससे पहले बीजीटी केपहले टेस्ट पर्थ में शतक जरूर लगाए लेकिन उसके बाद चार टेस्ट में वो फेल रहे। ऐसे में अब भारत के सामने चैंपियंस ट्रॉफी 2025 की बड़ी अग्निपरीक्षा है। इन दोनों दिग्गजों के बिना भारतीय टीम का खिताब जीतना काफी मुश्किल है। ऐसे में जब पूर्व पाकिस्तानी तेज गेंदबाज शोएब अख्तर से रोहित और विराट कोहली की फॉर्म के बारे में पूछा गया तो उन्होंने हैरान करने वाली बात कही।



दरअसल, शोएब अख्तर ने कहा कि अगर विराट कोहली को जगाना है तो उन्हें बस इतना बता दो कि पाकिस्तान के खिलाफ मैच है। हो भी क्यों ना, कोहली का प्रदर्शन पाकिस्तान के खिलाफ लाजवाब रहा है। 2022 में भी जब कोहली फॉर्म से जूझ रहे थे तो उन्होंने पाकिस्तान के खिलाफ मेलबर्न में 82 रनों की नाबाद पारी खेली टीम इंडिया को अविश्वसनीय जीत दिलाई थी।

पाकिस्तान के पूर्व गेंदबाज ने आजतक से कहा कि, देखिए अगर विराट कोहली को जगाना है तो उनको ये बता दें कि पाकिस्तान के खिलाफ मैच है, वो उठ जाएंगे। देखिए मेलबर्न में जो उन्होंने पारी खेली थी। तो वो जाग जाएंगे। बहुत सारे प्लेयर जिनके पास फॉर्म नहीं होती वो आ जाती है। फिलहाल, पाकिस्तान के स्टार बल्लेबाज भी फॉर्म से दूर हैं। लेकिन शोएब अख्तर को उम्मीद है कि उनकी फॉर्म भी चैंपियंस ट्रॉफी के दौरान लौट आएगी।

# अब आईपीएल प्लेयर्स की खैर नहीं, मैदान में की ये गलती तो मिलेगी कड़ी सजा



आईपीएल 2025 मेगा ऑक्शन के बाद अब फैंस को लीग मैचों का बेसब्री से इंतजार है। आईपीएल 2025 के मार्च के आखिरी हफ्ते में शुरू होने की उम्मीद है। हालांकि, बीसीसीआई के उपाध्यक्ष और पूर्व आईपीएल चेयरमैन राजीव शुक्ला ने कहा कि उसकी शुरुआत 23 मार्च से भी हो सकती है। वहीं, विमेंस प्रीमियर लीग का ओजन चार अलग-अलग शहरों में किया जाएगा। वहीं आईपीएल की शुरुआत से पहले मैदान पर खिलाड़ियों के अनुशासन से जुड़े कई नियम सख्त कर दिए गए हैं। आईपीएल अपने नए सीजन में मैदान पर खिलाड़ियों के अनुशासन को लेकर काफी सख्त हो गई है। अब आईपीएल में इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल की आचार संहिता का पालन किया जाएगा। रविवार को हुई गर्वनिंग काउंसिल की बैठक में ये अहम फैसला लिया गया। इसके तहत लेवल 1,2 और 3 के उल्लंघन पर खिलाड़ियों को आईसीसी के नियमों के मुताबिक सजा दी जाएगी।

गर्वनिंग काउंसिल के एक सदस्य ने बताया कि, अब इस आईपीएल में आईसीसी के टी20 इंटरनेशनल प्लेइंग कंडीशंस का पालन होगा। पहले लीग के अपने नियम होते थे, लेकिन अब आईसीसी द्वारा निर्धारित कोड ऑफ कंडक्ट लागू किया जाएगा।

# इस मामले में इतिहास रच देंगे श्रेयस अय्यर, बन जाएंगे भारत के पहले क्रिकेटर

आईपीएल फ्रेंचाइजी पंजाब किंग्स ने बीते रविवार को श्रेयस अय्यर को टीम का नया कप्तान घोषित किया है। वे आईपीएल 2025 में पंजाब की कमान संभालते हुए नजर आएंगे। जब वे पहले मैच में कप्तान करेंगे तो ये भारतीय क्रिकेटर के तौर पर एक इतिहास लिखा जाएगा। वे भारत के पहले ऐसे कप्तान बन जाएंगे, जिन्होंने दो से ज्यादा टीमों की कप्तानी की है। अभी तक सिर्फ दो ही क्रिकेटर ऐसा कर पाए हैं, लेकिन दोनों विदेशी थे। किसी भारतीय को पहली बार तीन टीमों की कप्तानी करने का मौका मिला है।




21 मार्च से आईपीएल 2025 की शुरुआत होनी है। पंजाब ने 26.75करोड़ रुपये में दाएं हाथ के मध्य क्रम के बल्लेबाज श्रेयस अय्यर को खरीदा था। केकेआर को उन्होंने कप्तानी करते हुए 2024 में चैंपियंस बनाया था। ऐसे में वे इस समय आईपीएल चैंपियंस कप्तान हैं। लेकिन चैंपियंस टीम का हिस्सा नहीं हैं। बता दें कि, श्रेयस अय्यर 18 सीजन में पंजाब किंग्स के 17वें कप्तान हैं। किसी भी अन्य टीम ने इतने कप्तान नहीं बदले हैं जितने पंजाब किंग्स ने बदले हैं।

श्रेयस अय्यर ने आईपीएल में इतिहास रच दिया है, क्योंकि वह तीन आईपीएल टीमों की कप्तानी हासिल करने वाले पहले भारतीय खिलाड़ी बन गए। अय्यर 2018 सीजन के मध्य से 2020 तक दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान रहे और एक सीजन उन्होंने टीम को फाइनल में भी पहुंचाया। वहीं आईपीएल 2022 से 2024 तक वे केकेआर के कप्तान रहे। वह आईपीएल इतिहास में दो टीमों के साथ आईपीएल फाइनल खेलने वाले एकमात्र कप्तान भी हैं।

# अक्षय कुमार की भूत बंगला का हिट होना तय, तब्बू बनेंगी वजह, कास्ट में शामिल हुए एक्ट्रेस!

बॉलीवुड अभिनेत्री तब्बू की प्रियदर्शन द्वारा निर्देशित अक्षय कुमार की बहुप्रतीक्षित हॉरर कॉमेडी भूत बांग्ला में एंट्री की पुष्टि हो गई है। उन्होंने खुद रविवार को सोशल मीडिया पर एक पोस्ट के जरिए इसकी जानकारी दी। गौरतलब है कि तब्बू इससे पहले अक्षय के साथ हेरा फेरी और तू चोर मैं सिपाही में काम कर चुकी हैं। दोनों वरिष्ठ कलाकार अब आगामी हॉरर-कॉमेडी में नजर आएंगे। ड्यून प्रोफेसी में शानदार प्रदर्शन के बाद, तब्बू ने आखिरकार खुलासा कर दिया है कि वह आगे क्या करने की योजना बना रही हैं। वह अगली बार अक्षय कुमार की बहुप्रतीक्षित हॉरर कॉमेडी भूत बांग्ला में नजर आएंगी, जिसका निर्देशन प्रियदर्शन कर रहे हैं। तब्बू ने इंस्टाग्राम पर क्लैपरबोर्ड की तस्वीर शेयर करके इसकी घोषणा की, जिस पर भूत बांग्ला लिखा हुआ था। उनके इंस्टाग्राम पोस्ट के कैप्शन में लिखा था, हम यहां बंद हैं। तब्बू के इस पोस्ट के बाद उनके फैंस काफी खुश हैं कि भूल भुलैया 2 के बाद अब वे तब्बू को फिल्म भूत बंगला में कॉमेडी के साथ हॉरर का तड़का लगाते हुए देख पाएंगे। अक्षय और तब्बू ने 2000 में आई फिल्म हेरा फेरी में साथ काम किया है। इस फिल्म का निर्देशन भी प्रियदर्शन ने किया था। पिछले कुछ समय से ऐसी अफवाहें थीं कि तब्बू भी इस ड्रामा का हिस्सा होंगी, लेकिन फैंस आधिकारिक पुष्टि का इंतजार कर रहे थे। आखिरकार तब्बू के इंस्टाग्राम पोस्ट से पता चला है कि वे भूत बंगला का हिस्सा हैं और वे इस हॉरर कॉमेडी में अहम भूमिका निभाने जा रही हैं। 2026 में आने वाली फिल्म भूत बंगला में अक्षय कुमार और तब्बू के अलावा परेश रावल, वामिका गब्बी, राजपाल यादव और असरानी जैसे कई बेहतरीन कलाकार नजर आ सकते हैं। वर्क फ्रंट की बात करें तो तब्बू की आखिरी हिंदी फिल्म 2024 की क्रू थी। महिला प्रधान ड्रामा-कॉमेडी फिल्म में कृति सनोन और करीना कपूर खान भी थीं। दूसरी ओर, अक्षय को आखिरी बार 2024 में खेल खेल में देखा गया था। वह इस साल की पहली रिलीज़ स्काई फ़ोर्स के लिए तैयार हैं। यह फ़िल्म जनवरी के तीसरे शुक्रवार को रिलीज़ होगी।




# वीकेंड का वार पर रवीना टंडन, राशा थडानी, अमन देवगन ने किया फिल्म आज़ाद का प्रमोशन

बॉलीवुड अदाकारा रवीना टंडन और उनकी बेटी राशा थडानी ने बिग बॉस 18 के वीकेंड का वार में हिस्सा लिया। उनके साथ अजय देवगन के भतीजे अमन देवगन भी थे, जो जल्द ही अपनी फिल्म आज़ाद से बॉलीवुड में डेब्यू करने जा रहे हैं। वीकेंड का वार एपिसोड में सलमान खान और रवीना टंडन ने पुराने दिनों को याद किया। एक्ट्रेस ने बताया कि एक बार सलमान खान ने उनसे उनके वजन को लेकर सवाल किया था।

बिग बॉस 18 शो में सबसे पहले सलमान खान ने राशा थडानी और अमन देवगन का स्वागत किया और कहा यह यकीन करना मुश्किल है कि तुम लोग हीरो और हीरोइन बन गए और मैं वहीं रह गया। सलमान ने मजाक में कहा राशा अब मैं तुम्हारी बड़ी बहन को बुलाऊंगा। इसके बाद रवीना टंडन ने शो में एंट्री की।

शो में सभी ने मिलकर हुकस्टेप चैलेंज लिया। इस दौरान सलमान खान और रवीना टंडन ने प्यार दिलों का मेला है गाने पर डांस किया। वहीं, अमन देवगन मुझसे शादी करोगी के गाने जीने के हैं चार दिन पर सलमान के साथ डांस करते नजर आए।



बिग बॉस 18 में रवीना टंडन और सलमान खान को उनके शुरुआती दिनों की कुछ पुरानी तस्वीरें दिखाई गई। एक थ्रोबैक फोटो में सलमान रवीना को अपनी पीठ पर उठाए नजर आए। इस तस्वीर को देखकर दोनों हैरान रह गए। रवीना टंडन ने खुलासा किया कि उस वक्त सलमान ने उनसे उनके वजन के बारे में पूछा था। आपका वजन कितना है? रवीना ने आगे कहा, उस वक्त मैं वाकई बहुत मोटी थी।

बता दें कि रवीना टंडन और सलमान खान अंदाज अपना अपना और पत्थर के फूल जैसी फिल्मों में साथ काम कर चुके हैं। वहीं, अब रवीना की बेटी राशा थडानी बॉलीवुड में डेब्यू के लिए तैयार हैं। उनकी फिल्म आजाद की रिलीज में बस कुछ ही दिन बचे हैं। इसमें अजय देवगन भी अहम भूमिका में नजर आएंगे। यह फिल्म 17 जनवरी 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है।

# पीयूष मिश्रा को कहा जाता है हरफनमौला अभिनेता, आज मना रहे 62वां जन्मदिन

अपने गीतों, कविताओं और अभिनय से लोगों का दिल जीतने वाले अभिनेता पीयूष मिश्रा आज 13 जनवरी को 62वां जन्मदिन मना रहे हैं। साहित्य के शौकीन पीयूष मिश्रा को बचपन में फिजिक्स और केमेस्ट्री की पढ़ाई में बिलकुल मन नहीं लगता था। लेकिन जब साल 1999 में उनको एक प्ले अल्बर्ट आइंस्टाइन का रोल प्ले करने का मौका मिला। तब पीयूष मिश्रा को याद आया कि फिजिक्स कितनी जरूरी है। तब उनको फिजिक्स के नियम भी समझ आए। तो आइए जानते हैं उनके जन्मदिन के मौके पर अभिनेता पीयूष मिश्रा के जीवन से जुड़ी कुछ रोचक बातों के बारे में...




मध्यप्रदेश के ग्वालियर में 13 जनवरी 1963 को ब्राह्मण परिवार में पीयूष मिश्रा का जन्म हुआ था। इनके पिता का नाम प्रदीप कुमार शर्मा था, जोकि अपर डिवीजन रैंक के क्लर्क थे। लेकिन प्रदीप कुमार शर्मा की बहन के कोई संतान नहीं थी। ऐसे में उन्होंने अपनी बहन तारादेवी मिश्रा को अपना बेटा पीयूष दे दिया। ऐसे में बुआ तारादेवी मिश्रा के घर पीयूष का पालन-पोषण हुआ था। पीयूष मिश्रा अपने बचपन को लेकर हमेशा निराश रहते थे। एक इंटरव्यू में पीयूष मिश्रा ने बताया कि वह बचपन में या तो मर जाना चाहते थे, या फिर अपना गुस्सा इकट्ठा करके कुछ अलग करना चाहते थे। हालांकि हुआ भी कुछ ऐसी ही, उन्होंने 8वीं क्लास में पढ़ाई के दौरान अपने गुस्से को एक कविता में उतार दिया। इस कविता के शब्द लोगों के दिलों में उतर गए। पीयूष मिश्रा द्वारा लिखी गई कविता जिंदा हो तुम हां कोई शक नहीं, सांस लेते हुए देखा मैंने भी है थी।

पीयूष मिश्रा के परिवार ने उनका नाम प्रियकांत शर्मा रखा था। बताया जाता है कि तारादेवी से उनके रिश्ते कभी अच्छे नहीं रहे। ऐसे में उन्होंने अपना नाम बदलने की सोची। तब 10वीं क्लास में उन्होंने अपना नाम बदलने के लिए डिस्ट्रिक्ट कोर्ट में एफिट डेबिट दे दिया। जिसके बाद कोर्ट ने उनको मर्जी अनुसार उनका नाम प्रियकांत से पीयूष रख दिया। पीयूष मिश्रा का बचपन हर उस चीज से गुजरा, जो उनको बिलकुल पसंद नहीं थी। इसलिए उन्होंने ग्वालियर छोड़ने का फैसला कर लिया। उन्होंने एनएसडी में दाखिला इसलिए लिया, जिससे कि वह ग्वालियर से दूर जा सकें। इस दौरान उनको जर्मन डायरेक्टर फ्रिट्ज बैन्जेविच के प्ले हैमलेट में काम करने का मौका मिला। जहां पर उनको एक्टिंग की बारीकियां सीखने का मौका मिला। फिल्मी करियर की बात करें, तो साल 1998 में आई फिल्म दिल से अपने एक्टिंग करियर की शुरूआत की।

# मेल निर्देशक ने ऐश्वर्या राय की जगह ट्विंकल खन्ना को क्यों किया था फिल्म में कास्ट? अब चुप्पी तोड़ी

बॉलीवुड अभिनेत्री ऐश्वर्या राय बच्चन 2000 की फिल्म मेला के लिए पहली पसंद थीं, जिसमें आमिर खान के साथ मुख्य भूमिका में ट्विंकल खन्ना थीं। फिल्म की 25वीं वर्षगांठ पर, निर्देशक धर्मेश दर्शन ने खुलासा किया कि ऐश्वर्या को क्यों किनारे होना पड़ा, जिसके कारण ट्विंकल को कास्ट किया गया। बॉलीवुड हंगामा के साथ एक साक्षात्कार में, दर्शन ने ऐश्वर्या के बारे में अफवाहों की पुष्टि की कि वह उनकी पहली पसंद थीं। उन्होंने समझाया वह थीं। राजा हिंदुस्तानी (1996) में मेमसाब की भूमिका के लिए भी वह मेरी पहली पसंद थीं। मेरा दिल उन पर था। लेकिन उन्हें तुरंत मिस वर्ल्ड के लिए जाना था। मैं कोई जोखिम नहीं लेना चाहता था क्योंकि मैं एक ऐसी अभिनेत्री चाहता था जो अपना पूरा समय फिल्म और बॉलीवुड को दे सके। यह उनकी शान थी कि उन्होंने इसे अपने दिल में नहीं रखा। हालांकि वह मुख्य भूमिका में नहीं आ सकीं, लेकिन ऐश्वर्या ने आमिर के भाई फैसल के साथ फिल्म में कैमियो किया। दर्शन ने उनके पेशेवर अंदाज को याद करते हुए कहा, उनके स्तर की एक हीरोइन शाहरुख खान, सलमान खान, आमिर खान के साथ काम कर चुकी थी आप नाम बताइए। फिर भी, वह सहमत हो गईं और उस सीन को शूट करने के लिए कुछ घंटे गाड़ी चलाकर गईं। अपने कास्टिंग निर्णय पर विचार करते हुए, दर्शन ने खुलासा किया कि फिल्म की रिलीज के कई साल बाद भी, उनसे अक्सर ट्विंकल खन्ना को इतनी प्रमुख भूमिका के लिए चुनने के बारे में सवाल किया जाता है। मैं ऐसी महिलाओं से मिला हूँ जिन्होंने मुझसे कहा है, 'क्या, सर? आपने ऐश्वर्या को कैमियो दिया और ट्विंकल खन्ना को इतना बड़ा रोल दिया!। दर्शन ने मेला के संगीत के बारे में एक दिलचस्प किस्सा भी साझा किया। उन्होंने कहा यह ट्रैक 'चोरी चोरी हम गोरी से' हॉलीवुड ने द गुरु (2002) के लिए खरीदा था। वास्तव में, मैं एकमात्र बॉलीवुड निर्देशक हूँ जिसके तीन गाने हॉलीवुड ने खरीदे हैं। राजा हिंदुस्तानी के 'परदेसी परदेसी' और 'पुचो ज़रा पुचो' को क्रमशः वी फॉर वेंडेट्टा (2005) और होली स्मोक (1999) के साउंडट्रैक में शामिल किया गया था। ट्विंकल खन्ना ने अपनी आखिरी फिल्म लव के लिए कुछ भी करेगा (2001) के बाद अभिनय छोड़ दिया। बाद में उन्होंने खुद को एक लेखक के रूप में फिर से स्थापित किया, 2015 में अपनी पहली किताब के साथ शुरुआत की। 2023 में, उन्होंने अपनी नवीनतम पुस्तक, वेलकम टू पैराडाइज़ लॉन्च की।





# चार साल बाद मिली आठ साल की भतीजी से कुकर्म की सजा



**ठाणे।** अदालत ने पीड़िता और आरोपी की उम्र, अपराध के तरीके आरोपी के शर्मनाक आचरण पर विचार करने के बाद फैसला सुनाया। कोर्ट ने यह भी कहा कि अपराध की गंभीर प्रकृति और नाबालिग पीड़िता द्वारा झेले गए मानसिक आघात को देखते हुए उसे मुआवजा दिया जाना चाहिए। कोर्ट ने मामले को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को भेजने के निर्देश दिए। महाराष्ट्र के ठाणे की विशेष पॉक्सो अदालत ने चार साल पहले आठ वर्षीय भतीजी से दुष्कर्म करने के मामले में 56 साल वर्षीय फूफा को 20 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई। उसने 2020 में कई बार अपनी भतीजी के साथ दुष्कर्म किया। न्यायाधीश वीएल भोंसले ने कहा कि 56 वर्षीय आरोपी को न्यूनतम सजा से अधिक सजा देने का कोई कारण नहीं है। साथ ही उसे पॉक्सो अधिनियम के तहत दोषी ठहराया। अदालत ने पीड़िता और आरोपी की उम्र, अपराध के तरीके आरोपी के शर्मनाक आचरण पर विचार करने के बाद फैसला सुनाया। अदालत ने मीरा रोड निवासी आरोपी पर एक हजार रुपये जुर्माना भी लगाया। कोर्ट ने यह भी कहा कि अपराध की गंभीर प्रकृति और नाबालिग पीड़िता द्वारा झेले गए मानसिक आघात को देखते हुए उसे मुआवजा दिया जाना चाहिए। कोर्ट ने मामले को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को भेजने के निर्देश दिए। विशेष लोक अभियोजक वर्षा चंदाने ने बताया कि पीड़िता और आरोपी रिश्तेदार हैं। मार्च 2020 में पीड़िता की मां ने उसे अपनी ननद के घर भेज दिया था। मार्च से जून 2020 के बीच उसकी ननद के पति ने कई मौकों पर घर में लड़की के साथ दुष्कर्म किया।

# नामांकन के लिए मुहूर्त का इंतजार कर रहे है प्रत्याशी

**नामांकन**

**14 जनवरी मंगलवार को सुबह 11.42 से लेकर दोपहर 12.50 मिनट तक समय नामांकन के लिए बेहद शुभ है।**




**नई दिल्ली।** चुनाव के लिए भले ही नामांकन की प्रक्रिया 10 जनवरी से शुरु हो गई हैं। लेकिन नामांकन प्रक्रिया में तेजी 13 जनवरी से ही आएंगी। लेकिन अभी तक प्रत्याशियों की ओर से नामांकन की प्रक्रिया शुरू नहीं हुई है। कई उम्मीदवार शुभ महूर्त का इंतजार कर रहे हैं। दिल्ली विधानसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान हो गया है। राज्य में 5 फरवरी को वोट डाले जाएंगे। जबकि 8 फरवरी को मतगणना होगी। 10 जनवरी को अधिसूचना जारी होने के साथ ही नामांकन की प्रक्रिया शुरु हो गई है। सभी उम्मीदवार अपना नामांकन 17 जनवरी तक दाखिल कर सकते हैं। जबकि 18 जनवरी को नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी। 20 जनवरी तक नाम वापस लिए जा सकते हैं। ऐसे में सभी पार्टियों के उम्मीदवार अपना नामांकन दाखिल करने के लिए शुभ मुहूर्त की तलाश में जुट गए है। प्रत्याशी शुभ मुहूर्त में नामांकन पत्र दाखिल करना चाहते हैं। ऐसे में प्रत्याशियों ने ज्योतिषाचार्यों से संपर्क साधना शुरू कर दिया है। मध्यप्रदेश इंदौर के वरिष्ठ ज्योतिषाचार्य विनोद जैन ने अमर उजाला से चर्चा में कहा, किसी भी कार्य को शुभ मुहूर्त में किया जाए तो वह लाभदायक होता है। इसलिए नामांकन पत्र भी शुभ मुहूर्त और सही नक्षत्र में भरा जाता है, तो प्रत्याशियों के जीतने के प्रबल योग बनते हैं। उम्मीदवार नामांकन दाखिल करने से पहले सर्वप्रथम अपने इष्ट देव की पूजा-अर्चना करें। पूर्वजों, बुर्जुगों और परिवार के सम्मानित व्यक्तियों का आर्शीवाद ले। इसके बाद माता-पिता, पत्नी या कन्या संतान से चंदन, रोली या अष्टगंध का तिलक करना और मिष्ठान, दही, रबड़ी खाकर ही घर से नामांकन दाखिल करने निकले। अपने गुरु मंत्र को स्मरण करते हुए पर्चा दाखिल करे।

विनोद जैन का कहना है कि,चुनावी जंग के दौरान अधिकतर पार्टियां शुभ-अशुभ का विशेष ध्यान रखती हैं। सबसे अधिक ध्यान पार्टियां नामांकन की तिथि पर देती हैं। इसके लिए शुभ मुहूर्त निकलवाती हैं। वैसे तो हर व्यक्ति की जन्म कुंडली अलग अलग होती है। उस हिसाब से नक्षत्रों और ग्रहों की स्थितियों और भविष्य के आंकलन को देखते हुए नामांकन के लिए शुभ समय निकाला जाता है। दिल्ली विधानसभा चुनाव के नामांकन पत्र दाखिल करने के लिए 14 जनवरी मकर संक्रांति, 15 जनवरी और 17 जनवरी का दिन बेहद ही शुभ है। 14 जनवरी मंगलवार को सुबह 11.42 से लेकर दोपहर 12.50 मिनट तक समय नामांकन के लिए बेहद शुभ है। बुधवार 15 जनवरी को सुबह 11.25 से दोपहर 12.15 तक समय पर्चा दाखिल करने के लिए सर्वोत्तम है। जबकि नामांकन के आखिरी दिन 17 जनवरी शुक्रवार को दोपहर 12.35 से दोपहर 12.59 तक समय भी पर्चा जमा करवाने के लिए सर्वश्रेष्ठ है। दिल्ली चुनाव के लिए भले ही नामांकन की प्रक्रिया 10 जनवरी से शुरु हो गई हैं। लेकिन नामांकन प्रक्रिया में तेजी 13 जनवरी से ही आएंगी। क्योंकि 13 जनवरी को पौष पूर्णिमा है। जबकि 14 जनवरी से मलमास भी खत्म हो रहा है।

## इंडिया पर दिए बयान को लेकर बुरे फंसे संजय राउत; सहयोगी पार्टियों ने घेरा, भाजपा ने भी ली चुटकी



**मुंबई।** महाराष्ट्र के मंत्री और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले ने नागपुर में पत्रकारों से बात की। उन्होंने कहा कि इंडी गठबंधन के सभी नेता छिटक गए हैं। महाराष्ट्र में आप देख सकते हैं कि शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे और शरद पवार कांग्रेस के खिलाफ हैं महाराष्ट्र में हाल ही में शिवसेना (यूबीटी) नेता संजय राउत के बयान के बाद सियासी हलचल तेज हो गई। दरअसल, उन्होंने कहा था कि इंडी गठबंधन लोकसभा चुनाव के लिए बना था। लोकसभा चुनाव के बाद एक बैठक नहीं हुई। अपने इस बयान के बाद वे बुरे फंस गए। उनकी सहयोगी पार्टियों के नेता उन्हें घेरने लगे। इस बीच उनके इस बयान को लेकर भाजपा ने प्रतिक्रिया दी। महाराष्ट्र में भाजपा नेता ने बताया कि विपक्षी गटबंधन इंडिया विघटित हो रहा है. क्योंकि उनके पास देश के विकास के लिए कोई विचारधारा और नीति नहीं है। महाराष्ट्र के मंत्री और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले ने नागपुर में पत्रकारों से बात की। उन्होंने कहा, विपक्षी गठबंधन इंडिया टूट रहा है और महाराष्ट्र में शिवसेना (यूबीटी) कांग्रेस के खिलाफ है। विपक्षी गठबंधन इंडिया के पास देश के विकास के लिए कोई विचारधारा और नीति नहीं है। गठबंधन के सभी नेता छिटक गए हैं। महाराष्ट्र में आप देख सकते हैं कि शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे औभाजपा नेता ने बताया कि भाजपा, शिवसेना और राकांपा की महायुति गठबंधन के पास विचारधारा है और ये हमेशा एकजूट रहेंगे। बावनकुले ने कहा कि संरक्षक मंत्रियों को नियुक्त करने के बारे में अंतिम निर्णय 15-16 जनवरी तक लिया जाएगा। मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्रियों ने दो से तीन बैठकें बुलाईं। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री लाड़कि बहिन योजना जारी रहेगा और किसी के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की जाएगी, लेकिन फर्जी लाभार्थियों का भत्ता बंद कर दिया जाएगा। संजय राउत के इंडी गठबंधन वाले बयान पर सीपीआई ने भी प्रतिक्रिया दी। सीपीआई महासचिव डी राजा ने कहा, ÷इससे मालूम चलता है कि इंडी गठबंधन को इस बात पर गंभीर आत्मनिरीक्षण करना होगा कि एकता को कैसे मजबूत किया जाए।

## भारत की बांग्लादेश पर जवाबी कार्रवाई, विदेश मंत्रालय ने राजदूत को किया तलब

**नई दिल्ली।** भारत और बांग्लादेश के बीच रिश्तों में तल्खी बढ़ती जा रही है। विदेश मंत्रालय ने सोमवार को बांग्लादेश के राजदूत को तलब किया है। यह कदम ऐसे वक्त उठाया गया है, जब एक दिन पहले ही ढाका ने भारतीय राजनयिक को तलब किया था। इससे पहले बांग्लादेश के विदेश मंत्रालय ने रविवार को सीमा तनाव को लेकर भारतीय उच्चायुक्त प्रणय वर्मा को तलब किया था। दरअसल, बांग्लादेश ने आरोप लगाया था कि भारत द्विपक्षीय समझौते का उल्लंघन करते हुए बांग्लादेश से लगी सीमा पर पांच स्थानों पर बाड़ लगाने की कोशिश कर रहा है। इसके कुछ ही घंटों के बाद ही भारतीय उच्चायुक्त को तलब किया गया था। इसके बाद प्रणय वर्मा दोपहर लगभग तीन बजे विदेश मंत्रालय पहुंचे। विदेश सचिव जशीम उद्दीन के साथ उनकी बैठक लगभग 45 मिनट तक चली। बैठक के बाद मीडिया से बात करते हुए प्रणय वर्मा ने कहा था कि ढाका और नई दिल्ली के बीच सीमा पर सुरक्षा के लिए बाड़ लगाने के संबंध में सहमति है। प्रणय वर्मा ने कहा, हमारे दो सीमा सुरक्षा बल बीएसएफ और बीजीबी (सीमा सुरक्षा बल और बॉर्डर गार्ड बांग्लादेश) इस संबंध में संपर्क में हैं। हम उम्मीद करते हैं कि इस सहमति को लागू किया जाएगा और सीमा पर अपराधों से निपटने के लिए सहयोगपूर्ण दृष्टिकोण अपनाया जाएगा।

## विपक्षी गठबंधन में फूट की अटकलों पर संजय राउत की सफाई

**मुंबई।** संजय राउत ने कहा कि अगर सहयोगियों के बीच संवाद बंद हो जाए तो कोई भी गठबंधन सफल नहीं हो सकता। सहयोगी दलों के बीच संवाद कायम रखने के लिए जिम्मेदार नेताओं की नियुक्ति की जाए। विपक्षी गठबंधन इंडिया में यह भूमिका कांग्रेस को निभानी चाहिए। विपक्षी गठबंधन इंडिया में फूट की अटकलों पर शिवसेना के नेता संजय राउत ने एक बार फिर सफाई दी है। संजय राउत ने कहा कि अगर सहयोगियों के बीच संवाद बंद हो जाए तो कोई भी गठबंधन सफल नहीं हो सकता। सहयोगी दलों के बीच संवाद कायम रखने के लिए जिम्मेदार नेताओं की नियुक्ति की जाए। विपक्षी गठबंधन इंडिया में यह भूमिका कांग्रेस को निभानी चाहिए। उन्होंने कहा कि गठबंधन सहयोगियों के खिलाफ चुनाव लड़ने में कुछ भी गलत नहीं है, लेकिन ऐसे मामलों में किसी भी पार्टी को अपने पूर्व या संभावित भावी सहयोगियों को गद्दार नहीं कहना चाहिए।

# हत्या के मामले में आजीवन कारावास की सजा काट रहे गैंगस्टर की रिहाई

**कठोर**

**मामले में शीर्ष अदालत ने कहा कि 1938 अधिनियम की धारा 2 सीआरपीसी की धारा 432 या बीएनएसएस की धारा 473 से अधिक कठोर है।**



**नई दिल्ली।** शीर्ष अदालत ने कहा, जहां तक 1938 अधिनियम की धारा 2 के तहत राहत से इनकार करने का सवाल है, हम राज्य सरकार की तरफ से पारित आदेश में कोई गलती नहीं पाते हैं। बीएनएसएस की धारा 473 का दायरा 1938 अधिनियम की धारा 2 से पूरी तरह अलग है। इसलिए, शीर्ष अदालत ने आठ जनवरी को एक आदेश में राज्य सरकार को निर्देश दिया कि वह बीएनएसएस की धारा 473 की उप-धारा (1) के तहत छूट देने के लिए याचिकाकर्ता के मामले पर जितनी जल्दी हो सके विचार करे। सुप्रीम कोर्ट ने उत्तर प्रदेश सरकार को 1993 के हत्या के मामले में आजीवन कारावास की सजा काट रहे गैंगस्टर ओम प्रकाश श्रीवास्तव उर्फ बबलू श्रीवास्तव की समयपूर्व रिहाई पर दो महीने के भीतर विचार करने का निर्देश दिया है। मामले में जस्टिस अभय एस ओका और नोंग्मीकापम कोटिस्वर सिंह की पीठ ने राज्य सरकार को भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस), 2023 की धारा 473 की उपधारा (1) के तहत छूट की मांग करने वाली याचिका पर विचार करने का निर्देश दिया। बता दें कि, ओम प्रकाश श्रीवास्तव ने संयुक्त प्रांत परिवीक्षा पर कैदियों की रिहाई अधिनियम, 1938 की धारा 2 के तहत राहत मांगी, लेकिन याचिका खारिज कर दी गई। मामले में शीर्ष अदालत ने कहा कि 1938 अधिनियम की धारा 2 सीआरपीसी की धारा 432 या बीएनएसएस की धारा 473 से अधिक कठोर है। पीठ ने कहा कि जब तक राज्य सरकार यह निष्कर्ष दर्ज नहीं कर लेती कि वह दोषी के पिछले इतिहास या जेल में उसके आचरण से संतुष्ट है और यह कि वह अपराध से दूर रहेगा और रिहाई के बाद शांतिपूर्ण जीवन व्यतीत करेगा, तब तक दोषी को रिहा नहीं किया जा सकता। शीर्ष अदालत के आदेश में कहा गया है, चूंकि याचिकाकर्ता ने 28 साल से अधिक समय तक वास्तविक सजा काटी है, इसलिए याचिकाकर्ता के मामले पर विचार किया जाएगा और अधिकतम दो महीने के भीतर उचित आदेश पारित किया जाएगा। आदेश याचिकाकर्ता को सूचित किया जाना चाहिए। पीठ ने संबंधित अदालत को निर्देश दिया - जिसे बीएनएसएस की धारा 473 की उप-धारा (2) के तहत अपनी राय देने का अधिकार है - राज्य के अनुरोध की प्राप्ति की तारीख से 15 दिनों के भीतर इसे अग्रेषित करने के लिए। पीठ ने कहा, हम राज्य सरकार को निर्देश देते हैं कि वह याचिकाकर्ता के मामले को 10 दिनों की अवधि के भीतर केंद्र सरकार की सहमति या अन्यथा के लिए तुरंत अग्रेषित करे... केंद्र सरकार का संबंधित प्राधिकारी चार सप्ताह के भीतर इस पर निर्णय लेगा। प्रस्ताव को तुरंत संबंधित अदालत और केंद्र सरकार के संबंधित प्राधिकारी को इस आदेश की एक प्रति के साथ भेजा जाएगा।

## हॉस्टल के कमरे में मृत पाया गया आईआईटी खड़गपुर का छात्र

**नई दिल्ली।** मृत छात्रा की पहचान उत्कलिका स्वैन के तौर पर की गई है, जो केंद्रपाड़ा जिले की रहने वाली थी। पुलिस ने बताया कि छात्रा अपने कमरे में लगे पंखे से लटकने के लिए अपने दुपट्टा का इस्तेमाल किया। आईआईटी खड़गपुर का एक छात्र अपने हॉस्टल के कमरे में मृत पाया गया। इंस्टीट्यूट के एक अधिकारी ने इस घटना की जानकारी दी। मृतक छात्र की पहचान शॉन मलिक के तौर पर की गई है, जो इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग का तीसरे वर्ष का छात्र था। रविवार को उसके माता-पिता उससे मिलने आए थे, उन्होंने अपने बेटे को कमरे के अंदर लटका पाया। दरवाजा खटखटाने के बाद कोई प्रतिक्रिया न मिलने के बाद घरवालों और इंस्टीट्यूट के कुछ कर्मियों ने मिलकर दरवाजा तोड़ दिया।

# नाइजीरियाई सेना के हवाई हमलों में गलती से कई नागरिकों की मौत, विद्रोहियों को बना रहे थे निशाना




**अबुजा।** नाइजीरिया के उत्तर-पश्चिम क्षेत्र में हथियारबंद समूहों को निशाना बनाने के दौरान नाइजीरियाई सेना के हवाई हमले में कई नागरिकों की मौत हो गई। यह नागरिक स्थानीय सुरक्षा बलों के समर्थन में काम कर रहे थे। नाइजीरिया के उत्तरी-पश्चिम इलाके में सेना के हवाई हमले में कई नागरिकों की मौत हो गई। सेना संघर्षरत इलाकों में हथियारबंद समूहों को निशाना बनाने का प्रयास कर रही थी। ये नागरिक स्थानीय सुरक्षा बलों के साथ मिलकर काम कर रहे थे। नागरिकों पर यह हमला गलती से हुआ। अधिकारियों और स्थानीय निवासियों ने यह जानकारी दी। पिछले एक साल में सेना का यह तीसरा हवाई हमला है, जिसमें नागरिकों की जान गई। नाइजीरिया सेना जमफारा राज्य के जुरमी और मराजुन इलाकों में विद्रोही समूह को निशाना बना रही थी। राज्य के गवर्नर के प्रवक्ता सुलैमान बाला इदरीस ने रविवार को बताया कि हवाई हमले में कुछ नागरिकों की भी मौत हो गई। ये लोग नागरिक संयुक्त कार्यबल और स्थानीय सतर्कता बल के सदस्य थे। इदरीस ने बताया कि ये लोग इलाके से भाग रहे थे। इसलिए इन्हें गलती से डाकू समझ लिया था। हालांकि, अधिकारियों ने यह नहीं बताया कि कितने नागरिक मारे गए हैं। नाइजीरियाई वायु सेना ने भी कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया। स्थानीय निवासी सलिसु मराजुन ने बताया कि उन्होंने 20 शवों को गिना। 10 अन्य लोग घायल हुए और उनका उपचार चल रहा है। जमफारा की राज्य सरकार ने इसे एक कामयाब हमला बताया और कहा कि यह डाकुओं को निशाना बनाने के लिए निर्णायक कदम था। राज्य सरकार ने यह भी कहा कि वह आगे भी खुफिया जानकारी साझा करना, लॉजिस्टिक और समुदाय से जुड़ी पहल में सहयोग जारी रखेगी। लागोस स्थित अनुसंधान संस्था एसबीएम इंटेलिजेंस की रिपोर्ट के मुताबिक, नाइजीरियाई सेना अक्सर विद्रोहियों से निपटने के लिए हवाई हमले करती है। लेकिन इन हमलों में 2017 से अब तक 400 नागरिकों की मौत हो चुकी है। दिसंबर 2023 में नाइजीरियाई सेना ने कादुना राज्य में एक धार्मिक आयोजन के दौरान हवाई हमला किया था। जिसमें 80 से अधिक लोगों की मौत हो गई थी। इसके बाद मई 2024 में नाइजीरियाई सेना कहा था कि दो सैनिकों को कोर्ट मार्शल का सामना करना पड़ेगा। हालांकि, इस मामले में जांच के परिणाम कभी सार्वजनिक नहीं किए गए। मानवाधिकार संगठनों ने पारदर्शिता की कमी का आरोप लगाते हुए नाइजीरियाई सेना की आलोचना की है। उनका कहना है कि इस तरह के मामलों में स्पष्टता और जवाबदेही की आवश्यकता है।

# खुफिया जानकारी पाने के लिए गिरोहों, शेल कंपनियों के साथ काम कर रहा चीन, ताइवान की एजेंसी का दावा

**ताइपे।** ताइवान की खुफिया एजेंसी ने बड़ा दावा करते हुए कहा है कि, चीन ताइवान के बारे खुफिया जानकारी जुटाने के लिए आपराधिक गिरोहों और शेल कंपनियों के साथ मिलकर काम कर रहा है। इस वजह से ताइवान में ऐसे मामले में गिरफ्तार किए जाने वालों की संख्या बढ़ गई है। ताइवान के खुफिया ब्यूरो का कहना है कि चीन की मुख्य जासूसी एजेंसी ताइवान की सुरक्षा के बारे में खुफिया जानकारी हासिल करने के लिए आपराधिक गिरोहों, शेल कंपनियों और अन्य संदिग्ध भागीदारों के साथ काम कर रही है, जिसकी वजह से द्वीप पर कथित जासूसी के लिए गिरफ्तार किए गए लोगों की संख्या में बड़ी बढ़ोतरी हुई है। ये वर्तमान और सेवानिवृत्त ताइवानी सैन्यकर्मी विशेष चिंता का विषय हैं, पिछले साल जिन 64 कथित जासूसों पर मुकदमा चलाया गया था, उनमें से लगभग आधे उनके थे। ताइवान के राष्ट्रीय सुरक्षा ब्यूरो की तरफ से सप्ताह के आखिरी में जारी की गई एक रिपोर्ट के अनुसार, चीनी एजेंटों ने ताइवान के अंडरवर्ल्ड का उपयोग करके उन लोगों तक पैसे पहुंचाने की कोशिश की है, जिनके पास बेचने के लिए कई अहम जानकारी है। रिपोर्ट में कहा गया है कि गिरोह, जिनमें से कई की उत्पत्ति 1949 में दोनों पक्षों के बीच विभाजन से पहले की है, की तलाश की जा रही है, साथ ही लोन शार्क, शेल कंपनियां जिनका उपयोग धन शोधन के लिए किया जा सकता है, धार्मिक संप्रदाय जो कभी-कभी अवैध गतिविधि में संलग्न होते हैं, और गैर-लाभकारी समूह। जानकारी के मुताबिक, कुछ भुगतान क्रिप्टोकरेंसी में किए जाते हैं,

**मुकदमा**

**पिछले साल जिन 64 कथित जासूसों पर मुकदमा चलाया गया था, उनमें से लगभग आधे उनके थे।**



जबकि इस मामलों पुराने जमाने के तरीकों का भी उपयोग किया जाता है। ब्यूरो ने कहा कि एक स्टार जनरल लो ह्सियन-चे का मामला ऐसा ही था, जो थाईलैंड में तैनात रहते हुए ऐसी ही एक योजना में पकड़ा गया था। पिछले साल गिरफ्तार किए गए लोगों में जासूसी गिरोह में एक साथ काम करने वाले 23 लोग शामिल थे, जिनमें से एक को 20 साल की जेल की सजा सुनाई गई थी, रिपोर्ट में कहा गया है। चीन की मुख्य जासूसी एजेंसी, राज्य सुरक्षा मंत्रालय, सैन्य खुफिया जानकारी के साथ-साथ पारंपरिक जासूसी शिल्प और साइबर हमलों पर निर्भर कार्यक्रम चलाता है, जबकि पार्टी का यूनाइटेड फ्रंट डिवीजन प्रचार अभियान चलाता है। चीन की सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी, जो ताइवान की सत्ताधारी स्वतंत्रता समर्थक डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव पार्टी के साथ ज़्यादातर संपर्क से इनकार करती है, मुख्य विपक्षी नेशनलिस्ट पार्टी के साथ लगातार संपर्क रखती है। चीनी रणनीति का स्थानीय चुनावों पर कुछ असर हो सकता है, लेकिन डीपीपी मजबूती से नियंत्रण में है और ताइवान के अधिकांश लोग अभी भी अपनी वास्तविक स्वतंत्रता को बनाए रखने के पक्ष में हैं, जिसे अमेरिका से मजबूत समर्थन प्राप्त है।

# पाकिस्तान में कैसे और कहां मिला सोने का भंडार

**मौजूद**

**28 लाख तोला सोना, जिसकी कीमत करीब 800 अरब पाकिस्तानी रुपये है, वह अटक के 32 किलोमीटर इलाके में मौजूद है।**

**इस्लामाबाद।** मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, सिंधु नदी के इलाके में यह सोने का भंडार मिला है। सिंधु नदी दुनिया की सबसे पुरानी और लंबी नदियों में से एक है। आर्थिक तंगी से जूझ रहे पाकिस्तान को कुछ राहत मिलने की उम्मीद बंधी है। दरअसल पाकिस्तान में 28 लाख तोला यानी करीब 28 हजार किलो सोने का भंडार मिला है। इस सोने के भंडार की कीमत करीब 800 अरब पाकिस्तानी रुपये आंकी जा रही है। पाकिस्तान के पंजाब प्रांत के पूर्व खनन मंत्री इब्राहिम हसन मुराद ने यह दावा किया है। इब्राहिम हसन मुराद ने सोशल



मीडिया मंच एक्स पर साझा एक पोस्ट में लिखा कि पंजाब के पूर्व खनन मंत्री इब्राहिम हसन मुराद ने एक अहम खोज का खुलासा किया है। 28 लाख तोला सोना, जिसकी कीमत करीब 800 अरब पाकिस्तानी रुपये है, वह अटक के 32 किलोमीटर इलाके में मौजूद है। इसकी पुष्टि पाकिस्तान के भूगर्भीय सर्वे विभाग ने भी की है। इससे पंजाब के प्राकृतिक संसाधनों से समृद्ध होने का पता चलता है। रिसर्च के बाद 28 लाख तोला सोने के भंडार की पुष्टि हो गई है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, सिंधु नदी के इलाके में यह सोने का भंडार मिला है। सिंधु नदी दुनिया की सबसे पुरानी और लंबी नदियों में से एक है। सिंधु नदी सभ्यता इसी के किनारे पनपी और इसका भारत और पाकिस्तान के इतिहास में ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, सोने का जो भंडार सिंधु नदी क्षेत्र में मिला है, वह पहाड़ों में टेक्टोनिक प्लेट्स के टकराने से हजारों-लाखों साल में प्राकृतिक रूप से तैयार हुआ है। यह सोना नदी के पानी के साथ बहकर गुरुत्वाकर्षण के चलते एक जगह विशेष पर इकट्ठा हो गया। इस पूरी प्रक्रिया को प्लेसर गोल्ड डिपॉजिट कहा जाता है। हालांकि पाकिस्तान की सरकार से अभी तक इसे लेकर कोई आधिकारी बयान नहीं आया है। पाकिस्तान इन दिनों भारी कर्ज से जूझ रहा है। पाकिस्तान के लोग महंगाई, बेरोजगारी से परेशान हैं और आधारभूत जरूरतों के लिए भी जूझ रहे हैं। आईएमएफ से कर्ज लेने के लिए पाकिस्तान की सरकार काफी दिनों से कोशिश कर रही है। अब सोने का भंडार मिलने से पाकिस्तान को गरीबी से थोड़ी राहत मिलने की उम्मीद है।

## विद्रोही समूहों को कांगो की सेना ने दिया कड़ा जवाब, कई शहरों को कराया कब्जा मुक्त

**गोमो।** पूर्वी कांगो में बीते कई दशकों से 100 से ज्यादा विद्रोही समूहों के बीच संघर्ष चल रहा है। रवांडा सीमा के पास खनिज समृद्ध क्षेत्र पर अधिकार करने के लिए विद्रोही समूह आपस में लड़ रहे हैं। अपना दायरा बढ़ाने की होड़ में विद्रोही समूह कांगो के शहरों पर कब्जा कर रहे हैं। सेना ने लुम्बिशी, रुजिरांतका, कामतले, बिटागाटा, काबिंगो को विद्रोही समूहों के कब्जे से मुक्त कराया।

अफ्रीकी देश कांगो में विद्रोही समूहों के साथ चल रहे संघर्ष के बीच सेना को बड़ी सफलता मिली है। कांगो सेना ने पूर्वी कांगो के उत्तरी किवु और दक्षिणी किवु के कई शहरों को विद्रोहियों के कब्जे से मुक्त कराया है।

बताया जाता है कि पूर्वी कांगो में बीते कई दशकों से 100 से ज्यादा विद्रोही समूहों के बीच संघर्ष चल रहा है। रवांडा सीमा के पास खनिज समृद्ध क्षेत्र पर अधिकार करने के लिए विद्रोही समूह आपस में लड़ रहे हैं। अपना दायरा बढ़ाने की होड़ में विद्रोही समूह कांगो के शहरों पर कब्जा कर रहे हैं। इसके चलते अब तक सात मिलियन से ज्यादा लोग विस्थापित हुए हैं। जबकि एक लाख से ज्यादा लोग अपने घरों से भाग गए हैं।

कांगो की सेना ने कहा कि सेना ने लुम्बिशी, रुजिरांतका, कामतले, बिटागाटा, काबिंगो को विद्रोही समूहों के कब्जे से मुक्त कराया। इन शहरों पर विद्रोहियों ने कई महीनों से कब्जा कर रखा था। इसमें उत्तरी किवु प्रांतीय राजधानी गोमा के पास मासीसी क्षेत्र का एक प्रमुख शहर नगुंगू भी शामिल है।

उत्तरी किवु में सेना के प्रवक्ता गुइलाउम एनडजिक काइको ने कहा कि विद्रोहियों को कांगो के सुरक्षा बल एफएआरडीसी ने अपने साहसिक कार्यों से रोक दिया। उन्होंने कहा कि सभी जगह उन्हें पीछे धकेल दिया गया है। उन्होंने इस जीत का श्रेय दोनों प्रांतों के कमांडरों के नेतृत्व में चलाए गए संयुक्त सैन्य अभियान को दिया।

## जेफ बेजोस की कंपनी को झटका, अंतिम समय में आई तकनीकी समस्या की वजह से टालना पड़ा रॉकेट का प्रक्षेपण

**कैनावेरल।** फिलहाल अतंरिक्ष में एलन मस्क की कंपनी स्पेसएक्स का दबदबा है। मगर जेफ बेजोस टेस्ला सीईओ को टक्कर देने की तैयारी कर रहे हैं। इसी क्रम में सोमवार यानी आज तड़के नए रॉकेट का पहला प्रक्षेपण करना था, लेकिन कुछ समस्या के चलते आखिरी समय में इसे टालना पड़ा। दुनिया के टॉप पांच रईसों में शुमार अमेजन के मालिक जेफ बेजोस अंतरिक्ष में रॉकेट लॉन्च करने को तैयार थे। मगर अंतिम समय में उनकी कंपनी ब्लू ओरिजिन को तकनीकी कारणों की वजह से इस प्रक्षेपण को रद्द करना पड़ा। गौरतलब है, फिलहाल अतंरिक्ष में एलन मस्क की कंपनी स्पेसएक्स का दबदबा है। मगर बेजोस टेस्ला सीईओ को टक्कर देने की तैयारी कर रहे हैं। इसी क्रम में सोमवार यानी आज तड़के नए रॉकेट का पहला प्रक्षेपण करना था, लेकिन कुछ तकनीकी समस्या के चलते आखिरी समय में इसे टालना पड़ा। 320 फुट यानी 98 मीटर न्यू ग्लेन रॉकेट को फ्लोरिडा के केप कैनावेरल स्पेस फोर्स स्टेशन से एक प्रोटोटाइप उपग्रह के साथ सुबह से पहले प्रक्षेपित किया जाना था। लेकिन तभी विशेषज्ञों को उल्टी गिनती के अंतिम मिनटों में एक



अनिर्दिष्ट रॉकेट समस्या से जूझना पड़ा और समय संमाप्त हो गया। जैसे ही उल्टी गिनती की घड़ी रुकी, उन्होंने तुरंत रॉकेट से सारा ईंधन निकालना शुरू कर दिया।

ब्लू ओरिजिन ने फिलहाल कोई नई तारीख का एलान नहीं किया है। उसका कहना है कि टीम को समस्या को दूर करने के लिए और अधिक समय की जरूरत है। परीक्षण उड़ान में पहले ही समुद्र की उथल-पुथल के कारण देरी हो चुकी थी, जिससे अटलांटिक महासागर में प्रथम चरण के बूस्टर को उतारने की कंपनी की योजना को खतरा पैदा हो गया था।

न्यू ग्लेन का नाम पृथ्वी की परिक्रमा करने वाले पहले अमेरिकी जॉन ग्लेन के नाम पर रखा गया है। यह ब्लू ओरिजिन के न्यू शेपर्ड रॉकेट की तुलना में पांच गुना लंबा है जो भुगतान करने वाले ग्राहकों को टेक्सास से अंतरिक्ष के किनारे तक ले जाता है। बता दें, अमेजन के जेफ बेजोस ने 25 साल पहले इस कंपनी की स्थापना की थी। उन्होंने फ्लोरिडा के ऑरलैंडो से लगभग 50 मील (80 किलोमीटर) पूर्व में नासा के कैनेडी स्पेस सेंटर के गेट के ठीक बाहर रॉकेट फैक्ट्री में स्थित मिशन कंट्रोल से सोमवार की उलेटी गिनती में भाग लिया। उन्होंने रविवार शाम को कहा था कि चाहे कुछ भी हो जाए, हम खुद को संभालेंगे और चलते रहेंगे।

# स्वामी विवेकानन्द के आदर्शों को जीवन में उतारने की है आवश्यकता: वीरेन्द्र जायसवाल

- संघर्ष ही व्यक्ति के जीवन में बनते हैं सफलता की प्रेरणा: जिलाधिकारी
- सामूहिक वन्दे मातरम का गान राष्ट्रभक्ति को जागने का एक प्रयास है: डॉ. सन्दीप

अवधनामा संवाददाता



**जौनपुर।** भारत विकास परिषद शौर्य के संस्थापक अध्यक्ष डॉ. सन्दीप पाण्डेय के नेतृत्व में राष्ट्रीय युवा दिवस स्वामी विवेकानन्द जयन्ती के अवसर पर एक भव्य आयोजन किया गया जिसमें विशाल युवा चेतना शोभायात्रा निकाली गयी जो भण्डारी स्टेशन के निकट राज कालेज के मैदान से सुतहट्टी, सब्जी मण्डी, कोतवाली, चहारसू, शाही पुल, ओलन्दगंज, जेसीज चौराहा, रोडवेज तिराहा होते हुए बीआरपी कालेज के मैदान पर पहुंची। इस शोभायात्रा में नगर के प्रतिष्ठित लोग, शिक्षक बन्धु, छात्रों ने हजारों की संख्या में भाग लिया। मैदान में जयन्ती उत्सव का आयोजन किया गया जिसमें सर्वप्रथम भारत माता एवं स्वामी विवेकानन्द के चित्र पर पुष्पार्पण एवं दीप प्रज्जवलन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य बिन्दु 2:15 बजे दिन में सामूहिक वन्दे मातरम का गायन किया गया। जिसमें परिसर में उपस्थित कई हजार लोगों तथा उसी समय संगठन के आह्वान पर पूरे जनपद और देश–विदेश में लाखों लोगों ने वन्दे मातरम का गीत गाया। संस्था के अध्यक्ष डॉ. सन्दीप पाण्डेय ने अपने स्वागत उद्बोधन में युगपुरूष स्वामी विवेकानन्द जी के व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए संगठन के उदय और उसके निरन्तर कार्यों के विषय में सभी को परिचित कराया। उन्होंने कहा कि वन्दे मातरम का यह सामूहिक गान राष्ट्रभक्ति को जगाने का एक सार्थक प्रयास है।

इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के क्षेत्र कार्यवाह पूर्वी उत्तर प्रदेश वीरेन्द्र जायसवाल ने कहा कि स्वामी विवेकानन्द ने भारतीय संस्कृति को पूरे विश्व में स्थापित किया और पूरे विश्व को विश्व बन्धुत्व की भावना से परिचित कराया। आधुनिक समय में हम उनके आदर्शों को कहीं न कहीं भूल चुके हैं इसलिए देश के युवाओं को उनके जीवन से सीखने की और प्रेरणा लेने की आवश्यकता है। अति विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित जिलाधिकारी डा. दिनेश चन्द्र ने भारत विकास परिषद शौर्य द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम की अत्यन्त सराहना की। उन्होंने कहा कि अध्यक्ष डा. सन्दीप पाण्डेय के नेतृत्व में 15 दिनों से इतनी ठंड के बावजूद इस विशाल कार्यक्रम को आयोजित किया गया। उन्होंने संगठन के सभी पदाधिकारियों को इसकी शुभकामना दी और कहा कि संघर्ष ही व्यक्ति के जीवन में सफलता की प्रेरणा बनते हैं। कार्यक्रम में महिला संयोजिका ज्योति श्रीवास्तव के नेतृत्व में बच्चों के द्वारा कई सांस्कृतिक कार्यक्रम किये गये। इस कार्यक्रम को भव्यता प्रदान करने वाले कार्यक्रम संयोजकों को मुख्य अतिथि के द्वारा सम्मानित किया गया। राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया। इस अवसर पर विभाग प्रचारक अजीत जी, जिला प्रचारक रजत जी, रवि सिंह, डा. मनोज वत्स, ब्रह्मेश शुक्ल, डा. रामनारायण सिंह, पंकज सिंह, आनन्द देव वर्मा, नीरज श्रीवास्तव, अतुल जायसवाल, अवधेश गिरि, जनार्दन पाण्डेय, अनिल गुप्ता, नित्यानन्द पाण्डेय, सन्दीप चौधरी, प्रशान्त सिंह लकी, डा. राजेश कुमार, रंजीत सिंह सोनू, सुजीत यादव, चंचल पाठक, प्रमोद शुक्ला, अम्बरीश पाठक, डा. प्रमोद सैनी, जयशंकर सिंह, अतुल मिश्रा, डा. अमरनाथ पाण्डेय, भूपेन्द्र पाण्डेय, राहुल पाण्डेय, अंजू सिंह, शालिनी निगम, रमेश श्रीवास्तव, सत्येन्द्र सिंह राणा, आशुतोष राय, डा. प्रभाकर सिंह, राहुल अग्रहरि, देवीसेवक शुक्ल, डा. आशुतोष सिंह, ज्ञान प्रकाश उपाध्याय, विद्या भूषण पाण्डेय, निशा गिरि, कुसुम पाण्डेय, रविकेश श्रीवास्तव, राजीव श्रीवास्तव, सावित्री सिंह, डा. गिरीश सिंह, अरविन्द गिरि आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम के प्रकल्प प्रमुख डा. विशाल सिंह ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का सफल संचालन हर्षित गुप्ता ने किया।

# डीएम ने गरीबों में वितरित किए कम्बल



अवधनामा संवाददाता

**जौनपुर।** जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चंद्र के द्वारा तहसील केराकत स्थित अघोराचार्य महाराज श्री बाबा कीनाराम जी की तपोस्थली पर पहुंचकर बाबा कीनाराम जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए दर्शन पूजन किया गया। इसके उपरांत जिलाधिकारी के द्वारा वहां उपस्थित वृद्धजन, गरीब, असहाय और जरूरतमंदों को कंबल वितरित किया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि मुझे अत्यंत प्रसन्नता हो रही है कि इस पावन धरती पर आने का सुअवसर प्राप्त हुआ। जिलाधिकारी ने विभिन्न योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा कि जनपद में पंजीकृत किसानों के सापेक्ष अभी फार्मर रजिस्ट्री में प्रगति बहुत कम है जिसमें सभी के सहयोग से फार्मर रजिस्ट्री की प्रगति को बढ़ाने की आवश्यकता है। इस दौरान उन्होंने फार्मर रजिस्ट्री सहित शासन द्वारा संचालित समस्त योजनाओं में पात्रों का चयन करते हुए उन्हें लाभ दिलाने के निर्देश अधिकारियों को दिए। जिलाधिकारी ने खंड विकास अधिकारी को निर्देशित किया कि मंदिर परिसर में नियमित रूप से साफ - सफाई होनी चाहिए। जिलाधिकारी ने उपस्थित लोगों से कहा कि जनपद में चल रहे फार्मर रजिस्ट्री कार्य में सहयोग करे,सभी लोग अपने नजदीकी सीएससी सेंटर पर जाकर पंजीयन अवश्य करा लें। 70 वर्ष से अधिक आयु के लोगों का आयुष्मान कार्ड बनाए जाने के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी साई तेजा सीलम, उप जिलाधिकारी केराकत सुनील कुमार, जिला पंचायत राज अधिकारी, थाना प्रभारी, अन्य अधिकारीगण सहित स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

## सांसद राम भुआल निषाद ने लगाई जन चौपाल



**सुल्तानपुर।** सासंद राम भुआल निषाद इसौली विधानसभा क्षेत्र के बहुरावा कस्बे में चौपाल लगाकर आमजन की समस्याओं से रूबरू हुए। सांसद ने उनके निस्तारण का आश्वासन दिया। जनसुनवाई के दौरान ग्रामीणों ने छुट्टा जानवर,बिजली व सड़क आदि की समस्याएं प्रमुखता से उठाई। इस अवसर पर सांसद ने कहा कि कोशिश रहेगी कि इन पांच सालों में समस्याओं का निस्तारण कर दिया जाए।इस मौके पर सपा जिला महासचिव मोहम्मद सलाउद्दीन,सुरेश निषाद,परमात्मा यादव,ब्लाक अध्यक्ष बल्दीराय बृजेश यादव, जितेंद्र यादव, मीडिया प्रभारी रामू निषाद,प्रधान समर निषाद,ह्रदय राम यादव,अजय कुमार,शिव प्रसाद यादव, आदित्य नारायण व नरेंद्र यादव आदि मौजूद रहे।

## पदोन्नति होने पर एस पी ने स्टार लगाकर दी बधाई



**सुल्तानपुर।** पुलिस अधीक्षक सुलतानपुर कुँवर अनुपम सिंह द्वारा जनपद में तैनात कम्प्यूटर ऑपरेटर ग्रेड ए,अमितेश कुमार थाना कोतवाली नगर,सुभाष चन्द्र थाना कादीपुर,रंजीत यादव थाना जयसिंहपुर, इन्द्रभूषण सिंह थाना शिवगढ़ का कम्प्यूटर ऑपरेटर ग्रेड बी के पद पर पदोन्नति होने पर स्टार लगाकर शुभकामनाएं दी गयी। पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह द्वारा पदोन्नति होने वालों के उज्जवल भविष्य की कामना भी की गयी ।उक्त मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक अखंड प्रताप सिंह भी मौजूद रहे ।

## जिला सैनिक बन्धु की बैठक 16 जनवरी को

**बहराइच।** जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी अवकाश प्राप्त कर्नल एम.सी. ध्यानी ने बताया कि जनपद के सभी पूर्व सैनिकों, पूर्व सैनिकों की पत्नियों एवं उनके आश्रितों के भूमि विवाद, पुलिस सुरक्षा, बैंक ऋण, शिक्षा, चिकित्सा, आर्थिक अनुदान व अन्य प्रकार की समस्याओं के निस्तारण हेतु 16 जनवरी 2025 को पूर्वान्ह 11:30 बजे से कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी मोनिका रानी की अध्यक्षता में जिला सैनिक बन्धु की बैठक आहूत की गई है। श्री ध्यानी ने सभी सम्ब्न्धित से अपेक्षा की है कि यदि कोई समस्या हो तो लिखित प्रार्थना-पत्र के साथ बैठक में समय से प्रतिभाग करें।

## इन्दिरा स्टेडियम में आयोजित होगी जनपद स्तरीय ग्रामीण खेल लीग प्रतियोगिता

**बहराइच।** जिला युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल अधिकारी ने बताया कि जिला युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल विभाग के अन्तर्गत 15 एवं 16 जनवरी 2025 को इन्दिरा गांधी स्पोर्ट्स स्टेडियम बहराइच में जनपद स्तरीय ग्रामीण चोल प्रतियोगिता आयोजित होगी। जिला युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल अधिकारी ने बताया कि 15 जनवरी को एथलेटिक्स, भारोत्तलन, वॉलीबाल व कबड्डी तथा 16 जनवरी को फुटबाल, जूडो, बैडमिंटन व कुश्ती खेलों का आयोजन होगा। इस सम्बन्ध में समस्त क्षेत्रीय युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि खण्ड स्तरीय खेल प्रतियोगिता के विजेता खिलाड़ियों को जनपद स्तरीय खेल प्रतियोगिता के कार्यक्रम की जानकारी प्रदान करते हुए जिला स्तरीय प्रतियोगिता में खिलाड़ियों के साथ इन्दिरा स्टेडियम उपस्थित रहेंगे।

# नि:शुल्क श्रवण कुमार महाकुंभ बस, प्रयागराज के लिए हुई रवाना

अवधनामा संवाददाता



**जौनपुर।** प्रयागराज में सोमवार से महाकुंभ का आगाज होने पर समाजसेवी पूर्व आईएस अभिषेक सिंह के द्वारा जेसीज चौराहा से निःशुल्क श्रवण कुमार महाकुंभ रथ सोमवार को शुभारंभ हुआ। इस मौके पर अभिषेक सिंह ने हरी झंडी दिखाकर बस को रवाना किया। वही श्रवण कुमार महाकुंभ रथ में सवार दर्शनार्थियों ने इस नेक कार्य की खूब सराहना की और कहा कि महाकुंभ में डुबकी लगाने के लिए हम सभी लोग काफी उत्साहित हैं और काफी अच्छा लग रहा है पूर्व आईएस अभिषेक सिंह ने सभी जिले के लोगों से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में महाकुंभ में लोग पहुंचकर आस्था की डुबकी लगाए और पुण्य के भागी बने। महाकुंभ के पहले दिन श्रवण कुमार महाकुंभ रथ में कुल 51 दर्शनार्थी सवार होकर प्रयागराज महाकुंभ के लिए हुए रवाना हुए और अभिषेक सिंह ने एक-एक दर्शनार्थियों से मिलकर उनका कुशल क्षेम जाना। मालूम हो कि पूर्व आईएस अभिषेक सिंह ने इससे पहले भी अयोध्या में राम मंदिर निर्माण होने के बाद रामलला का दर्शन के लिए एक महीना निःशुल्क बस सेवा लोगों के लिए उपलब्ध कराया था। इस नेक कार्य के लिए सभी जनपद के लोगों ने अभिषेक सिंह की सराहना की है। इस अवसर पर पूर्व डीआईजी कृपा शंकर सिंह, जितेंद्र सिंह, आशीष सिंह, वैभव सिंह, सभासद अंकित सिंह बिट्टू व गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# पवित्र संस्थाओं के माध्यम से जनसेवा का कार्य समाज को सशक्त बनाता है: सुनील

अवधनामा संवाददाता




**आजमगढ़।** अघोर शोध पीठ एवं शोध सेवा संस्थान,क्रीं कुण्ड, वाराणसी के बैनर तले हुआ कम्बल वितरण कार्यक्रम' अघोराचार्य बाबा कीनाराम की पावन तपोस्थली क्रीं कुण्ड के तत्वावधान में स्थापित सर्वेश्वरी समूह के अधीन अघोर शोध एवं सेवा संस्थान वाराणसी के पीठाधीश्वर बाबा सिद्धार्थ गौतम जी के निर्देश पर अघोर संस्थान के मानव कल्याण पर आधारित 19 सूत्री कार्यक्रम में से एक वंचितों को कम्बल वितरण का कार्यक्रम माँ महामैत्रायणी योगिनी के परिनिर्वाण दिवस पर सदर शाखा द्वारा, सिंहपुर ग्राम में यूनियन बैंक के सामने सम्पन्न हुआ जहाँ लगभग 250 गरीबों को कम्बल वितरण किया गया।

'मुख्य अतिथि जॉइंट मजिस्ट्रेट सदर सुनील कुमार धनवंता ने इस अवसर पर कहा कि जनसेवा ईश्वर की सेवा है जहां लोकसेवा के माध्यम से अधिकारी वर्ग सुशासन के कार्य में लगा होता है वहीं ऐसी पवित्र संस्थाओं के माध्यम से ही जनसेवा वास्तविक जरूरतमंदों तक पहुंच सकती है।'कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे माध्यमिक शिक्षक संघ के नेता रामजन्म सिंह ने सभी आगंतुकों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए बाबा सिद्धार्थ गौतम जी के 19 सूत्री कार्यक्रम के प्रति अपनी आस्था प्रकट करते हुए उन्हें बाबा किनाराम का अवतरण बताया।

कीनाराम जन्मस्थल रामगढ़ चंदौली से आये मेजर अशोक सिंह ने कहा कि पीठाधीश्वर बाबा सिद्धार्थ गौतम राम के निर्देश पर जनसेवा के कार्यक्रम निरन्तर जारी रहेंगे।

इस अवसर पर रामपुर निवासी सर्वेश्वरी समूह के सर्वकालिक मंत्री रहे स्व0 उदयभान सिंह नन्दी के प्रति श्रद्धा सुमन भी अर्पित किया गया। कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि उदयभान सिंह नन्दी जी की धर्मपत्नी श्रीमती शारदा सिंह जी ने भी कम्बल वितरण का कार्य अपनी देख रेख में सुनिश्चित करते हुए अपने पति के संकल्पों को पूरा होते देख संतोष जताया। कार्यक्रम में अघोर पीठ से सन्नद्ध नीरज सिंह ने अघोर शोध एवं सेवा संस्थान के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए इसे मानवता के रक्षण के लिए अपरिहार्य बताया।

## वीर रस के कवि शिव प्रसाद शर्मा अम्बू के निधन पर शोक सभा का आयोजन

**आजमगढ़।** हिन्दी उर्दू सहित्य मंच आजमगढ़ के तत्वाधान में वीर रस के कवि शिव प्रसाद शर्मा अम्बू के निधन पर कुँवर सिंह उद्यान पार्क में विवके राय प्रधान बीबीपुर की अध्यक्षता में शोक सभा आयोजित की गयी। साहित्य मंच के संरक्षक साहित्यकार संजय कुमार पाण्डेय सरस एवं सभासद पुनीत राय ने कहा कि अम्बू वीर रस के बड़े कवि थे उनके न रहने की कमी सभी साहित्कार को खल रही है। हम उन्हे सत् सत् नमन करते है। हिन्दी उर्दू साहित्य मंच के अध्यक्ष शायर ताज आजमी ने कहा जबा खामेश है और ऑसू बेइन्तेहा निकले कहा जाउ कहा पाऊ अजब ये माजरा निकले सुनाकर श्रद्धान्जली इसी क्रम अम्बु जी को याद में दो मिटन का मौन रख कर भावविहीन श्रद्धान्जली दी।

**सूचना**

सर्वसाधारण सुचित किया जाता है कि मेरा नाम मोहम्मद फैसल पुत्र मोहम्मद अरशद है जोकि मार्कशीट में मो. फैशल पुत्र मो. अरशद हों गया है जोकि ग़लत है मेरा सही नाम मोहम्मद फैसल पुत्र मोहम्मद अरशद है।

नाम -मोहम्मद फैसल
पुत्र मोहम्मद अरशद
ग्राम- सुम्बुलपुर
पोस्ट -गुरैनी खेतासराय
तहसील -शाहगंज
जिला- जौनपुर

**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य यांत्रिक अभियंता (ट्रेन सेट), उत्तर रेलवे, चारबाग वर्कशाप, लखनऊ द्वारा निम्न कार्य के लिए ई–निविदा आमंत्रित है।

| | |
|---|---|
| **निविदा संख्या :** डब्लू-सीबी-वी-कम्पोनेंट-2024 | |
| **कार्य का विवरण :** कार्यक्षेत्र के अनुसार मेमू कोच, बोगी कंपोनेंट, ट्रैक्शन मोटर कंपोनेंट, बेयरिंग और फ्रंट कवर के साथ एक्सल बॉक्स और इसके कंपोनेंट औ मेमू और इलेक्ट्रिक लोको के बुल गियर की सफाई करना। | |
| **कार्य की अनुमानित लागत :** रु. 92,23,981.12/- मात्र | |
| **अग्रिम धनराशि/बोली सुरक्षा :** रु. 1,84,500/- मात्र | |
| **निविदा फार्म का मूल्य :** रु. 0/- मात्र | |
| **कार्य पूरा होने की अवधि :** 12 माह | |
| **निविदा भरने करने का समय :** दिनाँक-13.01.2025 से 27.01.2025 समय 15:00 बजे तक। | |
| **निविदा खुलने की तिथि तथा समय :** दिनाँक-27.01.2025 को 15:15 बजे के बाद। | |

- निविदा प्रपत्र वेबसाइट **www.ireps.gov.in** द्वारा दिनाँक-13.01.2025 से 27.01.2025 (15:00 बजे तक) भरा जा सकता है।
- मैनअुल आफर पर विचार नहीं किया जायेगा।
- ठेकेदारों को इस निविदा के लिए निविदा दस्तावेज लागत और अग्रिम धनराशि/बोली सुरक्षा के लिए भुगतान केवल ई–पेमेंट गेटवे के माध्यम से करने की अनुमति है या भारत के अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक से बैंक गारंटी बांड के रूप में जमा किया गया है या जैसा कि निविदा दस्तावेजों में उल्लेख किया गया है।
- निविदा निर्धारित दिन एवं समय पर खोला जायेगा यदि किसी कारणवश उक्त दिनाँक को अवकाश होगा तो ठीक दूसरे कार्य दिवस में उसी समय पर खोला जायेगा।
- तकनीकी और वाणिज्यिक प्रस्तावों के खुलने के बाद अतिरिक्त दस्तावेज की प्रस्तुति एवं उससे संबन्धित निविदा उपरान्त किसी प्रकार के पत्राचार स्वीकार नहीं किए जाएंगे। निविदादाता के निविदा उपरान्त पत्रों को भी शून्य एवं प्रभावहीन माना जायेगा।

**सं.: उ.रे/सीबी/कार्यशाला/जनवरी/कम्पोनेंट/2025 दिनांक: 11.01.2025** **137/2025**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# महाराजा अहिबरन जयंती महोत्सव का आयोजन

अवधनामा संवाददाता

**आजमगढ़।** बरनवाल सेवा समिति आजमगढ़ के तत्वावधान में बरन कुल प्रर्वतक महाराजा अहिबरन जयंती महोत्सव का आयोजन पाण्डेय बाजार स्थित एक गेस्ट हाउस के सभागार में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि सुरेन्द्र प्रसाद बरनवाल वित्त एवं लेखाधिकारी बेसिक शिक्षा व विशिष्ट अतिथि विभा बरनवाल जिला मंत्री भारतीय जनता पार्टी द्वय द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर सरस्वती व महाराजा अहिबरन के चित्र पर माल्यार्पण व पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। कार्यक्रम में अल्पना, रंगोली, कुर्सी दौड़, नींबू दौड़, स्लो स्कूटी रेस, चित्रकला, लेख व सामान्य ज्ञान प्रतियोगिताएं आयोजित किया गया। प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान पर प्रतिभागियों को स्मृति चिन्ह व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में सीता माता का हनुमान द्वारा पता लगाने के प्रसंग पर आधारित नाटक का मंचन किया गया। ऐसे मार्मिक मंचन देख सभागार जय राम के जय घोष से गुंजायमान हो गया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि ने कहा कि आज बरनवाल समाज जागरूक व शिक्षित बनकर समाज व राष्ट्र की सेवा में अग्रसर हो रहा है। शिक्षित व्यक्ति ही समाज को दिशा व गति प्रदान कर सकता है। उक्त अवसर पर सर्वसमाज समाज व राष्ट्र सेवा में लगे प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। स्वामी विवेकानंद जयंती के अवसर पर बरनवाल सेवा समिति युवक संघ का गठन किया गया। जिसमें हिमांशु बरनवाल अध्यक्ष, रचित बरनवाल मंत्री, उत्कर्ष बरनवाल को कोषाध्यक्ष बनाया गया। बरनवाल सेवा समिति महिला संघ की नवनिर्वाचित अध्यक्ष पूनम बरनवाल, सुमन बरनवाल मंत्री, सारिका बरनवाल को कोषाध्यक्ष बनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता दीपक बरनवाल व संचालन राजेन्द्र बरनवाल ने किया। इस दौरान बद्री प्रसाद गुप्त, रवींद्र नाथ बरनवाल, प्रेम चंद बरनवाल, हर्ष बरनवाल, डॉ पारिजात बरनवाल, राजेश बरनवाल, शिप्रा बरनवाल, सुनीति बरनवाल, अंजू बरनवाल व स्वजातीय बंधुओं द्वारा सहभागि रही।

**कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता, गोण्डा वृत्त, लो.नि.वि., गोण्डा**

पत्रांक :- 84/2काम(बी)-गो0वृ0/2024-25 दिनांक : 07.01.2025

**अल्पकालीन ई-निविदा सूचना (स्वीकृति की प्रत्याशा में)**

महामहिम राज्यपाल महोदय उ0प्र0 की ओर से लोक निर्माण विभाग उ0प्र0 में मार्ग हेतु पंजीकृत निविदादाताओ से ई-टेण्डरिंग के माध्यम से नीचे दर्शाये गये कार्य हेतु निविदा आंमत्रित की जाती है।

| क्र. सं. | जनपद/खण्ड/विधानसभा का नाम | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (जी.एस.टी. रहित) (लाख में) | धरोहर धनराशि (लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य समस्त कर सहित (रू. में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि (वर्षा ऋतु सहित) | ठेकेदार की पंजीयन की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| | | नवीनीकरण वित्तीय वर्ष 2025-26 के कार्य (विधानसभा क्षेत्र तुलसीपुर) | | | | | |
| 1 | बलरामपुर/ प्रान्तीय खण्ड | बहराइच सिरसिया तुलसीपुर गुलरिहा मार्ग | 405.43 | 22.30 | 2600.00 | 5 माह | ए |
| 2 | बलरामपुर/ प्रान्तीय खण्ड | चौधरीडीह से ललिया मार्ग | 69.38 | 5.50 | 2600.00 | 2 माह | ए,बी,सी |
| 3 | बलरामपुर/ प्रान्तीय खण्ड | गरहवा सम्पर्क मार्ग | 64.13 | 5.25 | 2600.00 | 2 माह | ए,बी,सी |
| 4 | बलरामपुर/ प्रान्तीय खण्ड | भितवरिया कलां सम्पर्क मार्ग | 58.30 | 4.95 | 2600.00 | 2 माह | ए,बी,सी |
| | | (विधानसभा क्षेत्र गैसड़ी) | | | | | |
| 5 | बलरामपुर/ प्रान्तीय खण्ड | भगवानपुर खादर से हज्जीडीह इमिलिया खादर सम्पर्क मार्ग | 58.30 | 4.95 | 2600.00 | 2 माह | ए,बी,सी |
| 6 | बलरामपुर/ प्रान्तीय खण्ड | उतरौला पचपेडवा चन्दनपुर मार्ग से रमवापुर भगवानपुर शिवपुर मार्ग | 41.98 | 4.10 | 2600.00 | 2 माह | ए,बी,सी |
| 7 | बलरामपुर/ प्रान्तीय खण्ड | गनेशपुर मधवापुर लक्ष्मीनगर मार्ग | 101.42 | 7.10 | 2600.00 | 5 माह | ए,बी |
| 8 | बलरामपुर/ प्रान्तीय खण्ड | कोड़री चिरेबसना भोजपुर पम्पनहर मार्ग | 35.25 | 3.55 | 2600.00 | 2 माह | ए,बी,सी |
| 9 | बलरामपुर/ प्रान्तीय खण्ड | चैनपुर निश्चलडीह मार्ग | 32.65 | 3.30 | 2600.00 | 2 माह | ए,बी,सी |
| 10 | बलरामपुर/ प्रान्तीय खण्ड | गैंसड़ी धोबहा मार्ग से भदुआ शंकरनगर मार्ग | 62.67 | 5.15 | 2600.00 | 2 माह | ए,बी,सी |
| | | विशेष मरम्मत के अन्तर्गत कार्य (विधानसभा तुलसीपुर) | | | | | |
| 11 | बलरामपुर/ प्रान्तीय खण्ड | बुदनतापुर अह्लादडीह नैकिनया मार्ग | 122.50 | 8.20 | 2600.00 | 5 माह | ए,बी |
| 12 | बलरामपुर/ प्रान्तीय खण्ड | कोडरी मथुरा चौधरीडीह मार्ग | 126.50 | 8.35 | 2600.00 | 5 माह | ए,बी |
| 13 | बलरामपुर/ प्रान्तीय खण्ड | शिवपुरा इदगाह से सकरी सम्पर्क मार्ग | 43.50 | 4.20 | 2600.00 | 2 माह | ए,बी,सी |
| 14 | बलरामपुर/ प्रान्तीय खण्ड | सिंहपुर से लक्ष्मणपुर धरमपुर सम्पर्क मार्ग | 55.50 | 4.80 | 2600.00 | 2 माह | ए,बी,सी |
| 15 | बलरामपुर/ प्रान्तीय खण्ड | भंभरी से सिंगाही रोड | 36.50 | 3.65 | 2600.00 | 2 माह | ए,बी,सी |

बिड डाक्यूमेन्ट बेबसाईट- http://etender.up.nic.in पर दिनांक 15.01.2025 से 30.01.2025 तक सांय 12.00 बजे तक उपलब्ध है जो कि दिनांक 30.01.2025 को दोपहर 12.00 बजे तक डाउनलोड/अपलोड किये जा सकते है। निविदाओ की तकनीकी बिड दिनांक 30.01.2025 को दोपहर 12.30 बजे खोली जायेगी।

निविदा से संबंधित नियम/शर्ते तथा विवरण बेबसाइट http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। पंजीकृत निविदादाता द्वारा जो विवरण ई-टेण्डरिंग, एन0आई0सी0 की साइट पर अपलोड किया जाना है, वह लोक निर्माण विभाग की बेवसाईट www.uppwd.gov.in के प्रहरी सॉफ्टवेयर में भी अपलोड करना होगा। निविदा की अन्तिम तिथि दिनांक 30.01.2025 के दोपहर 12.00 बजे तक शुद्धिपत्र यदि कोई हो, तो उसे ई-पोर्टल पर अपलोड कर दिया जायेगा।

(कुमार शैलेन्द्र)
अधिशासी अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड, लो.नि.वि.
बलरामपुर

UPID-225864 Dated-10-01-2025
विज्ञापन आदेश के अनुसार www.upgov.in पर उपलब्ध

(लाल जी)
अधीक्षण अभियन्ता,
गोण्डा वृत्त, लो.नि.वि.,
गोण्डा

# कायस्थ महासंगम में गौरवशाली पूर्वांचल का लोकार्पण

अवधनामा संवाददाता



**आजमगढ़।** जनपद के अरविंद चित्रांश का पुस्तक गौरवशाली पूर्वांचल, दिल्ली स्थित अंबेडकर इंटरनेशनल सेंटर में कायस्थ समाज के अपरंपार भीड़ के साथ हाल में प्रवेश करते हुए विश्व के महान आध्यात्मिक गुरु स्वामी विवेकानंद एवं स्वामी महेश महर्षि जी के जन्म दिवस के अवसर पर गौरवशाली पूर्वांचल के प्रधान संपादक अरविंद चित्रांश के पुस्तक का लोकार्पण, भारत सरकार के पूर्व प्रधान सचिव, कायस्थ समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ अनूप कुमार श्रीवास्तव ने किया। भारत के रहने वाले विश्व स्तर पर दो महान अध्यात्मिक गुरू,युग प्रवर्तक और कायस्थ गौरव स्वामी विवेकानंद व महर्षि महेश योगी जी के जन्म जयंती समारोह डॉ0 अंबेडकर इंटरनेशनल सेंटर दिल्ली में उपस्थित महर्षि चक्रपाणि जी महाराज, वृंदावन चित्रगुप्त पीठ के स्वामी सच्चिदानंद, उत्तर प्रदेश के वन मंत्री डॉ अरुण सक्सेना, के.पी. ट्रस्ट प्रयागराज के अध्यक्ष डॉ0 सुशील सिंहा, पूर्व राज्य मंत्री रिबू श्रीवास्तव, कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. अरुण सिन्हा, पूर्व प्रधानमंत्री स्व0 लाल बहादुर शास्त्री की बहू नीरा शास्त्री आदि लोगों द्वारा दीप प्रज्वलित करके समारोह की शुरूआत किया गया। आध्यात्मिक गुरुओं के जयंती समारोह में उपस्थित जय चित्रांश आजमगढ़ एवं अंतर्राष्ट्रीय भोजपुरी संगम भारत के संयोजक अरविंद चित्रांश, प्रख्यात कथक, नृत्यांगना पदमश्री नलिनी कमलिनी,कॉमेडियन दीपू श्रीवास्तव, पूर्व न्यायमूर्ति सुधीर सक्सेना, पूर्व चीफ जस्टिस गिरीश चंद्र श्रीवास्तव,विश्व के सबसे बड़े घने बालों के लिए, लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड विजेता स्मिता श्रीवास्तव, नरकटियागंज के विधायक रश्मि वर्मा ,नेपाल के सांसद मनीष सुमन, नेपाल मद्धेशिया समाज के अध्यक्ष डॉ जितेंद्र दत्त, अंतरराष्ट्रीय समन्वक अनिल अनिल कण, प्रसिद्ध गायक दिवाकर श्रीवास्तव एवं रिद्धि सिद्धि ने अंतरराष्ट्रीय कायस्थ महासंगम में हजारों की संख्या में समा बांध दिया। जिसका संचालन अशोक श्रीवास्तव ने किया।

# विद्युत कर्मचारियों का निजीकरण के विरुद्ध में प्रदेशव्यापी आंदोलन जारी

अवधनामा संवाददाता



**आजमगढ़।** विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति उत्तर प्रदेश के आह्वाहन पर बिजली के निजीकरण के विरुद्ध प्रदेशव्यापी आंदोलन के तहत सोमवार को आजमगढ़ के समस्त बिजली कर्मचारी, संविदाकर्मी, इंजीनियरों ने पूरे दिन काली पट्टी बांधकर विभागीय कार्य किया। एवं कार्यालय समय के बाद हाइडिल सिधारी कार्यालय के बाहर शांतिपूर्ण तरीके से विरोध सभा कर संकल्प लिया कि हम ऊर्जा क्षेत्र के निजीकरण का आखिरी स्वास तक विरोध करेंगे।

बिजली का निजीकरण गरीबों मेहनतकश आवाम, आम विद्युत उपभोक्ताओं, किसानों, मजदूरों, नौजवानों, छात्रों एवं बिजली कर्मचारियों तथा प्रदेश का विकासविरोधी है। तथा आर्थिक रूप से प्रदेश की जनता को बड़े पूंजीपतियों का गुलाम बनाने की साजिश है। विरोध सभा में वक्ताओं ने कहा कि बिजली कर्मचारियों एवं अभियंताओं की कड़ी मेहनत के कारण पावर कॉरपोरेशन के आंकड़ों के अनुसार एटी एंड सी लासेस वर्ष 2023 - 24 में घटकर मात्र 16.92 प्रतिशत रह गया। एवं राजस्व वसूली वर्ष 2023 - 24 में बढ़कर रुपया 62069 करोड़ हो गई है ( जिसमें सरकारी सब्सिडी और सरकारी विभागों पर बकाए की धनराशि सम्मिलित नहीं है)। जिसमें यह दर्शाता है कि बिजली की चोरी रोकने एवं राजस्व वसूली को बढ़ाने के लिए बिजली कर्मचारियों ने व्यापक सुधार किया है। भारत सरकार की रिवैंप योजना के अंतर्गत चालीस हजार करोड़ रुपए से अधिक का राजस्व सिस्टम को मजबूत करने में लगाया जा रहा है। अप्रैल 2025 के बाद लाइनहानिया घटकर 12 प्रतिशत रह जाएगी और राजस्व वसूली में गुणात्मक सुधार होगा। ऐसे में अगर विद्युत वितरण व्यवस्था का निजीकरण किया जाता है तो बिजली के ढांचे में सुधार के लिए बड़े पैमाने पर खर्चा किए गए सरकारी धन का लाभ प्राइवेट कंपनियों को होगा। बिजली का निजीकरण दिनदहाड़े सरकारी धन व संपतियों की खुली लुट है जिसे रोक जाना चाहिए।

वक्ताओं ने कहा कि प्रबंधन वितरण निगमों की परिसंपत्तियों को कौड़ियों के मोल पहले से तय निजी घरानों को बेच रहा है तथा इसी दृष्टि से ट्रांजेक्शन कंसल्टेंट नियुक्त किए जाने की योजना बनाई गई है। विरोध सभा की अध्यक्षता रविशंकर गुप्ता तथा संचालन प्रभुनारायण पाण्डेय प्रेमी ने किया। तथा संबोधन मुख्य रूप से सैय्यद मुनव्वर अली, धर्मु राम यादव, काशीनाथ गुप्ता, लालचंद यादव पहलवान, अभिषेक श्रीवास्तव आदि ने किया।

## वित्त वर्ष 2026 में धीमी रहेगी सरकारी पूंजीगत व्यय की वृद्धि, गोल्डमैन सैक्स की भविष्यवाणी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय बजट की घोषणा से पहले गोल्डमैन सैक्स ने कहा कि नए वित्त वर्ष में सरकारी पूंजीगत व्यय वृद्धि में मंदी की आशंका है। गोल्मैन सैक्स एक अमेरिकी बहुराष्ट्रीय निवेश बैंक और वित्तीय सेवा कंपनी है। गोल्डमैन सैक्स ने अपनी रिपोर्ट में कहा, केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण आगामी बजट में सार्वजनिक खर्च में 13 फीसदी की वृद्धि की घोषणा कर सकती हैं। जबकि वित्त वर्ष 2024 में यह 17 फीसदी थी। इसके अलावा, इससे पहले तीन वर्षों में भी यह वृद्धि अच्छी रही थी। रिपोर्ट में कहा गया है कि सरकार वित्तीय अनुशासन के रोडमैप पर कायम रहेगी और राजकोषीय घाटे को जीडीपी के 4.5 फीसदी तक घटाने का लक्ष्य रखेगी। ब्रोकरेज कंपनी ने कहा कि भाजपा के संसद में घटते बहुमत को देखते हुए खर्च का एक हिस्सा ग्रामीण क्षेत्रों और कल्याणकारी योजनाओं में फिर से आवंटित किया जा सकता है।

# टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने सरकारी टूल रूम और प्रशिक्षण केंद्र के साथ समझौता किया

**बैंगलोर।** टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) ने कौशल विकास और सामुदायिक सशक्तिकरण के प्रति अपने समर्पण को मजबूत करते हुए, कर्नाटक के सरकारी टूल रूम और प्रशिक्षण केंद्र (गवरन्मेंट टूल रूम एंड ट्रेनिंग सेंटर - जीटीटीसी) के साथ समझौता किया है। जनवरी 2025 से प्रभावी यह समझौता जीटीटीसी केंद्रों और मल्टी स्किल डेवलपमेंट सेंटर्स (एमएसडीसी) यानी बहु-कौशल विकास केंद्रों में प्रशिक्षण की गुणवत्ता को बढ़ाने में टीकेएम की भूमिका को रेखांकित करता है। इसके तहत उन्नत उद्योग संस्कृति, संकाय विकास कार्यक्रम शुरू किये गये हैं और आधुनिक प्रशिक्षण सामग्री की पेशकश की गई है। शिक्षा और उद्योग के बीच की खाई को पाटने वाली यह पहल प्रशिक्षुओं के सशक्तिकरण के प्रति टीकेएम की प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है। इससे प्रशिक्षुओं को आज के प्रतिस्पर्धी औद्योगिक परिदृश्य में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए आवश्यक कौशल हासिल होंगे।

16 जीटीटीसी केंद्रों को विकसित करने की सफलता के आधार पर, टीकेएम अब 16 अतिरिक्त जीटीटीसी को टोयोटा की विशेषज्ञता प्रदान करने के लिए एक परिवर्तनकारी यात्रा पर निकल रहा है, जो पूरे कर्नाटक में तकनीकी शिक्षा को आगे बढ़ाने के लिए इसकी प्रतिबद्धता को आगे बढ़ाएगा। आने वाले सभी जीटीटीसी को मगदी परिसर के अनुरूप बनाया जाएगा। इसे एक रोल मॉडल संस्थान के रूप में देखा गया है और यह औद्योगिक संस्कृति तथा प्रशिक्षण उत्कृष्टता में नए मानक स्थापित करेगा। इस करार से मैसूर के मल्टी-स्किल डेवलपमेंट सेंटर (एमएसडीसी) का भी महत्वपूर्ण उन्नयन होगा, इससे उन्नत प्रशिक्षण पहल का समर्थन करने की इसकी क्षमता बढ़ेगी।

**समझौते की मुख्य विशेषताएं**

**संकाय विकास और प्रशिक्षणः** जीटीटीसी के संकाय सदस्यों को बिदादी में टीकेएम की अपने किस्म के अनूठे केंद्र में व्यावहारिक प्रशिक्षण मिलेगा, जिसमें टोयोटा उत्पादन प्रणाली और टोयोटा वे (तरीके) की जानकारी भी शामिल होगी।

**रोल मॉडल संस्थान का विकासः** जीटीटीसी मगाडी को एक प्रमुख प्रशिक्षण केंद्र के रूप में विकसित किया जाएगा, जो औद्योगिक प्रशिक्षण और संस्कृति में उत्कृष्टता के लिए एक मानक के रूप में काम करेगा।

**एमएसडीसी मैसूर का उन्नयनः** मैसूर स्थित मल्टी स्किल डेवलपमेंट सेंटर (एमएसडीसी) यानी

बहु-कौशल विकास केंद्र में उद्योग की आवश्यकताओं के अनुरूप उन्नत तकनीकी शिक्षा और कौशल विकास को समर्थन देने के लिए महत्वपूर्ण सुधार किए जाएंगे।

**औद्योगिक संस्कृति विकासः** टीकेएम, जीटीटीसी केंद्रों और एमएसडीसी में औद्योगिक संस्कृति की स्थापना को प्रशिक्षण सामग्री और ऑन-साइट सहयोग के माध्यम से समर्थन देगा।

**निरंतरता पहलः** जीटीटीसी संकाय को वनरोपण की डॉ. मियावाकी पद्धति पर प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा, जिससे विश्व स्तर पर मान्यता प्राप्त हरित प्रथाओं को बढ़ावा मिलेगा।

**उन्नत प्रशिक्षण सहायता** टीकेएम विनिर्माण क्षेत्र के लिए आवश्यक ज्ञान, कौशल औरदृष्टिकोण को बढ़ाने के लिए प्रशिक्षण मॉड्यूल और सामग्री प्रदान करेगा।

यह समझौता 24 महीने की अवधि के लिए प्रभावी रहेगा। इसमें इसके उद्देश्यों के सफल कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने के लिए समय-समय पर समीक्षा के प्रावधान हैं। यह कर्नाटक में तकनीकी शिक्षा और रोजगार सृजन के लिए एक मजबूत पारिस्थितिकी तंत्र बनाने के लिए टीकेएम और जीटीटीसी के बीच एक साझा दृष्टिकोण का प्रतिनिधित्व करता है।

# जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया ने ईवी फाइनेंसिंग के लिये कोटक महिन्द्रा प्राइम के साथ की भागीदारी

**गुरुग्राम।** जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया ने आज कोटक महिंद्रा प्राइम लिमिटेड (केएमपीएल) के साथ अपनी साझेदारी की घोषणा की। इस साझेदारी के तहत ईवी ग्राहकों को कंपनी के इनोवेटिव बैटरी-एज़-अ-सर्विस (बीएएएस) ओनरशिप प्रोग्राम के लिए वित्तीय समाधान उपलब्ध कराए जाएंगे। इस कदम के साथ, केएमपीएल पहले प्रमुख ऑटो फाइनेंसर्स में से एक बन गई है, जो बीएएएस कॉन्सेप्ट का समर्थन कर रही है, जिससे संभावित ग्राहकों तक इसकी पहुंच और प्रभाव बढ़ेगा।

बीएएएस एक अनूठा और लचीला ऑनरशिप प्रोग्राम है, जो वाहन खरीदने के शुरुआती खर्च को काफी हद तक कम करता है। यह प्रोग्राम स्वामित्व के अनुभव को न केवल किफायती बल्कि परेशानी से मुक्त भी बनाता है। सितंबर 2024 में लॉन्च किए गए इस मॉडल ने ग्राहकों में ईवी को लेकर नई रुचि जगाई है, जिससे ईवी की बिक्री में भी बढ़ोतरी हुई है। उपभोक्ताओं के बीच इस विशेष ऑनरशिप मॉडल की लोकप्रियता ने



केएमपीएल को प्रेरित किया है कि वह इस प्रोग्राम का हिस्सा बने और ईवी ग्राहकों के लिए विशेष वित्तीय समाधान पेश करे।

इस अवसर पर, जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया के चीफ ग्रोथ ऑफिसर गौरव गुप्ता ने कहा, 'हम नवाचार के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को बनाए रखते हैं और उपभोक्ताओं के लिए ऐसा अनुभव प्रदान करने के लिए समर्पित हैं, जो उनकी खुशी को बढ़ाए। बीएएएस के जरिए, हमने बाजार में एक नई पहल की है और इलेक्ट्रिक कार उद्योग में एक नया मापदंड स्थापित किया है। हमारी प्राथमिकता है कि वित्तीय भागीदारों के साथ मिलकर इसकी पहुंच को और व्यापक बनाएं, ताकि अधिक से अधिक लोग ईवी अपनाने के लिए प्रोत्साहित हों। केएमपीएल की टीम को हमारे साथ जुड़ने और बीएएएस के कॉन्सेप्ट को ग्राहकों तक पहुंचाने में सहयोग के लिए हम धन्यवाद देते हैं। केएमपीएल का व्यापक नेटवर्क और डीलरों के साथ मजबूत जुड़ाव निस्संदेह इस अनूठी पहल को तेजी से आगे बढ़ाने और हमारे ईवी की बिक्री में उल्लेखनीय वृद्धि करने में सहायक होगा।''

इस भागीदारी पर अपने विचार साझा करते हुए, कोटक महिंद्रा प्राइम लिमिटेड के प्रबंध निदेशक और सीईओ व्योमेश कपासी ने कहा, केएमपीएल में हमारा लक्ष्य व्हीकल फाइनेंसिंग में नवाचार को बढ़ावा देना है।

# दुनिया की पहली रोबोटिक कार्डियक टेलीसर्जरी को 286 किलोमीटर की दूरी से दिया गया अंजाम, एसएसआई मंत्रा

**नई दिल्ली।** देश में पहली स्वदेशी सर्जिकल रोबोटिक टेक्नोलॉजी के डेवलपर और भारत में निर्मित एसएसआई मंत्रा सर्जिकल रोबोटिक सिस्टम बनाने वाली कंपनी एसएस इनोवेशन्स ने मात्र दो दिनों में दुनिया की दो पहली रोबोटिक कार्डियक टेलीसर्जरियों को सफलतापूर्वक अंजाम देकर विश्वस्तरीय चिकित्सा जगत में इतिहास रच दिया है, कंपनी ने ऐसी उपलब्धि हासिल की है, जो अब तक हासिल नहीं की गई थी। एसएसआई मंत्रा 3 सर्जिकल रोबोटिक सिस्टम की मदद से यह संभव हो पाया, जिसमें 286 किलोमीटर की दूरी पर स्थित गुरूग्राम में एसएस इनोवेशन्स का मुख्यालय और जयपुर में मणिपाल हॉस्पिटल्स कनेक्टेड बने रहे। इस ऐतिहासिक उपलब्धि ने ऐसे भविष्य का मार्ग प्रशस्त किया है, जहां आधुनिक सर्जिकल टेक्नोलॉजी सुलभ एवं प्रभावी ग्लोबल हेल्थकेयर का अभिन्न हिस्सा बन जाएगी।

रिमोट के द्वारा टेलीरोबोटिक-



असिस्टेड इंटरनल मैमेरी आर्टरी हार्वेस्टिंग की प्रक्रिया को 58 मिनट में सफलतापूर्वक पूरा किया गया। गुरूग्राम में एसएसआई मुख्यालय से एसएस इनोवेशन्स इंटरनेशनल, इंक के संस्थापक, चेयरमैन एवं सीईओ डॉ सुधीर श्रीवास्तव के नेतृत्व में और मणिपाल हॉस्पिटल, जयपुर में चीफ़ ऑफ कार्डियक सर्जरी डॉ ललित मलिक ने जयपुर की रिमोट लोकेशन में विशेषज्ञों की टीम के साथ इस सर्जरी को अंजाम दिया। इस सर्जरी मात्र 35-40 मिलिसैकण्ड की लो लेटेंसी के साथ बेहतरीन सटीकता का प्रदर्शन किया है। इस ऐतिहासिक प्रक्रिया के बाद एक और- दुनिया की पहली रोबोटिक बीटिंग हार्ट टोटली एंडोस्कोपिक कोरोनरी आर्टरी बायपास प्रक्रिया को अंजाम दिया गया, इसे दुनिया की सबसे जटिल कार्डियक सर्जिकल प्रक्रियाओं में से एक माना जाता है; उसी साझेदारी में मात्र 40 मिलिसैकण्ड की लो लेटेंसी पर यह टेलीसर्जरी की गई।

दोनों सर्जरियों में गुरूग्राम और जयपुर के बीच कनेक्टिविटी बनी रही, यह उपलब्धि लम्बी दूरी पर टीम के तालमेल के द्वारा रिमोर्ट सर्जरी के नए मानक स्थापित करती है। इस उपलब्धि ने आने वाले समय में टेलीसर्जरी की बदलावकारी क्षमता की पुष्टि कर दी है, जो भोगौलिक सीमाओं के दायरे से परे, किसी भी दूरी पर स्थित मरीज़ उच्च गुणवत्ता की सटीम मेडिकल देखभाल का लाभ उठा सकेंगे।

इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर खुशी ज़ाहिर करते हुए एसएस इनोवेशन्स के संस्थापक, चेयरमैन और सीईओ डॉ सुधीर श्रीवास्तव ने कहा, ''हमें गर्व है कि हमने मानवता को लाभ पहुंचाने के लिए सर्जरी की क्षमता को आधुनिक बनाया है, इससे खासतौर पर सुदूर इलाकों के मरीज़ों को लाभ होगा, जो आधुनिक चिकित्सा सेवाओं से वंचित रह जाते हैं।

## ऑनलाइन और ऑफलाइन चैनलों पर OnePlus 13R खरीदने के इच्छुक ग्राहकों के लिए आकर्षक ऑफर इंतजार कर रहे हैं

**बेंगलुरु।** वैश्विक प्रौद्योगिकी ब्रांड, OnePlus, अपने नवीनतम फ्लैगशिप डिवाइस OnePlus 13R के लिए ओपन सेल शुरू करने के लिए तैयार है। डिवाइस को इस सप्ताह के शुरू में विंटर लॉन्च इवेंट में OnePlus 13 सीरीज़ के हिस्से के रूप में लॉन्च किया गया था, जो भारत में उपभोक्ताओं के लिए सबसे स्मार्ट फ्लैगशिप पसंद है। यह बिक्री 13 जनवरी 2025 को दोपहर 12 बजे से ऑनलाइन और ऑफलाइन चैनलों पर शुरू होगी।

प्रोजेक्ट स्टारलाइट के हिस्से के रूप में, OnePlus ने दो उद्योग-प्रथम पहलों की घोषणा की, OnePlus 13 सीरीज़ के यूज़र के लिए 180-दिवसीय फ़ोन रिप्लेसमेंट प्लान के साथ-साथ ग्रीन-लाइन चिंता मुक्त समाधान। 180-दिवसीय फ़ोन रिप्लेसमेंट प्लान के अनुसार, जो यूज़र ने 13 फरवरी, 2025 से पहले OnePlus 13 सीरीज़ के डिवाइस खरीदते हैं, वे नए डिवाइस के साथ हार्डवेयर समस्या की अप्रत्याशित स्थिति में खरीद के पहले 180 दिनों के भीतर मुफ्त रिप्लेसमेंट का लाभ उठा सकेंगे। ग्रीन-लाइन चिंता मुक्त समाधान, ग्रीन लाइन समस्या से प्रभावित OnePlus स्मार्टफोन उपयोगकर्ताओं के लिए मुफ्त आजीवन प्रतिस्थापन प्रदान करता है।

13 जनवरी 2025 से OnePlus 13R की 42,999 से शुरू होकर, खुली बिक्री आरम्भ होगी और यह 12+256GB और 16+512GB वेरिएंट में दो आकर्षक रंगों - नेबुला नोयर और एस्ट्रल ट्रेल में उपलब्ध होगा। OnePlus समुदाय OnePlus.in, OnePlus Store App, Amazon.in पर डिवाइस को ऑनलाइन और OnePlus E&perience Store, Reliance Digital, Croma, Vijay Sales, Bajaj Electronics और अन्य चुनिंदा पार्टनर स्टोर पर ऑफ़लाइन खरीद सकता है।

**मूल्य निर्धारण**

12+256GB वेरिएंट 7 42,999

16+512GB वैरिएंट 7 49,999

## महाकुंभ बना कंपनियों के लिए महाअवसर, प्रचार के लिए अपना रहीं हैं आधुनिक तरीके

**मुंबई।** उपभोक्ता सामान बनाने वाली कंपनियां अपनी बिक्री बढ़ाने के लिए सालभर त्योहारों से उम्मीद लगाए रखती हैं। प्रयागराज का महाकुंभ भी इन कंपनियों की नजर से बचा नहीं है।

हर त्योहार, चाहे वह छोटा हो या बड़ा, भारत की अर्थव्यवस्था के लिए जरूरी है। क्योंकि उपभोक्ता मांग और खर्च दोनों को बढ़ाने में त्योहारों की प्रमुख भूमिका होती है। भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में उपभोग की हिस्सेदारी करीब 60 फीसद है। उदारीकरण के बाद पिछले तीन दशकों में भारत की आर्थिक वृद्धि काफी हद तक उपभोग की वृद्धि पर निर्भर है। इसलिए अगले कुछ वर्षों में भारत को दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा उपभोक्ता बाजार बनने की उम्मीद जताई जा रही है। उपभोक्ता सामान बनाने वाली कंपनियां अपनी बिक्री बढ़ाने के लिए सालभर त्योहारों से उम्मीद लगाए रखती हैं। प्रयागराज का महाकुंभ भी इन कंपनियों की नजर से बचा नहीं है।

महाकुंभ का बजट करीब 12,670 करोड़ रुपए है। इसमें राज्य और केंद्र दोनों सरकारों का खर्च शामिल है। 45 दिनों तक चलने वाले कुंभ मेले में करोड़ों लोगों के आने की उम्मीद है, जिससे एक बड़ा कारोबार पैदा होगा। सरकार का मानना है कि इस बार महाकुंभ में 40 करोड़ लोग आएंगे। ये लोग जो रुपए खर्च करेंगे उसका आंकड़ा करीब दो लाख करोड़ रुपए तक जा सकता है। इतना ही नहीं, भारत की कई प्रमुख कंपनियां अपने उत्पादों का प्रचार और परीक्षण करने के लिए मेले में पहुंची हैं। महाकुंभ के दौरान ये कंपनियां विज्ञापन और मार्केटिंग पर करीब 3600 करोड़ रुपए खर्च करेंगी।

आईटीसी, कोका-कोला, अदानी ग्रुप, हिंदुस्तान यूनीलिवर, डाबर, बिसलरी, पार्क प्लस, इमामी, रिलायंस कंज्यूमर प्रोडक्ट्स, बैंक ऑफ बड़ौदा और स्पाइसजेट आदि ऐसी कंपनियां हैं जिन्होंने महाकुंभ में विज्ञापन अधिकार खरीदे हैं।

## अंकित तिवारी कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष युवा कांग्रेस मध्य जोन ने मनाया प्रियंका गांधी का जन्मदिन



**लखनऊ।** भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की महासचिव एवं सांसद प्रियंका गांधी के जन्मदिन के मौके पर आज अंकित तिवारी (कार्यकारी) प्रदेश अध्यक्ष युवा कांग्रेस मध्य जोन , श्री विश्व विजय सिंह नि.उपाध्यक्ष कांग्रेस प्रभारी फ्रंटल संगठन के नेतृत्व में मॉल एवेन्यू स्थित मंदिर में पूजा अर्चना हवन किया गया तथा गरीबों को कम्बल वितरित किया गया। माननीया श्रीमती प्रियंका गांधी जी के दीर्घायु होने की कामना की गई। उत्तर प्रदेश युवा कांग्रेस के का0 प्रदेश अध्यक्ष अंकित तिवारी ने कहा कि प्रियंका गाँधी जी ने जिस प्रकार युवाओं, महिलाओं सहित सभी वर्ग के लोगों के लिए संघर्ष किया और अब संसद में आम जनता की आवाज बुलंद कर रही हैं उससे पूरे देश में हर वर्ग के लोग आज उनके जन्मदिन पर न सिर्फ बधाई दे रहे बल्कि श्रीमती प्रियंका गांधी जी के दीर्घायु होने के लिये प्रार्थना कर रहे हैं। देश के हर वर्ग के लोगों का जुड़ाव प्रियंका जी की ओर बढ़ रहा है। जन्मदिन के मौके पर श्री अंकित तिवारी (का0) प्रदेश अध्यक्ष युवा कांग्रेस, विश्व विजय सिंह प्रदेश उपाध्यक्ष कांग्रेस प्रभारी फ्रंटल संगठन, विक्रम पांडेय , शिवम् त्रिपाठी,वर्चस्व पांडे, दीपक पाण्डेय, मुकेश अवस्थी, ख्वाजा शारिक अहमद, गौरव कुमार, नीरज सिंह, विशाल कुमार, चांद जिब्राइल, ज्ञान दीप, राजीव त्रिपाठी, पवन कुमार सहित भारी संख्या में युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# अनिद्राः आधुनिक समय की गंभीर समस्या, मेलाटोनिन सबलिंगुअल स्प्रे से दिख रही उम्मीद की किरण

तेजी से भागती आधुनिक जीवनशैली, तनाव, बहुत ज्यादा स्क्रीन टाइम और अनियमित दिनचर्या ने मिलकर 'अनिद्रा की महामारी' को बहुत तेजी से बढ़ाया है। इससे मानसिक और शारीरिक दोनों तरह से गंभीर दुष्प्रभाव पड़ता है। नींद पूरी न हो पाना इस समय सार्वजनिक स्वास्थ्य से जुड़ी गंभीर समस्या बन गई है। हालांकि आर्थिक व सामाजिक रूप से बड़े प्रभाव के बावजूद इसकी अक्सर अनदेखी कर दी जाती है। केंद्र सरकार ने 2017 में भारत की राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति में संशोधन किया था। पिछली नीति 2002 में जारी की गई थी और करीब 15 साल बाद इसे अपडेट किया गया। इस संशोधन का उद्देश्य बिना किसी अतिरिक्त वित्तीय दबाव के सभी नागरिकों के लिए अधिकतम स्वास्थ्य एवं कल्याण सुनिश्चित करना है। इस पॉलिसी में कुछ चुनिंदा प्राथमिक स्वास्थ्य समस्याओं से आगे बढ़ते हुए व्यापक स्वास्थ्य सेवा की ओर कदम बढ़ाया गया है। इसमें गैर-संक्रामक बीमारियों, मानसिक स्वास्थ्य, मोटापा, पैलिएटिव केयर और रीहैबिलिटेटिव




सर्विसेज जैसी स्वास्थ्य संबंधी बड़ी चिंताओं को शामिल किया गया है। हालांकि इस बदलाव के बाद भी इसमें एक समस्या की अनदेखी कर दी गई है और वह है नींद की कमी, अनिद्रा या अनियमितता के कारण राष्ट्र के स्वास्थ्य पर पड़ने वाला दुष्प्रभाव। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, करीब 30 प्रतिशत वैश्विक आबादी अनिद्रा की शिकार है। भारत में एक हालिया अध्ययन में सामने आया कि यहां 33 प्रतिशत वयस्क इस समस्या से जूझ रहे हैं, जिससे लोगों के भावनात्मक दबाव में जाने की आशंका बढ़ी है और उनमें मोटापा एवं कोरोनरी हार्ट डिसीज का खतरा बढ़ गया है। नींद की पूरी प्रक्रिया के केंद्र में रहता है मेलाटोनिन हार्मोन। यह शरीर में प्राकृतिक रूप से बनता है और आरामदायक नींद एवं संपूर्ण स्वास्थ्य में अहम भूमिका निभाता है। शरीर में सोने-जागने के साइकिल यानी सिर्केडियन रिदम को नियमित करने में मेलाटोनिन की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। यह शरीर को रिलैक्स करते हुए और अलर्टनेस को कम करते हुए अच्छी नींद के लिए तैयार करता है। डाइटरी सप्लीमेंट्स जैसे टेबलेट, गमीज या स्प्रे के रूप में अपनी दिनचर्या में मेलाटोनिन को शामिल करना नींद को नियमित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। इस दिशा में वेस्टीज प्राइम एब्जॉर्विट मेलाटोनिन सबलिंगुअल स्प्रे एक क्रांतिकारी उत्पाद के रूप में सामने आया है।

# कैलिफोर्निया बादाम के साथ सेहतमंद स्वाद में घुल-मिलकर मनाएं फसलों के त्योहार का जश्न!

भारत में फसलों की कटाई का सीजन बड़े उत्साह और खुशी के साथ मनाया जाता है। इसे देश के अलग-अलग हिस्सों में विभिन्न नामों से जाना जाता है, जैसे बंगाल में मकर संक्रांति, दक्षिण में पोंगल, और अन्य जगहों पर लोहड़ी, बिहू या बैसाखी। भले ही इन त्योहारों की परंपराएं और नाम अलग हों, लेकिन हर जगह स्वादिष्ट मिठाइयों और व्यंजनों का आनंद लेना सभी को एक साथ जोड़ता है। लोग मिलकर इस मौसम की खुशियां मनाते हैं।

इस बार, 2025 के त्योहार को और खास और सेहतमंद बनाने के लिए कैलिफोर्निया आमंड्स का उपयोग करें। कैलिफोर्निया के बादाम, जिन्हें ड्राय फ्रूट्स का राजा कहा जाता है, पोषण से भरपूर होते हैं। इनमें 15 महत्वपूर्ण पोषक तत्व जैसे प्रोटीन, हेल्दी फैट्स, फाइबर, विटामिन और मिनरल्स पाए जाते हैं, जो सेहत के लिए बेहद फायदेमंद हैं।

कटाई के सीजन का जश्न अपनों के साथ मनाना सभी को खुशी देता है, लेकिन इस दौरान खाने-पीने में सतर्क रहना भी जरूरी है। खासतौर पर भारत



में डायबिटीज, हाई कोलेस्ट्रॉल और मोटापा जैसी बीमारियों के बढ़ते मामलों को देखते हुए यह और भी अहम हो जाता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, हर साल भारत में छह मिलियन लोग इन समस्याओं का शिकार होते हैं, और 2030 तक इन बीमारियों की वजह से देश पर 6 ट्रिलियन डॉलर का बोझ पड़ सकता है।

त्योहारों पर स्वादिष्ट खाने का मजा लेते हुए भी सेहतमंद रहना आसान है। इसके लिए बस अपने आहार में पोषण से भरपूर चीजें, जैसे बादाम, शामिल करें। बादाम कार्बोहाइड्रेट वाले खाद्य पदार्थों के साथ खाने पर ब्लड शुगर के स्तर को नियंत्रित करने में मदद कर सकते हैं। यह फास्टिंग इंसुलिन लेवल को सही बनाए रखते हैं और कुल मिलाकर सेहत को बेहतर बनाए रखने में सहायक होते हैं।

कैलिफोर्निया बादाम को रोजाना के आहार में शामिल करना सेहत के लिए फायदेमंद है,खासकर वजन नियंत्रण में मदद के लिए। इनमें भरपूर फाइबर और संतोषजनक गुण होते हैं, जो भूख को लंबे समय तक शांत रखते हैं। इसके अलावा,बादाम लगातार ऊर्जा प्रदान करते हैं और टोटल व एलडीएल कोलेस्ट्रॉल को कम करने में सहायक होते हैं। ये हृदय से जुड़ी सूजन को कम करते हैं और प्रतिरक्षा प्रणाली (इम्युनिटी) को मजबूत बनाते हैं,जो मौसम बदलने के दौरान बेहद जरूरी है। इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च-नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ न्यूट्रिशन की हालिया डाइटरी गाइडलाइंस के अनुसार,बादाम को एक पौष्टिक नट माना गया है,जिसे रोजाना अच्छी सेहत बनाए रखने के लिए खाया जा सकता है।

# डेटॉल बनेगा स्वस्थ इंडिया अभियान ने स्वच्छ और स्वस्थ महाकुंभ मेला 2025 के लिए पूरी की तैयारी



**प्रयागराज।** दुनिया के सबसे बड़े धार्मिक समागम में सार्वजनिक स्वास्थ्य और स्वच्छता को बढ़ावा देने हेतु रेकिट अपने प्रमुख अभियान डेटॉल बनेगा स्वस्थ इंडिया के माध्यम से लगभग 15,000 सफाई कर्मचारियों को ट्रेनिंग और साबुन प्रदान कर के मदद करेगा । अखाड़ों के सहयोग से यह अभियान, भोजन परोसने वाले क्षेत्रों में श्रद्धालुओं को लाखों साबुन उपलब्ध कराएगा, ताकि भोजन से पहले और भोजन के बाद में हाथ धोया जा सके, जिससे स्वस्थ आदतों को बढ़ावा मिले । इन प्रयासों का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि श्रद्धालु और सफाई कर्मचारी दोनों ही स्वस्थ और स्वच्छ कुंभ के आयोजन में मदद करें।

डेटॉल बनेगा स्वस्थ इंडिया कुंभ के सभी 25 सेक्टरों में स्वास्थ्य और स्वच्छता वालेंटियर्स को तैनात कर रहा है, जो तीर्थयात्रियों को जमीनी स्तर पर सहायता और मार्गदर्शन प्रदान करेंगे। लाखों कल्पवासियों पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। उन्हें उनके प्रवास के दौरान लगातार स्वच्छता आदतों को प्रोत्साहित करने के लिए साबुन और स्वच्छता जागरूकता संदेश दिए जाएंगे। सांस्कृतिक अनुभव को जोड़ते हुए अभियान पारंपरिक नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से भक्तों को भी जोड़ेगा। ये नाटक अच्छे स्वास्थ्य को बनाए रखने में हाथ धोने की महत्वपूर्ण भूमिका पर शक्तिशाली संदेश देगा।

रेकिट, साउथ एशिया के एक्जीक्यूटिव वाइस प्रेसिडेंट गौरव जैन ने कहा, रेकिट में, हम मानते हैं कि समुदायों का स्वास्थ्य और कल्याण ही सच्ची प्रगति की नींव है। महाकुंभ मेला 2025 हमें भारत के सबसे सांस्कृतिक रूप से महत्वपूर्ण आयोजनों में स्वच्छता को बढ़ावा देने का अनोखा अवसर देता है। हम उत्तर प्रदेश सरकार और ग्लोबल इंटरफेथ वाश अलायंस के साथ अपनी लंबी साझेदारी को आगे बढ़ा करके काफ़ी प्रसन्न हैं। यह साझेदारी विकसित भारत @ 2047 के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को मजबूत करती है। हम यह मानते हैं कि हाइजीन एक स्वच्छ और स्वस्थ भारत की नींव है।


## केडीएम के कुंभ डिजिटल मेले में हुआ टेक्नोलॉजीऔर संस्कृति का संगम




**मुंबई।** केडीएम भारत में लाइफ़स्टाइल एवं मोबाइल एक्सेसरीज़ का प्रमुख ब्रांड है, जिसने अपनी कुंभ डिजिटल मेला पहल के साथ स्थायी एवं उपयोगी टचप्वाइंट्स की स्थापना की है, और इस तरह महाकुंभ 2025 की सफलता को आकार देने में अपनी भूमिका को मजबूत बनाया है। कुंभ डिजिटल मेला दरअसल ब्रांड केडीएम का विस्तारितरूप है। इस अवसर पर केडीएम के संस्थापक, श्री एन. डी. माली ने कहा, भारत 2047 तक विकसित भारत के सफ़र पर आगे बढ़ रहा है, इसलिए हमें भी मेक इन इंडिया के साथ-साथ मेक फॉर द वर्ल्ड के मंत्र के साथ आगे बढ़ना चाहिए। कुंभ डिजिटल मेला पहल इस बात को दर्शाता है कि, हम आर्थिक प्रगति और संस्कृति की हिफाज़त के लिए टेक्नोलॉजी का लाभ उठाने और संस्कृति को अपनाने के संकल्प पर कायम हैं। चर्चा को आगे बढ़ाते हुए केडीएम के सह-संस्थापक, श्री बी. एच. सुथार ने कहा, डिजिटल इंडिया को मजबूत बनाने के लिए स्थानीय स्तर पर इनोवेशन के साथ-साथ पूरी इंडस्ट्री की ओर से एकजुट होकर प्रयास करने की जरूरत है। केडीएम अव्वल दर्जे की गुणवत्ता के साथ अपने प्रोडक्ट्स के विकास को सक्रिय रूप से बढ़ावा देगा, जो भारत को तकनीकी और सांस्कृतिक दृष्टि से मजबूत देश के रूप में स्थापित करेगा। कुंभ देश भर के श्रद्धालुओं को अपनी ओर आकर्षित करने वाला धार्मिक आयोजन है, जो 'भारत का स्पिरिचुअल चार्जर' बन गया है। इसी तरह, केडीएम भी शहरी ग्राहकों के साथ-साथ अर्ध-शहरी, और टियर 2 तथा 3 श्रेणी के शहरों के ग्राहकों को भी लाइफ़स्टाइल के अनुरूप मोबाइल एक्सेसरीज़ के विकल्प उपलब्ध कराता है, जिसमें पैसा-वसूल और बेहतरीन गुणवत्ता वाली मोबाइल एक्सेसरीज़ शामिल हैं।

# जयपुरिया इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट लखनऊ ने बिजनेस कम्युनिकेशन कॉन्क्लेव की मेजबानी की

**लखनऊ।** जयपुरिया इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट, लखनऊ ने कार्यस्थल सहयोग पर डिजिटल संचार उपकरणों के प्रभाव (इम्पैक्ट ऑफ़ डिजिटल कम्युनिकेशन टूल्स ऑन वर्क प्लेस कोलैबोरेशन) विषय पर केंद्रित बहुप्रतीक्षित बिजनेस कम्युनिकेशन कॉन्क्लेव की सफलतापूर्वक मेजबानी की। इस कॉन्क्लेव के प्रतिष्ठित वक्ताओं के पैनल में अनिंदिता मुखर्जी सिन्हा, प्रमुख जीसीसी क्लाइंट कम्युनिकेशन, अर्न्स्ट एंड यंग; भास्वती चक्रवर्ती, उपाध्यक्ष, कॉर्पोरेट कम्युनिकेशन, बैंक ऑफ अमेरिका; और अनूप शर्मा, रणनीतिक संचार सलाहकार, पीएमएनसीएच, डब्ल्यूएचओ शामिल थे। इस कार्यक्रम में वक्ताओं के एक प्रतिष्ठित पैनल ने इस बारे में अपने विचार साझा किए कि कैसे डिजिटल संचार उपकरण व्यावसायिक बातचीत को नया रूप दे रहे हैं और आधुनिक कार्यस्थलों में सहयोग को बढ़ावा दे




रहे हैं। जयपुरिया इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट लखनऊ की डीन-एकेडमिक्स डॉ. सुषमा विश्नानी ने डिजिटल संचार के लगातार बदलते परिदृश्य को समझने और उसके अनुसार ढलने के महत्व पर जोर दिया। इस वर्ष का विषय डिजिटलीकरण की आवश्यकता और यह हमारे दैनिक जीवन और कॉर्पोरेट जीवन को कैसे प्रभावित करता है, को दर्शाता है। कॉन्क्लेव का विषय आज के युग में प्रासंगिक है। जयपुरिया लखनऊ में, हम छात्रों को गतिशील कॉर्पोरेट दुनिया के लिए तैयार करने में विश्वास करते हैं। कॉर्पोरेट जगत के अग्रणियों से जुड़कर, जयपुरिया लखनऊ के छात्र व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त करते हैं, डॉ. विश्नानी। जयपुरिया इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट, लखनऊ की बिजनेस कम्युनिकेशन की एरिया चेयर डॉ. आभा आर. दीक्षित ने कहा, हम इस साल के बिजनेस कम्युनिकेशन कॉन्क्लेव की मेजबानी करके उत्सुक हैं, जिसमें कार्यस्थल पर सहयोग को नया रूप देने में डिजिटल संचार उपकरणों की परिवर्तनकारी शक्ति का पता लगाने के लिए उद्योग जगत के अग्रणियों और संचार विशेषज्ञों को एक साथ लाया गया है।

अवधनामा

लखनऊ, मंगलवार, 14 जनवरी 2025



# पुलिस मुठभेड़ में दो पशु तस्कर को लगी गोली, तीन गिरफ्तार

अवधनामा ब्यूरो


मुठभेड़ में घायल तस्कर को इलाज हेतु ले जाती पुलिस

- तस्करों से पुलिस ने 33 राशि गोवंशीय पशुओं को कराया मुक्त
- तुर्कपट्टी थाना क्षेत्र के घाघी पुल के पास हुई मुठभेड़

**कुशीनगर।** तुर्कपट्टी थाना क्षेत्र के कुकुत्था नदी के समीप घाघी पुल के पास पुलिस और पशु तस्करों के बीच सोमवार को मुठभेड़ हो गई जिसमें दो पशु तस्करों के पैर में गोली लगने से घायल हो गए। वहीं भागने के फिराक में एक अन्य तस्कर को दबोच लिया। इन तस्करों से पुलिस ने पिकअप वाहन से 33 राशि गोवंशीय पशु मुक्त करते हुए आवश्यक कार्रवाई में जुट गई। सोमवार को थाना कोतवाली हाटा को सूचना मिली कि कुछ शातिर पशु तस्कर ट्रक व पिकप वाहन से एनएच-28 के रास्ते गोवंशीय पशुओं को चोरी छिपे लादकर बिहार ले जा रहे है। इस सूचना पर तत्काल योजना बनाते हुए पुलिस टीमों का गठन किया गया जिसमें थाना कोतवाली हाटा, थाना तुर्कपट्टी, थाना तरया सुजान व थाना तमकुहीराज की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा तुर्कपट्टी क्षेत्र के कुकुत्था नदी के समीप घाघी पुल के पास घेराबंदी कर चेकिंग शुरू कर दिया। चेकिंग के दौरान एक ट्रक व एक पिकप वाहन आते दिखाई दिया जिसको पुलिस टीम द्वारा रोकने का प्रयास किया गया तो वाहन में सवार कुछ व्यक्तियों द्वारा लक्ष्य साधकर पुलिस टीम पर जान मारने की नियत से फायर किया गया। जवाबी प्रतिरक्षा में पुलिस टीम द्वारा फायरिंग की गई, जिसमें दो व्यक्ति घायल हो गए जिनकी पहचान जुम्मन पुत्र जुल्फन निवासी मेहियापार थाना अहिरौला जनपद आजमगढ़, अंशु पुत्र राजू निवासी अम्बारी थाना फुलपुर जनपद आजमगढ़ के रुप में हुई तथा एक अन्य साथी भोलू शिल्पकार पुत्र रामजीत निवासी रकबा जलालपुर थाना अहिरौला जनपद आजमगढ़ भागने का प्रयास कर रहा था जिसको पुलिस टीम द्वारा घेराबंदी के दौरान गिरफ्तार किया गया। उनके कब्जे से 33 राशि गोवंशी पशु, दो ठोस लकड़ी का गोलाकार ठीहा, रस्सी, दो अवैध तमंचा व 04 जिन्दा कारतूस व 02 खोखा कारतूस आदि बरामद किया गया है। घायल अभियुक्तों को दवा ईलाज हेतु पुलिस अभिरक्षा में अस्पताल भेजा गया। अभियुक्तों द्वारा पूछताछ में बताया गया कि हम लोगों द्वारा छुट्टा घुम रहे गोवंशीय पशुओं को चोरी छिपे वाहनों में बांधकर वाहनों में लादकर बिहार ले जाकर गो-तस्करी का कार्य करते है। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में प्र.नि. सुशील शुक्ला थाना कोतवाली हाटा, प्र.नि. अमित शर्मा थाना तमकुहीराज, प्र.नि. राज प्रकाश सिंह थाना तरया सुजान व प्र.नि. संजय कुमार थाना तुर्कपट्टी शामिल रहे।

## पीड़िताओं के विधिक अधिकारों का न हो हनन

**देवरिया।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवरिया के तत्वावधान में जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवरिया देवेन्द्र सिंह के निर्देशानुसार वन स्टाप सेण्टर में पीड़िताओं के सुरक्षा व उनके अधिकारों हेतु अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, देवरिया मनोज कुमार तिवारी द्वारा औचक निरीक्षण किया गया। सचिव द्वारा बताया गया कि पीड़िताओं के सुरक्षा एवं उनके अधिकारों का संरक्षण किया जाना चाहियें। समाज को उनके सुरक्षा एवं अधिकारो के प्रति सजग रहना चाहिए। उन्होंने महिलाओं के अधिकारों के बारें में विस्तार से बताया। निरीक्षण के दौरान अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने वन स्टाप सेण्टर पर साफ-सफाई, सुरक्षा व आमजनमानस को विधिक साक्षरता हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया। उन्होंने वन स्टाप सेण्टर के केन्द्र प्रबन्धक नीतु भारती को निर्देशित करते हुए कहा कि जिन महिलाओं को विधिक सहायता की आवश्यकता हो, उनके मामले को चिन्हित कर अधिक से अधिक संख्या में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवरिया के कार्यालय में संदर्भित करें, ताकि उनकों विधिक सहायता दी जा सकें।

# जिले की स्थापना के तेईस साल बाद संचालित हुआ नया कलेक्ट्रेट भवन








अवधनामा संवाददाता

**अमेठी।** जिले की स्थापना के बाद चौबीसवें वर्ष में मकर संक्रान्ति के पावन पर्व के एक दिन पूर्व सोमवार से कलेक्ट्रेट का संचालन नये भवन में शुरू हुआ है। जिले के नोडल अधिकारी की उपस्थिति में वैदिक रीति रिवाज से पूजा अर्चना के साथ कलेक्ट्रेट के नये भवन का उद्घाटन हुआ। उद्घाटन समारोह में जिले के सभी अधिकारियों के साथ जनप्रतिनिधि भी मौजूद रहे। पूर्व मुख्यमंत्री सुश्री मायावती ने 11दिसम्बर 2002को एक रैली करके अमेठी संसदीय क्षेत्र को छत्रपति शाहू जी महाराज नगर के नाम से नया जनपद बनाया था।सपा की सरकार ने जिले को खत्म कर दिया था। जिला बचाओ संघर्ष समिति को अदालती लडाई में विजय मिलने के बाद 2010 से जनपद स्थायी रूप से संचालित हुआ है। सोमवार को लगभग तेरह साल बाद कलेक्ट्रेट नये भवन में संचालित हुआ है।

पुलिस लाइन और जिला जेल का निर्माण युद्ध स्तर पर चल रहा है। इसी वर्ष काम पूरा होने की पूरी संभावना है।

## पहले शाही स्नान पर्व के लिए व्यापार मंडल ने भेजे 125 श्रद्धालु




**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** सोमवार को उद्योग व्यापार मंडल की ओर नई पहल के तहत प्रयागराज महाकुंभ-2025 के लिए श्रद्धालुओं को निःशुल्क बस से पहला जत्था रवाना किया गया। उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष महेश सोनी ने हरी झंडी दिखाकर महाकुंभ के पहले स्नान के लिए दो बसों से लगभग 125 श्रद्धालुओं प्रयागराज के लिए रवाना किया गया। जिलाध्यक्ष महेश सोनी ने बताया कि व्यापार मंडल की ओर से महाकुंभ के लिए बसों से निशुल्क श्रद्धालुओं को भेजने की योजना तैयार की गई है। सोमवार को पहले दिन कार्यालय के पास से दो बसों में 125 श्रद्धालुओं को संगम स्नान के लिए रवाना किया गया है। इस दौरान जिला अध्यक्ष महेश सोनी अपनी पत्नी लक्ष्मी सोनी के साथ श्रद्धालुओं को श्रीराम पीली पट्टिका गले में पहन कर स्वागत किया और स्नान के लिए रवाना किया। श्रद्धालुओं की ओर से जय श्री राम के नारे लगाए गए। व्यापार मंडल ने यात्रियों के लिए खान-पान की समुचित व्यवस्था की है। श्रद्धालुओं की सुविधा का विशेष ध्यान रखा गया है और उनकी सहायता के लिए व्यापार मंडल के प्रतिनिधि बसों में मौजूद रहेंगे। यात्रा का मुख्य उद्देश्य महाकुंभ का दर्शन और मां गंगा में स्नान है। श्रद्धालु प्रयागराज में पवित्र स्नान और दर्शन के बाद देर शाम तक अपने घरों को वापस लौट आएंगे।

# स्वामी विवेकानंद के मिशन पर चलकर भारत को पुनः बनाया जा सकता है सोने की चिड़िया : पं. घनश्यामानन्द

अवधनामा संवाददाता



**देवरिया।** देश के महान संत, दार्शनिक व विचारक स्वामी विवेकानंद की जयंती भाटपार रानी तहसील क्षेत्र के भवानी छापर बाजार स्थित शंकर भुवनेश्वर नाथ जूनियर हाई स्कूल के प्रांगण में मनाई गई। इस अवसर पर एक काव्य गोष्ठी का आयोजन भी हुआ। इस दौरान कवि व शायर मक़सूद अहमद भोपतपुरी ने अपनी रचना-जीवन अपना समर्पित करके दिया हमें आनन्द, अमर रहेंगें सदा दुनिया में स्वामी विवेकानंद प्रस्तुत कर स्वामी जी के जीवन आदर्शों पर प्रकाश डाला।

परमानंद परदेसी ने सामाजिक समरसता पर काव्य पाठ किया। पं0 मधुसूदन द्विवेदी मृदुल ने विभिन्न समाजिक व धार्मिक गीत पेश किया। इसके अलावा रविंद्र सिंह, दिनेश सिंह मामा, सुभाष यादव, प्रमोद चौधरी, मु0 मुस्ताक आदि ने भी अपनी रचनाएं प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्रीमद् भागवत व श्री रामचरितमानस कथा वाचक पं0 घनश्यामानंद ओझा ने कहा कि स्वामी विवेकानंद जी ने पूरी दुनिया को धर्म,दर्शन व मानवता के सच्चे अर्थो से रूबरू कराया।स्वामी जी ने देशवासियों के अंदर देशप्रेम, आपसी एकता व भाईचारे के भावनाओं का संचार किया।।आज के परिवेश में उनके विचारों को आत्मसात करने की जरूरत है। उनके बताए हुए मिशन पर चलकर हम पुनः भारत को सोने की चिड़िया और विश्व गुरु बना सकते हैं। विशिष्ट अतिथि संपादक पांडे एनडी देहाती ने कहा कि स्वामी विवेकानंद उच्च स्तर के संत थे, जिन्होंने पूरी दुनिया में भारत का नाम रोशन किया। उन्हें भुलाया नहीं जा सकता।पत्रकार एसोसिएशन के राष्ट्रीय महामंत्री उदय प्रताप सिंह ने कहा कि स्वामी विवेकानंद ने बाह्य आडंबर व पाखंडवाद का विरोध करते हुए सच्चाई को सामने लाया। नेशनल प्रेस यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष विपुल तिवारी ने कहा कि हिंदू -मुस्लिम, सिक्ख-इसाई सबको एक साथ मिल जुलकर रहने व काम करने से ही देश का भला हो सकता है। भोजपुरी पुनर्जागरण मंच के बिहार प्रदेश अध्यक्ष डॉ रविंद्र यादव ने कहा कि आज भारतीय संस्कृति पर पाश्चात्य संस्कृति हावी होती जा रही है, जिसे रोकने की जरूरत है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए समाजसेवी जटाशंकर सिंह ने कहा कि आज स्वामी विवेकानंद जैसे महान व दिव्य संत की जयंती मनाकर हम लोग स्वयं को गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। कार्यक्रम को पत्रकार एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष सुंदरम मिश्र,पूर्व प्रधानाचार्य रमाकान्त सिंह,भाजपा नेता ठाकुर अमित पवार सिंह, पत्रकार असलम परवेज, राघवेंद्र पांडेय, अमानत अंसारी,अवकाश प्राप्त शिक्षक ध्रुवदेव सिंह,मु0 सगीर आदि ने संबोधित किया। वहीं विद्यालय के प्रबंधक वीरेश सिंह व उनके पुत्र आशुतोष सिंह राज ने आए हुए अतिथियों के प्रति आभार प्रकट करते हुए उनका स्वागत किया।

## नये साल में मनरेगा मजदूरों के हाथ खाली, दो महीने से नहीं आई मजदूरी

### ठंड बढ़ने से नगर में आने वाले सभी मजदूरों को नहीं मिल रही दिहाड़ी



**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** नये साल में मनरेगा मजदूरों के हाथ पूरी तरह खाली हैं। नवंबर के बाद मजदूरी का कोई भुगतान नहीं है। लगभग साढ़े तेरह करोड़ रुपए का भुगतान बकाया है। पिछले तीन दिन से मनरेगा की वेबसाइट बंद चल रही है। सर्द मौसम में मनरेगा के काम प्रभावित हैं। अधिकांश ग्राम पंचायतों में काम करने वाले मजदूरों की संख्या इकाई में है।जो मजदूर काम कर रहे हैं,उनको मजदूरी का भुगतान प्रधानों को अपने पास से करना पड़ रहा है, किसी भी ग्राम पंचायत में बड़ा काम नहीं हो रहा है। विकास भवन के सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार 2657 एफ टी ओ भुगतान को लम्बित हैं। 133181484 रु मजदूरी अंश का भुगतान बकाया है। मैटेरियल पेमेंट का भी कई करोड़ रुपए बकाया है। **ठंड में बढ़ा दिहाड़ी का संकट-** पिछले दो सप्ताह से मौसम परिवर्तन और ठंड बढ़ने से मजदूरों को दिहाड़ी का संकट है। गांव से दिहाड़ी के लिए सुबह बाईपास और रामलीला मैदान के पास घंटों खड़े रहने के बाद भी सभी मजदूरों को काम नहीं मिल रहा है। बाईपास पर सुबह दिहाड़ी के लिए खड़े कई मजदूरों ने बताया कि रविवार को बारिश होने के कारण कहीं काम नहीं मिला। 12बजे तक इंतजार करने के बाद बिना दिहाड़ी के घर वापस होना पड़ा।

## आईजीआरएस निस्तारण में कुशीनगर पुलिस लगातार चौथी बार प्रदेश में अव्वल

अवधनामा ब्यूरो


जनसुनवाई में लगे पुलिसकर्मियों की फाइल फोटो

- एसपी ने जनसुनवाई में लगे सभी पुलिसकर्मियों को दी बधाई

**कुशीनगर।** आईजीआरएस/ जनसुनवाई निस्तारण में कुशीनगर पुलिस को प्रदेश में लगातार चौथी बार प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। यह तब हुआ जब कुशीनगर के तेज तरार एसपी संतोष कुमार मिश्रा ने लगातार अपने मातहतों को आईजीआरएस के संबंध में मॉनिटरिंग करते रहे।

पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस कार्यालय में जनपद के समस्त थानों/ क्षेत्राधिकारी कार्यालयों/आईजीआरएस सेल पर नियुक्त आईजीआरएस कर्मियों को प्रार्थना पत्रों के गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध निस्तारण हेतु समय समय पर समीक्षा गोष्ठी कर निर्देश दिए जाते रहे है। जनता की समस्याओं की सुनवाई के दौरान पुलिस अधीक्षक कुशीनगर द्वारा लगातार वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से समस्त क्षेत्राधिकारी व थाना प्रभारी/ थानाध्यक्ष को जोड़कर जनता से वार्ता कराकर समस्याओं का निस्तारण सुनिश्चित किया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक द्वारा आईजीआरएस सेल में नियुक्त आईजीआरएस सेल प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार यादव, का. आलोक प्रताप सिंह, का. राजेन्द्र सिंह यादव, का. ज्ञानेन्द्र मिश्रा, का. अक्षय कुमार चौधरी, का. भीम राव व का. उमाशंकर यादव तथा जनशिकायत प्रकोष्ठ में नियुक्त जनशिकायत प्रकोष्ठ प्रभारी संतोष यादव, निरीक्षक रविन्द्र नाथ सिंह, म.का. निकिता मिश्रा, स्वाति गुप्ता, मंजू चौहान, अमिता पाण्डेय, का. अरुण कुमार को नगद पुरस्कार व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। आगे भी पुलिस अधीक्षक द्वारा थानों पर आईजीआरएस, जन शिकायत, महिला हेल्प डेस्क पर प्राप्त प्रार्थना पत्र के निस्तारण की समीक्षा कर समयावधि के भीतर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु कड़े निर्देश दिए गए।


## बाबा साहब भारत के गौरव : पवन मिश्र



**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** भाजपा किसान मोर्चा द्वारा संविधान गौरव अभियान के अंतर्गत रामपुर कारखाना विधानसभा के ग्राम- असना में चौपाल का आयोजन कर संविधान के बारे में चर्चा किया गया। इस अवसर पर उपस्थित किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष पवन कुमार मिश्र ने कहा कि बाबा साहब भीमराव अंबेडकर भारत के गौरव है, उन्होंने भारत के संविधान की रचना करते समय भारत के दबे-कुचले और पिछड़ों व्यक्ति के हित के लिये कई प्रावधान किए। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बाबा साहब के संविधान को अंगीकार करते हुए अंत्योदय की संकल्पना को साकार किया है, जिससे देश के पिछड़े व्यक्तियों के हितों की रक्षा हो रही है।बैकुंठपुर मण्डल अध्यक्ष राजेश कुशवाहा ने कहा कि भाजपा सरकार संविधान का सम्मान करते हुए बाबा साहब के सपनो को साकार कर रही है। कार्यक्रम में उपस्थित अनसूचित परिवार की महिलाओं को कम्बल वितरित कर उत्तरप्रदेश सरकार की उपलब्धियों की पुस्तिका दिया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से सुमन्त चतुर्वेदी, सुशील सिंह, राजेश श्रीवास्तव, नित्यानंद पाण्डेय, वीरेंद्र पाठक, तब्बसुम, अनिल कन्नोजिया, देवंती देवी, राजन कुमार उपस्थित रहे।

# कुशीनगर में मंदिर के पुजारी की गला रेतकर हत्या, क्षेत्र में तनाव

अवधनामा ब्यूरो


मृतक पुजारी की फाइल फोटो

- पुलिस के द्वारा चुपके से शव पोस्टमार्टम भेजने पर भड़के ग्रामीण
- घटना स्थल का एसपी ने लिया जायजा, खुलासे को टीम गठित

**कुशीनगर।** जिले में एक पुजारी की गला रेतकर बदमाशों ने हत्या कर दिया। बरवा पट्टी थाने के अमवाखास टोला कपरधिक्का के शिव मंदिर के 75 वर्षीय पुजारी फलहारी दास असम के रहने वाले थे। सोमवार की भोर में तीन बजे मंदिर के पीछे मार्ग पर उनका लहूलुहान शव मिला। पुलिस द्वारा चुपके से शव को बिना पंचनामा कराए उठा ले जाने का आरोप लगाते हुए ग्रामीणों ने नारेबाजी करने लगे। एसपी संतोष कुमार मिश्र ने आक्रोशित ग्रामीणों को घटना के शीघ्र पर्दाफाश का आश्वासन देकर शांत कराया। मंदिर में लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज से पुलिस हत्यारों के बारे में पता लगाने में जुटी है।

वर्ष 2000 से फलहारी दास उर्फ त्यागी बाबा ने ही ग्राम पंचायत की दस कट्ठा भूमि पर जन सहयोग से इस मंदिर का निर्माण कराया था। पुलिस टीम रात्रि गश्त पर निकली थी। इस दौरान मंदिर के पीछे से पिपरही-भूइधरवा मार्ग से होकर गुजरी तो देखा कि मंदिर के पुजारी फलहारी दास लहूलुहान पड़े हुए हैं। उनके दुदही प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया जहां, चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। दूसरी ओर सुबह जब पुजारी के हत्या की खबर क्षेत्र में फैली तो लोग आक्रोशित हो उठे। काफी संख्या में ग्रामीण मंदिर परिसर पहुंचे और पुलिस के विरुद्ध नारेबाजी करने लगे। तमकुहीराज के पूर्व विधायक अजय कुमार लल्लू भी पहुंचे। भीड़ का आरोप था कि पुजारी की हत्या मंदिर में की गई और पुलिस बिना पंचनामा के शव उठा ले गई। एसपी ने लोगों को घटना के शीघ्र पर्दाफाश का आश्वासन देकर शांत कराया तो फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल से आवश्यक साक्ष्य एकत्रित किए। डॉग स्क्वाड की टीम भी पहुंची, लेकिन उसके हाथ कुछ खास न लग सका जो हत्यारों तक पहुंचने में मदद कर सके। इस संबंध में एसपी संतोष कुमार मिश्र ने बताया कि शीघ्र घटना का पर्दाफाश कर दिया जाएगा। सीसीटीवी फुटेज खंगालने के साथ ही पुलिस की घटना से जुड़े सभी पहलुओं पर नजर है, जिसके आधार पर जांच की जा रही है। **पुजारी केवल करते थे फलाहार-** अन्न ग्रहण न कर केवल फलाहार पर रहने के कारण उनका नाम फलहारी दास ऊर्फ त्यागी बाबा पड़ा था। क्षेत्र के लोग उनको श्रद्धा व सम्मान से देखते थे। उनका प्रकृति से भी गहरा लगाव था। एक हजार से अधिक पौधों का रोपण किए थे तो मंदिर आने जाने वालों को भी पौधा देकर पौधारोपण के लिए प्रेरित करते थे।

**सीसीटीवी फुटेज से खुलेगा हत्या का राज-** मंदिर में लगे सीसीटीवी फुटेज को घटना के पर्दाफाश को लेकर अहम माना जा रहा है। इसमें हत्यारों की तस्वीर व पूरी घटना कैद होने की बात कही जा रही है। यदि ऐसा हुआ तो हत्यारों की पहचान हो जाएगी, हत्या का कारण भी खुल जाएगा।

# चार विकेट से कानपुर को हराकर खिताब पर सीवान का कब्जा

### 17वें वर्ष स्व. कृष्णा साहा व स्व. विमलेश मल्ल की स्मृति में आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता संपन्न

अवधनामा ब्यूरो




- विजेता टीम को खिताब देते राज्यसभा सांसद आरपीएन सिंह व अन्य

**कुशीनगर।** पडरौना शहर के यूएनपीजी कॉलेज के खेल मैदान में पडरौना क्रिकेट क्लब द्वारा 17वें वर्ष स्व. कृष्णा साहा व स्व. विमलेश मल्ल की स्मृति में आयोजित क्वालिटी टीवीएस कप क्रिकेट प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण के साथ समापन हो गया। फाइनल मैच में सीवान की टीम ने कानपुर को चार विकेट से पराजित किया। कानपुर के खिलाड़ी तरुण को मैन ऑफ द सीरीज का पुरस्कार एलईडी टीवी, पांच हजार रुपए नगद देकर पुरस्कृत किया गया।

वहीं, सीवान टीम के कप्तान जफर इमाम को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार मोबाइल फोन, 2100 रुपए नगद और ट्रॉफी दिया गया। सीवान टीम के कप्तान जफर इमाम ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय लिया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी कानपुर की टीम की शुरुआत कुछ खास नहीं रही और खिलाड़ी आसानी से विकेट देकर चले गए। सलामी बल्लेबाज के रूप में आए तरूण ने पारी को संभालते हुए टीम को सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया। निर्धारित 25 ओवर के मैच में 19वें ओवर की गेंदबाजी में कानपुर की टीम 119 रन के स्कोर पर ऑल आउट हो गई। लक्ष्य का पीछा करने उतरी सीवान टीम की शुरुआत काफी तेज रही। 10वें ओवर की गेंदबाजी में ही टीम जीत के करीब पहुंच गई, लेकिन जब विकेट गिरने का सिलसिला शुरू हुआ तो रन गति में इजाफा होना ही बंद हो गया। 13वें ओवर की गेंदबाजी में सीवान की टीम चार विकेट शेष रहते ही मैच को जीतकर कप पर कब्जा कर लिया। अंपायर अफरोज राजू व लिंकन सिंह रहे। कमेंट्री प्रिंस तिवारी, अरशद राज व नजमुद्दीन ने की जबकि स्कोरिंग अभिषेक गैरी ने किया। इससे पूर्व प्रतियोगिता का शुभारंभ राज्यसभा सांसद आरपीएन सिंह, सदर विधायक मनीष जायसवाल, नगरपालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि मनीष जायसवाल बुलबुल, दीपनारायण अग्रवाल, डॉ. पीएन राय, डॉ. देवशरण सिंह, डॉ. रवि जायसवाल, डॉ. गिरिजेश जायसवाल, डॉ. संदीप अरूण, डॉ. वैभव ज्योति, भाजपा नेता सदाशिव मणि त्रिपाठी, सौरभ वर्मा, मोंटी सालूजा, अमित वर्मा ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर मैच का शुभारंभ किया। पुरस्कार वितरण के दौरान राज्यसभा सांसद आरपीएन सिंह समेत सभी अतिथियों ने विजेता सीवान को 31 हजार नगद व उप विजेता कानपुर को 21 हजार नगद देने के साथ ट्रॉफी व सभी खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया। पूरे मैच में सात विकेट लेकर 85 रनों का योगदान देने वाले तरुण को मैन ऑफ द सीरीज का पुरस्कार सौरभ वर्मा की तरफ से एलईडी टीवी व विपिन जायसवाल की तरफ से नगद पांच हजार रुपए दिया गया। वहीं सीवान के जफर इमाम को चार विकेट लेने पर मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार व नगद 2100 रुपए दिया गया। कानपुर के गौरव को बेस्ट बॉलर, बेस्ट बैट्समैन सीवान के फरहान चुने गए। युवा प्लेयर उत्कर्ष गुप्ता को ट्रॉफी देकर पुरस्कृत किया गया। वहीं, दर्शकों के लिए लकी ड्रा के माध्यम से साइकिल, मोबाइल फोन, रूम हीटर दिया गया। इस दौरान पूर्व ब्लॉक प्रमुख मन्नू सिंह चंदेल, सतीश साहा, गोल्डी जायसवाल, ऋषिकेश मिश्र, समशेर मल्ल, रितेश मल्ल, विवेक मोदनवाल मिट्ठू, पाली चौरसिया, सज्जाद अली, गुड्डू अंसारी, अजय साहा, चंदन जायसवाल, विकास जायसवाल, धीरज पाठक, सुशील शर्मा, आजाद अली, पिंटू शाह, अविनाश श्रीवास्तव, अनीष आलम, मुन्ना अली, जितेंद्र साहा, सुरेश रावत, समीर अग्रवाल, किशन साहा, बिट्टू साहा आदि मौजूद रहे।

## स्वामी के विचारों को युवा पीढ़ी को आत्मसात करें: बृज मोहन

अवधनामा संवाददाता



**तरयासुजान, कुशीनगर।** क्षेत्र के बहादुरपुर गांव में श्रीराम कृष्ण विवेकानंद मिशन, बहादुरपुर के तत्वाधान में आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए दशरथ गद्दी अयोध्या के पीठाधीश्वर संत बृज मोहनदास ने कहा कि स्वामी विवेकानंद के विचारों को युवा पीढ़ी आत्मसात कर ऊर्जा प्राप्त करें जिससे भारत का नव निर्माण हो सके और भारत पुनः विश्वगुरु के पद पर आरूढ़ होकर न केवल भारत का वल्कि विश्व का कल्याण कर सके। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि के द्वारा स्वामी जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन से किया गया। अपने विचार प्रकट करते हुए मिशन के सदस्य एवं भाजपा के युवा नेता निलय सिंह ने कहा कि स्वामी जी का जीवन और उनका उपदेश हजारों साल तक युवकों को देशवासियों के लिए इस वसुधा के लिए समर्पण एवं त्याग, सेवा का संदेश देता रहेगा। सेवानिवृत अध्यापक सूर्यदेव कुशवाहा ने कहा कि स्वामी जी अद्भुत संत थे जिन्होंने विदेश में जाकर भारत को सम्मान दिलाया। इस मौके पर मनोज सिंह, जयंत कुमार सिंह, सुरेंद्र राय, धनंजय राय, अतुल श्रीवास्तव, त्रिभुवन जायसवाल आदि ने संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन मिथिलेश शर्मा ने किया।

# प्रशांत फाउंडेशन ने किया महामाया स्पोर्ट्स स्टेडियम में रुद्राक्ष पौधों का रोपण

अवधनामा संवाददाता



**सिरसागंज।** प्रशांत फाउंडेशन द्वारा वरिष्ठ क्रीड़ा अधिकारी गाजियाबाद सुप्रसिद्ध समाजसेवी पर्यावरण प्रेमी पूनम विशनोई को रुद्राक्ष का पौधा भेंट किया गया और महामाया स्पोर्ट्स स्टेडियम में रुद्राक्ष के पौधें का रोपण किया गया। इस अवसर पर समाजसेवी आदि उपस्थित रहे। प्रशांत फाउंडेशन द्वारा प्रकृति एवं पर्यावरण संरक्षण हेतु विगत कई वर्षों से चलाए जा रहे वृक्षदान महाअभियान, मिशन ग्रीन अर्थ, मिशन हरियाली, मिशन त्रिवेणी, जल संरक्षण व पर्यावरण संरक्षण के तहत वरिष्ठ क्रीड़ा अधिकारी एवं वरिष्ठ सुप्रसिद्ध समाजसेविका पूनम विशनोई के द्वारा रुद्राक्ष के पौधें का रोपण महामाया स्पोर्ट्स स्टेडियम में किया गया। इस अवसर पर गाजियाबाद क्रीड़ा अधिकारी पूनम विशनोई ने कहा है कि, वर्तमान परिस्थितियों में जब वन क्षेत्र का निरंतर ह्रास होता जा रहा है। तब सम्पूर्ण समाज को इस तरह के वृक्षदान एवं वृक्षारोपण आयोजनों से सीख लेने की आवश्यकता है। प्रशांत फाउंडेशन द्वारा प्रकृति एवं पर्यावरण संरक्षण हेतु विगत कई वर्षों से चलाए जा रहे वृक्षदान महाअभियान की तारीफ करते हुए एवं बधाई देते हुए कहा है कि सम्पूर्ण धरा और प्रकृति को सुरक्षित व संतुलित रखने हेतु हमें पौधा रोपण के प्रति लोगों को सजग बनाना होगा। प्रशांत फाउंडेशन के संस्थापक वृक्ष मित्र एवं समर्पित समाज सेवी रुद्राक्ष मैन डॉ. रिपुदमन सिंह ने कहा है कि एक बार फिर लोगों को पर्यावरण संरक्षण और पौधारोपण के प्रति जागरूक होना अति आवश्यक है। वृक्षारोपण कार्यक्रम में स्वेक्षा चतुर्वेदी और अन्य लोगों की उपस्थिति रही।

# फर्जी बैनामा गैंग के तीन सदस्य पुलिस गिरफ्त में

अवधनामा संवाददाता



**फिरोजाबाद।** थाना जसराना पुलिस टीम कूट रचित दस्तावेज तैयार कर फर्जी बैनामा करने वाले गैंग के 03 सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया गया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद सौरभ दीक्षित के निर्देशन में अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के निकट पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी जसराना के कुशल नेतृत्व में 12.01.2025 को थाना जसराना पुलिस टीम द्वारा कूट रचित दस्तावेज तैयार कर जमीन का फर्जी बैनामा कराने वाले गैंग के वांछित सदस्य चाँद बाबू पुत्र स्व. अजमत अली निवासी मौहल्ला गागनी दरवाजा कस्बा व थाना फरिहा जनपद फिरोजाबाद, साहिल पुत्र चाँद बाबू निवासी मौहल्ला गागनी दरवाजा कस्बा व थाना फरिहा जनपद फिरोजाबाद, नेत्रपाल पुत्र स्व. मोतीराम निवासी नंगला जोनपाई, राजा का ताल थाना टूण्डला जनपद फिरोजाबाद को रोहता नहर के पास थाना मलपुरा जनपद आगरा से गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्तों को न्यायलय के समक्ष पेश किया जा रहा है। जिनके विरूद्ध थाना जसराना पर मुअस 384/24 धारा 420/467/468/471 भादवि पंजीकृत कराया था जिसकी विवेचना के दौरान तीनों अभियुक्तों को फर्जी विक्रेताओं व दस्तावेजों को जमीन के बैनामे कराने पर दर्ज किया गया। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में प्रनि शेर सिंह, व उनि मुनेश कुमार, प्रउनि पुष्पेन्द्र सिंह, प्रउनि विवेक चौहान, प्रउनि अचल कुमार, का 1538 सचिन कुमार थाना जसराना जनपद फिरोजाबाद।

# अधिकारी प्रवर्तन कार्य बढ़ाकर अपने विभागीय राजस्व वसूली के लक्ष्यों की करें शत-प्रतिशत पूर्तिः डीएम

अवधनामा संवाददाता

**मैनपुरी।** जिलाधिकारी अंजनी कुमार सिंह ने कर-करेत्तर, राजस्व कार्यो की मासिक समीक्षा के दौरान वाणिज्यकर, विद्युत, स्टांप एवं निबंधन, परिवहन, आबकारी, अलोह खनन, वन विभाग के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि अपने-अपने विभाग के राजस्व प्राप्ति के लक्ष्यों की शत-प्रतिशत पूर्ति करना सुनिश्चित करें, वाणिज्य कर, स्टांप एवं निबंधन, परिवहन में मासिक, क्रमिक लक्ष्यों के सापेक्ष वसूली की प्रगति संतोषजनक नहीं है, सबसे ज्यादा खराब प्रगति स्टांप एवं निबन्धन की है, संबंधित विभाग के अधिकारी प्रवर्तन कार्य बढ़ाकर वसूली की प्रगति सुधारें, उप जिलाधिकारी लंबित आर.सी. की वसूली में तेजी लाएं, तहसीलदार, नायब तहसीलदार प्रत्येक दिवस क्षेत्र में जाकर बकायादारों से धनराशि जमा कराकर आर.सी. वसूली की प्रगति सुधारें। उन्होंने राजस्व वसूली की विभागवार समीक्षा के दौरान स्टांप एवं रजिस्ट्रेशन विभाग के वार्षिक लक्ष्य 186 करोड़ के सापेक्ष मात्र 84 लाख की प्राप्ति पर सहायक महानिरीक्षक निबंधक को निर्देशित करते हुए कहा कि लक्ष्य की पूर्ति के लिए प्रयास करें, स्टांप कमी के वादों को निस्तारित कर धनराशि जमा करायी जाए, प्रदेश में स्टांप एवं रजिस्ट्रेशन की वसूली में जनपद अंतिम 05 में शामिल है, आबकारी विभाग द्वारा 449 करोड़ के सापेक्ष 279 करोड़ की प्राप्ति की गई है।

उन्होंने सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि राजस्व वसूली के लक्ष्य की शत-प्रतिशत प्राप्ति के साथ ही अनाधिकृत, अवैध रूप से संचालित वाहनों के संचालन, ओवरलोड वाहनों की रोकथाम के लिए निरंतर अभियान चलाएं, किसी भी दशा में ओवरलोड, अनाधिकृत वाहनों का संचालन न हो। श्री सिंह ने असंतोष व्यक्त करते हुए कहा कि माह मार्च तक मुख्य देयों के भू-राजस्व में निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष शत-प्रतिशत वसूली की जानी है लेकिन अभी तक लक्ष्य के सापेक्ष तहसील सदर में मात्र 18 प्रतिशत, तहसील करहल में 19 प्रतिशत की वसूली हुई है, जो काफी कम है, इसी प्रकार बैंक देय, स्टांप एवं रजिस्ट्रेशन, वाणिज्यकर, विद्युत देय, रॉयल्टी, मार्ग कर की लंबित आर.सी. की वसूली भी निराशाजनक है, बैंक देय की लंबित आर.सी. के सापेक्ष तहसील करहल में मात्र 27 प्रतिशत, तहसील घिरोर में मात्र 29 प्रतिशत, वाणिज्य कर की लंबित आर.सी. के सापेक्ष तहसील घिरोर में मात्र 11 प्रतिशत, सदर तहसील में 13 प्रतिशत, किशनी में 27 प्रतिशत, करहल में 31 प्रतिशत, विद्युत की आर.सी. में तहसील किशनी में 12 प्रतिशत, तहसील भोगांव में 57 प्रतिशत की ही वसूली की गई है।

## सांसद राम भुआल निषाद ने लगाई जन चौपाल



**सुल्तानपुर।** सासंद राम भुआल निषाद इसौली विधानसभा क्षेत्र के बहुरावा कस्बे में चौपाल लगाकर आमजन की समस्याओं से रूबरू हुए। सांसद ने उनके निस्तारण का आश्वासन दिया। जनसुनवाई के दौरान ग्रामीणों ने छुट्टा जानवर,बिजली व सड़क आदि की समस्याएं प्रमुखता से उठाई। इस अवसर पर सांसद ने कहा कि कोशिश रहेगी कि इन पांच सालों में समस्याओं का निस्तारण कर दिया जाए।इस मौके पर सपा जिला महासचिव मोहम्मद सलाउद्दीन, सुरेश निषाद,परमात्मा यादव,ब्लाक अध्यक्ष बल्दीराय बृजेश यादव, जितेंद्र यादव, मीडिया प्रभारी रामू निषाद,प्रधान समर निषाद,ह्रदय राम यादव,अजय कुमार,शिव प्रसाद यादव, आदित्य नारायण व नरेंद्र यादव आदि मौजूद रहे।

## पदोन्नति होने पर एस पी ने स्टार लगाकर दी बधाई



**सुल्तानपुर।** पुलिस अधीक्षक सुलतानपुर कुँवर अनुपम सिंह द्वारा जनपद में तैनात कम्प्यूटर ऑपरेटर ग्रेड ए,अमितेश कुमार थाना कोतवाली नगर,सुभाष चन्द्र थाना कादीपुर,रंजीत यादव थाना जयसिंहपुर, इन्द्रभूषण सिंह थाना शिवगढ़ का कम्प्यूटर ऑपरेटर ग्रेड बी के पद पर पदोन्नति होने पर स्टार लगाकर शुभकामनाएं दी गयी।पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह द्वारा पदोन्नति होने वालों के उज्जवल भविष्य की कामना भी की गयी। उक्त मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक अखंड प्रताप सिंह भी मौजूद रहे।

## रास्ते में जल भराव को लेकर ग्रामीण परेशान ग्रामीणों ने रास्ते का वीडियो बनाकर किया वायरल



**सुल्तानपुर,चांदा।** तहसील लंभुआ क्षेत्र अंतर्गत ब्लॉक प्रतापपुर कमैचा के ग्राम सभा कोथरा खुर्द के रास्ते में जल भराव का मामला सामने आया है। जिससे आने-जाने वाले ग्रामीण को प्रतिदिन रास्ते में जल भराव को लेकर कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। यह रास्ता कोथरा खुर्द ग्राम सभा से निकलकर नेशनल हाईवे एन-एच- 56 सुल्तानपुर से जौनपुर जाने वाले सड़क मे जुड़ता है।ग्राम सभा का मार्ग जो कि डामर रोड है, सबसे अहम बात यह है कि ग्राम प्रधान का भी यही रास्ता है। उसके बाद भी ग्राम प्रधान के द्वारा रास्ते के दुरुस्ती करण को लेकर कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा है। जिससे प्रतिदिन ग्रामीण दुखी व परेशान है।जबकि ग्राम प्रधान के द्वारा ग्राम सभा में अन्य कई कार्य किए गए हैं, लेकिन जिस ग्राम सभा का रास्ता ही सही ना हो उस ग्राम सभा में चाहे जितना कार्य ग्राम प्रधान के द्वारा कराया जाए कोई महत्व ग्राम वासियों के लिए नहीं है। ग्राम वासियों का कहना है की हम सभी ग्राम वासी इस रास्ते को लेकर बहुत ही दुखी व परेशान हैं। ग्राम प्रधान के संज्ञान में होते हुए भी रास्ते में जल भराव की समस्या का अभी तक कोई निदान नहीं किया गया है और न ही क्षेत्र पंचायत के प्रति निधियों के द्वारा कोई ठोस कदम उठाए गए हैं। जबकि यह रास्ता लगभग दो-तीन साल से इसी तरह से जल भराव के कारण बाधित हो जाता है।अब देखना यह है इस रास्ते का दुरुस्तीकरण की प्रक्रिया कब की जाएगी और ग्रामीणों को इस समस्या से कब छुटकारा मिलेगा।

# डीएम ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र महसी का किया निरीक्षण

**डृयूटी चार्ट अद्यतन न पाये जाने पर जतायी नाराजगी**

अवधनामा संवाददाता



**बहराइच।** जिलाधिकारी मोनिका रानी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महसी का औचक निरीक्षण कर चिकित्सकों व स्टाफ की उपलब्धता, दवाओं की उपलब्धता, भवन व परिसर की साफ-सफाई, औषधि वितरण काउण्टर, पंजीकरण काउण्टर, अधीक्षक कक्ष, ओपीडी, इमरजेन्सी वार्ड, पीएनसी वार्ड, आर.बी.एस.के. कक्ष, चिकित्सालय भवन की साफ-सफाई तथा कूड़ा प्रबन्धन बेहतर न पाये जाने पर नाराज़गी जताते हुए सीएचसी अधीक्षक डॉ. आशीष वर्मा को साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिये। पर्चा काउण्टर के निरीक्षण के दौरान काफी भीड़ पाये जाने तथा मरीज़ों एवं तीमारदारों के लिए बैठने की समुचित व्यवस्था न होने तथा वाटर कूलर खराब पाये जाने पर डीएम ने नाराज़गी जताते हुए निर्देश दिया कि तत्काल व्यवस्था में सुधार लाकर चिकित्सालय आने वाले मरीज़ों एवं तीमारदारों के बैठने के लिए समुचित प्रबन्ध किये जाये तथा वाटर कूलर को ठीक कराया जाय। चिकित्सालय में स्थापित ड्यूटी चार्ट अपडेट न होने पर भी डीएम ने नाराज़गी जतायी। डीएम ने पाया कि चिकित्सालय में स्थापित ड्यूटी चार्ट वर्ष 2022-23 से अपडेट नहीं किया गया है। डीएम ने निर्देश दिया कि ड्यूटी चार्ट को तत्काल अपडेट कराया जाय। ओपीडी के निरीक्षण के दौरान पाया गया कि डॉ. दिनेश रस्तोगी द्वारा 40 मरीज़ों को अटेन्ड किया गया, जबकि एक चिकित्साधिकारी डॉ. आयुष्मान शुक्ला के उपस्थिति पंजिका पर हस्ताक्षर थे, परन्तु निरीक्षण के समय वे उपस्थित नहीं पाये गये। अघीक्षक डॉ. वर्मा ने बताया कि डॉ. शुक्ला द्वारा रात्रि में ड्यूटी की गई है। डीएम ने अधीक्षक को निर्देश दिया कि ओपीडी के समय में वे भी चिकित्सकों को अटेण्ड करें। औषधि वितरण कक्ष के निरीक्षण करने पर पाया गया कि फार्मासिस्ट शोएब अहमद द्वारा दवाओं का वितरण किया जा रहा है। यहां पर सुव्यवस्थित ढंग से औषधि का वितरण न होने के कारण काउण्टर पर काफी भीड़ पायी गयी। डीएम ने अधीक्षक को निर्देश दिया कि दवाओं का वितरण बेहतर ढंग से करायें ताकि भीड़-भाड़ एकत्र न होने पाये। ब्लाक लेखा प्रबन्धन कक्ष के निरीक्षण के दौरान अखिलेश कुमार उपस्थित पाये गये। यहां पर डीएम ने स्वास्थ्य विभाग की विभिन्न योजनाओं जननी सुरक्षा योजना, प्रसूताओं के भोजन तथा चिकित्सालय द्वारा विभिन्न् मदों में किये गये भुगतान से सम्बन्धित अभिलेखों का निरीक्षण किया तथा मौजूद लोगों से आवश्यक जानकारी प्राप्त की। आर.बी.एस.के. कक्ष के निरीक्षण के दौरान पाया गया कि यहां पर आयुष्मान कार्ड बनाया जा रहा है। डीएम ने पैथालोजी, इमरजेन्सी व अन्य वार्डो का निरीक्षण कर साफ-सफाई तथा मरीज़ों एवं तीमारदारों को प्रदान की जाने वाली सुविधाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। चिकित्सालय के निरीक्षण के दौरान डीएम ने बायो मेडिकल वेस्ट के निस्तारण के बारे में जानकारी प्राप्त करते हुए निर्देश दिया कि विभागीय गाइड लाइन व सुरक्षा मानकों के अनुसार निस्तारण किया जाय। डीएम ने अधीक्षक को निर्देश दिया कि चिकित्सालय आने वाले मरीज़ों और तीमारदारों को शासन द्वारा अनुमन्य सुविधा उपलब्ध करायें। डीएम ने चिकित्सालय में स्थापित अग्निशमन यंत्रों को क्रियाशील रखने तथा शरद ऋतु को देखते हुए मरीज़ो के लिए अलाव इत्यादि की व्यवस्था कराये जाने के निर्देश दिये।

# कर्तव्य बोध दिवस का राणा प्रताप महाविद्यालय में आयोजन

अवधनामा संवाददाता

**सुलतानपुर।** विवेकानंद ने अपनी संस्कृति, भाषा और जीवन मूल्यों की रक्षा के लिए भारतीय समाज को पुनर्गठित किया। उन्होंने अपने समय की कुरीतियों और कुप्रथाओं को दूर करने का बीड़ा उठाया था। यह बातें राणा प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय के हिन्दी विभागाध्यक्ष डॉ इन्द्रमणि कुमार ने कहीं। वह राणा प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय के पुस्तकालय कक्ष में राष्ट्रीय युवा सप्ताह के अंतर्गत राष्ट्रीय सेवा योजना व डॉ राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय अयोध्या शैक्षिक संघ के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रीय युवा सप्ताह के अंतर्गत स्वामी विवेकानंद की स्मृति में आयोजित कर्तव्य बोध दिवस को बतौर मुख्य वक्ता सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि विवेकानंद ने हिन्दू धर्म की वैचारिक उदारता और सहिष्णुता को दुनिया के समक्ष नये तरह से प्रस्तुत किया। अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य प्रोफेसर दिनेश कुमार त्रिपाठी ने कहा कि आज की युवा पीढ़ी भटक रही है। उसको सही रास्ते पर लाने के लिए विवेकानन्द के विचार प्रासंगिक हैं। विवेकानंद के विचारों का मार्गदर्शन लेते हुए देश की युवा शक्ति अपने जीवन को सफल बना सकती है। संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रमाधिकारी डॉ.प्रभात कुमार श्रीवास्तव तथा आभार ज्ञापन अर्थशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ धीरेन्द्र कुमार ने किया। इस अवसर पर उप प्राचार्य प्रोफेसर निशा सिंह, डॉ.आलोक कुमार, डॉ.विभा सिंह, ज्ञानेन्द्र विक्रम सिंह रवि,डॉ नीतू सिंह, डॉ अखिलेश सिंह,डॉ.शालिनी सिंह, डॉ बृजेश सिंह, वीरेंद्र कुमार गुप्त, डॉ.यशमंत सिंह व ज्योति सक्सेना समेत शिक्षक व विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# युवाओं के प्रेरणा स्रोत स्वामी विवेकानंदः डॉ. एमपी सिंह

अवधनामा संवाददाता

**शिकोहाबाद।** पालीवाल महाविद्यालय शिकोहाबाद की राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों इकाई है द्वारा आज संयुक्त रूप से महान संत और आध्यात्मिक गुरु स्वामी विवेकानंद जी की जयंती मनाई गई स कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रीय सेवा योजना के जिला नोडल अधिकारी डॉ एमपी सिंह ने बताया कि स्वामी जी एक व्यक्तित्व- एक विचार थे जो हमेशा हमारे मन और मस्तिष्क पर राज करते रहेंगे स उनके विचार अविस्मरणीय है स वह कहते थे कि जो भी काम एकाग्रता के साथ किया जाएगा उसमें सफलता निश्चित रूप से मिलेगी स वॉलिंटियर्स में वंशिका यादव ने स्वामी जी के शिकागो स्थित धर्म गुरुओं की सभा में दिए गए भाषण के बारे में बताया, वही उमंग चौहान ने कहा की स्वामी जी के ओजस्वी भाषण इतने प्रसिद्ध थे कि युवा उनके साथ चल देते थे स उन्होंने सती प्रथा और बाल विवाह का भी विरोध किया था स श्रेया शर्मा, श्रद्धा शर्मा, सिदरा फातिमा, मिनी, सानिया आदि वॉलिंटियर्स ने भी अपने विचार व्यक्त किया इस दौरान प्रिया कुमारी, श्रेया राजपूत, प्रबल प्रताप सिंह, सानिया, सान्या, रिंकी, उजाला, राहुल एवं लाईवा फातिमा आदि वॉलिंटियर्स उपस्थित रहे स संचालन कार्यक्रम अधिकारी द्वितीय राष्ट्रीय सेवा योजना डॉ टी एच नकवी ने किया स प्राचार्य प्रोफेसर प्रवीण कुमार ने अपने संदेश में कार्यक्रम की सफलता के लिए धन्यवाद दिया।

## 15 जनवरी को आयोजित होगा किसान दिवस

**बहराइच।** शासन के निर्देशानुसार जनपद के किसानों की समस्याओं के निराकरण के लिए प्रत्येक माह के तृतीय बुधवार को आयोजित होने वाले किसान दिवसों की श्रृंखला अन्तर्गत 15 जनवरी 2025 को अपरान्ह 12:30 बजे से विकास भवन सभागार में डीएम मोनिका की अध्यक्षता में किसान दिवस तथा कृषक उत्पादक संगठनों द्वारा कराये गये कार्यों की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया है। यह जानकारी देते हुए डीएम मोनिका रानी ने कृषि एवं एलाइड विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया कि गत बैठक में प्राप्त शिकायतों के निस्तारण की आख्या एवं अपने विभाग से सम्बन्धित योजनाओं की अद्यतन सूचनाओं सहित किसान दिवस में प्रतिभाग करना सुनिश्चित करें।


# जामिया रजविया नूरूल उलूम सिविल लाइन महराजगंज

**आवश्यकता है :-**

राज्यानुदानित मदरसा जामिया रजविया नूरूल उलूम सिविल लाइन महराजगंज, जनपद-महराजगंज (पिन कोड-273303) में पूर्व से रिक्त विभिन्न श्रेणी के पदों को भरे जाने हेतु नीचे अंकित विवरण के अनुसार योग्य एवं शिक्षित अध्यापकों की आवश्यकता है, जिसके लिए आवेदन पत्र आमंत्रित किया रहा है :-

**1- स0अ0 फौकानिया (वैकल्पिक विषय) 01 पद हेतु :-** न्यूनतम 50 प्रतिशत अंको सहित सम्बन्धित विषय में स्नातक तथा उर्दू/अरबी/फारसी से मुन्शी/मौलवी से अनिम्न स्तर का प्रमाण-पत्र अथवा मान्यता प्राप्त मदरसे का कारी एवं उर्दू/अरबी/फारसी सहित आलिम से अनिम्न स्तर का प्रमाण-पत्र। अभ्यर्थी की न्यूनतम आयु 20 वर्ष से कम न हो। (वेतनमान 9300-34800 ग्रेड 4600 (सातवां वेतन क्रम में मैट्रिक लेवल-7 मूल वेतन-44900)

**2- स0अ0 तहतानिया 04 पद हेतु :** उ0प्र0 मदरसा शिक्षा परिषद् द्वारा आलिम परीक्षा उत्तीर्ण अथवा उर्दू से इण्टरमीडिएट। अभ्यर्थी की न्यूनतम आयु 18 वर्ष से कम न हो। वेतनमान 9300-34800 ग्रेड वेतन-4200 (सातवां वेतन क्रम मैट्रिक लेवल-6 मूल वेतन-35400)

**नियम एवं शर्ते :-** 1- आवेदन पत्र पर समस्त विवरण अंकित योग्यता आदि के स्वप्रमाणित छायाप्रति संलग्न करें।

2-आवेदन पत्र पंजीकृत डाक के माध्यम से मदरसा उपरोक्त के पते पर प्राप्त कराने की अन्तिम तिथि 03-02-2025 तक।

3-साक्षात्कार हेतु पात्र अभ्यर्थियों को पंजीकृत डाक के माध्यम से सूचना (बुलावा पत्र) अलग से निर्गत किया जायेगा। साक्षात्कार हेतु अभ्यर्थियों को कोई यात्रा-भत्ता देय नहीं होगा। सफल अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र पंजीकृत डाक के माध्यम से अभ्यर्थियों के गृह पते पर प्रेषित की जायेगी।

4-उपरोक्त पदों पर नियुक्ति उ0प्र0 अरबी और फारसी मदरसा मान्यता, प्रशासन एवं सेवा विनियमावली-2016 में निहित प्राविधानों के अनुसार की जायेगी।

5-रजिस्ट्रार/निरीक्षक उ0प्र0 मदरसा शिक्षा परिषद् लखनऊ से अनुमोदन प्राप्त होने के उपरान्त उक्त निर्धारित वेतनमान देय होगा। नोट पदों की संख्या घट-बढ़ सकती है।

(शमसुलहुदा खान)
नाजिम/मैनेजर


# शीषा, पत्थर व फूल का किया विमोचन



अवधनामा संवाददाता

**जब भी नाते रसूल आया है, आंधियों ने भी सिर झुकाया है**

**फिरोजाबाद।** इस्लाम धर्म के चौथे ख़लीफा (प्रतिनिध) मौला अली के जन्म दिन के शुभ अवसर पर साहित्यक संस्था, सालिम इंटरनेशनल के तत्वावधान में लेबर कालौनी में स्थित बैतुल अली (निवास स्थल )के हसन गार्डन में साहित्यकार डाक्टर सालिम शुजा अंसारी की दसवीं रचना ''हैदर'' और डाक्टर मुजीब शहज़र की आठवीं किताब ''शीशा, पत्थर, फूल''.का विमोचन बहुत धूमधाम से हुआ जिसमें शहर तथा बाहर के मशहूर साहित्यकारौं और सूफ़ियों ने भाग लिया,कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ शायर मौहसिन अब्बास ने की तथा मुख्य अतिथि आगरा के मशहूर शायर अमीर अहमद जाफ़री, क़ायम मैंहदी रामपुर, मुशर्रफ़ हुसैन महज़र, मीम ख़ालिद अंसारी, उवैस जमाल शम्सी, कमाल अहमद और डाक्टर मुहम्मद हुसैन दिलकश थे। दोनों किताबों का विमोचन मियां सूफ़ी अज़ीज़ अहमद, मियां अज़ीज़ुल्लाह साहब और कई उस्ताद शायर, कवि के हाथों किया गया तथा कार्यक्रम का संचालन मशहूर शायर हाशिम फ़ीरोज़ाबादी ने किया। किताब के खूबसूरत विमोचन के बाद सभी साहित्यकारों ने अपनी रचनाएं प्रस्तुत कर समां बांध दिया। सबसे पहले आकिफ़ शुजा ने हम्द (खुदा की तारीफ) पेश करते हुए कहा। ''मैं करूं तारीफ़ तेरी ज़ुलजलाल, क्या मिली ओकात मेरी क्या मजाल'' उसके बाद कलीम नूरी ने नात पढ़ते हुए कहा, ''जब भी नामे रसूल आया है, आंधियों ने भी सर झुकाया है,'' हाशिम फ़ीरोज़ाबादी ने यूं कहा ''मेरा यकीं है यारो कोई फ़ल्सफ़ा नहीं है, मौला अली के जैसा कोई दूसरा नहीं है।''


# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लो.नि.वि., गोण्डा

पत्रांक :- 53 /1ए

दिनांक - 04.01.2025

**अल्पकालीन निविदि ई-निविदा सूचना (स्वीकृति की प्रत्याशा में)**

महामहिम राज्यपाल महोदय उ0प्र0 की ओर से लोक निर्माण विभाग उ0प्र0 में पंजीकृत निविदादाताओ से ई-टेण्डरिंग के माध्यम से नीचे दर्शाये गये कार्य हेतु निविदा आंमत्रित की जाती है।

| क्र. सं. | जनपद/खण्ड का नाम | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (जी.एस.टी. रहित) (लाख में) | धरोहर धनराशि (लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य समस्त कर सहित (रू. में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि (वर्ष ऋतु सहित) | पात्र ठेकेदार की पंजीयन की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| | | विधानसभा क्षेत्र गौरा के अन्तर्गत सामान्य मरम्मत के साथ नवीनीकरण का कार्य | | | | | |
| 1 | गोण्डा/प्रान्तीय खण्ड | गोरया सम्पर्क मार्ग | 8.48 | 0.85 | 900.00 | 03 माह | ए,बी,सी,डी |
| 2 | गोण्डा/प्रान्तीय खण्ड | विश्नोहरपुर सम्पर्क मार्ग | 12.11 | 1.21 | 900.00 | 03 माह | ए,बी,सी,डी |
| 3 | गोण्डा/प्रान्तीय खण्ड | हथियागढ खोडारे घारीघाट स0 मार्ग | 12.11 | 1.21 | 900.00 | 03 माह | ए,बी,सी,डी |
| 4 | गोण्डा/प्रान्तीय खण्ड | हरखापुर सम्पर्क मार्ग के नवीनीकरण का कार्य। | 15.74 | 1.57 | 900.00 | 03 माह | ए,बी,सी,डी |
| 5 | गोण्डा/प्रान्तीय खण्ड | हरखूपुर का मजरा सोनबरसा सम्पर्क मार्ग | 12.47 | 1.25 | 900.00 | 03 माह | ए,बी,सी,डी |
| 6 | गोण्डा/प्रान्तीय खण्ड | शाहनगर सम्पर्क मार्ग | 18.16 | 1.82 | 900.00 | 03 माह | ए,बी,सी,डी |
| 7 | गोण्डा/प्रान्तीय खण्ड | उसका सम्पर्क मार्ग | 12.11 | 1.21 | 900.00 | 03 माह | ए,बी,सी,डी |
| 8 | गोण्डा/प्रान्तीय खण्ड | चतुराभीटी सम्पर्क मार्ग | 12.11 | 1.21 | 900.00 | 03 माह | ए,बी,सी,डी |
| 9 | गोण्डा/प्रान्तीय खण्ड | कुनगइया चौराहा से लेदावा होते हुये यादवपुरवा स0 मा0 | 14.53 | 1.45 | 900.00 | 03 माह | ए,बी,सी,डी |
| 10 | गोण्डा/प्रान्तीय खण्ड | राजस्व ग्राम बभनी का मजरा कुम्हारपुरवा सम्पर्क मार्ग | 4.24 | 0.42 | 900.00 | 03 माह | ए,बी,सी,डी |
| 11 | गोण्डा/प्रान्तीय खण्ड | लखपतनगर बासुदेव पुर | 19.37 | 1.94 | 900.00 | 03 माह | ए,बी,सी,डी |
| 12 | गोण्डा/प्रान्तीय खण्ड | कुशमी के कुशमी खास सम्पर्क मार्ग | 15.74 | 1.57 | 900.00 | 03 माह | ए,बी,सी,डी |
| 13 | गोण्डा/प्रान्तीय खण्ड | बरियाडीह सम्पर्क मार्ग | 8.48 | 0.85 | 900.00 | 03 माह | ए,बी,सी,डी |
| 14 | गोण्डा/प्रान्तीय खण्ड | पूरे पृथराज सम्पर्क मार्ग | 2.91 | 0.29 | 900.00 | 03 माह | ए,बी,सी,डी |
| 15 | गोण्डा/प्रान्तीय खण्ड | ग्राम बन्दरही में जमुनहा सम्पर्क मार्ग | 13.32 | 1.33 | 900.00 | 03 माह | ए,बी,सी,डी |
| 16 | गोण्डा/प्रान्तीय खण्ड | वीरपुर शेखापुर होते हुये हरैयाघाट तक सम्पर्क मार्ग | 19.37 | 1.94 | 900.00 | 03 माह | ए,बी,सी,डी |
| 17 | गोण्डा/प्रान्तीय खण्ड | अमवातामावीरपुर से बनकटवा सम्पर्क मार्ग | 18.16 | 1.82 | 900.00 | 03 माह | ए,बी,सी,डी |
| 18 | गोण्डा/प्रान्तीय खण्ड | बेलभर चौराहा से चिटहवा गांव गांव तक सम्पर्क मार्ग | 27.85 | 2.78 | 900.00 | 03 माह | ए,बी,सी,डी |
| 19 | गोण्डा/प्रान्तीय खण्ड | चिरैया वाया खोदनीपुरवा सम्पर्क मार्ग | 8.72 | 0.87 | 900.00 | 03 माह | ए,बी,सी,डी |
| 20 | गोण्डा/प्रान्तीय खण्ड | पण्डरी सम्पर्क मार्ग | 2.91 | 0.29 | 900.00 | 03 माह | ए,बी,सी,डी |
| 21 | गोण्डा/प्रान्तीय खण्ड | पाण्डेयडीह सम्पर्क मार्ग | 3.39 | 0.34 | 900.00 | 03 माह | ए,बी,सी,डी |
| 22 | गोण्डा/प्रान्तीय खण्ड | अब्बनजोत सम्पर्क मार्ग | 4.84 | 0.48 | 900.00 | 03 माह | ए,बी,सी,डी |
| 23 | गोण्डा/प्रान्तीय खण्ड | गिन्नीनगर अल्लीपुर मार्ग राम अवतार सिंह की दुकान से चंगरिया भरपुरवा तक सम्पर्क मार्ग का निर्माण कार्य | 5.21 | 0.52 | 900.00 | 03 माह | ए,बी,सी,डी |
| 24 | गोण्डा/प्रान्तीय खण्ड | राजस्व ग्राम केशवनगर ग्रन्ट का मजरा कुकुरभुकवा और पासीडीह सम्पर्क मार्ग | 6.05 | 0.61 | 900.00 | 03 माह | ए,बी,सी,डी |
| 25 | गोण्डा/प्रान्तीय खण्ड | राजस्व ग्राम केशवनगर ग्रन्ट का मजरा हिन्दूनगर-।। सम्पर्क मार्ग | 3.63 | 0.36 | 900.00 | 03 माह | ए,बी,सी,डी |
| 26 | गोण्डा/प्रान्तीय खण्ड | समसापुर सम्पर्क मार्ग | 9.69 | 0.97 | 900.00 | 03 माह | ए,बी,सी,डी |
| 27 | गोण्डा/प्रान्तीय खण्ड | तर्कुलवा सम्पर्क मार्ग | 12.11 | 1.21 | 900.00 | 03 माह | ए,बी,सी,डी |
| 28 | गोण्डा/प्रान्तीय खण्ड | ग्राम पंचायत महुआपाकड मे नवीनगर सम्पर्क मार्ग | 3.03 | 0.30 | 900.00 | 03 माह | ए,बी,सी,डी |
| 29 | गोण्डा/प्रान्तीय खण्ड | ग्राम पंचायत दौलतपुर ग्रन्ट में लोनियनडीह सम्पर्क मार्ग | 4.84 | 0.48 | 900.00 | 03 माह | ए,बी,सी,डी |
| 30 | गोण्डा/प्रान्तीय खण्ड | बनघुसरा में पूरे भरपुरवा सम्पर्क मार्ग | 4.84 | 0.48 | 900.00 | 03 माह | ए,बी,सी,डी |
| 31 | गोण्डा/प्रान्तीय खण्ड | पिपरा बड़ा खा सम्पर्क मार्ग | 9.69 | 0.97 | 900.00 | 03 माह | ए,बी,सी,डी |
| 32 | गोण्डा/प्रान्तीय खण्ड | पुरवा सम्पर्क मार्ग | 12.11 | 1.21 | 900.00 | 03 माह | ए,बी,सी,डी |
| 33 | गोण्डा/प्रान्तीय खण्ड | पासीपुरवा सम्पर्क मार्ग | 4.84 | 0.48 | 900.00 | 03 माह | ए,बी,सी,डी |
| 34 | गोण्डा/प्रान्तीय खण्ड | तुलसीपुर सम्पर्क मार्ग | 8.48 | 0.85 | 900.00 | 03 माह | ए,बी,सी,डी |
| 35 | गोण्डा/प्रान्तीय खण्ड | बनरही सम्पर्क मार्ग | 14.53 | 1.45 | 900.00 | 03 माह | ए,बी,सी,डी |
| 36 | गोण्डा/प्रान्तीय खण्ड | जगन्नाथपुर से घुरहूजोत सम्पर्क मार्ग | 4.00 | 0.40 | 900.00 | 03 माह | ए,बी,सी,डी |
| 37 | गोण्डा/प्रान्तीय खण्ड | तिन्निहवा घाट से लालपुर सम्पर्क मार्ग | 6.05 | 0.61 | 900.00 | 03 माह | ए,बी,सी,डी |

बिड डाक्यूमेन्ट बेबसाईट- http://etender.up.nic.in पर दिनांक 15.01.2025 से 22.01.2025 तक सांय 12.00 बजे तक उपलब्ध है जो कि दिनांक 22.01.2025 को दोपहर 12.00 बजे तक डाउनलोड/अपलोड किये जा सकते है। निविदाओ की तकनीकी बिड दिनांक 22.01.2025 को दोपहर 12.30 बजे खोली जायेगी।

निविदा से संबंधित नियम/शर्ते तथा विवरण बेबसाइट http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। पंजीकृत निविदादाता द्वारा जो विवरण ई-टेण्डरिंग, एन0आई0सी0 की साइट पर अपलोड किया जाना है, वह लोक निर्माण विभाग की बेबसाईट www.uppwd.gov.in के प्रहरी सॉफ्टवेयर में भी अपलोड करना होगा। निविदा की अन्तिम तिथि दिनांक 22.01.2025 के दोपहर 12.00 बजे तक शुद्धिपत्र यदि कोई हो, तो उसे ई-पोर्टल पर अपलोड कर दिया जायेगा।

UPID-225974 Dated-10-01-2025
विज्ञापन आदेश के अनुसार www.upgov.in पर उपलब्ध

(पी.के.त्रिपाठी)
अधिशासी अभियन्ता
प्रा.खं., लो.नि.वि., गोण्डा

# वार्षिक सांस्कृतिक तथा स्पोर्ट इवेंट एग्जॉड्रियम-2024 का हुआ शुभारम्भ

**स्पोर्ट से स्टूडेन्ट्स के अन्दर स्वस्थ प्रतिस्पर्धा तथा नेतृत्व क्षमता का विकासः कुलपति**

वहाज **अली निहाल**



**इटावा, सैफई।** उ.प्र.आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय सैफई के वार्षिक सांस्कृतिक तथा स्पोर्ट इवेंट एग्जॉड्रियम 2024 का शुभारम्भ राष्ट्रगान एवं रंगारंग संस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ किया गया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो.(डा.)पीके जैन ने मुख्य स्पोर्ट इवेंट का उद्घाटन फीता काटकर तथा मशाल जलाकर किया। उन्होंने शांति के प्रतीक सफेद कबूतर उड़ाकर तथा केक काटकर इस विश्वविद्यालय के इस बडे आयोजन की शुरूआत की। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के प्रतिकुलपति डा0 रमाकान्त यादव, संकाय अध्यक्ष डा0 आदेश कुमार, कुलसचिव डा0 चन्द्रवीर सिंह एक्जॉड्रियम-2024 के आर्ग्रेनाइजिंग चेयरमैन डा.नरेश पाल सिंह, सदस्य स्पोर्ट कमेटी डा.दुर्गेश कुमार, डा.कैलाश मित्तल, डा.नुपूर मित्तल, डा.रश्मि भुजाडे, डा.अजय कुमार गुप्ता, डा.शाम्भवी मिश्रा, डा.विनय कन्नौजिया, डा.प्रभा वर्मा, डा.विश्वनाथ सिंह यादव, सदस्य सोसियो-कल्चरल कमिटी के सदस्य डा.कीर्ति जायसवाल, डा0 अनामिका सिंह, डा.सोनिया विश्वकर्मा, डा.राजमंगल, डा.निशा यादव, डा.वेदान्त कुलश्रेष्ठ, डा.प्रवेश कुमार, डा.सिद्धार्थ कुमार, डा.सुगन्धी शर्मा डा.अमिता सिंह, डा.सुधान्शु मिश्रा तथा प्रभारी मीडिया सेल डा.विनय कुमार गुप्ता आदि उपस्थित रहे। उद्घाटन अवसर पर होने वाले मार्च पास्ट में सभी बैच के मेडिकल स्टूडेन्ट्स ने भाग लिया। विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष, फैकेल्टी मेम्बर, चिकित्सा अधिकारी, कर्मचारी तथा मेडिकल स्टूडेन्ट्स ने इस दौरान मेडिकल स्टूडेन्ट्स का उत्साह बढ़ाया। उद्घाटन अवसर पर वीसी इलेवन तथा प्रोवीसी इलेवन के बीच खेले गये क्रिकेट मैच में वीसी इलेवन ने प्रोवीसी इलेवन को 6 विकेट से हराकर मैच जीता। मैच में प्रोवीसी इलेवन ने टॉस जीतकर 12 ओवर में 100 रनों का लक्ष्य रखा। जिसे वीसी इलेवन ने 9 ओवर में 5 विकेट खोकर जीत लिया। मैच में वीसी इलेवन की तरफ से खेल रहे डा.राजमंगल ने सर्वाधिक 04 विकेट लिए। प्रोवीसी इलेवन की तरफ से सर्वाधिक 35 रन रफे अब्दुल रहमान ने बनाया। पूरे मैच में डा. दुर्गेश कुमार, डा.सोमेन्द्र पाल सिंह डा. संजीव यादव ने अपनी-अपनी टीम की तरफ से बेहतरीन प्रदर्शन किया।

उद्घाटन अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो.(डा.)पीके जैन ने कहा कि वार्षिक सांस्कृतिक तथा स्पोर्ट इवेंट एक्जॉड्रियम-2024 से जुड़कर मेडिकल स्टूडेन्ट्स विभिन्न गेम्स व सांस्कृतिक गतिविधियों में भाग ले सकते है। इन गतिविधियों में भाग लेने से स्टूडेन्ट्स के अन्दर स्वस्थ प्रतिस्पर्धा तथा नेतृत्व क्षमता का विकास होता है। इसके अलावा स्पोर्टस तथा सांस्कृतिक गतिविधियों में भाग लेने से स्टूडेन्ट्स के अन्दर पढ़ाई के साथ अन्य प्रतिभाओं को निखारने का भी अवसर मिलता है।

## अभियोजन कार्यों की मासिक समीक्षा डीएम की सदारत में सम्पन्न

**हमीरपुर।** अभियोजन कार्यों की मासिक समीक्षा बैठक जिलाधिकारी घनश्याम मीना की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित डॉ एपीजे अब्दुल कलाम सभागार में सम्पन्न हुई। इस मौके पर जिलाधिकारी ने कहा कि विभिन्न अभियोजन कार्यों / केसों में शासकीय अधिवक्ताओं एवं अभियोजन अधिकारियों द्वारा सरकार का पक्ष मजबूती के साथ रखा जाए ,केसो में लचर रवैया ना अपनाया जाए ताकि कानून व्यवस्था के साथ खिलवाड़ करने वाले दोषी लोगों को जेल भेजा जा सके । कहा कि अभियोजन कार्यों में प्रभावी कार्यवाही किया जाए तथा जिसने अपराध किया है उसे दंड अवश्य मिलना चाहिए ताकि कानून व्यवस्था प्रभावी ढंग से सुनिश्चित कराई जा सके। विभिन्न अभियोजनो में प्रभावी ढंग से पैरवी की जाए। उन्होंने कहा कि गवाहों की सुरक्षा पर ध्यान दिया जाए। इस मौके पर उन्होंने गैंगस्टर एक्ट , पॉक्सो एक्ट सहित अन्य से संबंधित केसों की समीक्षा करते हुए उसके संबंध में जरूरी दिशा निर्देश दिए।

# राष्ट्रीय युवा दिवसः स्वामी विवेकानन्द जी की जयंती पर हुआ कार्यक्रम



**अवधनामा ब्यूरो**

**इटावा।** चंद्रशेखर आज़ाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कानपुर के अंतर्गत संचालित बाबा साहेब डॉ.बी आर अम्बेडकर कृषि अभियांत्रिकी एवं प्राद्योगिक महाविद्यालय में अखिल विद्यार्थी परिषद की तरफ से स्वामी विवेकानन्द जी की जयंती पर राष्ट्रीय युवा दिवस के उपलक्ष्य में एक प्रेरणादायी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य भूमिका में नारायण कॉलेज के संस्थापक तथा डिप्लोमा इंजीनियरिंग संघ के प्रदेश अध्यक्ष इंजीनियर हरि किशोर तिवारी व कार्यक्रम के अध्यक्ष के रूप में महाविद्यालय के अधिष्ठाता डा0एन के शर्मा तथा विभाग प्रमुख प्रो.पदमा त्रिपाठी, प्रांत छात्र प्रमुख डॉ.अरुणा दुबे, विभाग संगठन मंत्री तरूण वाजपेई जी, नगर अध्यक्ष मह.जावेद, केकेडीसी के शारीरिक शिक्षा के विभागाध्यक्ष डॉ. सुनील सेंगर नगर खेल प्रमुख अजय दुबे जी तथा नगर उपाध्याय डॉ.श्वेता दुबे उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ कृषि संकायाध्यक्ष प्रो.डॉ.एन.के.शर्मा के अध्यक्षता में हुआ।

स्वामी विवेकानन्द जी की जयंती पर अयोजित इस कार्यक्रम में मंचासीन सभी अतिथियों ने अपनी सम्पूर्ण भगिता को प्रदर्शित किया, जिसमे केकेडीसी की अर्थशास्त्र की विभागाध्यक्ष प्रो.पद्मा त्रिपाठी ने विवेकानन्द जी के जन्म से लेके उनके अंतिम समय के पलो को भी बहुत विस्तार बताया, विभाग संगठन मंत्री तरूण वाजपेई के जोशीले भाषण से सभी के दिलो में जैसा उत्साह का संचार होगा उनको ना सिर्फ विवेकानन्द जी के संघर्षो पर चर्चा कि बल्कि उन्होंने कैसे शिकागो में भारत को विश्व गुरु के रूप में स्थापित भी किया। मुख्य अतिथि इंजीनियर तिवारी ने अपने जीवन में लक्ष्य निर्धारित करके हमें दिशा दी और कदम बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के सभी विद्यार्थी एवं शिक्षक तथा कर्मचारी उपस्थित रहे तथा कार्यक्रम का संचालन अविशि पाठक के द्वारा किया गया इसके साथ ही विश्वविद्यालय कानपुर के कुलपति प्रो0डा0आनंद कुमार सिंह ने राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर सभी अध्ययनरत विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# सूर्यदेव की आराधना से संपन्न हुआ लोहड़ी आयोजन




**अवधनामा ब्यूरो**

**इटावा।** नारायण कॉलेज ऑफ साइंस एण्ड आर्ट्स में लोहड़ी का पर्व हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ.धर्मेन्द्र शर्मा ने माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर की। इस मौके पर बोन फायर का आयोजन हुआ एवं छात्र-छात्राओं ने पंजाबी गीत पर नृत्य कर सभी का मन मोह लिया। लोहड़ी के अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. धर्मेन्द्र शर्मा ने छात्र-छात्राओं को पर्व के महत्व को समझाते हुए बताया कि लोहड़ी को किसानों का प्रमुख त्योहार माना जाता है। लोहड़ी के दिन वर्ष की सबसे लम्बी रात होती है और इसके अगले दिन से धीरे-धीरे दिन बढ़ने लगते हैं। आज के दिन आग में तिल गुड़, गजक, रेबड़ी और मूंगफली चढ़ाने का रिवाज होता है। लोहड़ी को सर्दियों के जाने और बसंत के आने का संकेत भी माना जाता है। ये त्यौहार पंजाब और हरियाणा में फसल काटने के दौरान मनाया जाता है। इस दिन रवी की फसल को आग में समर्पित कर सूर्यदेव और अग्नि का आभार प्रकट किया जाता है। आज के दिन किसान फसल की उन्नति की कामना करते हैं। डॉ.धर्मेन्द्र शर्मा ने अपने वक्तव्य में आगे कहा कि इस त्यौहार को सती के त्याग के रूप में भी प्रतिवर्ष मनाया जाता है। पुराणों की कथा के अनुसार जब प्रजापति दक्ष ने अपनी पुत्री सती के पति महादेव शिव का तिरस्कार किया था इस कारण सती ने अपने आप को अग्नि को समर्पित कर दिया था, इसलिये इस दिन को एक पश्चाताप के रूप में प्रतिवर्ष मनाया जाता है और इसी कारण घर की विवाहित बेटी को तोहफे दिये जाते हैं और भोजन पर आमंत्रित कर उनका मान सम्मान किया जाता है।

# सपा कार्यालय में शोकसभा का आयोजन

**अवधनामा ब्यूरो**



**इटावा।** पार्टी कार्यालय पर सपा जिला अध्यक्ष प्रदीप शाक्य बबलू की अध्यक्षता में शोक सभा का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम सपा जिलाध्यक्ष प्रदीप शाक्य बबलू ने स्वर्गीय राजपाल सिंह जी के चित्र पर पदाधिकारियों के साथ पुष्प माला पहनाकर श्रद्धा सुमन अर्पित किये।

सपा जिलाध्यक्ष श्री शाक्य ने कहा कि अप्रत्यक्ष रूप से समाजवादी पार्टी को मजबूत करने एवं कार्यकर्ताओं की सदैव मदद करने वाले समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के चाचा एवं अभिषेक यादव (अंशुल) अध्यक्ष जिला पंचायत के पूजनीय पिताजी राजपाल सिंह यादव के असमय निधन से समाजवादी पार्टी को अपूरणीय क्षति हुई है, जिसकी पूर्ति होना संभव नहीं है। दो मिनट का मौन धारण कर स्वर्गीय की आत्मा को शांति एवं शोकाकुल परिवार को धैर्य प्रदान करने हेतु ईश्वर से कामना की गई। शोकसभा में मुख्य रूप से सपा जिलाध्यक्ष प्रदीप शाक्य बबलू, जिला महासचिव वीरू भदोरिया, पूर्व जिलाध्यक्ष राजीव यादव, पूर्व प्रत्याशी सर्वेश शाक्य, जिला उपाध्यक्ष आशीष राजपूत, रवींद्र शुक्ला चच्चु, उत्तम सिंह प्रजापति, अनवर हुसैन, कोषाध्यक्ष ब्रजेंद्र यादव, के के यादव, राजीव दुबे नफीसुल् हसन अंसारी, राजपाल यादव, उपदेश मिश्रा जिला सचिव सत्यवती यादव, प्रदेश सचिव मीरा गुप्ता, नगर अध्यक्ष अब्दुल अंसारी, व्रजवीर सिंह लाला, जिला प्रवक्ता विकास गुप्ता विक्की, शहर अध्यक्ष अब्दुल माबूद अंसारी, जिला सचिव मालती यादव, शशि यादव, मनीषा यादव, सीमा पाल, रेनु यादव, जिला अध्यक्ष लोहिया वाहिनी किशन यादव, जिलाध्यक्ष यूथ ब्रिगेड नरेंद्र पाल, जिला अध्यक्ष युवजन सभा आदित्य गोविंद, जिला सचिव डा.संतोष राठौर, प्रवीन कुशवाह, राजकुमार यादव, सीताराम कश्यप, विधायक प्रतिनिधि जीतू ठाकुर, एडवोकेट राजू यादव, उपेंद्र यादव, शिवकिशोर निषाद, रविंद्र यादव, कमलेश यादव, राजेंद्र निराला, अमित कठेरिया, अनुरुध यादव, धीरेंद्र यादव, सुबोध कुमार, रामनरेश यादव, सफी अहमद बालक, राम लखन सिंह, राम तेज सिंह यादव अवधेश सविता, बृजेंद्र यादव, डा.जयसिंह चौहान, अमन यादव सौरभ यादव, सुनील यादव, राजू शाक्य, सतपाल यादव, महेश चंद्र शर्मा, दीपू कुशवाहदीपक सिंह पाल, जयवीर सिंह कठेरिया, विजय यादव, राजवीर सिंह राजपूत, विनय यादव, मोनू अग्निहोत्री, गिरेंद्र यादव, मनोज राणा वालमिक, रेशु चौधरी, कमलेश यादव, अंकुर यादव, लवलेश कठेरिया, बीके यादव, दिनेश कुमार, मुस्तकीम राइन , अनुज यादव, हुकुम सिंह यादव गोरखनाथ वर्मा सुखवीर यादव आदि ने शोक संवेदना व्यक्त की।

## अपर जिलाधिकारी ने किया गौशाला का निरीक्षण

**कुरारा हमीरपुर।** एडीएम व एसडीएम सदर द्वारा रविवार देर शाम कस्बे की कान्हा गौशाला का निरीक्षण किया गया जहां छह गाय सर्दी लग जाने से गंभीर हालत में मिली जिनका इलाज चिकित्सक द्वारा किया गया। कस्बे में करीब डेढ़ करोड़ की लागत से कान्हा गौशाला का निर्माण करवाया गया है जिसमे 139 गौवंशो का आसरा है। रविवार शाम करीब साढ़े आठ बजे नागेंद्र नाथ यादव एडीएम नमामि गंगे व सदर एसडीएम पवन प्रकाश पाठक ने कान्हा गौशाला का निरीक्षण किया जिसमें गायो को धान की पराली खिलाई जा रही है। वही गौशाला में गायों का इलाज करने के लिए एक पशुधन प्रसार अधिकारी राहुल कुमार की तैनाती की गई है उसने बताया कि गायो को चोकर आदि पर्याप्त मात्रा में न मिलने के चलते व पढ़ रही अत्यधिक ठंड के चलते गौवंश बीमार हो रहे हैं। वही गौशाला के कर्मी सही तरह से काम नही कर रहे है। पूरा दिन गौशाला में नशेबाजी करते है। नगर पंचायत को आधा दर्जन से अधिक बार चोकर की व्यवस्था करवाने के लिए लिखित में दिया जा चुका है। 139 गौवंशो में 1 गौवंश की रविवार को मौत हो गई है अब गौशाला में कुल 138 अन्ना गौवंश का आश्रय है। जिसमे कम से कम दो बोरी चोकर सुबह व दो बोरी चोकर शाम को चाहिए।

## संक्षिप्त समाचार

### बी.डी.ओ. व जिला विद्यालय निरीक्षक के वेतन रोकनें का डीएम नें दिया आदेश



**हमीरपुर/अवधनामा संवाददाता।** शासकीय कार्यों/दिए गए दायित्वों के निर्वहन में लापरवाही बरतने पर जिलाधिकारी ने कड़ी कार्रवाई करते हुए जिला विद्यालय निरीक्षक हमीरपुर एवं खंड विकास अधिकारी कुरारा का वेतन रोक दिया हैं। जिलाधिकारी ने कहा कि शासकीय दायित्वों/ कार्यों में शिथिलता/ लापरवाही किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। गौशालाओं में निराश्रित गौवंशों के संरक्षण हेतु प्रभावी प्रयास न किये जाने, व्यवस्थाओं का नियमित पर्यवेक्षण न किये जाने तथा शासन के अति महत्वपूर्ण कार्य में बरती जा रही लापरवाही एवं शिथिलता के दृष्टिगत जिलाधिकारी ने खण्ड विकास अधिकारी कुरारा का वेतन अग्रिम आदेशों तक अवरूद्ध कर दिया है। उन्होंने बीडीओ कुरारा को यह भी निर्देशित किया है कि उक्त महत्वपूर्ण कार्य में बरती गयी लापरवाही एवं शिथिलता के सम्बन्ध में तीन दिवस के अन्दर कारण सहित स्पष्टीकरण भी प्रस्तुत करें। इसके अलावा पात्र छात्र-छात्राओं को स्मार्टफोन एवं टैबलेट वितरण हेतु प्रभावी प्रयास न किये जाने एवं नियमित पर्यवेक्षण न किये जाने तथा शासन के अति महत्वपूर्ण योजना के कियान्वयन में बरती जा रही लापरवाही एवं शिथिलता के दृष्टिगत जिला विद्यालय निरीक्षक का वेतन अग्रिम आदेशों तक अवरूद्ध करते हुए उक्त कार्य में बरती गयी लापरवाही एवं शिथिलता के सम्बन्ध में तीन दिवस के अन्दर कारण सहित स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

### सर्द रात में ठिठुरते ज़रूरतमंदों को हिण्डाल्को के अधिकारियों ने ओढ़ाया कम्बल



**सोनभद्र/रेणुकूट।** शनिवार को देर रात हिण्डाल्को रेणुकूट क्लस्टर के मानव संसाधन प्रमुख जसबीर सिंह ने रेणुकूट रेलवे स्टेशन से लेकर रेणुकूट बस स्टैण्ड एवं आस-पास के राहगीरों, रेलवे स्टेशन पर ठंड में सोते ज़रूरतमंदों, ठंड से कांपते मुसाफिरों को कम्बल ओढ़ाकर उनके चेहरों पर मुस्कान ला दी। हिण्डाल्को के सौजन्य से देर रात हिण्डाल्को के उक्त अधिकारी जब पूरा नगर अपने घरों में रजाई में सो रहा था तो कम्बल लेकर निकले और जरूरतमंद लोगों, राहगीरों तथा ठंड से कांप रहे ट्रेन व बस के इंतजार में बैठे मुसाफिरों को कम्बल ओढ़ाकर उन्हें सर्द रात में गर्मी का एहसास कराया। इस दौरान लगभग 250 कम्बलों का वितरण किया गया। कम्बल पाकर ठंड में ठिठुर रहे लोगों ने उक्त अधिकारियों को दिल से दुआएं दीं। इस दौरान हिण्डाल्को के वरिष्ठ अधिकारी जनसम्पर्क विभाग के प्रमुख यशवंत कुमार, सुरक्षा प्रमुख कर्नल (सेश्वनिश्व) रोहित शर्मा, सुरक्षा प्रबंधक मेजर (सेश्वनिश्व) देवेन्द्र ओंकार, आदि मौजूद रहे। ज्ञातव्य हो कि ठंड के प्रारंभ होते ही विगत दो माह से हिण्डाल्को प्रबंधन प्रतिदिन रेणुकूट रेलवे स्टेशन से लेकर मुर्धवा तक विभिन्न स्थानों पर जलावनी लकड़ी की भी व्यवस्था कर रहा है जिससे कि नगर के लोगों के साथ-साथ राहगीरों और यात्रियों को भी ठंड से बचाव में बहुत सहूलियत हो रही है।

### एनसीएल ने ककरी परियोजना से नेहरू शताब्दी चिकित्सालय के लिए शुरू की बस सेवा



**सोनभद्र/सिंगरौली।** भारत सरकार की मिनीरत्न कंपनी नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल) ने अपने कर्मियों, उनके परिजनों एवं स्थानीय हितग्राहियों हेतु उत्तरप्रदेश स्थित ककरी परियोजना से नेहरू शताब्दी चिकित्सालय, जयंत तक बस सुविधा का शुभारंभ किया है। एनसीएल द्वारा शुरू की गई इस बस सुविधा का मुख्य उद्देश्य मरीजों को चिकित्सकीय सुविधाओं की सुगम उपलब्धता सुनिश्चित करना है। शुभारंभ कार्यक्रम के दौरान महाप्रबंधक (ककरी) राजेंद्र वर्मा, एनसीएल जेसीसी सदस्य सीएमएस से अजय कुमार, बीएमएस से श्यामधर द्विवेदी, केएसएस से अशोक पांडे, परियोजना श्रमिक संघ प्रतिनिधि, ककरी परियोजना से विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष, अधिकारी एवं कर्मचारियों सहित ककरी डिस्पेंसरी टीम उपस्थित रहे। एनसीएल की इस पहल के माध्यम से एनसीएल कर्मियों एवं उनके परिजनों के अलावा स्थानीय मरीज जिनको इलाज के लिए एनएससी रेफर किया गया है, प्रतिदिन इस बस की सुविधा से एनएससी की चिकित्सा सेवाओं का लाभ उठा सकेंगे।

### विवेकानंद जयंती पर युवा दिवस कार्यक्रम सम्पन्न

**मौदहा, हमीरपुर।** मौदहा कस्बा के सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज में स्वामी विवेकानंद की जयंती पर युवा दिवस कार्यक्रम मनाया गया है। अध्यक्षता पूर्व छात्र सौरव गुप्ता ने की है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उपजिलाधिकारी राजकुमार गुप्ता ने कहा कि आज के युवाओं को स्वामी विवेकानंद जी के आदर्शों पर चलने की विशेष आवश्यकता है, उन्होंने कहा कि छात्रों को स्वामी जी के लक्ष्य-उठो जागो और तब तक मत रुको जब तक लक्ष्य की प्राप्ति न जाये ध्यान में रखते हुए अपना लक्ष्य तय कर तैयारी करने की आवश्यकता है। इस मौके पर संस्कृति उत्सव में स्थान प्राप्त बहिनों को उपजिलाधिकारी द्वारा प्रमाण पत्र एवं मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया।विद्यालय के प्रबन्धक ब्रजमोहन सिंह व प्रधानाचार्य भारत सिंह ने अतिथियों एवं पूर्व छात्रों का आभार प्रकट किया है। इस मौके पर विद्यालय के आचार्य अशोक तिवारी,एबीवीपी के प्रान्तीय सदस्य पूर्व छात्र नवनीत सिंह, विद्यालय के आचार्य धीरेन्द्र सिंह, भवानीदीन प्रजापति, सुरेश चन्द्र निगम, आकाश नामदेव, रामकुमार शुक्ला सहित समस्त आचार्य, विद्यालय के पूर्व छात्र एवं भैया/बहिन उपस्थित रहे हैं।

# अंग्रेज़ों के खिलाफ़ हथियार उठाए थे तिलक मांझीः अनुप्रिया

**अवधनामा ब्यूरो**



**अपने क्षेत्र की समस्याओं को सदन तक उठती है पार्टी**

**सोनभद्र।** अपना दल एस के तत्वाधान में सोनभद्र के जिलाध्यक्ष अंजनी पटेल की अध्यक्षता में शहिद तिलकामांझी का शहादत दिवस बड़े ही श्रद्धा भाव से मनाया गया जिसमें बतौर मुख्य अतिथि अनुप्रिया पटेल राष्ट्रीय अध्यक्ष अपना दल एस एवं स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री भारत सरकार ने शहिद तिलक मांझी को माल्यार्पण कर और दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया बतौर मुख्य अतिथि अनुप्रिया पटेल राष्ट्रीय अध्यक्ष अपना दल एस एवं केंद्रीय मंत्री ने कहा 1784 में अंग्रेज़ों के खिलाफ हथियार उठाए थे। उन्होंने अंग्रेज़ों के शोषण और संसाधनों पर कब्ज़े के ख़िलाफ़ लड़ने के लिए आदिवासियों को संगठित किया था। तिलका मांझी ने अंग्रेज़ों और उनके चापलूस सामंतों पर लगातार हमले किए। उन्होंने 13 जनवरी, 1784 को भागलपुर पर हमला किया और अंग्रेज़ कलेक्टर अगस्टस क्लीवलैंड को तीर से मारा। तिलका मांझी को 13 जनवरी, 1785 को एक बरगद के पेड़ से लटकाकर फांसी दे दी गई। तिलका मांझी के नाम पर बिहार के भागलपुर में तिलका मांझी भागलपुर विश्वविद्यालय है। इसकी स्थापना 12 जुलाई, 1960 को हुई थी। अनुप्रिया पटेल को आदिवासियों ने अपने समाज का नृत्य भी दिखाया जिस पर खुश होकर अनुप्रिया पटेल जी ने उन्हें चांदीका कप प्लेट स्मृति चिन्ह भेंट किया स्मृति चिन्ह भेंट करने वालों में विधि मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष अभिषेक कुमार चौबे , आनन्द पटेल दयालु प्रदेश उपाध्यक्ष युवा मंच, श्रीमान सिंह गौड़ ब्लॉक प्रमुख , डॉ आर पटेल आप चारों ने अपने-अपने नेतृत्व में स्मृति चिन्ह शाहिद तिलका मांझी एवं अपना दल एस की विचारधारा के स्रोत डॉक्टर सोनी लाल पटेल की प्रतिमा सब सप्रेम भेट की संचालन अभिषेक कुमार चौबे राष्ट्रीय अध्यक्ष विधि मंच एवं आनंद पटेल दयालु प्रदेश उपाध्यक्ष युवा मंच ने किया संचालन करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष अभिषेक कुमार चौबे ने कहा देश और समाज के लिए कार्य करने वाले लोगों को आजीवन याद किया जाता रहेगा और जो उन्होंने समाज के लिए और अपने जनजाति समाज के लिए जो काम किया है शहिद तिलका मांझी जी ने ।जब तक दुनिया रहेगी तब तक याद किया जाता रहेगा हर समाज के लिए प्रेरणा स्रोत हैं शहिद तिलका मांझी ।मुख्य रूपसे जिला पंचायत अध्यक्ष राधिका पटेल, आर बी पटेल राष्ट्रीय महासचिव, राम लखन पटेल दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री, रेखा पटेल दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री, सत्यनारायण पटेल पूर्व जिला अध्यक्ष , सुनील पटेल विधायक रोहनिया, जीत लाल पटेल विधायक, दिनेश बिहार राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य, ज्वित नारायण पटेल राष्ट्रीय महासचिव व्यापार मंच, नंदलाल वर्मा प्रदेश महासचिव व्यापारमंच, जनाब महताब आलम प्रदेश सचिव अल्पसंख्यक मंच, विनोद यादव प्रदेश सचिव श्रमिक मंच, आलोक पांडे प्रदेश सचिव युवामंच, विवेक पांडे प्रदेश सचिव विधि मंच, सुनील रावत प्रदेश सचिव एससी एसटी मंच, प्रीति सिंह प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य महिला मंच ब्लॉक प्रमुख , म्योरपुर ब्लॉक प्रमुख मानसिंह गौड़ आदि हजारों लोग लोग उपस्थित रहे। मुख्य रूप से सोनभद्र के जिला कार्यालय पर पहुंचकर वहां जिला कार्यालय काउद्घाटन केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल ने किया।

# प्रमुखों स्थानो व सार्वजनिक जगहों पर जलेगा अलाव निर्देश

**अवधनामा ब्यूरो**




**सोनभद्र।** उ0प्र0 शासन द्वारा जन शिकायतों की सुनवाई तथा उनका गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण के लिये प्रत्येक सोमवार को नगरीय निकायों में समाधान दिवस सम्भव का आयोजन हेतु दिये गये आदेश के क्रम में सोमवार को नगर पालिका परिषद सोनभद्र में विजय कुमार यादव अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद सोनभद्र की अध्यक्षता में जनसुनवाई (सम्भव) दिवस का आयोजन किया गया। तत्कम में जनसुनवाई (सम्भव) दिवस में प्राप्त शिकायतें क्रमशः नगर पालिका परिषद सोनभद्र में 4, नगर पंचायत घोरावल में 2, नगर पंचायत चुर्क घुर्मा में 3, नगर पंचायत चोपन में 3, नगर पंचायत ओबरा में 3, नगर पंचायत रेनुकूट में 2, नगर पंचायत पिपरी में 3, नगर पंचायत दुद्धी में 4, नगर पंचायत डाला बाजार में 2, नगर पंचायत अनपरा में 4, समस्त निकायों में कुल 30 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें मुख्य रूप से साफ-सफाई, पेयजल व मार्ग प्रकाश, इत्यादि से सम्बन्धित सभी शिकायतों का तत्काल निस्तारण कराया गया। विजय कुमार यादव, अधिशासी अधिकारी / नोडल अधिकारी, नगर पालिका परिषद सोनभद्र द्वारा बताया गया कि जनता की समस्याओं से रूबरू होने व उसका समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण निस्तारण शासन की शीर्ष प्राथमिकता पर है इस पर तत्परतापूर्वक कार्यवाही की जा रही है। इस दौरान जेई मनीष कुमार, सभासद अनवर अली,मनोज चौबे,पपू दुबे,अजीत सिंह, सुजीत ,शन्त सोनी,बिमलेश, आकाश सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# 15 जनवरी को हमीरपुर आएंगी राज्य महिला आयोग की सदस्य

**अवधनामा संवाददाता**



**हमीरपुर।** जिला प्रोबेशन अधिकारी राजीव कुमार सिंह ने सर्वसाधारण को सूचित करते हुए बताया कि मिशन शक्ति फेज-5 के अन्तर्गत महिलाओं से सम्बन्धित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का अधिकतम लाभ दिलाये जाने, महिला उत्पीड़न की रोकथाम व महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाये जाने के उद्देश्य से तथा आवेदक/आवेदिकाओं की सुगमता की दृष्टि से डॉ0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम सभागार कलेक्ट्रेट हमीरपुर में पूनम द्विवेदी, सदस्य ,उ0प्र0 राज्य महिला आयोग लखनऊ द्वारा 15 जनवरी 2025 को पूर्वान्ह 11.00 बजे से जागरूकता शिविर/महिला जनसुनवाई एवं महिला उत्पीड़न की घटनाओं की समीक्षा की जानी है। अतः उक्त के दृष्गित उन्होंने जनपद हमीरपुर के महिला उत्पीडन से पीड़ित महिलाओं / आवेदिकाओं को सूचित किया है कि 15 जनवरी 2025 को पूर्वान्ह 11.00 बजे डॉ0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम सभागार कलेक्ट्रेटे हमीरपुर में आयोजित जागरूकता शिविर में उपस्थित होकर महिला उत्पीड़न के सम्बन्ध में पूनम द्विवेदी ,सदस्य उ0प्र0 राज्य महिला आयोग के समक्ष उपस्थित होकर अपनी समस्या से अवगत करा सकते हैं। महिला आयोग की सदस्य जनसुनवाई के अलावा महिला बंदी गृह/ कारागार एवं आंगनबाड़ी केंद्र का भी निरीक्षण करेंगी।

## भीषण कोहरे के चलते थमे गाड़ियों के पहिए

**सुमेरपुर हमीरपुर।** रविवार को सुबह हुई बूंदाबांदी के बाद दिनभर बादलों का डेरा शाम को हटते ही कोहरे का पदार्पण हुआ। सोमवार को भीषण कोहरा होने के कारण दृष्टता 10 मीटर से भी कम हो गई थी। दिनभर कोहरा छाए रहने से पूरे दिन सूर्य देव के दर्शन नहीं हुए। लोग ठंड से ठिठुरते रहे। मौसम नित नए रूप दिखा रहा है। रविवार को सुबह गरज चमक के साथ पूरे क्षेत्र में हल्की बारिश हुई। इसके बाद पूरे दिन आसमान में बादलों का डेरा जमा रहा। शाम 6:00 बजे के बाद आसमान बिल्कुल साफ हो गया था और कोहरे की आमद शुरू हुई। सोमवार को भोर होते ही भीषण कोहरा होने के कारण पक्षियों की चहचाहट नहीं सुनाई दी। दृष्टता 10 मीटर से भी कम हो गई थी। हाईवे सहित क्षेत्र के सभी मार्गों में आवागमन ठप हो गया था। सुबह 8:00 बजे के बाद ही सड़कों में वाहनों की आवाजाही शुरू हो सकी।

# मौदहा में फिर से सक्रिय हुए कबूतरबाजी

**अवधनामा संवाददाता**

**मौदहा हमीरपुर।** कस्बे में कबूतरबाजी के मामले आएदिन आते रहते हैं हालांकि अधिकांश मामलों में कार्यवाही नहीं होने के बाद पीड़ित चुप होकर बैठ जाता है लेकिन अचानक ऐसे मामलों की बाढ आ गई है जिसके चलते पुलिस ने कबूतरबाज का नाम एक बार फिर से मुकदमे में जोड़ कर जांच शुरू कर दी है। कोतवाली क्षेत्र के मांचा निवासी अवसाफ अली पुत्र आशिक अली ने कोतवाली सहित अन्य आलाधिकारियों से शिकायत की थी कि कस्बे के कबूतरबाज सैफुल हयात ने उसके पुत्रों तैयब अली और महफूज अली को अरब में अच्छी तनख्वाह पर नौकरी दिलाने का झांसा देकर उसने तीन लाख साठ हजार रुपये की औसत से रुपये लिए और चिकित्सा परीक्षण सहित अन्य खर्च एक लाख रुपये के हिसाब से वसूले लेकिन वहां पर उसके पुत्रों को न तो बताया गया काम मिला और न ही तनख्वाह और सुविधाएं मिली।साथ ही पीड़ित के पुत्रों को भारत वापस बुलाने के नाम पर भी लम्बी रकम मांग रहा है।जबकि विदेश में उसके पुत्र नारकीय जीवन जीने के लिए मजबूर हैं।पीड़ित की तहरीर पर क्षेत्राधिकारी विनीता पहल ने मामले की जांच के बाद बीते साल सैफुल हयात पर दर्ज मुकदमा अपराध संख्या 516 के जैसा ही अपराध होने के कारण उसी मुकदमे में सम्मिलित कर मामले की जांच शुरू कर दी है।हालांकि पीड़ित अवसाफ अली का कहना है कि उनका मामला दूसरा है और जिसके मुकदमे में पुलिस ने उनका मुकदमा जोड़ा है उस व्यक्ति से उनका कोई सम्बंध नहीं है।

## पान कुंवर इंटरनेशनल स्कूल में आर्ट ऑफ लिविंग कार्यक्रम का हुआ शुभारंभ

**इटावा।** पान कुंवर इंटरनेशनल स्कूल में तीन दिवसीय आर्ट ऑफ लिविंग कार्यक्रम का शुभारंभ बड़े उत्साह और उमंग के साथ किया गया। इस कार्यक्रम में नीलम राय वर्मा और राजकुमार शर्मा ने 40 प्रतिभागियों को योग, प्राणायाम और ध्यान की महत्वपूर्ण विधाओं का प्रशिक्षण दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन और श्री श्री रविशंकर जी के चित्र पर माल्यार्पण के साथ हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि नीलम राय वर्मा, डॉ.कैलाश चंद्र यादव (सीबीएसई डीटीसी), प्रधानाचार्य रश्मि यादव और नीतू यादव ने अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम को गरिमा प्रदान की। नीलम राय वर्मा ने प्रतिभागियों को स्वस्थ और सकारात्मक जीवन शैली के महत्व पर प्रकाश डाला, जबकि राजकुमार शर्मा ने प्राणायाम और ध्यान की तकनीकों को सरल और प्रभावी ढंग से सिखाया।

# इस्टीमेट मंगवा लीजिए, सरकार देगी इलाज का पैसा: सीएम

अवधनामा ब्यूरो

- जनता दर्शन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ योगी ने सुनीं समस्याएं
- अधिकारियों को दिए त्वरित व संतुष्टिपरक निस्तारण के निर्देश



**गोरखपुर/लखनऊ।** कड़ाके की ठंड में भी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में जनता दर्शन में लोगों से मुलाकात की। उनकी समस्याएं सुनीं। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे जनता की समस्याओं पर पूरी गंभीरता और संवेदनशीलता से ध्यान देकर उनका त्वरित, गुणवत्तापूर्ण और संतुष्टिपरक निस्तारण कराएं ताकि किसी को भी परेशान न होना पड़े। जिन्हें इलाज में सरकार से आर्थिक सहायता की आवश्यकता है तो उनके अस्पताल की इस्टीमेट की प्रक्रिया को शीघ्रता से पूर्ण कराकर शासन को उपलब्ध कराया जाए। इस दौरान इलाज में आर्थिक सहायता की गुहार लेकर पहुंची एक महिला को सीएम योगी ने आत्मीय संबल देते हुए कहा, पीजीआई लखनऊ से इस्टीमेट मंगवा लीजिए, इलाज का पैसा सरकार देगी।

गोरखपुर प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार सुबह गोरखनाथ मंदिर के महंत दिग्विजयनाथ सभागार में आयोजित जनता दर्शन में करीब 100 लोगों से मुलाकात की। एक-एक करके उनकी समस्याएं सुनीं और निस्तारण के लिए आश्वस्त करते हुए उनके प्रार्थना पत्र संबंधित अधिकारियों को हस्तगत किए। सभी लोगों को आश्वस्त किया कि उनके रहते किसी को भी चिंतित होने की आवश्यकता नहीं है। हर समस्या का समाधान कराया जाएगा। इस दौरान सीएम योगी ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि हर पीड़ित के साथ संवेदनशील रवैया अपनाया जाए और उसकी समस्या का समाधान कर उसे संतुष्ट किया जाए। इसमें किसी भी तरह की कोताही नहीं होनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि यदि कहीं कोई जमीन कब्जा या दबंगई कर रहा हो तो उसके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए। हर पीड़ित की समस्या का निस्तारण निष्पक्ष रूप से उसकी संतुष्टि के अनुरूप किया जाना सुनिश्चित होना चाहिए।

जनता दर्शन में हर बार की तरह इस बार भी कई लोग गंभीर बीमारियों में इलाज के लिए आर्थिक मदद की गुहार लेकर पहुंचे थे। सीएम योगी ने सभी को भरोसा दिया कि उनकी सरकार किसी भी जरूरतमंद के इलाज में धन की कमी को बाधक नहीं बनने देगी। विवेकाधीन कोष से मदद की जाएगी। इस दौरान एक महिला ने अपने परिजन का इलाज पीजीआई लखनऊ में कराने के लिए अपनी आर्थिक तंगी का जिक्र किया। इस पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उसे आत्मीय संबल देते हुए कहा, अस्पताल में भर्ती कराकर इस्टीमेट मंगवा लीजिए। परेशान होने की आवश्यकता नहीं है, उपचार का पैसा सरकार देगी। एक अन्य महिला ने अपने परिजन का इलाज बीआरडी मेडिकल कॉलेज में होने का जिक्र कर मदद मांगी तो सीएम ने इसके लिए पास में मौजूद अफसरों को जरूरी निर्देश दिए। जनता दर्शन में परिजनों के साथ आए बच्चों को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने खूब दुलारा और आशीर्वाद दिया। साथ ही उन्हें चॉकलेट गिफ्ट किया।

### मंदिर की गोशाला में सीएम योगी ने की गोसेवा

गोरखनाथ मंदिर प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की दिनचर्या परंपरागत रही। सोमवार प्रातःकाल गुरु गोरखनाथ का दर्शन पूजन करने, अपने गुरुदेव ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ की समाधि स्थल पर शीश नवाने के बाद वह मंदिर परिसर का भ्रमण करते हुए मंदिर की गोशाला में पहुंचे। यहां उन्होंने कुछ समय बिताया और गोसेवा की। मुख्यमंत्री ने गोवंश को खूब दुलारने के बाद उन्हें गुड़ खिलाया और शीतलहर में गोशाला के कार्यकर्ताओं को देखभाल के लिए जरूरी निर्देश दिए।

# 15 गो संरक्षण केन्द्रों के निर्माण हेतु 12 करोड़ स्वीकृत

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने प्रदेश में निराश्रित गोवंश के संरक्षण के लिए प्रदेश के 11 जनपदों में 15 नवीन गो संरक्षण केन्द्रों के निर्माण हेतु 12 करोड़ 01 लाख 80 हजार रूपये की धनराशि वर्तमान वित्तीय वर्ष में स्वीकृत की है। स्वीकृत धनराशि से बस्ती के सिकटा तथा नरायनपुर, बहराईच के बेहटाभया, अयोध्या के हूँसेपुर, ललितपुर के टोरिया तथा ठनगना, कानपुर नगर के जमालपुर, जालौन के गधेला, महाराजगंज के मधुकर महादेवा, बरेली के मधुनगला, दासपुर तथा वीरमपुर मेहतपुर, प्रतापगढ़ के पहाड़पुर, लखीमपुरखीरी के डाटरपुरग्रंट, तथा झांसी के उल्दन में गो संरक्षण केन्द्रों की स्थापना की जायेगी। प्रत्येक केन्द्र हेतु 80.12 लाख रूपये की धनराशि का प्रावधान किया गया है।इस संबंध में पशुधन विभाग द्वारा शासनादेश जारी करते हुए निदेशक, प्रशासन एवं विकास पशुपालन विभाग को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी कर दिये गये हैं। शासनादेश में कहा गया है कि गो संरक्षण केन्द्रों हेतु निर्गत की गयी धनराशियों के नियम संगत व्यय, व्यय विवरण/उपयोगिता प्रमाण पत्र तथा भौतिक प्रगति तथा गुणवत्ता सुनिश्चित किये जाने का दायित्व निदेशक प्रशासन एवं विकास पशुपालन विभाग का होगा। स्वीकृत की जा रही धनराशि निदेशक, प्रशासन एवं विकास, पशुपालन विभाग द्वारा आहरित कर सीधे संबंधित कार्यदायी संस्था को उपलब्ध करायी जायेगी। स्वीकृत की जा रही धनराशि का व्यय/उपयोग योजना के मार्गदर्शक सिद्धान्तों (गाइडलाइन्स) के अनुरूप करते हुए व्यय विवरण सहित उपयोगिता प्रमाणपत्र शासन को उपलब्ध कराया जायेगा।

# अवैध अतिक्रमण के खिलाफ चला अभियान



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** लखनऊ विकास प्राधिकरण ने सोमवार को हजरतगंज के बालू अड्डा के पास अवैध अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाया।

अभियान के दौरान लगभग 2 दर्जन अस्थायी अवैध निर्माणों को ध्वस्त कर जगह खाली करायी गयी। कार्रवाई के दौरान कब्जेदारों ने खुद कब्जा और अवैध निर्माण हटाने की बात कहते हुए वक्त मांगा, जिस पर अधिकारियों ने तीन दिन की मोहलत दी। मोहलत खत्म होने के बाद कब्जा खाली न होने पर लविप्रा दोबारा अभियान चला कर अतिक्रमण ध्वस्त करने की कार्रवाई करेगा। लविप्रा के सचिव विवेक श्रीवास्तव ने बताया कि हजरतगंज के बालू अड्डा के पास नैमिषारण्य गेस्ट हाउस के बगल में लगभग 2 लाख 95 हजार वर्गफिट नजूल भूमि है। नजूल भूमि पर कुछ लोग अवैध रूप से टीन शेड व झुग्गी बना कर कबाड़, फर्नीचर, टायर, हार्डवेयर आदि का व्यवसाय कर रहे हैं। अवैध कब्जेदारों को कई बार जगह खाली करने के लिए कहा गया, लेकिन कब्जा खाली नहीं किया गया। प्राधिकरण उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने मौके पर अभियान चला कर अवैध अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिये थे। उपाध्यक्ष के निर्देश पर सोमवार को नजूल अधिकारी संजय सिंह के नेतृत्व में प्राधिकरण टीम ने स्थल पर अभियान चलाया। इस दौरान लगभग दो दर्जन अस्थायी अवैध निर्माणों को हटा कर जगह खाली करायी गयी। इस बीच अवैध कब्जेदारों ने अपने स्तर से कब्जा खाली करने की बात कर सामान हटाने के लिए वक्त मांगा। प्राधिकरण अधिकारियों ने तीन दिन का वक्त देते हुए कहा कि तीन दिन में कब्जा खाली न होने पर दोबारा अभियान चला अतिक्रमण ध्वस्त करने की कार्रवाई की जाएगी।

### प्लाटिंग की जांच करा कार्रवाई की मांग

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश अपना व्यापार मण्डल ने प्रमुख सचिव आवास एवं शहरी नियोजन पी.गुरु प्रसाद से मिल कर न्यू हैदरगंज में हो रही प्लाटिंग की शिकायत करते हुए प्रकरण की जांच करा कार्रवाई की मांग की। व्यापार मण्डल के प्रवक्ता अजय यादव ने बताया कि प्रमुख सचिव दिये पत्र में न्यू हैदरगंज द्वितीय के बेबियान रिसॉर्ट के बगल में खसरा नम्बर 276 से लेकर खसरा नम्बर 300 तक लखनऊ विकास प्राधिकरण के अभियंताओं और बिल्डर की सांठ-गांठ से लगभग 10 बीघा क्षेत्रफल में अवैध रूप से बिना नक्शा पास कराए और रेरा की बिना अनुमति के अवैध प्लाटिंग की जा रही है। श्री यादव ने बताया कि इससे पूर्व में नवम्बर 2024 में भी मुख्यमंत्री को सम्बोधित पत्र दिये जाने के बाद लविप्रा प्रवर्तन जोन-7 के अधिकारियों ने 12 दिसम्बर को उत्तर प्रदेश नगर योजना एवं विकास अधिनियम 1973 के तहत बिल्डर के खिलाफ वाद पंजीकृत किया है, जो विहित प्राधिकारी कार्यालय में लम्बित है। प्रमुख सचिव ने शिकायती पत्र पर समुचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

# महाकुम्भ: भीड़ को देखते हुए चलाई जा सकती हैं अधिक ट्रेनें

- कोच पर कुंभ की मनमोहक पेंटिंग की गई है

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** महाकुम्भ के लिए प्रयागराज जाने वाली नियमित ट्रेनों में सीटें काफी पहले ही फुल हो गई थीं। अब स्पेशल आरक्षित ट्रेनों में भी सीटें नहीं मिल रहीं हैं। अधिकांश ट्रेनों में वेटिंग 30 से 40 तक पहुंच गई है। दूसरे राज्यों से आने वाली ट्रेनों में सीट की कमी देखने को मिल रही है।

महाकुम्भ में चलने वाली सभी स्पेशल आरक्षित ट्रेनें फुल हो गई हैं। पूर्वोत्तर रेलवे की सभी 108 महाकुम्भ स्पेशल ट्रेनों में अधिकांश सीटों का रिजर्वेशन हो चुका है। ऐसे में संभावना जताई जा रही है कि डिमांड के हिसाब से प्रयागराज और आसपास के स्टेशनों की और अधिक ट्रेनें चलाई जा सकती हैं। पूर्वोत्तर रेलवे गोरखपुर वर्कशॉप में कुम्भ थीम पर आधारित कोच तैयार करा रहा है। यहां लगभग सभी कोच तैयार भी हो गये हैं।

कोच पर कुंभ की मनमोहक पेंटिंग की गई है। वर्कशॉप में कोच पर संगम में स्नान करते श्रद्धालुओं की तस्वीर उकेरी गई है। इस बार प्रमुख स्नान के दिन 10 लाख से अधिक श्रद्धालु जायेंगे। इसे देखते हुए सभी प्रमुख स्टेशनों से ट्रेन चलाने की तैयारी चल रही है। इसके अलावा भीड़ बढने पर कुछ ही घण्टों के अंतराल में अतिरिक्त ट्रेनें भी चलाने की तैयारी है।

पूर्वोत्तर रेलवे के सीपीआरओ पंकज कुमार सिंह ने बताया कि 80 कोचों को महाकुम्भ थीम पर तैयार किया गया है। श्रद्धालु स्नान के लिए आयेंगे उनके लिए रेलवे की ओर से स्पेशल ट्रेनें भी चलाई जायेंगी।

### महाकुम्भ के लिए यात्रियों को प्राइवेट बसें आशियाना से मिलेंगी

**लखनऊ।** प्रयागराज में महाकुम्भ जाने के लिए यात्रियों को प्राइवेट बसें आशियाना से मिलेंगी। इसके लिए आशियाना में पार्किंग नम्बर चार को चिन्हित किया गया है। यहां पर एक साथ 600 बसें खड़ी हो सकेंगी। यहां से बसें निकलने के बाद शहीद पथ के किनारे होते हुए सीधे रायबरेली व प्रयागराज रोड पर पहुंच जायेंगी। प्राइवेट बस अड्डे पर यात्री सुविधाओं को बढ़ाया जा रहा है। महाकुम्भ में परिवहन निगम की बसों के साथ ही प्राइवेट बसों की भी बड़ी भूमिका है। दूसरे राज्यों से भी बसें चल रहीं हैं। इसको देखते हुए परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने निर्देशित किया था कि हर जिले में अस्थाई प्राइवेट बस अड्डा बनाया जाये। आरटीओ प्रशासन संजय कुमार तिवारी ने बताया कि बस अड्डे पर जल्द ही यात्री सुविधाओं को तैयार कर लिया जायेगा। इसकी जिम्मेदारी जिला प्रशासन और नगर निगम व निकाय की थी। इसमें आरटीओ की भी भूमिका तय की गई थी। इसको देखते हुए लखनऊ में भी कई जगहों पर संभावनाएं देखी गईं। अब तय हुआ है कि आशियाना में पी.4 से बसों का संचालन किया जाये। इसके लिए यहां पर यात्री सुविधाओं को विकसित किया जायेगा। हालांकि बस अड्डा अस्थाई होगा।

### परिवहन निगम ने श्रद्धालुओं के लिये फ्री की बस सेवा




**लखनऊ।** परिवहन निगम ने प्रयागराज में महाकुम्भ पर मुख्य पर्वों व स्नान तिथियों पर शटल बसों में यात्रा निशुल्क कर दी है। इनमें तीन शाही स्नान और महाशिवरात्रि शामिल है। कुल 18 दिन तक शटल बसों में यात्रा करने पर श्रद्धालुओं को टिकट नहीं लेना होगा। परिवहन निगम इस महाकुम्भ में सात हजार बसें ग्रामीण सेवा के रूप में और प्रयागराज में 350 शटल बसों का संचालन करेगा। मेला अवधि में मुख्य स्नान पर्वों, एक दिन पूर्व से एक दिन बाद कुल 18 दिन पर नगर एवं मेला क्षेत्र के आसपास के विभिन्न पार्किंग स्थलों से स्नानार्थियों को मेला क्षेत्र में लाने व ले जाने के लिए निशुल्क शटल बसें उपलब्ध रहेंगी। इस सम्बंध में निगम के अपर प्रबंध निदेशक राम सिंह वर्मा ने प्रधान प्रबंधक आईटी को पत्र भी लिखा है। इसमें लिखा है कि 13 जनवरी को पौष पूर्णिमा, 14 जनवरी को मकर संक्रान्ति शाही स्नान, 29 जनवरी को मौनी अमावस्या शाही स्नान, तीन फरवरी को बसंत पंचमी शाही स्नान, 12 फरवरी को माघी पूर्णिमा और 26 फरवरी को महाशिवरात्रि पर यह सुविधा श्रद्धालुओं को मिलेगी।

### मौलाना कल्बे जवाद ने अयातुल्लाह अब्बासी से की मुलाकात

**लखनऊ।** मजलिस उलमा-ए-हिन्द के महासचिव मौलाना कल्बे जव्वाद नकवी ने ईरान यात्रा के दौरान अल मुस्तफा अंतर्राष्ट्रीय विश्वविद्यालय के प्रमुख आयतुल्लाह अब्बासी से मुलाकात की। मुलाकात के दौरान मौलाना कल्बे जव्वाद ने हिन्दुस्तान में हौजात इल्मिया की वर्तमान स्थिति और उनकी स्थिति में सुधार पर चर्चा की। इसके अलावा मौलाना ने रईस साजमान इर्तेबात आकाए जहांगीरी से भी मुलाकात की। उनके साथ मौलाना गुलाम रजा रिजवी और मौलाना नजीबुल हसन जैदी भी मौजूद थे।

# जन समस्याओं के समाधान हेतु तय की जाये जवाबदेही

- हर व्यक्ति की हर समस्या का हर सम्भव किया जायेगा निदान : केशव प्रसाद मौर्य, उप मुख्यमंत्री ने लगाया जनता दर्शन कार्यक्रम



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने अपने कैम्प कार्यालय 7- कालिदास मार्ग पर आयोजित जनता दर्शन में आये फरियादियों को विश्वास दिलाते हुए कहा कि हर व्यक्ति को हर समस्या का हर सम्भव निदान किया जायेगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक फरियादी की समस्या का त्वरित व संतुष्टिपरक समाधान किया जाय। निर्देश दिए कि समस्याओं का सम्पूर्ण समाधान किया जाय और समस्याओं के समाधान हेतु सम्बन्धित की जवाबदेही तय होनी चाहिये। निर्देश दिए कि जन समस्याओं का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि उत्पीड़न, भूमि पर अवैध कब्जों के मामलों को बेहद गंभीरता व संवेदनशीलता के साथ हल किया जाय और जहां जरूरत हो, कठोर कार्यवाही की जाय। उन्होने जनसुनवाई के दौरान एक-एक व्यक्ति की समस्या को पूरी गम्भीरता से सुना तथा समस्याओं के निराकरण हेतु सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने फरियादियों को विश्वास दिलाते हुवे कहा कि परेशान हो, समस्याओं का समाधान भी होगा, सरकार द्वारा प्रदत्त सुविधाएं भी मिलेंगी। उन्होंने सम्बंधित अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए हैं कि समस्याओं का निराकरण इस प्रकार किया जाय कि समस्याग्रस्त व्यक्ति पूरी तरह से संतुष्ट रहें और उन्हें दुबारा कहीं भटकना न पड़े और बार-बार चक्कर न लगाने पड़ें। उन्होंने महिलाओं, दिव्यांग जनो, बुजुर्गो आदि की समस्याओं व शिकायतों को सुना और उन्हें प्राथमिकता के आधार पर संबंधित अधिकारियों को त्वरित गति से निदान करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए । जनता दर्शन में भूमि विवाद ,दुर्घटनाओं से संबंधित ,अवैध कब्जे, शिक्षा, स्वास्थ्य, आवास आवंटन, , भूमि पर कब्जा दिलाने, अतिक्रमण हटाने,सड़क बनवाने, विद्युत, अभियुक्तों की गिरफ्तारी कराने, उत्पीड़न आदि से संबंधित विभिन्न समस्याएं प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए लोगों ने रखी।

# लोहड़ी मनाने के लिए शहर में उमड़ा जनसैलाब

**लोगों ने आग के चारों ओर नाचते गाते तिल के लड्डू, गजक और रेवड़ी का आनंद लिया**

- गुरुद्वारों में हुए शबद कीर्तन
- इंद्रप्रस्थ स्टेट में व चित्रगुप्तनगर सोसाइटी और आशियाना निवासियों ने भी लोहड़ी मनाई



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** कड़ाके की ठण्ड के बीच खुशियों का स्वागत करती लोहड़ी को मनाने के लिए शहर उमड़ पड़ा। भांगड़ा और गिद्दे पर धूम मचाती कुड़ियों और मुंडों ने सोमवार को जमकर लोहड़ी मनाई। सिख समाज के लोगों ने जलती लकड़ियों के ढेर में तिल और मूंगफली डालकर एक दूसरों को लोहड़ी की बधाई दी और नाचते गाते पर्व मनाया। जिनके घर शिशु का जन्म हुआ था या दुल्हन आई थी उनके आंगन की रौनक देखते ही बनी। गुरुद्वारों में भी शबद कीर्तन हुए।

फैजाबाद रोड स्थित इन्द्रप्रस्थ स्टेट अपार्टमेंट में सर्वधर्म समभाव के रूप में लोहड़ी मनाई गई। लोगों ने आग के चारों ओर नाचते गाते तिल के लड्डू, गजक और रेवड़ी का आनंद लिया। आर्य नगर और पान दरीबा के अलावा चौक के लाजपतनगर, नाका और चारबाग के अलावा आलमबाग में रहने वालों ने भांगड़े और गिद्दे का आयोजन किया और लोहड़ी का पर्व धूमधाम से मनाया।

समर विहार कॉलोनी के सेंट्रल पार्क में अत्यंत हर्षोल्लास के साथ लोहड़ी का पारंपरिक पर्व बड़े धूमधाम के साथ लोगों ने मिलकर मनाया। अग्नि प्रज्ज्वलित करने के अलावा नई फसलों की कटाई, अन्नदाताओं की प्रसन्नता, गृहस्थों की टोली ने अग्नि के फेरे लेते हुए रेवड़ी, मूंगफली, गुड़ व तिल आदि अर्पित करते हुए प्रसाद वितरण किया। आईटी चौराहे स्थित इंद्रप्रस्थ स्टेट में व चित्रगुप्तनगर सोसाइटी और आशियाना निवासियों ने भी लोहड़ी मनाई। इंदिरानगर में लोहड़ी का पर्व बेहद धूमधाम के साथ मनाया गया। मानस विहार पार्क में पंजाबी लोगों ने लोहड़ी कार्यक्रम का आयोजन किया। सोमवार को लोहड़ी के त्यौहार का विशेष आयोजन ऐतिहासिक गुरूद्वारा श्री गुरु नानक देव जी सिंह नाका हिण्डोला सहित शहर के सभी गुरुद्वारों में मनाया गया। नाका गुरुद्वारे में रात के दीवान के बाद गुरुद्वारा भवन के सामने लोहड़ी पर्व मनाया गया। इस अवसर पर लखनऊ गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह बग्गा ने उपस्थित संगतों एवं समस्त नगरवासियों को लोहड़ी के त्यौहार की बधाई देते हुए कहा कि लोहड़ी एक सामाजिक पर्व है सिखों का धार्मिक त्यौहार नहीं है। यहियागंज गुरुद्वारा में मिष्ठान, रबड़ी, मूंगफली, बूंदी का लड्डू का प्रसाद चढ़ा। फूलों की झालरों की सजावट देखते ही बनी।

### कोहरा: धीरे-धीरे समय पर लौट रहीं ट्रेनें

**लखनऊ।** घण्टों लेट चलने वाली ट्रेनें कोहरा कम होने के बाद धीरे धीरे वापस अपने समय पर लौट रहीं हैं। सोमवार को लेटलतीफी कम होकर सात घण्टे तक पहुंच गई। कोहरा कम होने से ट्रेनों का संचालन पटरी पर लौटा है। सोमवार को गाड़ी संख्या 12556 गोरखधाम एक्सप्रेस सात घण्टे, 22425 अयोध्या आनंद विहार वंदे भारत एक्सप्रेस छह घण्टे, फरक्का एक्सप्रेस व 12232 चंडीगढ़ लखनऊ सुपरफास्ट 5 घण्टे, 2420 गोमती एक्सप्रेस पांच घण्टे, 22540 आनंदविहार मऊ एक्सप्रेस छह घण्टे, 15910 लालगढ़ डिब्रूगढ़ अवध असम एक्सपेस छह घण्टे, 12204 अमृतसर सहरसा गरीबरथ एक्सप्रेस चार घण्टे, 54354 बरेली अलीगढ़ एक्सप्रेस साढ़े तीन घण्टे, 12430 एसी सुपरफास्ट पांच घण्टे लेट रही। इसके अलावा कोटा पटना एक्सप्रेस चार घण्टे, 19269 मुजफ्फरपुर एक्सप्रेस, 19321 इंदौर पटना एक्सप्रेस, 13238 वाराणसी लखनऊ स्पेशल, 54233 फैजाबाद लखनऊ पैसेंजर दो दो घण्टे, फरक्का डाउन एक्सप्रेस व 12232 चंडीगढ़ लखनऊ डाउन सुपरफास्ट 3-3 घण्टे लेट चारबाग पहुंची।

# हजरत अली (अ.स.) के यौमे विलादत की पूर्व संध्या पर महफिलों का आयोजन

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** हजरत अली (अ.स.) का यौमे विलादत की पूर्व संध्या पर जगह-जगह महफिलों और नज्रों का आयोजन किया गया।

मुख्य रूप से चौक स्थित इमामबाड़ा आगा बाकिर में इदारा-ए-खुद्दामे मौलूदे हरम ने जश्ने मौलूदे हरम शीर्षक से महफिल का आगाज कारी नदीम नजफी ने तिलावते कुराने पाक से किया। महफिल को खिताब करते हुए मौलाना मुत्तकी जैदी ने हजरत अली (अ.स.) की फजीलत बयान की। जश्ने में शायर एजाज जैदी,नासिर जरवली,समर लखनवी, हिलाल नकवी, समर वास्ती, मुख्तार लखनवी, जीशान हैदर,कुमैल इलाहाबादी आदि ने हजरत अली (अ.स.) की शान में अपने कलाम पेश किये। महफिल का संचालन नय्यर मजीदी ने किया। इस मौके पर भव्य सजावट भी की गयी थी। कर्बला तालकटोरा में जश्ने मौलूदे काबा का आयोजन किया गया। महफिल को मौलाना मिन्हाल अब्बास जैदी ने खिताब किया।

इसके बाद शायर मीर वाहिब अब्बास,मोनिस अली,शब्बर हुसैन पिहानीवी, अदनान अली, मुन्तजिर आब्दी, हैदर अब्बास, शाबान अली, मशरिकैन अब्बास ने अपने कलाम पेश किये।

महफिल का संचालन मेहदी महमूदाबादी ने किया। अजाखाना नवाब अजमल कटरा बिजनबेग, कशमीरी मोहल्ला महफिले मकासिदा को मौलाना अब्बास इरशाद ने खिताब करेंगे। जश्न में शायरों ने इमाम की शान में कलाम पेश किये

### रजब के महीने में आज से ऐतिकाफ शुरू

**लखनऊ।** रजब के महीने में तहसीनगंज स्थित जामा मस्जिद में मंगलवार से ऐतिकाफ शुरू होगा। तीन दिवसीय ऐतिकाफ 16 जनवरी तक चलेगा। ऐतिकाफ के दौरान पूरी तरह मस्जिद में रह कर इबादत की जाती है और बहुत जरूरी काम होने पर ही मस्जिद से बाहर निकला जा सकता है। कल्बे पंजतन ने बताया कि इस्लामी महीने रजब की 13 तारीख को हजरत अली के जन्मदिन के मौके पर जामा मस्जिद में होने वाले ऐतिकाफ के लिए कई लोगों ने पंजीकरण कराया है। ऐतिकाफ में बंदा अपने रब की बारगाह में हाजिर होकर उसकी कुरबत, अपने गुनाहों की माफी मांगता है।

### जशने मौलूदे काबा आज

**लखनऊ।** विलायत फ़ाउण्डेशन की ओर से अजाखाना वली वजीर बाग में जशने मौलूदे काबा आयोजन किया जायेगा। विलायत फाउण्डेशन के अध्यक्ष सरवर हुसैन ने बताया कि मंगलवार को दोपहर 2 बजे महफिल को मौलाना बाकर मशहदी साहब सम्बोधित करेंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### आरडीएसओ द्वारा एचएमपीवी वायरस पर जागरुकता रैली का आयोजन




**लखनऊ।** आरडीएसओ द्वारा परिसर वासियों को तेजी से फैल रहे एचएमपीवी वायरस के बारे में जागरूक करने हेतु एक जागरुकता रैली निकाली गयी। रैली में पोस्टर, बैनर और स्लोगन के माध्यम सेलोगों को एचएमपीवी वायरसके लक्षण, बचाव और रोकथाम के बारे में आवश्यक जानकारी प्रदान की गयी द्य इस रैली का संचालन आरडीएसओ के सिविल अनुरक्षण अनुभाग द्वारा किया गया एवं सफाई कर्मियों ने भी सक्रीय रूप से सहभागिता की।

### हजरत अली का यौमे पैदाइश आज, सजेंगी महफिलें

**लखनऊ।** हजरत अली (अ.स.) की यौमे पैदाइश मंगलवार को मनाई जाएगी। जिसकी तैयारियां पूरी हो गयी हैं। इस मौके पर महफिलों और नज्रों का आयोजन होगा, लोग नये-नये लिबास पहनेंगे। घरों, इमामबाड़ों, कर्बलाओं और दरगाहों में बिजली आदि की भव्य सजावट की जा रही है। इस खुशी पर मिठाईयों, जर्दा और खीर पर नज्र दी जायेगी। विलादत की खुशी में लोग आतिशबाजी भी करेंगे। यौम-ए-अली: इदार-ए-वारिसे काबा की ओर से %यौमे अली÷ शीर्षक से कुल हिन्द महफिले मकासिदा का आयोजन किया जाएगा। गुलिस्ताने अबू तालिब शिया यतीमखाना काजमैन रोड में रात 9 बजे तिलावते कलामे पाक से महफिल का आगाज होगा। महफिल का उद्घाटन मौलाना हमीदुल हसन करेंगे। इमामबाड़ा कसरे हुसैनी बिल्लौचपुरा में शाम 4 बजे महफिल को मौलाना कल्बे जव्वाद खिताब करेंगे। मस्जिद मिर्जा जैना महमूद नगर में शाम 7 बजे महफिल को मौलाना यासूब अब्बास खिताब करेंगे। महफिल के बाद नज्रे मौला का आयोजन भी होगा।

देशवासियों को लोहड़ी की हार्दिक शुभकामनाएं



नरेंद्र गार्डन, दुर्गापुर रोड, अमेठी



सरदार मंदीप सिंह